ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष एकादशी
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

सोमवार, 17 जून 2024
वर्ष 2, अंक 297, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 5 रुपये

# अमृत विचार

कानपुर नगर

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



ऑस्ट्रेलिया की जीत से सुपर 8 में पहुंचा इंग्लैंड 15
इंडियाज वेस्ट डांसर की जज बनेंगी करिश्मा! 16



आस्था

कानपुर : गंगा दशहरा के अवसर पर परमट स्थित आनंदेश्वर मंदिर घाट पर हुई भव्य गंगा आरती में सैकड़ों लोगों ने भागीदारी करके मां गंगा का नमन किया। श्रद्धालुओं ने जीवनदायिनी के प्रति आस्था और श्रद्धा की अभिव्यक्ति प्रदर्शित करते हुए कृतज्ञता अर्पित की। फोटो – मनोज तिवारी

### एनसीईआरटी के निदेशक बोले-इसलिए पाठ्यक्रम से हटाए बाबरी मस्जिद और दंगों के संदर्भ

# दंगों के बारे में पढ़ाना पैदा कर सकता है हिंसक नागरिक

नई दिल्ली, एजेंसी

स्कूली पाठ्यक्रम के भगवाकरण के आरोपों को खारिज करते हुए एनसीईआरटी के निदेशक ने कहा है कि स्कूली पाठ्यपुस्तकों में गुजरात दंगों और बाबरी मस्जिद गिराए जाने के संदर्भों को इसलिए संशोधित किया गया, क्योंकि दंगों के बारे में पढ़ाना हिंसक और अवसादग्रस्त नागरिक पैदा कर सकता है। एक न्यूज एजेंसी से बातचीत में राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) के निदेशक दिनेश प्रसाद सकलानी ने कहा कि

- स्कूली पाठ्यक्रम में बदलावों पर मचे हंगामें को बताया अप्रासंगिक

पाठ्यपुस्तकों में बदलाव वार्षिक संशोधन का हिस्सा है और इसे शोर-शराबे का विषय नहीं बनाया जाना चाहिए।

एनसीईआरटी की पाठ्यपुस्तकों में गुजरात दंगों या बाबरी मस्जिद गिराए जाने के संदर्भ में बदलाव के बारे में सकलानी ने कहा कि हमें स्कूली पाठ्यपुस्तकों में दंगों के बारे में क्यों पढ़ाना चाहिए? हम सकारात्मक नागरिक बनाना चाहते हैं, न कि हिंसक और अवसादग्रस्त व्यक्ति। उन्होंने कहा कि क्या हमें अपने छात्रों को इस तरह से पढ़ाना चाहिए कि वे आक्रामक हो जाएं, समाज में नफरत पैदा करें या नफरत का शिकार बनें? क्या यह शिक्षा का उद्देश्य है? क्या हमें ऐसे छोटे बच्चों को दंगों के बारे में पढ़ाना चाहिए...। जब वे बड़े होंगे, तो वे इसके बारे में सीख, समझ सकते हैं, लेकिन स्कूल की पाठ्यपुस्तकों में क्यों। बदलावों के बारे में हंगामा अप्रासंगिक है।

सकलानी की टिप्पणियां ऐसे समय आई हैं, जब नई पाठ्यपुस्तकें कई संदर्भ हटाए जाने और बदलावों के साथ बाजार में आई हैं। कक्षा 12 की राजनीति विज्ञान की संशोधित पाठ्यपुस्तक में बाबरी मस्जिद का उल्लेख नहीं है, लेकिन इसे तीन गुंबद वाली संरचना के रूप में संदर्भित किया गया है। इसमें अयोध्या खंड को चार से घटाकर दो पृष्ठ का कर दिया गया है और पिछले संस्करण से विवरण हटा दिया गया है।

#### सकारात्मक नागरिक बनाना हमारा उद्देश्य

सकलानी ने कहा कि हम सकारात्मक नागरिक बनाना चाहते हैं और यही हमारी पाठ्यपुस्तकों का उद्देश्य है। हम उनमें सबकुछ नहीं रख सकते। हमारी शिक्षा का उद्देश्य हिंसक और अवसादग्रस्त नागरिक पैदा करना नहीं है। घृणा और हिंसा शिक्षण के विषय नहीं हैं। इन पर हमारी पाठ्यपुस्तकों का ध्यान केंद्रित नहीं होना चाहिए। उन्होंने कहा कि 1984 के दंगों की बात पाठ्यपुस्तकों में नहीं होने को लेकर ऐसा ही हंगामा नहीं किया जाता। पाठ्यपुस्तकों से हटाए गए संदर्भों में गुजरात के सोमनाथ से अयोध्या तक भाजपा की रथ यात्रा, कारसेवकों की भूमिका, बाबरी मस्जिद गिराए जाने के बाद सांप्रदायिक हिंसा, भाजपा शासित राज्यों में राष्ट्रपति शासन, और भाजपा की अयोध्या में हुई घटनाओं पर खेद की अभिव्यक्ति भी शामिल हैं।

पढ़ते रहिये...
अमृत विचार
समर ऑफर मात्र ₹4 में प्रतिदिन
यह ऑफर केवल कानपुर के पाठकों के लिए
फोन: 0512- 2548300

# भारत में ईवीएम 'ब्लैक बॉक्स' हैं किसी को जांच की इजाजत नहीं

### राहुल बोले-संस्थाओं में जवाबदेही नहीं होती तो दिखावा बन जाता है लोकतंत्र

नई दिल्ली, एजेंसी

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने रविवार को कहा कि भारत में इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) एक ब्लैक बॉक्स है, जिसकी जांच करने की किसी को अनुमति नहीं है। उन्होंने कहा कि भारत की चुनावी प्रक्रिया में पारदर्शिता को लेकर गंभीर चिंता जताई जा रही है। राहुल ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट कर कहा कि जब संस्थाओं में जवाबदेही ही नहीं होती तो लोकतंत्र दिखावा बनकर रह जाता है और धांधली की आशंका बढ़ जाती है। इस पोस्ट के साथ राहुल ने एक खबर भी साझा कि जिसमें दावा किया गया कि मुंबई की उत्तर-पश्चिम लोकसभा सीट से 48 वोट से जीत दर्ज करने वाले शिवसेना के उम्मीदवार के एक रिश्तेदार के पास एक ऐसा फोन है जिससे ईवीएम में छेड़छाड़ संभव थी।




- ईवीएम पर एलन मस्क के बयान से मचा सियासी घमासान

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने एक्स पर एलन मस्क की उस पोस्ट को भी साझा किया जिसमें मस्क ने ईवीएम को हटाने की बात कही थी। मस्क ने अपनी पोस्ट में कहा था कि हमें ईवीएम को खत्म कर देना चाहिए। मनुष्यों या कृत्रिम मेधा (एआई) द्वारा हैक किए जाने का जोखिम, हालांकि छोटा है, फिर भी बहुत अधिक है। विपक्षी दल कुछ समय से ईवीएम पर चिंता जताते रहे हैं और उसने शीर्ष अदालत में याचिका दायर कर वोटर वेरिफिएबल पेपर ऑडिट ट्रेल' (वीवीपैट) पर्चियों का शत प्रतिशत मिलान करने की अपील की की थी लेकिन अदालत ने इसे स्वीकार नहीं किया।

#### मस्क के विचार अमेरिका में लागू हो सकते हैं, भारत में नहीं

नई दिल्ली। भाजपा ने रविवार को उद्यमी एलन मस्क द्वारा ईवीएम संबंधी टिप्पणी के लिए उन्हें आड़े हाथों लिया। कहा कि उनके विचार अमेरिका पर लागू हो सकते हैं, लेकिन भारत पर नहीं। मस्क ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा था कि हमें ईवीएम को खत्म कर देना चाहिए। मुनष्यों या कृत्रिम मेधा (एआई) के जरिए इनके हैक होने का भले ही कम, लेकिन बड़ा जोखिम है। भाजपा नेता व पूर्व केंद्रीय मंत्री राजीव चंद्रशेखर ने कहा कि यह चीजों का व्यापक स्तर पर सामान्यीकरण करने वाला बयान है, जिसका अर्थ है कि कोई भी सुरक्षित डिजिटल हार्डवेयर का निर्माण नहीं कर सकता है। ये गलत है। पूर्व सूचना प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री ने एक्स पर कहा कि लेकिन भारतीय ईवीएम अलग तरीके से डिजाइन की गई हैं और ये सुरक्षित हैं।

#### मतपत्र से कराए जाएं आगामी चुनाव : अखिलेश यादव



लखनऊ। सपा अध्यक्ष एवं उप्र के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने रविवार को एक बार फिर से ईवीएम की विश्वसनीयता पर सवाल खड़े करते हुए आगामी सभी चुनाव मतपत्रों के जरिए कराने की मांग की। सपा प्रमुख ने रविवार को एक्स पर, टेस्ला कंपनी के सीईओ एलन मस्क की ईवीएम में गड़बड़ी की आशंका संबंधी पोस्ट को कोट करते हुए बयान जारी किया है। यादव ने एक्स पर अपने एक पोस्ट में कहा कि टेक्नालॉजी समस्याओं को दूर करने के लिए होती है, अगर वही मुश्किलों की वजह बन जाए तो उसका इस्तेमाल बंद कर देना चाहिए।

### एक नजर

#### अमरनाथ यात्रा के लिए हेलीकॉप्टर बुकिंग शुरू

जम्मू। अमरनाथ श्राइन बोर्ड ने 29 जून से शुरू होने वाली 52 दिवसीय अमरनाथ यात्रा के लिए बालटाल और पहलगाम मार्गों के लिए हेलीकॉप्टर बुकिंग सेवा शुरू कर दी है। अमरनाथ यात्रा 29 जून से शुरू होकर 19 अगस्त को रक्षा बंधन के दिन समाप्त होगी। बालटाल मार्ग के लिए, नीलग्रथ-पंजतरणी-नीलग्रथ पर हेलीकॉप्टर सेवा प्रदान की जा रही है।

#### सलमान के घर पर फायरिंग मामले में एक और गिरफ्तार

मुंबई। मुंबई पुलिस ने अप्रैल में अभिनेता सलमान खान के घर पर हुई गोलीबारी में एक नया मामला दर्ज किया है और आपराधिक धमकी के आरोप में राजस्थान से एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है।

# आतंकवाद को कुचलें, मददगारों पर भी करें सख्त कार्रवाई : शाह

नई दिल्ली, एजेंसी

बीते एक सप्ताह से जम्मू कश्मीर में बढ़ रही आतंकी गतिविधियों के मद्देनजर गृहमंत्री अमित शाह ने दिल्ली में एक उच्च स्तरीय बैठक की। जिसमें उन्होंने अधिकारियों को आतंकवाद को कुचलने और आतंकियों की मदद करने वालों पर सख्त कार्रवाई करने का निर्देश दिया। उन्होंने अमरनाथ यात्रा की तैयारियों की समीक्षा भी की।

अमित शाह ने कहा कि यहां आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई निर्णायक दौर में है तथा आतंकवाद बड़ी संगठित आतंकी हिंसाओं से अब छद्म लड़ाई तक सिमट गया है, लेकिन सरकार इसे जड़ से उखाड़ फेंकने के लिए संकल्पित है। सुरक्षा एजेंसियों को जम्मू में एरिया डॉमिनेशन प्लान और जीरो टेरर प्लान के माध्यम से कश्मीर घाटी में हासिल की गई सफलताओं को पुनः दोहराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार नए तरीकों से आतंकियों पर कार्रवाई कर मिसाल बनाने के लिए कटिबद्ध है। गृह मंत्री ने सभी एजेंसियों को मिशन मोड में काम करने और समन्वित तरीके से त्वरित प्रतिक्रिया सुनिश्चित करने पर जोर दिया। शाह ने स्थानीय खुफिया नेटवर्क को मजबूत करने, सुरंगों का पता लगाने और ड्रोन का मुकाबला करने के लिए आधुनिक तकनीक अपनाने पर जोर दिया। आतंकवाद के खिलाफ सरकार की जीरो टॉलरेंस की नीति को दोहराते हुए गृह मंत्री ने कहा, जम्मू और कश्मीर से आतंकवाद के सफाए के लिए सरकार कोई कसर नहीं छोड़ेगी। कश्मीर में रिकॉर्ड संख्या में पर्यटकों का आना वहां कानून-व्यवस्था की स्थिति में सुधार को दिखाता है। एक हफ्ते से जम्मू कश्मीर में आतंकवादी गतिविधियां बढ़ गई हैं और सुरक्षाकर्मियों तथा आतंकवादियों के बीच निरंतर मुठभेड़ हो रही हैं।





- जम्मू-कश्मीर में ताजा हालात पर गृहमंत्री ने की उच्च स्तरीय बैठक
- एरिया डॉमिनेशन और जीरो टेरर प्लान को दोहराने के निर्देश

#### उप राज्यपाल ने स्थिति से कराया अवगत

शाह को उप राज्यपाल मनोज सिन्हा ने जम्मू कश्मीर में सुरक्षा स्थिति की विस्तार से जानकारी दी। सेना और पुलिस की ओर से भी आतंकवादी गतिविधियों के बारे में बताया गया। इससे पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को शाह और डोभाल तथा अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ जम्मू कश्मीर की स्थिति की समीक्षा की थी।

#### पांच घंटे चली बैठक, एनएसए डोभाल भी रहे मौजूद

दिल्ली के नार्थ ब्लॉक में दो चरणों में करीब पांच घंटे से भी अधिक समय तक चली बैठक में राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल, जम्मू कश्मीर के उप राज्यपाल मनोज सिन्हा, केन्द्रीय गृह सचिव अजय भल्ला, खुफिया ब्यूरो के निदेशक, सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे, सेना प्रमुख नामित जनरल उपेन्द्र द्विवेदी, केन्द्रीय पुलिस बलों के महानिदेशक, जम्मू कश्मीर के मुख्य सचिव, पुलिस महानिदेशक, जम्मू कश्मीर प्रशासन तथा केन्द्रीय गृह मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों ने हिस्सा लिया।

# ऋषिकेश पहुंचे योगी, मां का जाना हाल

#### एम्स में भर्ती हैं मुख्यमंत्री योगी की मां सावित्री देवी

ब्यूरो, देहरादून

अमृत विचार : उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने ऋषिकेश एम्स पहुंचकर अपनी मां का हालचाल जाना। इसके बाद उन्होंने रुद्रप्रयाग हादसे में घायल हुए लोगों से मुलाकात की। योगी रविवार की दोपहर को निजी दौरे पर ऋषिकेश एम्स पहुंचे। जहां एम्स की कार्यकारी निदेशक प्रो. डॉ. मीनू सिंह व अन्य चिकित्सकों ने उनका स्वागत किया। वे अस्पताल में जिरियाट्रिक वार्ड पहुंचे, जहां उनकी मां सावित्री देवी भर्ती हैं। मुख्यमंत्री ने मां से स्वास्थ्य का हालचाल जाना और परिजनों का कुशलक्षेम पूछा। वह लगभग आधा घंटा अपनी मां के साथ रहे। इसके बाद चिकित्सकों से मां के स्वास्थ्य की जानकारी ली। आंखों में दिक्कत होने की वजह से बीती 7 जून से योगी की मां सावित्री देवी जिरियाट्रिक वार्ड में भर्ती हैं। वह रुद्रप्रयाग व पौड़ी सड़क हादसे में घायल हुए लोगों से मिले और हालचाल जाना। हरिद्वार सांसद त्रिवेंद्र सिंह रावत, स्वास्थ्य मंत्री धन सिंह रावत आदि मौजूद रहे।



एम्स ऋषिकेश में भर्ती मां का हालचाल जानते मुख्यमंत्री योगी। ● अमृत विचार

# दो बच्चों की हत्या कर फंदे पर लटकी मां

संवाददाता, लालगंज(रायबरेली)

- कोतवाली क्षेत्र के पूरे विजयी सिंह मजरे लोदीपुर उतरावा गांव की घटना

अमृत विचार : कोतवाली क्षेत्र के पूरे विजयी सिंह मजरे लोदीपुर उतरावा गांव में एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। जहां एक महिला ने अपने दो बच्चों की गला दबाकर हत्या करने के बाद खुद फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। मामले में पुलिस ने हत्या का रिपोर्ट दर्ज किया है।

पुलिस के अनुसार गांव के रतिभान यादव की पत्नी सोनी(35) ने अपने दो बच्चों रौनक (4) और रिमझिम (2) की हत्या कर खुद फांसी के फंदे पर झूल गई है। सोनी रतिभान की दूसरी पत्नी थी। उसकी पहली पत्नी पूनम यादव के औलाद न होने के कारण रतीभान ने 5 वर्ष पूर्व पूरे बचऊ बेलहनी की सोनी यादव के साथ दूसरा विवाह किया था। जिसके दो बच्चे हुए थे। गांव वालों के अनुसार रतिभान की दोनों पत्नी में आए दिन झगड़ा होता था। शायद इसी वजह से रविवार को सोनी ने पहले अपने दोनों बच्चों की गला दबाकर हत्या की और उसके बाद स्वयं भी मौत को गले लगा लिया। तीन मौतों की सूचना पाकर मौके पर पहुंचे पुलिस अधीक्षक अभिषेक अग्रवाल ने बताया कि सोनी यादव फांसी के फंदे पर लटकी हुई मिली है। उसी कमरे में तख्त पर उसके दोनों बच्चे रिमझिम और रौनक भी मृत अवस्था में मिले हैं, जिससे यह जाहिर होता है कि महिला ने पहले बच्चों की हत्या की और फिर फांसी पर लटक गई। तीनों के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है। मौत के सही कारण का पता पीएम रिपोर्ट से ही चलेगा। पुलिस की फिंगरप्रिंट टीम ने भी घटनास्थल की जांच पड़ताल की है।

#### तीन साल के कान्हा को गला दबाकर मार डाला

प्रयागराज। एक सौतेली मां ने अपने ही बेटे कान्हा (2) को मौत के घाट उतार दिया। घटना यमुना नगर के शंकरगढ़ के वार्ड 10 हज्जी टोला की है। पिता अजय कुमार की तहरीर पर एसीपी बारा संतलाल ने रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी महिला गुड़िया को गिरफ्तार कर लिया है। कान्हा (8) का बड़ा भाई कृष्णा सुरक्षित है।

# 1600 किलो की गदा रामलला को समर्पित



- राजस्थान से आए पंच धातु से निर्मित गदा व धनुष को कारसेवकपुरम में रखा गया

अयोध्या कार्यालय

- 1100 किलो का धनुष-बाण भी अर्पित किया गया, 12 जून को राजस्थान से हुआ था रवाना

अमृत विचार : अयोध्या में रामलला को एक बार फिर से बड़ा उपहार मिला है। इस बार उन्हें पंच धातु से निर्मित 1600 किलो की गदा और 1100 किलो का धनुष-बाण समर्पित किया गया है। राजस्थान के सुमेरपुर के शिवगंज स्थित श्री सनातन सेवा संस्थान ने गदा और धनुष को बनवाया है।

संस्थान की आचार्य सरस्वती देव कृष्णा गौर और राजस्थान से आए कारीगरों ने रविवार देर शाम रामलला के मुख्य पुजारी आचार्य सत्येंद्र दास को दोनों ही चीजें प्रतीकात्मक रूप से सौंपी। गदा और धनुष को कारसेवकपुरम में रखा गया है। आचार्य सत्येंद्र दास ने बताया कि दोनों ही उपहारों को राम जन्मभूमि परिसर में ही उचित स्थान दिया जाएगा, ताकि श्रद्धालू दर्शन कर सकें। गदा और धनुष बाण का पूजन कर श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चम्पतराय ने 12 जून को श्री गोपाल जी मंदिर शिवगंज सिरोही राजस्थान से रवाना किया था।

#### अब तक मिल चुके हैं अनेकों उपहार

रामलला के विराजमान होने के बाद देश भर से कीमती उपहार अयोध्या पहुंच रहे हैं। अब तक अलीगढ़ से बड़ा ताला, खड़ाऊं, बांसुरी, तलवार, स्वर्ण मुद्रित रामायण, नगाड़ा, घंटा, शंख समेत दर्जनों सामान रामलला को समर्पित हो चुके हैं।

#### 20 कारीगरों ने 75 दिन में बनाया गदा और धनुष

पांच धातुओं से निर्मित गदा का वजन 1600 किलोग्राम है। गदा की लंबाई 26 फीट और चौड़ाई 12 फीट है। 20 कारीगरों ने 75 दिन में गदा को तैयार किया है। वहीं धनुष-बाण का वजन 1100 किलोग्राम है। इसकी लंबाई 33 फीट व ऊंचाई 26 फीट है। इसे भी 20 कारीगरों ने 75 दिन में बनाया है। सुमेरपुर के कारीगर कैलाश सुथार धनुष-बाण और गदा के बारे में बताते हुए कहते हैं कि भगवान श्रीराम का धनुष और भगवान हनुमान की गदा बनाने का काम उनकी फर्म वास्तु आर्ट शिवगंज को मिला था।

गंभीर समस्या — अंतरिक्ष यात्रियों के स्वास्थ्य को लेकर किए शोध से मिली जानकारी

# अंतरिक्ष यात्रियों की किडनी क्षतिग्रस्त होने का बड़ा खतरा

- मंगल ग्रह से वापसी में पड़ेगी किडनी डायलिसिस की जरूरत

बबलू चंद्रा, नैनीताल

अमृत विचार : अंतरिक्ष में मानव स्वास्थ्य के लिए एक सबसे बड़ा खतरा किडनी का हो सकता है। मंगल ग्रह पर यात्रियों को भेजने को लेकर स्वास्थ्य संबंधी किए गए शोध में यह जानकारी सामने आई है, जिसके अनुसार मंगल ग्रह से वापस लौटते अंतरिक्ष यात्री को किडनी डायलिसिस की जरूरत पड़ेगी।

शोध के अनुसार दीर्घकालिक अंतरिक्ष अन्वेषण कई चुनौतियों के साथ आता है। चिंताजनक बात यह है कि इसका मानव शरीर पर क्या प्रभाव पड़ेगा। हम भारहीन वातावरण में विकसित नहीं हुए हैं, मानव शरीर महीनों तक इधर-उधर तैरने का आदी नहीं हैं और न ही हम विकिरण के बढ़े हुए स्तर का सामना करने में सक्षम हैं। इसकी बड़ी संभावना है कि अंतरिक्ष यात्री के गुर्दे जैसे अंग क्षतिग्रस्त हो जाएंगे, गुर्दे प्रभावित होने के लक्षण दिखाई देने में समय लगता है। शोधकर्ता शुरुआती चरणों में अंग संबंधी समस्याओं का पता लगाने और लंबी अवधि की उड़ानों के दौरान उनकी सुरक्षा करने के तरीके विकसित कर रहे हैं। हम कुछ वर्षों से जानते हैं कि अंतरिक्ष उड़ान स्वास्थ्य समस्याओं का कारण बनती है।

1970 के दशक से हृदय का कमजोर होना, दृष्टि संबंधी समस्याएं और गुर्दे में पथरी का विकास देखा गया है। इस समस्या का मुख्य कारण अंतरिक्ष से विकिरण का बढ़ता जोखिम माना जाता है। यह सिर्फ सूर्य से आने वाला विकिरण नहीं है बल्कि अंतरिक्ष से आने वाला गैलेक्टिक कॉस्मिक विकिरण बड़ी भूमिका निभाता है। यहां पृथ्वी पर चुंबकीय क्षेत्र हमारी और पृथ्वी की निचली कक्षा में रहने वालों की रक्षा करता है। मगर मंगल व चंद्रमा की तुलना में पृथ्वी का वातावरण अलग है, जिस कारण चंद्रमा और अन्य ग्रहों की यात्रा करने वालों के स्वास्थ्य का खतरा बढ़ जाना स्वाभाविक है। अंतरिक्ष यात्रियों और चूहों में यह शोध किया गया, जिसमें 40 से अधिक पृथ्वी कक्षा मिशनों से नमूने एकत्र किए गए थे।



#### स्वास्थ्य को लेकर अधिक शोध जरूरी

पहली बार स्वास्थ्य को लेकर यह शोध किया गया है, जिसमें चेताया गया है कि स्वास्थ्य के संबंध में अधिक से अधिक शोध की जरूरी हैं। पहले शोध के निष्कर्ष बताते हैं कि लंबी अवधि की अंतरिक्ष उड़ान हमारे अंगों को क्षति पहुंचा सकते हैं। नेचर कम्युनिकेशंस ने यह शोध प्रकाशित किया है। इस शोध में 40 से अधिक समूहों के शोधकर्ताओं की टीम ने भागीदारी निभाई है।

# ईडी ने कुर्क कीं तुलसियानी ग्रुप की पांच अचल संपत्तियां

- धन शोधन अधिनियम में कार्रवाई

लखनऊ। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) लखनऊ जोनल कार्यालय ने धन-शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए), 2002 के प्रावधानों के तहत धोखाधड़ी के एक मामले में मेसर्स तुलसियानी कंस्ट्रक्शन एंड डेवलपर्स प्राइवेट लिमिटेड की 3.06 करोड़ रुपये की कीमत की 5 अचल संपत्तियों को अनंतिम रूप से कुर्क किया है। कुर्क की गई संपत्तियां कृषि भूमि एवं प्लॉट के रूप में प्रयागराज में स्थित हैं। ये सभी संपत्तियां मेसर्स तुलसियानी कंस्ट्रक्शन एंड डेवलपर्स प्राइवेट लिमिटेड के नाम पर पंजीकृत हैं।

# एसी खराब, भड़के यात्रियों ने की दो बार चेनपुलिंग

❍ हंगामा देख कोच में चार मैकेनिक एस्कार्ट कर भेजे गए ❍ प्रयागराज से कालका मेल में उबलते आए यात्री, स्टेशन पर हंगामा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** कालका मेल के यात्रियों ने दो बार चेनपुलिंग कर आधे घंटे सेंट्रल स्टेशन पर ट्रेन खड़ी रखी। यात्री कोच का फेल एसी ठीक करने की जिद पर अड़े रहे। प्रयागराज से सेंट्रल तक उबलते पहुंचे यात्री बगैर एसी ठीक कराए आगे जाने को तैयार नहीं हुए व भीड़ प्लेटफार्म पर उतर आई। यह देख रेल प्रशासन ने चार मैकेनिकों को कोच में एस्कॉर्ट करके भेजा। तब जाकर यात्रियों का हंगामा बंद हुआ और ट्रेन रवाना हो सकी।



हावड़ा से कालका जा रही 12311 कालका मेल के बी-फोर कोच का एसी रविवार को फेल हो गया। यात्रियों की शिकायत पर प्रयागराज स्टाफ ने एसी ठीक किए बगैर उसे सेंट्रल स्टेशन पर अटेंड कराने की बात कहकर रवाना कर दिया।

गर्मी और उमस से बेहाल यात्री किसी तरह करीब 200 किमी का सफर करके दोपहर पौने दो बजे सेंट्रल स्टेशन पहुंचे तो यहां भी राहत नहीं मिलती दिखी। यहां भी एसी ठीक किए बिना ट्रेन चला दी गई। इस पर नाराज यात्रियों ने चेनपुलिंग कर ट्रेन रोक दी। यात्रियों की भीड़ प्लेटफार्म पर उतर आई। यह देख रेलवे प्रशासन ने चार मैकेनिकों को कोच में एस्कॉर्ट करके भेज दिया। इस चक्कर में ट्रेन आधे घंटे बाद सवा दो बजे रवाना हो सकी। शनिवार को भी कालका मेल के बीकोच का एसी फेल हुआ था।

### प्लेटफार्म बदलने से मची अफरातफरी

कानपुर। गोरखपुर-पुणे स्पेशल 01432 का इंतजार कर रहे यात्रियों में प्लेटफार्म बदलने से अफरातफरी मच गई। रविवार को सेंट्रल स्टेशन पर यात्रियों की जबरदस्त भीड़ रही। दोपहर करीब तीन बजे यात्री प्लेटफार्म चार-पांच पर बैठकर ट्रेन का इंतजार कर रहे थे, तभी घोषणा हुई कि गोरखपुर-पुणे स्पेशल प्लेटफार्म दो पर पहुंचने वाली है। इस पर यात्री सामान उठाकर प्लेटफार्म दो की तरफ भागे। यात्रियों के पास सामान अधिक होने के कारण कुछ देर के लिए अफरातफरी मची रही। यात्रियों ने नाराजगी जताई कि अचानक प्लेटफार्म बदलने में काफी दिक्कत होती है। सामान लेकर सीढ़ियां चढ़ना और उतरने में परेशानी होती है।



स्टेशन पर स्टाल पर पानी ख़रीदने के लिए लगी भीड़। अमृत विचार

## टोटियों में खौलता पानी, आरओ पर मारामारी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

● गर्मी से बेहाल यात्रियों ने पानी खरीदकर मुंह धोया

● सूनी पड़ी रहीं टोटियां, हाथ लगाकर दूर हुए यात्री

**अमृत विचार।** इस भीषण गर्मी में सेंट्रल स्टेशन के टोटियों का पानी पीना तो दूर यात्री मुंह तक नहीं धो रहे हैं। रविवार को टोटियां सूनी पड़ी रहीं।

आरओ मशीनों पर यात्रियों की भीड़ लगी रही। यात्रियों ने पानी खरीदकर प्यास बुझाई और मुंह धोकर खुद को तरोताजा किया।

सेंट्रल स्टेशन के सभी प्लेटफार्मों पर रविवार को पानी की टोटियां सूनी पड़ी रहीं। यात्रियों ने बताया कि टोटियों का पानी खौल रहा है। प्लेटफार्मों पर लगे आरओ मशीनों के बाहर यात्रियों ने भीड़ रही। मारामारी की स्थिति होने पर मशीन ऑपरेटरों ने बगैर लाइन लगाए पानी देने से मना कर दिया।

सीमांचल एक्सप्रेस में सफर करने वाले बुद्ध कुमार ने बताया कि टोटी का पानी पी नहीं सकते हैं। मजबूरी में पानी खरीदकर ही पीना पड़ेगा। पानी की बोतल 15 से 20 रुपये में मिल रही है, मगर पांच रुपये में आरओ का ठंडा पानी एक लीटर मिलता है। उसने एक बोतल पानी लेकर अपना और बेटे का मुंह धोया, इसके बाद तीन बोतल पानी भराकर आगे सफर के लिए रख लिया। आरओ मशीनों पर भीड़ लगभग हर प्लेटफार्म पर रही। ट्रेन छूट न जाए, इसलिए यात्रियों ने धक्कामुक्की कर किसी तरह पानी लिया। टोटियों के पानी से हाथ-मुंह भी नहीं धोया जा सकता है।

### 24 घंटे में 29 ट्रेनें लेट 1079 ने लौटाया टिकट

कानपुर। ट्रेनों की लेटलतीफी गर्मी की छुट्टियों का मजा किरकिरा कर रही है। परिवार के साथ घूमने का प्लान बनाने वाले ट्रेनों की लेटलतीफी के कारण टिकट निरस्त करा रहे हैं। बीते 24 घंटे में 29 ट्रेनें 19 घंटे तक की देरी से सेंट्रल से गुजरीं। जिसमें 45 फीसदी ट्रेनें समर स्पेशल की हैं। लेटलतीफी के कारण रविवार को 1079 यात्रियों ने अपना टिकट निरस्त कराया है। वहीं ट्रेनों की लेटलतीफी के कारण पूछताछ काउंटरों पर यात्रियों की लंबी लाइन लाइन लगी रही। 05054 मुंबई-बांद्रा गोरखपुर स्पेशल रविवार को 19 घंटे लेट रही। जिससे यात्री बेहाल हुए। 04152 एलटीटी-कानपुर सेंट्रल 18 घंटे देरी से चल रही है। 03413 मालदा टाउन नई दिल्ली स्पेशल 9 घंटे और 2563 बरौनी-नई दिल्ली स्पेशल 10 घंटे लेट रही। 03484 नई दिल्ली-भागलपुर स्पेशल 11:15 घंटे और 22538 एलटीटी-गोरखपुर कुशीनगर एक्सप्रेस 5 घंटे लेट होने से यात्रियों ने काफी नाराजगी जताई। 0 2563 नई दिल्ली-दरभंगा स्पेशल 6 घंटे और 02576 गोरखपुर-हैदराबाद स्पेशल 6:45 घंटे लेट रही। इन स्पेशल ट्रेनों के साथ रूटीन की ट्रेनें भी देरी से चल रही हैं। लेटलतीफी के कारण यात्रियों ने नाराजगी जताते हुए अपनी टिकटें निरस्त कराई हैं।

## परीक्षा केंद्र में पानी नहीं मिला, एसी भी बंद

पॉलीटेनिक प्रवेश परीक्षा

▸▸ श्याम नगर के एमडी इंफोटेक सेंटर में परीक्षा के दौरान बुलानी पड़ी पुलिस

▸▸ नोडल अधिकारी व परीक्षा कार्य में लगे अधिकारियों ने छात्रों को समझाया

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** पॉलीटेनिक प्रवेश परीक्षा में रविवार को श्याम नगर स्थित एक सेंटर पर परीक्षार्थियों ने जमकर हंगामा किया। परीक्षार्थियों ने भीषण गर्मी में पीने का पानी उपलब्ध नहीं होने, कंप्यूटर अव्यवस्था और एसी बंद होने पर विरोध जताया। केंद्र पर पुलिस बुलानी पड़ गई। पुलिस ने परीक्षार्थियों को किसी तरह शांत कराया। इसके बाद परीक्षा हो सकी।

श्याम नगर स्थित एमडी इंफोटेक को पॉलीटेनिक प्रवेश परीक्षा का केंद्र बनाया गया है। इस केंद्र पर सुबह की पाली में परीक्षार्थियों ने पहले पीने का पानी उपलब्ध नहीं होने और कंप्यूटर ठीक से नहीं चलने की शिकायत की।

इसके बाद अचानक एसी बंद होने पर छात्र आक्रोशित हो उठे। उनका कहना था कि इतनी भीषण गर्मी में पीने के पानी सहित पंखा या कूलर की कोई व्यवस्था नहीं है। पहले तो शिक्षकों व कर्मचारियों ने परीक्षार्थियों को शांत कराने का प्रयास किया। लेकिन हंगामा बढ़ने पर पुलिस बुलानी पड़ी।

परीक्षार्थियों के हंगामे की सूचना परीक्षा कराने वाली एजेंसी को मिली तो नोडल अधिकारी व परीक्षा कार्य में लगे अधिकारी भी केंद्र पर पहुंच गए। परीक्षार्थियों को समझाया गया। इसके बाद परीक्षा संपन्न हुई। परीक्षा केंद्र में हंगामे की रिपोर्ट निदेशालय भी भेजी गई है। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक चकेरी अशोक कुमार दुबे ने बताया कि परीक्षा केंद्र में अव्यवस्था को लेकर छात्र आक्रोशित हुए थे और हंगामा किया था। बाद में पुलिस ने परीक्षार्थियों को समझाकर शांत करा दिया।

## महिला के शव की शिनाख्त नहीं हुई

फॉलोअप

● चकेरी पुलिस ने आसपास के लोगों से की पूछताछ

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** चकेरी थानाक्षेत्र में स्थित कांशीराम अस्पताल परिसर में महिला का शव मिलने के मामले में अब तक महिला की पहचान नहीं हो सकी है। पुलिस ने अस्पताल के आसपास के इलाकों में भी पूछताछ की। लेकिन पहचान के लिए कोई सफलता नहीं मिली। पुलिस को अस्पताल के फुटेज से भी कोई सुराग नहीं लगा है।

शनिवार सुबह अस्पताल में निर्माणाधीन एमआरआई बिल्डिंग के पास झाड़ी में महिला का शव पड़ा मिला था। अंदेशा जताया जा रहा था कि महिला के साथ दुष्कर्म करने के बाद पहचान छिपाने के लिए उसके चेहरे को तेजाब से जला दिया गया है। डीसीपी पूर्वी समेत फोरेंसिक टीम ने साक्ष्य एकत्र कर जांच की थी। महिला की पहचान न हो पाने से पुलिस ने शव को मार्चुरी में रखवा दिया है। महिला की पहचान के लिए पुलिस ने अस्पताल के आसपास के इलाके में पूछताछ की। इसके अलावा पुलिस ने अस्पताल में लगे सीसीटीवी फुटेज भी देखे हैं। फुटेज इतने धुंधले हैं कि कुछ स्पष्ट नहीं दिख रहा है। वहीं कांशीराम अस्पताल के कर्मचारियों ने बताया कि पुलिस गश्त नहीं करती है। अराजकतत्वों का जमावड़ा लगा रहता है। प्रभारी निरीक्षक अशोक कुमार दुबे ने बताया कि महिला की पहचान के प्रयास जारी हैं।

## शराब के लिए तमंचा लगाकर छीने रुपये

**कानपुर।** शराब के पैसे देने से मना करने पर जूही सफेद कालोनी निवासी युवकों ने ई-रिक्शा चालक पर तमंचा लगा कर रुपये छीन लिए। विरोध करने पर ई-रिक्शा चालक संग मारपीट की। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की।

जूही सफेद कालोनी निवासी ई-रिक्शा चालक शैलेंद्र कुमार ने बताया कि शनिवार रात रास्ते में सफेद कालोनी निवासी अनूप यादव, उत्कर्ष शुक्ला, सचिन साहू व तीन अन्य युवकों ने उसे रोक लिया और शराब पीने के नाम पर 150 रुपये मांगने लगा। मना करने पर तमंचा लगा कर जेब में रखे 750 रुपये छीन लिए। उसे और परिजनों संग भी आरोपियों ने मारपीट की। थाना प्रभारी बहादुर सिंह ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज की गई है।

## रोजगार मेलों में 23 और कंपनियां आएंगी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

● सेवायोजन विभाग में सूचीबद्ध सर्विस, मेन्युफैक्चरिंग और बैंकिंग सेक्टर की कंपनियां

**अमृत विचार।** रोजगार मेले में युवाओं को रोजगार देने के लिए सेवायोजन विभाग ने 23 और निजी कंपनियों को जोड़ने में सफलता हासिल की है। नई शामिल होने वाली कंपनियां सर्विस, मेन्युफैक्चरिंग और बैंकिंग सेक्टर से जुड़ी हैं। यह कंपनियां एब वर्ष भर रोजगार मेलों में शामिल हो सकेंगी।

सेवायोजन विभाग इस महीने एक रोजगार मेला आयोजित कर चुका है। माह के अंत तक तीन और रोजगार मेला लगाने की तैयारी चल रही है। नई 23 निजी कंपनियां इन मेलों में अपनी उपस्थिति दर्ज कराने के साथ अगले एक साल तक जरूरत के मुताबिक मेलों में आकर युवाओं का साक्षात्कार लेंगी। इससे रोजगार मेलों में पदों की संख्या में इजाफा हो सकेगा। इस माह लगने वाले तीन मेलों में 300 अतिरिक्त पदों पर साक्षात्कार होने की संभावना है। सहायक निदेशक सेवायोजन उज्जवल कुमार सिंह ने बताया कि विभाग की अभी 37 और कंपनियों के साथ बातचीत चल रही है।

**1.5** लाख विभाग में पंजीकृत बेरोजगार

**5.5** हजार युवाओं को मिली इस वर्ष नौकरी

**41** रोजगार मेले वर्ष 2023-24 में लगाए गए

**247** निजी कंपनियां विभाग में हैं पंजीकृत

## अश्लील वीडियो बना ब्लैकमेल कर रहा आरोपी

**कानपुर।** रायपुरवा थानाक्षेत्र में एक युवक ने महिला से दोस्ती की इसके बाद महिला का अश्लील वीडियो बनाकर वायरल करने की धमकी देकर करीब दो लाख रुपये ऐंठ लिए। आरोपी लगातार धमकी देकर पीड़िता को ब्लैकमेल कर रहा है। पीड़िता ने रिपोर्ट दर्ज कराई है।

रायपुरवा निवासी महिला के अनुसार लक्ष्मीपुरवा मजार वाली गली निवासी कुलदीप गौतम से करीब एक साल पहले दोस्ती हुई थी। कुलदीप ने उनका अश्लील वीडियो व फोटो बना ली। आरोपी वीडियो वायरल करने की धमकी देकर करीब दो लाख रुपये ले चुका है। इसके बाद भी आरोपी लगातार उन्हें धमकी देकर ब्लैकमिल कर रहा है। महिला के अनुसार आरोपी फ्लैट अपने नाम करवाना चाहता है। पीड़िता ने रायपुरवा थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई।

## सार-संक्षेप



लोगों को पौधे बांटे गए। अमृत विचार

### पौध वितरण कर जलपान कराया

**कानपुर।** गर्मी को देखते एमवीआर ग्रांड होटल की ओर से रविवार को पौधे वितरण व जलपान कराया गया। कार्यक्रम में पर्यावरण संरक्षण पर लोगों को जागरूक किया गया। लोगों को पौधे दिए गए व शपथपत्र पर हस्ताक्षर कराया कि सभी लोग अपने घर के सामने या खाली जगह पर पौधे लगाएं, जिससे आने वाले समय में प्रचंड गर्मी से राहत मिल सके। लोगों को पर्यावरण से संबंधित समस्याओं का सामना न करना पड़े। इस मौके पर राहगीरों को शरबत पिलाया गया। कार्यक्रम आयोजक रोहित तुलस्यान और सौरभ बघेल ने बताया कि हर वर्ष इस तरह के कार्यक्रमों से लोगों को जागरूक करने की कोशिश करते हैं। जिससे पर्यावरण के प्रति लगाव बढ़े। इस मौके पर विवेक अग्रवाल, सुधीर तुलस्यान, अनिल अग्रवाल, आनंद तुलस्यान आदि रहे।



रोगियों का परीक्षण करते डॉक्टर। अमृत विचार

### रोगियों ने हड्डी-जोड़ों की कराई जांच

**कानपुर।** रोटरी क्लब ऑफ कानपुर साउथ व राम कौर मेमोरियल नर्सिंगहोम की ओर से रविवार को स्वास्थ्य कैंप लगाया गया। जिसमें चिकित्सकों ने हड्डी व जोड़ों की जांच की। मुख्य अतिथि रोटरी क्लब के डिस्ट्रिक्ट गवर्नर रोटेरियन सीए जसबीर सिंह भाटिया थे। डॉ. विपिनजीत सिंह सलूजा के नेतृत्व में चिकित्सकों ने जांच की। डॉ. अमित मिश्रा ने फिजियोथेरेपी व एक्सरसाइज के माध्यम से उपचार के तरीके बताए। रोटरी क्लब कानपुर के अध्यक्ष अमित खत्री, सचिव सुमित खन्ना जेएस भाटिया, अमित खत्री, सुमित खन्ना, जेएस अरोड़ा, अशोक मेहरा, अमित चोपड़ा, रवि सचदेवा, रोहित आहूजा, ऋषभ नरूला, सतबीर सिंह आदि रहे।

### युवक व बुजुर्ग के खाते से पार किए 4.35 लाख

**कानपुर।** टेलीग्राम एप के माध्यम से कमाई का लालच देकर बुजुर्ग और युवती से 4.35 लाख रुपये साइबर ठगों ने हड़प लिए। ठगों ने गुजैनी थानाक्षेत्र निवासी युवती के खाते से 1.62 लाख व बर्रा थानाक्षेत्र निवासी बुजुर्ग के खाते से 2.73 लाख रुपये पार कर दिए। पीड़ितों ने मामले की रिपोर्ट दर्ज कराई। बर्रा आठ निवासी मेडिकलकर्मी काजल सिंह ने बताया कि उनके टेलीग्राम पर एड देखने के बदले पैसे कमाने का मैसेज आया था। उन्होंने क्लिक कर एड देखा तो उसके एवज में 10 रुपये दिए गए। इसके बाद उनसे पैसे निवेश करने को कहा गया। इस बीच शातिरों ने उनके खाते से 1.62 लाख रुपये उड़ा दिए। पीड़ित ने साइबर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई। वहीं आदर्श नगर निवासी अक्षय अवस्थी के मुताबिक शातिरों ने 13 जून को टेलीग्राम एप के माध्यम से उनके पिता शैलेन्द्र कुमार के बैंक खाते से 2.73 लाख रुपये पार कर दिए हैं।

## 80 कैमरे खंगाले चोर गिरफ्तार

**कानपुर।** जरौली फेस-2 के वैदेही विहार इलाके से 3 जून की रात ट्रैक्टर-ट्राली चोरी करने के आरोपी को गुजैनी पुलिस ने गिरफ्तार किया। पुलिस ने आरोपी की निशानदेही पर ट्रैक्टर ट्राली को बरामद किया।

वैदेही विहार निवासी रामकुमार शर्मा ने बताया था कि घर के सामने खड़ी ट्रैक्टर ट्राली को चोरों ने पार कर दिया है। गुजैनी पुलिस ने ऑपरेशन त्रिनेत्र के तहत लगवाए गए 80 कैमरों की फुटेज को खंगाला, जिसमें एक युवक ट्रैक्टर-ट्राली ले जाता दिखाई दिया। इसके बाद पुलिस ने कानपुर देहात के सिकंदरा के ख्वाजाफूल निवासी सोनू पाल को गुजैनी हाईवे से गिरफ्तार कर लिया।

## रंजिश में युवक पर किया जानलेवा हमला

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

● छह नामजद समेत 16 अज्ञात पर रिपोर्ट

**अमृत विचार।** हरबंश मोहाल थानाक्षेत्र में दुकान पर सामान लेने गए युवक पर आरोपियों ने लाठी-डंडों से हमला कर दिया। पीड़ित के बेहोश होने पर आरोपी धमकी देते हुए भाग निकले। पीड़ित की पत्नी की तहरीर पर पुलिस ने छह नामजद समेत 16 लोगों पर हत्या के प्रयास समेत अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कराई है। युवक की हालत नाजुक है।

सुतरखाना तिलयाना निवासी मुस्कान राठौर के अनुसार 15 जून को उनके पति अमित राठौर नाश्ता लेने क्षेत्र के ही एक दुकान गए हुए थे। जहां पर पहले से ही खड़े मनीष, हिमांशु, नितिन, पिंटू, सार्थक, सत्यम व उसके साथियों ने रंजिश के चलते गाली-गलौज की और लाठी-डंडों से हमला कर दिया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां हालत नाजुक है। हरबंश मोहाल पुलिस ने पीड़ित की पत्नी की तहरीर के आधार पर छह नामजद समेत 16 लोगों पर रिपोर्ट दर्ज की है।

## कल्याणपुर में इनोवा की टक्कर से लोडर चालक की मौत

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

● ग्रामीणों को लेकर बिठूर आ रहा था चालक

**अमृत विचार।** रविवार को गंगा दशहरा के मौके पर जिला जालौन से गंगा स्नान करने के लिए बिठूर आ रहे ग्रामीणों का लोडर कल्याणपुर थानाक्षेत्र में खराब हो गया। चालक नीचे लेटकर नट टाइट कर रहा था इसी बीच पीछे से तेज रफ्तार से आ रही इनोवा ने लोडर में टक्कर मार दी। जिससे लोडर चालक की मौके पर ही मौत हो गई।

जिला जालौन गुढ़ा डकोर निवासी वनमाली का 25 वर्षीय पुत्र देवीदीन लोडर चलाता था। चाचा रामविलास के अनुसार रविवार को गंगा दशहरा के पर्व के चलते वह शनिवार रात ग्रामीणों को लोडर में बिठाकर गंगा स्नान के लिए बिठूर को निकला था। देर रात तीन बजे करीब कल्याणपुर में लोडर की शॉफ्ट ढीली हो गई है। जिस पर चालक ने सवारियां उतार दीं और गाड़ी के नीचे लेटकर शॉफ्ट के नट टाइट करने लगा। घटनास्थल पर मौजूद लोगों के मुताबिक इसी बीच पीछे से तेज रफ्तार इनोवा कार आई और लोडर में टक्कर मार दी। इस दौरान लोडर के नीचे लेटा देवीदीन भी कार की चपेट में आ गया। मौके पर ही उसकी दबकर मौत हो गई। चालक गाड़ी छोड़कर मौके से फरार हो गया। घटना की जानकारी पर पहुंची कल्याणपुर पुलिस ने जांच की और परिजनों को जानकारी दी। कल्याणपुर थाना प्रभारी केपी सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर कार्रवाई की जाएगी। इसी तरह बिधनू थानाक्षेत्र के बाजपुर काछीबाबा के पास रविवार को ओवरटेक करते हुए ऑटो रिक्शा बाइक सवार को टक्कर मारते हुए खंती में पलट गया। जिससे चालक समेत आधा दर्जन सवारियां घायल हो गईं।

सुधार | अलंकार योजना के तहत स्कूलों में स्मार्ट कक्षाएं, खेल मैदान मिलेंगे

## 5 स्कूलों की बदलेगी सूरत, मिलेंगी सुविधाएं

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** शहर में नए सत्र से 5 स्कूलों की सूरत बदलना शुरू होगी। अलंकार योजना के तहत स्कूल में बच्चों को फ्री वाईफाई, स्मार्ट कक्षाएं, बेहतर खेल मैदान, बैठने की बेहतर सुविधा के लिए फर्नीचर सहित अन्य सुविधाएं मिलेंगी।

अलंकार योजना के तहत स्कूलों को बेहतर सुविधा मुहैया कराए जाने के लिए पांच स्कूलों को चुना गया है। इन स्कूलों में बेनी सिंह माधव इंटर कॉलेज, भीतरगांव, लालमणि इंटर कॉलेज रेउना, एबी विद्यालय इंटर कॉलेज मॉल रोड, जीएनके इंटर कॉलेज सिविल लाइंस, सरस्वती इंटर कॉलेज विजय नगर शामिल हैं। शिक्षा विभाग की ओर से जल्द ही इन स्कूलों को बजट उपलब्ध कराया जाएगा। पहले चरण में स्कूलों की मूलभूत सुविधाओं को बेहतर किया जाएगा। इन सुविधाओं में शौचालय, पीने के पानी की बेहतर व्यवस्था, खेल मैदान, कक्षाओं की बेहतर स्थिति, ब्लैक बोर्ड की जगह व्हाइट बोर्ड सहित अन्य सुविधाएं शामिल हैं। इसके बाद स्कूल को हाईटेक किए जाने की प्रक्रिया पर काम चलेगा। इनमें स्मार्ट कक्षाएं, इंटरनेट की व्यवस्था सहित अन्य सुविधाओं को शामिल किया जाएगा। जिला विद्यालय निरीक्षक अरुण कुमार ने बताया कि नए सत्र में स्कूलों में सुविधाएं बढ़ाने के लिए काम शुरू होगा।

### जर्जर स्कूल बचे

योजना के तहत स्कूल प्रबंधकों की लापरवाही के चलते शहर के जर्जर स्कूल की सूरत नहीं बदल सकी। स्कूल प्रबंधकों की ओर से बजट में सहयोग किए जाने के नियम के चलते प्रबंधकों ने योजना में आवेदन ही नहीं किया था। जर्जर स्कूलों के प्रबंधकों ने योजना के तहत रुचि नहीं ली।

### शिक्षक को मिला अनमोल रत्न पुरस्कार



**कानपुर।** बेसिक शिक्षा विभाग व मिशन शिक्षण संवाद की ओर से राज्य स्तरीय शैक्षिक उन्नयन कार्यशाला में शहर के शिक्षक राजन लाल को अनमोल रत्न पुरस्कार दिया गया। शिक्षक को यह पुरस्कार बेहतर शिक्षा और स्कूल के प्रति किए गए प्रयासों पर मिला है। कार्यक्रम में कानपुर नगर से शिक्षक ने पीपीटी के माध्यम से अपने उत्कृष्ट शैक्षणिक कार्यों का प्रस्तुतीकरण किया। कुशीनगर में हुई कार्यशाला में शिक्षक को यह पुरस्कार वहां के सांसद और जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी की ओर से दिया गया। कार्यशाला में देवरिया के सांसद शशांक मणि त्रिपाठी, मिशन शिक्षण संवाद के संस्थापक विमल कुमार, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कुशीनगर डॉ राम जियावन मौर्य सहित अन्य मौजूद रहे।

## नहीं मिली व्हीलचेयर लोहे की ट्राली पर बैठे

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

● 90 वर्षीय बुजुर्ग को सामान ढोने वाली ट्राली से स्टैंड पहुंचाया गया

**अमृत विचार।** सेंट्रल स्टेशन पर विकलांग और बुजुर्गों के लिए व्हीलचेयर की सेवा उपलब्ध है, इसके बावजूद जरूरतमंदों को भटकना पड़ता है। रविवार को मुंबई से आए एक बुजुर्ग को सामान ढोने वाली लोहे की ट्राली पर बैठाकर कुली ने बाहर ऑटो स्टैंड तक पहुंचाया। लोहे की तपती ट्राली पर बैठकर बुजुर्ग स्टैंड पहुंचे।



हुकूमत खान।

उन्नाव के हसनगंज निवासी 90 वर्षीय बुजुर्ग हुकूमत खान परिवार के साथ मुंबई में रहते हैं। रविवार दोपहर वह परिजनों संग मुंबई बांद्रा स्पेशल से सेंट्रल स्टेशन पहुंचे। चलने में परेशानी होने के कारण बेटे ने स्टेशन पर व्हीलचेयर की मांग की, लेकिन किसी कर्मचारी ने ध्यान नहीं दिया। इसी बीच एक कुली ने आकर कहा कि रविवार होने के कारण व्हीलचेयर नहीं मिल पाएगी। कुली ने धूप में खड़ी लोहे की तपती ट्राली पर बुजुर्ग को बैठाकर सिटी साइड ऑटो स्टैंड तक पहुंचाया। बुजुर्ग ने बताया चलने में दिक्कत होने के कारण काफी देर व्हीलचेयर के इंतजार में स्टेशन पर बैठे रहे।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

सूचना
मैं **सत्येंद्र कुमार पुत्र श्री भरत यादव निवासी मकान नंबर 570/870 सी गोपालपुरी आलमबाग लखनऊ** मेरे पुत्र का नाम आधार पर अंकित कुमार दर्ज है जबकि वास्तविक नाम अनिकेत यादव है अंकित कुमार को भविष्य में अनिकेत यादव के नाम से जाना वहां पहचान जाए

सूचना
सूचित हो कि मैं अपने पुत्र रिंकू कुमार के गलत संगत के चलते उसका चालो चालान खराब हो गया है जिससे मैं अपनी चल अचल संपत्ति से उसे बेदखल करता हूं भविष्य में रिंकू कुमार द्वारा किए गए कार्य का वह स्वयं जिम्मेदार होगा जिसका मेरा और मेरे परिवार से कोई सरोकार नहीं होगा । – **राकेश कुमार पुत्र स्व लक्ष्मण निवासी ग्राम व पोस्ट पींड थाना व परगना देवा बाराबंकी**

सूचना
सूचित हो कि मेरे पुत्र मयंक कुमार सिंह का चाल–चलन ठीक नहीं हैं। वह मेरे परिवार से अलग निवास करता है। वह अपने कार्यो का स्वयं जिम्मेदार है। मैंने उसे अपनी चल–अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। **–पुष्पेन्द्र सिहं ग्राम– लालपुर शिवराजपुर थाना – शिवली, कानपुर देहात**

सूचना
मैं **नीतू निगम, पत्नी राजीव मोहन सक्सेना, निवासिनी – 148/62–ए, दुगांवा, राजेन्द्र नगर, थाना नाका, जिला लखनऊ,** मेरा अमीनाबाद पोस्ट आफिस, अमीनाबाद पार्क शाखा लखनऊ में नीतू के नाम से बचत खाता सं0– 10032365832 है । समस्त शैक्षिक प्रपत्रों में मेरा नाम नीतू निगम दर्ज है। मेरे उपरोक्त खाता संख्या पर मेरा नाम नीतू के स्थान पर नीतू निगम दर्ज किया जाय। यहकि नीतू एवम् नीतू निगम एक ही व्यक्ति के नाम है तथा नीतू को नीतू निगम से ही जाना व पहचाना जाता है ।

**आज का मौसम**

अगले पांच दिनों में हल्के बादल छाए रहने के आसार है। वर्षा की कोई संभावना नहीं है

45.2° अधिकतम तापमान | 29.0° न्यूनतम तापमान

सूर्योदय 05 : 16 | सूर्यास्त 07 : 04

## एक नजर

### सीएनजी के दाम 2.25 रुपये बढ़े

**कानपुर।** सीयूजीएल ने सीएनजी की कीमतों में बढ़ोतरी की है। कानपुर और उन्नाव में सीएनजी की कीमत में 2.25 रुपये का इजाफा किया गया है। सीएनजी की कीमत अभी 91.75 रुपये प्रति किलो थी जो अब 94 रुपये प्रति किलो हो गई है। पूर्व में सात मार्च को सीएनजी की कीमत 2.50 रुपये घटी थी। सीयूजीएल के मार्केटिंग मैनेजर नवीन सिंह ने बढ़ी दरों की पुष्टि की है। बताया दरें कानपुर और उन्नाव में लागू कर दी गई हैं।

### किशोरी लापता रिपोर्ट

**कानपुर।** हरदेव नगर निवासी युवक ने अपनी छोटी बहन के अपहरण की रिपोर्ट बर्रा थाने में दर्ज कराई है। युवक का आरोप है कि उसकी 17 वर्षीय बहन 15 जून की शाम से लापता है। बहन के लापता होने से पहले पुष्पेन्द्र नाम के एक लड़के का फोन आया था, जिसने खुद को बहन का दोस्त बताया था। युवक ने बहन के गायब होने के पीछे पुष्पेंद्र की भूमिका की आशंका जताई थी।


# बेरीकेडिंग फांदी तो नाविक ने नाबालिग को गंगा में डुबो दिया

## परमट घाट पर घटी घटना, दामोदर नगर के चार दोस्त गए थे गंगा नहाने

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- दोस्तों ने लगाया आरोप, एक साथी को भी उसी नाविक ने पीटा भी था
- दहशत में आए दोस्तों ने दोपहर 12 बजे परिजनों को दी जानकारी

**अमृत विचार।** ग्वालटोली थानाक्षेत्र के परमट घाट पर रविवार सुबह तीन दोस्तों के साथ नहाने आया नाबालिग इंस्टाग्राम वीडियो क्रिएटर गंगा में डूब गया।



यशराज सिंह।

तीनों दोस्तों ने आरोप लगाया कि वह चारों घाट पर नहाने उतरे थे, वहीं उनका दोस्त बेरीकेडिंग फांदकर आगे जाने लगा। आरोप है, कि इसी दौरान एक नाविक गालीगलौज करते हुए आया और उसका हाथ पकड़कर गहरे में घसीटकर ले जाकर छोड़ दिया। जिससे वह डूब गया। नाविक ने उन तीनों को भी सबक सिखाने की धमकी दी। एक दोस्त को तमाचे जड़ दिए। घटना से डरे सहमे तीनों नाबालिग दोपहर 12 बजे तक मामले को दबाए रहे। इसके बाद परिजनों को जानकारी दी गई। ग्वालटोली पुलिस ने गंगा में डूबे नाबालिग की तलाश शुरू कर दी है।





घाट पर मौजूद यशराज के तीनों दोस्त व गंगा में यशराज की तलाश करते गोताखोर। अमृत विचार

नौबस्ता थानाक्षेत्र के दामोदर नगर निवासी होजरी का काम करने वाले वीरेंदर सिंह का 17 वर्षीय पुत्र यशराज सिंह हाईस्कूल का छात्र है। पिता ने पुलिस को बताया कि रविवार सुबह करीब छह बजे बेटे यशराज ने दोस्त 14 वर्षीय रामचंद्र यादव, 14 वर्षीय अर्थव तिवारी व 15 वर्षीय कृष्णा शुक्ला के साथ क्रिकेट मैच खेलने जाने की बात कही। तीनों दोस्तों ने पुलिस को बताया कि वह लोग साइकिल से सबसे पहले गंगाबैराज अटल घाट पहुंचे। घाट पर लगी पुलिस को देखकर वह लोग सीधे परमट घाट पहुंचे। यहां रामचंद्र यादव, अर्थव तिवारी, कृष्णा शुक्ला और यशराज नहाने के लिए उतरे। यशराज बेरीकेडिंग पार करके नहाने के लिए आगे बढ़ने लगा तो एक नाविक गालीगलौज करता हुआ आया और उसने यशराज को तमाचा जड़ा और हाथ घसीटकर और आगे ले गया और छोड़ दिया। इससे यशराज गहराई में डूब गया। उसी नाविक ने अर्थव को पकड़कर 15-20 तमाचे जड़ दिए। इसके बाद डर के मारे वे तीनों भाग आए। दोपहर में परिजनों को बताया। यशराज की बड़ी बहन नैंसी ने दोस्तों और नाविक पर भाई के साथ घटना करने का आरोप लगाया है। ग्वालटोली थाना प्रभारी पवन कुमार ने 12 से ज्यादा गोताखोरों को लगवाकर गंगा में तलाश शुरू कराई। सूचना पर एसीपी कर्नलगंज महेश कुमार भी पहुंचे। दोस्तों का कहना था कि यशराज को इंस्टाग्राम पर वीडियो बनाने का काफी शौक था।

### 12.30 बजे तक डरे-सहमे बैठे रहे दोस्त

घटना के चार घंटे बाद तक डरे सहमे तीनों नाबालिग घाट के ही ईद-गिर्द घूमते रहे। इसके बाद एक दोस्त रामचंद्र यादव ने घटना की जानकारी अपनी बहन दीपांशी को फोन पर दी। उसने पिता श्रीकृष्ण यादव को बताया। उन्होंने यशराज के घर जाकर जानकारी दी। यश की मां रमा बेहोश हो गई। इसके बाद सब लोग परमट घाट पहुंचे।

### प्रत्यक्षदर्शी बोला कि नाविक मार रहा था, हमने देखा

वहां मौजूद प्रत्यक्षदर्शी बच्चे अंश ने पुलिस को बताया कि एक लड़के ने बेरीकेडिंग फांदी तो नाविक उसे पकड़कर गहरे में ले गया और मारा। उसी नाविक ने उसके दोस्त को भी बाल पकड़कर पीटा। पुलिस उस नाविक की तलाश कर आसपास के सीसीटीवी खंगाल रही है।

### बेरीकेडिंग टूटी पड़ी थी पुलिस भी नहीं थी

गंगा दशहरा पर भी परमट घाट पर बेरीकेडिंग टूटी पड़ी थी। इक्का दुक्का छोड़कर सुरक्षा के लिए पुलिसकर्मी घाट पर नहीं नजर आए। इस कारण आखिरकार हादसा हो ही गया।

# योगी को मारने की धमकी देने वाला निकला सिरफिरा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- दरोगा का नाम और फोटो लगाकर एक्स पर दी थी धमकी
- पुलिस ने सिरफिरे आरोपी को प्रयागराज से गिरफ्तार किया

**अमृत विचार।** क्राइम ब्रांच दरोगा का नाम और फोटो लगाकर एक सिरफिरे ने एक्स पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को जान से मारने की धमकी दी थी। क्राइम ब्रांच की स्वाट टीम में तैनात दरोगा ने साइबर पुलिस थाना में एफआईआर दर्ज कराकर जांच शुरू की और एक्स एकाउंट के जरिए साइबर थाना पुलिस ने सिरफिरे आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।



दीपक श्रीवास्तव।

क्राइम ब्रांच की स्वाट टीम में तैनात दरोगा मोहम्मद आरिफ की रिपोर्ट अनुसार 12 जून 2024 की रात 10:22 बजे से 10:27 बजे तक तीन बार उनको फोन आया। फोन करने वाले ने खुद को लखनऊ पुलिस कमिश्नरेट में दरोगा पद पर तैनात बताया। उसने उनके साथ गाली गलौज की। साथ ही धर्म के नाम पर उससे वसूली करने और आरिफ को बदनाम कर जान से मार डालने की धमकी दी थी। आरिफ के अनुसार इसके बाद ही रात में आरोपी ने कुंवर राजपूत @दीपकएस 10080 आईडी पर उनका फोटो लगाकर मैसेज पोस्ट कर दिया कि यह कानपुर में तैनात है और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की हत्या कर देगा। मोहम्मद आरिफ ने साइबर थाना पुलिस में कुंवर राजपूत के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई।

इसके बाद पुलिस ने उस सिरफिरे आरोपी दीपक श्रीवास्तव को प्रयागराज से गिरफ्तार कर लिया। इस मामले में साइबर इंस्पेक्टर हरप्रीत सिंह ने बताया कि पुलिस ने आरोपी को सर्विलांस टीम की मदद से गिरफ्तार कर लिया है।

आरोपी दीपक दसवीं तक पढ़ा है। वह मूलरूप से रीवा का रहने वाला है। प्रयागराज में वह मौसी के घर पर रहकर ड्राइवरी का काम करता है। पूछताछ में वह सिरफिरा निकला। उसने पूछताछ के दौरान भी कई भड़काऊ बातें कही हैं। आरोपी और दरोगा एक दूसरे को जानते नहीं हैं।

# पुलिस बोली, आफत यहां लेकर क्यों आते

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- अयोध्या डिपो की बस से कानपुर आ रहे ग्वालियर निवासी 60 वर्षीय यात्री की हालत बिगड़ने से हुई मौत
- बेहोशी की हालत में देखकर झकरकटी में परिचालक ने सूचना दी तो बिफर पड़े ट्रांसपोर्ट नगर चौकी प्रभारी

**अमृत विचार।** पुलिस का संवेदनहीन और अमानवीय चेहरा एक बार फिर उजागर हो गया। गर्मी में बसों में बीमार हो रहे लोगों को तुरंत अस्पताल पहुंचाने के बजाए पुलिस ने झकरकटी बस अड्डे पर परिचालक को ही घुड़की दे डाली कि ऐसी आफत यहां लेकर क्यों आते हो...।

दरअसल, अयोध्या डिपो की बस से ग्वालियर जाने के लिए कानपुर आ रहे 60 वर्षीय यात्री की गर्मी से तबियत बिगड़ गई थी। झकरकटी अड्डे पर बस पहुंचने पर परिचालक ने यात्री को बेसुध देखकर जान बचाने के लिए बाबूपुरवा पुलिस को सूचना दी थी। हालांकि बाद में पुलिस ने बीमार यात्री को कांशीराम अस्पताल भिजवाया, जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया।

अयोध्या डिपो की बस संख्या यूपी 42 एटी 8694 के परिचालक सुरेंद्र कुमार ने बताया कि रविवार को उनकी बस में मध्य प्रदेश, ग्वालियर के कंपू मोहल्ला गुड़ी गुड़ी का नाका निवासी रामभरोसी (60) सवार हुए थे। वह आगे की सीट पर बैठकर लखनऊ तक उनके साथ बातचीत करते हुए आए। इसके बाद तेज गर्मी लगने पर उन्होंने पानी की मांग की, इस पर उन्होंने दो बोतल पानी दिलवाया।

परिचालक ने बताया कि बस उन्नाव में नवाबगंज स्थित सड़क किनारे होटल पर पहुंची, वहां रामभरोसी ने लघुशंका की और सीट पर आकर बैठ गए। काफी देर तक वह आंख बंद किए सीट पर बैठे रहे। उसे लगा कि बुजुर्ग थककर सो गए हैं। दोपहर एक बजे बस झकरकटी बस अड्डे पर पहुंची तो उन्हें जगाने का प्रयास किया, लेकिन वह बेहोशी की हालत में मिले।

परिचालक सुरेंद्र के मुताबिक उसने मामले की जानकारी डॉयल 112 पर दी। करीब 10 मिनट बाद ट्रांसपोर्ट नगर चौकी प्रभारी विकास शर्मा मौके पर आए। उन्होंने बीमार यात्री को बस में लाने पर नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि 'गाड़ी में जब ऐसी दिक्कत आती है तो आफत यहां लेकर क्यो आते हो, रास्ते में अस्पताल व थाने में दिखाया करो।'

परिचालक के अनुसार उसने चौकी प्रभारी को बताया कि लखनऊ तक रामभरोसी उनसे बात करते हुए आए थे, उनकी कब तबियत बिगड़ी इसकी जानकारी उसे नहीं है। इसके बाद पुलिस बेसुध रामभरोसी को कांशीराम अस्पताल ले गई, जहां उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। सूचना पर रात में मृतक के पुत्र राजेंद्र कुशवाह व दामाद आकाश कुशवाह शव लेने कानपुर पहुंचे।

### कारगिल पार्क के पास बाइक से स्टंट

**कानपुर।** स्वरूप नगर थानाक्षेत्र में मोतीझील में कारगिल पार्क के पास दस मिनट तक स्पोर्टस बाइक से एक युवक चौकी के सामने स्टंट करता रहा। इस दौरान स्वरूप नगर पुलिस का एक भी सिपाही मौजूद नहीं था। मोतीझील में रविवार दोपहर स्पोर्ट्स बाइक पर सवार युवक ने कारगिल पार्क से लेकर पिंक चौकी के सामने तक कई चक्कर स्टंट किया। युवक बाइक पर खड़े होकर स्टंट कर रहा था जिसे देखकर राहगीर उसका मोबाइल से उसका वीडियो बना रहे थे। इस दौरान पिकेट प्वाइंट और पिंक चौकी पर पुलिसकर्मी नदारद दिखे। बाइक सतीश चन्द्र नाम के नाम पर पंजीकृत है डीसीपी सेंट्रल आरएस गौतम ने बताया कि बाइक नंबर के आधार पर चालान के साथ ही उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।



# अवैध मिट्टी खनन में आठ पर रिपोर्ट

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- सचेंडी पुलिस ने लेखपाल की सूचना पर की थी छापेमारी
- पोकलैंड, जेसीबी, तीन डंपर, ट्रैक्टर को किया सीज

**अमृत विचार।** सचेंडी थानाक्षेत्र में अरसे से धड़ल्ले से चल रहे अवैध खनन को लेकर पुलिस ने शिकंजा कसा है। क्षेत्रीय लेखपाल ने किसानों की जमीन पर किए जा रहे खनन को लेकर आपत्ति दर्ज कराकर पुलिस को तहरीर दी। जिस पर पुलिस ने आठ लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है।

दामोदर नगर निवासी लक्ष्मीनारायण पांडेय के अनुसार वह वर्तमान में सोना क्षेत्र में लेखपाल हैं। 13 जून की देर रात सोना के ग्राम प्रधान सतेन्द्र मोहन गुप्ता ने उन्हें सूचना दी कि मिट्टी का अवैध खनन किया जा रहा है। उन्होंने राजस्व विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों और सचेंडी पुलिस को सूचना दी। कुछ ही देर में सचेंडी थाने से उप निरीक्षक संदीप कुमार भारी पुलिस बल के साथ पहुंच गए। जिस पर वहां सभी इधर-उधर भागने लगे। पुलिस को एक बड़ी पोकलैंड, एक जेसीबी, एक ट्रैक्टर, तीन डंपर खड़े मिले। जिनमें मिट्टी लोड की जा रही थी। लेखपाल के अनुसार माफिया ने यहां पर 10 से 15 बीघे पर काफी गहराई से मिट्टी खोद डाली थी। वहीं पास में मिट्टी का भी भंडारण किया हुआ था। पुलिस को देखकर चालक भाग निकले। ग्राम प्रधान सतेन्द्र गुप्ता व ग्रामीणों में बब्बू, छम्मी, निवासी खेमपुर, रामनरेश, शिवगोपाल निवासी सोना आ गए। उन लोगों ने बताया कि यह जमीन उनकी है। जिसका आराजी नं 988,989 है। आरोपी रोज चोरी से जमीन पर मिट्टी की खुदाई कर रहे थे। सचेंडी पुलिस ने शर्मा नाम का व्यक्ति, पोकलैंड, एक जेसीबी, एक ट्रैक्टर और तीन डंपरों के चालकों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। बताया कि अवैध खनन कराने वाले नेटवर्क का मास्टरमाइंड शर्मा नाम का व्यक्ति है। जिसके कई अन्य सहयोगी हैं। सचेंडी के एसीपी प्रशिक्षु आईपीएस डॉ अमोल मुकुर्ट ने बताया कि लेखपाल की तहरीर के आधार पर एफआईआर दर्ज की गई है। वाहन सीज किए गए हैं।

# दो बसें रास्ते में जलीं, तीन फोरमैन निलंबित

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- लापरवाही पर परिवहन निगम सख्त, एमडी की विशेष टीम कर रही चेकिंग

**अमृत विचार।** उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम ने सभी क्षेत्रीय प्रबंधकों तथा वर्कशाप के सेवा प्रबंधकों को आदेशित किया है कि शत प्रतिशत बसों को दुरुस्त हालत में रूट पर भेजें। एक भी बस रास्ते में खराब हुई तो जिम्मेदारों को बख्शा नहीं जाएगा। एमडी की विशेष टीम परिक्षेत्रों में वर्कशाप की चेकिंग कर रही है। दो बसें मार्ग में जलने की घटना में तीन फोरमैन निलंबित किए जा चुके हैं।

13 जून को रोडवेज के प्रधान प्रबंधक एसएल शर्मा ने प्रदेश के सभी प्रधान प्रबंधकों, प्रशिक्षण संस्थानों के प्रधानाचार्य, क्षेत्रीय प्रबंधक एवं सेवा प्रबंधकों को निर्देश जारी किया था कि तकनीकी संवर्ग के सीनियर फोरमैन ग्रेड-1, सीनियर फोरमैन ग्रेड 2, जूनियर फोरमैन, मैकेनिक, बाडी मैकेनिक, विद्युतकार, टायर निरीक्षक, भंडार अधीक्षक एवं भंडारपाल पद पर कार्यरत कमियों का विवरण देते हुए बताएं कि कितनी बसें रास्ते में खराब हुईं, कितनी बसें वर्कशाप में खड़ी हैं। प्रबंध निदेशक की टीम ने प्रदेश स्तर पर जांच शुरू की है।

कई बार चालक-परिचालक की आपत्ति को दरकिनार करके अनफिट बस को रूट पर भेज दिया जाता है। बीते दिनों कन्नौज डिपो की बस उन्नाव के पास शार्ट सर्किट के कारण जलकर राख हो गई थी।

### अनफिट बसों को रूट पर भेजना महंगा पड़ेगा

अक्सर खराब बस को रूट पर भेज दिया जाता है, यदि चालक और परिचालक कहते हैं कि बस खराब है तो उनकी जगह दूसरे को भेजने की बात कही जाती है। मजबूरी में चालक, परिचालक बस लेकर डिपो से रूट पर निकल जाते हैं, क्योंकि संविदा चालकों, परिचालकों को किमी के हिसाब से पारिश्रमिक मिलता है, रूट पर नहीं जाएंगे तो उन्हें पैसा नहीं मिलेगा।

"वर्कशाप में कोई बस खड़ी नहीं रहेगी, सभी को रूट पर भेजा जा रहा है, सभी डिपो और वर्कशाप की जांच हो रही है। लापरवाही बरतने वालों को बख्शा नहीं जाएगा और उन पर सख्त कार्रवाई होगी।

–अनिल कुमार, क्षेत्रीय प्रबंधक, कानपुर परिक्षेत्र

प्रबंध निदेशक की विशेष टीम ने जांच में कन्नौज के जूनियर फोरमैन राजेंद्र कुमार को दोषी पाया, उसे एक दिन पहले क्षेत्रीय प्रबंधक ने निलंबित कर दिया। जांच में सामने आया था कि बस की बैट्री में तार जोड़कर चालक टेप से गाना सुन रहे थे, लेकिन फोरमैन ने कोई एक्शन नहीं लिया। इसी प्रकार एक अन्य बस जलने की जांच के बाद किदवई नगर डिपो के सीनियर फोरमैन एमपी गौतम और जूनियर फोरमैन अनीस कुमार को निलंबित किया गया था। उन्होंने एसी जनरथ बस को सेल्फ कनेक्शन लूज होने के बाद भी रूट पर भेज दिया था।

# ट्रैफिक सिपाही ने थप्पड़ जड़ा, लाइन हाजिर

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** सचेंडी हाईवे पर ट्रैफिक सिपाही ने कार सवार युवक से गाली गलौज कर तमाचा जड़ दिया। घटना का 13 सेकेंड का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। वायरल वीडियो को संज्ञान में लेकर डीसीपी ट्रैफिक ने सिपाही को लाइन हाजिर कर दिया। बताया जा रहा है कि जाम में फंसे होने के दौरान युवक की कार सिपाही की कार से मामूली टकरा गई थी, जिसके बाद सिपाही राशिद खान ने अपना आपा खो दिया।



सिपाही राशिद खान।

टीआई वेस्ट धर्मवीर सरोज ने बताया कि रविवार को ट्रैफिक सिपाही राशिद खान की सचेंडी अंडरपास के ड्यूटी लगी थी। सिपाही राशिद खान अपनी निजी कार से ड्यूटी पर जा रहा था। किसान नगर के पास जाम लगे होने से सिपाही की कार जाम में फंस गई। जाम में सिपाही की कार में पीछे से आई कार से मामूली टक्कर हो गई। सिपाही ने कार चालक से गाली गलौज कर उसे थप्पड़ जड़ दिया। डीसीपी ट्रैफिक ने सिपाही राशिद खान को लाइन हाजिर कर मामले की जांच एसीपी ट्रैफिक को सौंपी।

**मौसम की मार** सामान्य से 4.8 डि.से. ऊपर चढ़कर 45.2 डिग्री सेल्सियस पर पहुंचा अधिकतम तापमान

# हीट वेव से तप रहा शहर, अधिकतम पारा 45 के पार

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** लू के थपेड़ों के बीच रविवार को पारा सामान्य से 4.8 डिग्री सेल्सियस ऊपर चढ़कर 45 डि.से. के पार चला गया। मौसम विभाग की मानें तो अभी लू के थपेड़े चलेंगे, इसलिए अलर्ट रहें और सुरक्षित रहें।

कानपुर मंडल समेत पूरे प्रदेश में भीषण लू के आसार मौसम विभाग जता रहा है। सुबह 9 बजे अधिकतम तापमान 35 डि.से. के ऊपर निकल गया था। 7 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से चल रहे लू के थपेड़ों से सुबह 11 बजे अधिकतम तापमान 39 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। यह जानकारी देते हुए चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय के मौसम वैज्ञानिक डा. एसएन सुनील पांडेय ने बताया कि दोपहर 1 बजे अधिकतम तापमान 42 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया तो दोपहर तीन बजे अधिकतम तापमान 45.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ जो कि सामान्य से 4.8 डिग्री सेल्सियस अधिक रहा। अभी और तेज लू चलने के आसार बन रहे हैं, ऐसे में लू से बचाव करके ही निकलें। कानपुर मंडल में लू लू चलने के आसार हैं। न्यूनतम तापमान भी सामान्य से 1.2 डिग्री ऊपर चढ़कर 29.0 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया।



भीषण गर्मी में आंधी जैसी तेज लू भी चल रही है। अमृत विचार

मानसून की बन रहे आसार : महाराष्ट्र, छत्तीसगढ़, ओडिशा, तटीय आंध्र प्रदेश और बंगाल की खाड़ी के उत्तर-पश्चिमी हिस्से, पश्चिम बंगाल के गंगा के मैदानी इलाकों के कुछ हिस्से, उप-हिमालयी पश्चिम बंगाल के बचे हुए हिस्से और बिहार के कुछ हिस्सों में अगले 3 से 4 दिनों के दौरान दक्षिण-पश्चिम मानसून के आगे बढ़ने के लिए परिस्थितियां अनुकूल हैं। अगले 24 घंटों के दौरान, विदर्भ, मराठवाड़ा, तेलंगाना, सिक्किम, उप-हिमालयी पश्चिम बंगाल, असम और अरुणाचल प्रदेश में हल्की से मध्यम बारिश और कुछ स्थानों पर भारी बारिश संभव है। 18 जून से उत्तर-पश्चिम भारत में एक नया पश्चिमी विक्षोभ आने की संभावना है।

### युवक का शव मिला, हीट स्ट्रोक की आशंका

कानपुर। गोविंद नगर थानाक्षेत्र के गुजैनी एच ब्लॉक में रविवार शाम करीब 40 वर्षीय अज्ञात युवक का शव सड़क किनारे पड़ा मिला है। पुलिस ने बताया कि युवक की शिनाख्त नहीं हुई है। युवक साइकिल से कहीं जा रहा था। आशंका है कि भीषण गर्मी के चलते हीट स्ट्रोक से उसकी मौत हुई है। रतनलाल नगर चौकी प्रभारी अरविंद मिश्रा ने बताया कि शिनाख्त के प्रयास किए जा रहे हैं।

# प्रचंड गर्मी में दो लोगों की गई जान

**हीटस्ट्रोक**

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** प्रचंड गर्मी में शहर में दो लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने मामले की जांच की।

महाराजपुर रूमा निवासी 35 वर्षीय अनुराग उर्फ शिवा गांव में स्थित एक बाग में मृत मिला। बड़े भाई विजय ने बताया कि वह शनिवार से लापता था। पुलिस को सूचना दी थी। जिसके बाद पुलिस ने पोस्टमार्टम हाउस भेजा। वहां उसका शव रखा हुआ था। भाई के अनुसार उसका करीब डेढ़ वर्ष से पत्नी आरती से विवाद चल रहा था। अनुराग शराब का लती था। घर के पास बाग में उसका शव मिला, उन लोगों को गर्मी से मौत की आशंका है। इसी प्रकार जिला उन्नाव के बारासगवर के ग्राम मुबारकपुर निवासी 61 वर्षीय प्रताप नारायण पांडेय डीसीएम में मृत मिले। बेटे दीपक ने बताया वह चालक थे। शनिवार को लखनऊ से कानपुर डीसीएम लेकर आए थे। जूही गौशाला के पास पुलिस को वह डीसीएम में मृत मिले। परिजनों ने गर्मी से मौत की आशंका जताई है।

### सेंट्रल पर वृद्ध का शव मिला

**कानपुर।** हरबंश मोहाल घंटाघर निवासी वृद्ध संजय यादव (60) का शव रविवार सिटी साइड सर्कुलेटिंग एरिया के पास मिला। जीआरपी की सूचना पर पहुंची रामादेवी निवासी सौतेली बेटी काजल व दामाद फूलचंद ने शव की शिनाख्त की। काजल ने बताया कि संजय का अपना कोई नहीं है। वह कबाड़ का काम करते थे। परिनजों ने लू लगने से मौत होने की बात कही है।

### लू से झुलसी मक्का, उर्द-मूंगफली भी प्रभावित



**कानपुर।** भीषण गर्मी और लू के थपेड़ों से मक्का, उर्द और मूंगफली समेत बागवानी फसलें भी प्रभावित हुई हैं। सीएसए के वैज्ञानिक डा. खलील खान ने बताया कि जायद मक्का की फसल में दुग्धावस्था से दाना सशक्त होने की अवस्था चल रही है। उर्द की फली बनने की अवस्था से दाना भरने की अवस्था चल रही है। मूंगफली में डंठलों का झुकना और नीचे की ओर बढ़ना (पैगिंग) से फली का विकास का क्रम चल रहा है। लू के थपेड़ों से खेत में खड़ी फसलें जल्दी परिपक्व हो जाती हैं लेकिन दाना सिकुड़ गया है। जिससे पैदावार कम होने की आंशका है। खड़ी फसल में हल्की सिंचाई कर उचित नमी बनाएं और दोपहर में सिंचाई का कार्य न करें। खरीफ मक्का बुवाई की अवस्था में है। अधिक तापमान से अंकुरण और जमाव प्रभावित होता है। बुवाई का कार्य उचित नमी पर ही करें। सब्जियां, फल एवं बागवानी फसलों के मामले में नमी बनाए रखें, शाम के समय सिंचाई मत करें।


परमट घाट पर गंगा आरती में गूंजा हर-हर गंगे का उद्घोष। अमृत विचार


गंगा को चुनरी चढ़ातीं महिलाएं। अमृत विचार

# गंगा दशहरा पर हर-हर गंगे के जयकारों से गूंजे घाट

## श्रद्धालुओं ने लगाई गंगा में डुबकी, सुख-समृद्धि की कामना, सूर्य को अर्घ्य व पूजन करके किया दान-पुण्य

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** गंगा दशहरा पर रविवार को श्रद्धालुओं का गंगा घाटों पर जमघट लगा और आस्था की डुबकी लगाई। गंगा स्नान के बाद सूर्य को अर्घ्य दिया, पूजन के बाद घाटों पर दान-पुण्य कर सुख-समृद्धि की कामना की। सरसैया घाट पर करौली सरकार की शंकर सेना ने गंगा आरती उतारी और भजन संध्या में भक्तों को आनंदित किया। शाम को भव्य गंगा आरती से परमट घाट जगमग हो उठा।

रविवार भोर पहर से ही शहर के गंगाघाटों पर श्रद्धालुओं की भीड़ जुटनी शुरू हो गई। गंगा बैराज के अटल घाट, भौरेघाट, सरसैया घाट, भगवतघाट, शुल्कागंज पुल के नीचे श्रद्धालुओं ने गंगा में डुबकी लगाई। हर-हर गंगे के जयकारों से घाट गूंज उठे। रात में परमट घाट पर भव्य गंगा आरती हुई। घंटा-शंख की गूंज से वातावरण भक्तिमय हो गया। सैंकड़ों की संख्या में भक्तों ने आरती उतारी।


बनवारी लाल कंछल को श्रीराम का चित्र भेंट किया गया। अमृत विचार

- **परमट-सरसैया घाट पर गंगा आरती व भजन संध्या**

उधर, सरसैया घाट पर करौली सरकार की ओर से मां गंगा की आरती का भव्य आयोजन किया गया। प्रदेश के कई शहरों के आए भक्तों ने गंगा की आरती उतारी।

शंकर सेना के प्रदेश अध्यक्ष सुबोध चोपड़ा ने गंगा आरती के बाद भजन संध्या का आयोजन कर भक्तों को आनंदित किया। मुख्य अतिथि उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष बनवारी लाल कंछल रहे। उन्होंने लोगों से अपील की कि गंगा को संरक्षित व प्रदूषण मुक्त रखने में पूरा सहयोग करें। करौली शंकर महादेव को धन्यवाद दिया कि इस आयोजन से संस्कृति को बल मिला है। शंकर सेना के प्रदेश अध्यक्ष सुबोध चोपड़ा ने गंगा के प्रति दायित्वों का निर्वहन करने की अपील की। इस मौके पर शंकर सेना प्रदेश महिला अध्यक्ष मीना द्विवेदी, ज्योती मिश्रा, नंदिनी, प्रीती शुक्ला, ममता मिश्रा, शंकर सेना के जिला प्रमुख युवा शाखा विनय वर्मा, जिला प्रमुख विशाल बाजपेई, आलोक, रितेश तिवारी आदि मौजूद रहे।

### गंगा दशहरा में देखी सुरक्षा व्यवस्था

**कानपुर।** ज्येष्ठ गढ़ गंगा दशहरा मेला को सकुशल संपन्न कराए जाने को लेकर पुलिस उपायुक्त पूर्वी श्रवण कुमार सिंह ने सहायक पुलिस आयुक्त कोतवाली अर्चना सिंह के साथ थाना कोतवाली क्षेत्रांर्तगत मेला स्थल सरसैया घाट का निरीक्षण कर सुरक्षा-व्यवस्था का जायजा लिया गया और संबंधित को आवश्यक निर्देश दिए।

### शर्बत पिलाया

**कानपुर।** गंगा दशहरा पर कानपुर ग्रामीण व्यापार मंडल की ओर से पनकी रोड पर शर्बत वितरण किया गया। पनकी हनुमान मंदिर के महंत जितेन्द्र दास महाराज, कल्याणपुर विधायक नीलिमा कटियार, दीप अवस्थी, जिलाध्यक्ष राहुल शुक्ला, रामराज पाल, बड़े सिंह, मनीष दुबे, संजू चौहान, अनिरुद्ध तिवारी, एनडी तिवारी, अनुज राजावत, अमित मिश्रा, पप्पू चौहान, सीपु सिंह, विपिन मिश्रा, बउआ द्विवेदी, राजेश सेंगर, पंकज मिश्रा, छोटू शुक्ला, संजीव मिश्रा आदि व्यापारी मौजूद रहे।

### गर्मी से बचाव के लिए शर्बत वितरण

**कानपुर।** रोटरी क्लब कानपुर आर्यन्स की ओर से रविवार को शर्बत वितरण किया गया। के ब्लॉक किदवई नगर में हुए वितरण में बड़ी संख्या में लोगों ने शर्बत ग्रहण किया। क्लब के चार्टर अध्यक्ष डॉ भक्ति विजय शुक्ला, उद्योगपति अनंत राम गुप्ता, अमित गुप्ता, अनंत राम गुप्ता, श्रीमती उमा गुप्ता, राखी गुप्ता, अर्पित गुप्ता, सीए आर्यक गुप्ता, यशिका गुप्ता सहित अन्य मौजूद रहे।

### कारोबारियों ने अंगौछा वितरित किया

**कानपुर।** गंगा दशहरा के मौके पर कानपुर ग्रामीण व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने रविवार को शर्बत वितरण किया। पनकी रोड पर कारोबारियों की ओर से आर्थिक रूप से कमजोर लोगों को अंगौछा व कैप भी वितरित की। पनकी मंदिर के महंत जितेंद्र दास भी मौजूद रहे। विधायक नीलिमा कटियार, दीप अवस्थी, राहुल शुक्ला, राजेश चंदेल, बड़े सिंह, मनीष दुबे, अनिरुद्ध तिवारी, अनुज राजावत, विपिन मिश्रा आदि रहे।

### गंगा सफाई का संकल्प लिया

**कानपुर।** अविरल गंगा, निर्मल गंगा के संकल्प को लेकर गंगा रक्षा का संकल्प लिया गया। लक्ष्मण घाट, बिठूर में हुए आयोजन में गंगा प्रहरियों ने बोतल में गंगा जल लेकर गंगा तट पर शपथ ली। इस दौरान कहा गया कि गंगा में 116 सहायक नदियां आकर मिलती हैं। एक भी सहायक नदी पर ट्रीटमेंट प्लांट नहीं है। इसकी वजह से गंगा की धारा निर्मल नहीं है। शहर में भी कई नाले गंगा में गिर रहे हैं। रोज करोड़ों लीटर सीवेज गंगा में उड़ेल रहे हैं। इसे तुरंत रोकना चाहिए। तय किया गया कि गंगा की स्वच्छता का संकल्प आम लोगों तक पहुंचाया जाएगा। कार्यक्रम में श्याम भूषण महाराज, अशोक महाराज, सिद्धिनाथ तिवारी, प्रशांत पांडे, शेखर त्रिपाठी और सागर त्रिवेदी सहित अन्य मौजूद रहे।

# गंगा आरती के बाद वीआईपी रोड जाम, डायवर्जन फेल

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- **डीएवी कॉलेज से रेवथ्री चौराहे तक लगीं वाहनों की लंबी कतारें**
- **नहीं दिखे ट्रैफिक पुलिसकर्मी, रेंगते रहे वाहनों के पहिए**

**अमृत विचार।** गंगा दशहरा पर घाटों पर सुबह व शाम के समय होने वाली भीड़ के चलते की गई डायवर्जन व्यवस्था रविवार शाम पूरी तरह से फेल हो गई। आरती के परमट मंदिर के घाट पर श्रद्धालु वाहनों लेकर पहुंच गए। आरती खत्म होते ही लोग निकले तो वीआईपी रोड पर करीब ढाई किलोमीटर लंबी वाहनों की कतार लग गईं। लोग जाम में हलकान होते रहे, लेकिन ट्रैफिक पुलिसकर्मी नजर नहीं आए।

गंगा दशहरा पर्व को लेकर ट्रैफिक पुलिस की ओर शनिवार दोपहर 12 बजे से गंगा घाटों पर जाने के लिए रुट डायवर्जन व्यवस्था लागू की गई थी, जो शनिवार तक लागू थी। घाटों पर पहुंचने वाले श्रद्धालुओं के वाहनों को खड़े करने के लिए पार्किंग के स्थान भी चिन्हित किए गए थे। लेकिन शनिवार शाम परमट मंदिर घाट पर आयोजित गंगा आरती के बाद सारे दावों की पोल खुल गई। श्रद्धालुओं परमट तिराहे, वीआईपी रोड के पास स्थित पेट्रोल पंप की गलियों में वाहन पार्क कर आयोजन में शामिल होने पहुंचे। आरती का समापन होते ही पूरी भीड़ वीआईपी रोड पर टूट पड़ी। डीएवी कॉलेज से लेकर रेवथ्री तक दो पहिया, चार पहिया वाहनों की लंबी लाइने लग गईं। राहगीरों का पैदल निकलना तक दुश्वार हो गया। करीब डेढ़ तक वीआईपी रोड में भीषण जाम लगा रहा। दोपहिया वाहन सवार गलियों में सहारे निकलते नजर आए, जिससे गलियो में भी जाम की स्थितियां उत्पन्न हो गई।


वीआईपी रोड पर लगा जाम। अमृत विचार

## सार-संक्षेप

### स्टॉक मार्केट में निवेश के नाम पर ठगी

**कानपुर।** साइबर ठगों ने एक युवक को फेसबुक पर स्टॉक मार्केट में निवेश कर मोटी रकम कमाने का झांसा दिया। जिसके चक्कर में पड़कर आरोपियों ने कई बार निवेश के नाम पर 12.22 लाख रुपये खाते में मंगाकर ठग लिए। पीड़ित ने साइबर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। बर्रा आठ के वैष्णवी विहार निवासी अंकित कुमार के अनुसार 29 मार्च 2024 को उन्हें फेसबुक पर एक विज्ञापन दिखा। जिसमें स्टॉक मार्केट में निवेश कर मोटी रकम कमाने का झांसा दिया गया। झांसे में आकर क्लिक किया तो उन्हें एक व्हॉट्सएप ग्रुप से जोड़ दिया गया। आरोपियों ने एक एप डाउनलोड कराया और कई बार में निवेश के नाम पर 12.22 लाख रुपये कई बार में ट्रांसफर कर दिए। लेकिन कोई रुपये वापस नहीं मिला। पीड़ित ने साइबर थाने में तहरीर दी है।

# जिला पंचायत की अनदेखी से बस रहीं अवैध कालोनियां

कार्यालय संवादाता, कानपुर

- **चौबेपुर, सचेंडी, बिधनू और सरसौल के आसपास बस रहे सोसाइटी क्षेत्र**
- **केडीए ने बिल्डरों पर कार्रवाई शुरू की पर जिला पंचायत के अफसर मौन**

**अमृत विचार।** केडीए ने अपने विकास क्षेत्र वाले इलाकों में अवैध रूप से बस रहे सोसाइटी क्षेत्रों को रोकने की कवायद तेज कर दी है। 71 बिल्डरों पर एफआईआर दर्ज करने के लिए केडीए ने तहरीर भी दे दी है। अभी सचेंडी, नौबस्ता, महाराजपुर आदि इलाकों में ऐसे बिल्डरों की सूची बन रही है जो बिना लेआउट पास कराए प्लाटिंग कर रहे हैं लेकिन जिला पंचायत की ओर से अभी तक कोई ऐसा कदम नहीं उठाया गया जिससे कि अवैध प्लाटिंग को रोका जा सके। जबकि सरसौल, नर्वल, साढ़, बिधनू, सेन पूरब पारा, सेन पश्चिम पारा, सचेंडी, चौबेपुर, बिल्हौर, शिवराजपुर में जीटी रोड किनारे बड़े पैमाने पर अवैध रूप से प्लाटिंग हो रही है।

केडीए की तरह ही जिला पंचायत भी अपने विकास क्षेत्र में नक्शा पास करता है। अस्पताल, नर्सिंग होम, स्कूल, कॉलेज, सोसाइटी क्षेत्र के विकास, अपार्टमेंट, भवन आदि के निर्माण के लिए बकायदा मानचित्र स्वीकृति के बदले शुल्क भी जिला पंचायत की ओर से वसूला जा जाता है। जिला पंचायत के सहायक अभियंता और अवर अभियंता की जिम्मेदारी है कि वे अपने- अपने क्षेत्र में जाकर अवैध सोसाइटी क्षेत्र बसने से रोकें। जो भी निर्माण अवैध रूप से हो रहे हैं उन्हें नोटिस दें और जरूरत पड़ने पर ध्वस्त कराएं पर जिला पंचायत के अपर मुख्य अधिकारी हों या जिला पंचायत अध्यक्ष उनकी अनदेखी के कारण कहीं भी कोई कार्रवाई नहीं हो रही है। जबकि इन क्षेत्रों में बिना भू उपयोग परिवर्तन कराए ही सोसाइटी क्षेत्र बसाए जा रहे हैं। बिना भू उपयोग परिवर्तन के बसने वाले सोसाइटी क्षेत्रों को रोकने की जिम्मेदारी लेखपालों की भी है पर वे भी खामोश रहते हैं। लेआउट पास न होने से जिला पंचायत को भी जरूरी राजस्व नहीं मिल रहा है। अनियोजित तरीके से बसने वाले इन क्षेत्रों में बारिश के समय जल भराव की समस्या भी आती है।

# 14 मंडलों के 40 बूथ अध्यक्ष सम्मानित

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** भारतीय जनता पार्टी कानपुर लोकसभा के सांसद रमेश अवस्थी ने अपने बूथों पर सर्वाधिक मत प्रतिशत प्राप्त करने वाले 14 मंडलों के 40 बूथ अध्यक्षों को क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल, जिला अध्यक्ष दीपू पांडे की मौजूदगी में सम्मानित किया।

शाम 6 बजे बीजेपी कानपुर महानगर उत्तर के कार्यालय नवीन मार्केट के नीचे कार्यक्रम की शुरुआत होते ही कार्यकर्ताओं ने 51 किलो की माला पहना कर, रमेश अवस्थी जिंदाबाद, योगी-मोदी जिंदाबाद के नारे लगाए। क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल ने कहा कांग्रेस-सपा के नेताओं ने मतदाताओं को भ्रमित। आज इन पार्टियों के कार्यालयों पर जनता लाइन लगाए खड़ी है और उनको घेर रही है। सांसद रमेश अवस्थी ने कहा कि कार्यकर्ताओं ने कड़ी धूप में त्याग तप और तपस्या की पराकाष्ठा को पार करते हुए जो मेहनत एवं लगन से विजय श्री दिलवाई है। उसका जीवन पर्यंत आभारी रहूंगा और दिन-रात आपके साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ा रहूंगा। कार्यकर्ता खुद को सांसद समझकर काम करे। जिला अध्यक्ष दीपू पांडे ने कहा कि कानपुर व अकबरपुर लोकसभा की सीट कार्यकर्ताओं के दम पर जीत दर्ज की है। इस मौके पर महापौर प्रमिला पांडे, प्रदेश उपाध्यक्ष कमलावती सिंह, सलिल बिश्नोई, विधायिका नीलिमा कटियार मणि कांत जैन, पूर्व महापौर रवींद्र पाटनी, पूर्व जिला अध्यक्ष दिनेश राय, विजय सिंह सेंगर क्षेत्रीय मीडिया प्रभारी अनूप अवस्थी, अवधेश सोनकर, संतोष शुक्ला, मीडिया प्रभारी अंकित बाजपेई, जन्मेजय सिंह, रोहित साहू, अनुपम मिश्रा उपस्थित रहे।


सांसद रमेश अवस्थी का सम्मान किया गया। अमृत विचार

- **सर्वाधिक मत प्रतिशत प्राप्त करने पर हुआ सम्मान**

### अलैशिका और आयुषी ने मारा मैदान

**कानपुर।** सीएसए के मानव विकास विभाग में प्रभारी डॉ. मुक्ता गर्ग के मार्गदर्शन में स्लोगन और पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतिभागिओं ने बुर्जुगों की समस्याओं के विभिन्न पहलुओं जैसे बुजुर्गों का मान सम्मान, उनकी देखभाल, समाज मे उनकी पहचान, आदि विषयों पर पोस्टर एवं स्लोगन लिखे। स्लोगन प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पीएचडी छात्रा आयुषी, दूसरा स्थान बीएससी छात्रा अमनजीत, तीसरा स्थान बीएससी छात्रा नीतू, एवं सांत्वना पुरस्कार अंशिका एवं निर्विकार को दिया गया। पोस्टर प्रतियोगिता में बीएससी छात्रा अलैशिका प्रथम स्थान पर रही दूसरे स्थान एमएससी छात्रा सुप्रज्ञा, तीसरे स्थान पीएचडी छात्रा शिखा रही। सांत्वना पुरस्कार महक छात्रा एवं इंदु को मिला।

# आईआईटी में अभियंता के कक्ष में लगी आग

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- **पत्रावलियां जल गईं, एक युवक पर आगजनी का आरोप लगाया**
- **सुरक्षा अधिकारी ने आरोपी के खिलाफ दर्ज कराई रिपोर्ट**

**अमृत विचार।** कल्याणपुर थानाक्षेत्र में स्थित आईआईटी के सुरक्षा अधिकारी ने संस्थान निर्माण विभाग के केन्द्रीय कार्यालय के सह अधिशाषी अभियन्ता के कक्ष में एक युवक पर आगजनी का आरोप लगाया। सुरक्षा अधिकारी ने अंदेशे पर आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।



कल्याणपुर में आईआईटी के सुरक्षा अधिकारी आशुतोष कुमार ने पुलिस को बताया कि 15 जून को तकरीबन 2.30 बजे सुरक्षा नियंत्रण कक्ष को संस्थान निर्माण विभाग के केन्द्रीय कार्यालय के सह अधिशाषी अभियन्ता अभिजीत के कार्यालय में आग लगने की सूचना मिली। सूचना मिलते ही सुरक्षा अनुभाग के सदस्यों ने आग को बुझाया। लेकिन तब तक कार्यालय में रखे विभिन्न पत्रावलियां जल चुकी थीं। उन्होंने पुलिस को बताया कि 14 जून को संस्थान के निदेशक ने संस्थान निर्माण विभाग की मीटिंग के दौरान सख्त चेतावनी दी थी कि संस्थान के विभिन्न कार्यालय में उन्हें शिकायत मिली तो वह सघन जांच करायेंगे और आरोपी को सख्त सजा दी जाएगी। उनके अनुसार जब उक्त कार्यालय में आग लगी उस समय सनी गौतम जिसके पास उक्त कार्यालय की चाबी थी वो ही आखिरी में निकला था। उस समय उस कार्यालय के अधिकारी अवकाश पर होने के कारण उपलब्ध नहीं थे। आरोप लगाया कि स्टॉफ को अंदेशा है, कि कार्यालय में आगजनी की घटना एक साजिश के तहत की गई है जिसमें विभिन्न महत्वपूर्ण पत्रावलियां जलकर नष्ट हो गईं। इस संबंध में कल्याणपुर थानाक्षेत्र केपी सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर आरोपी सनी गौतम के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच की जा रही है।

### शांतिभंग में पुलिस ने 9 पर की कार्रवाई

**कानपुर।** पनकी पुलिस ने शांतिभंग करने पर 9 लोगों के खिलाफ कार्रवाई की है। पनकी थाना प्रभारी मानवेंद्र सिंह ने बताया कि मोनू, सोनू सिंह, रंजीत सिंह निवासी डूडा कालोनी, सलमान निवासी बिगाही, अशोक कुमार कुशवाहा निवासी हनुमंत विहार, संदीप निवासी कठार, सर्वेश परिहारस अनुराग राय, दीपक कुमार निवासी गंगागंज पर कार्रवाई कर न्यायलय में पेश किया गया।

**In the Court Of Principal Judge, Family Court, Bhind (M.P) Presiding Officer:**

**मोहम्मद सैय्यदुल अबरार अंसारी आदेश 5 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1908 के अन्तर्गत प्रकाशन हेतु।**

**सूचना-पत्र**

**(प्रकरण क्रमांक-184/2022) वैवाहिक डीएन कमांक-289/2024 भिण्ड दिनांक-13.06.2024**

विशाल सिंह कुशवाह पुत्र श्री रमेश सिंह कुशवाह उम्र 37 वर्ष, निवासी- यदुनाथ नगर गली नं 1 जिला भिण्ड (म0प्र0)

**आवेदक**

**बनाम**

रीतू सिंह पत्नी विशाल सिंह कुशवाह पुत्री श्री गिरीश कुमार सिंह आयु-38 वर्ष व्यवसाय लायब्रेरियन पी.जी. कालेज निवासी - HIWRH- 86 आनंद नगर जगई पूरवा लाल बंगला कानपुर नगर उ.प्र. हाल चौधरी चरण सिंह पी.जी. कालेज, हेवरा, थाना सैफई, इटावा, उ0प्र0 **-अनावेदिका**

यह कि प्रार्थिया / प्रार्थी विशाल सिंह कुशवाह पुत्र श्री रमेश सिंह कुशवाह उम्र-37 वर्ष ने आपके विरूद्ध आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 9 हिन्दू विवाह अधिनियम (वैवाहिक सम्बन्धों की पुनर्स्थापना किये जाने) हेतु आवेदन पेश किया है। जिसमें आपकी उपस्थिति हेतु आगामी तारीख पेशी दिनांक 26.07.2024 को दिन के 11:00 बजे इस न्यायालय में बाद का उत्तर देने के लिए उपसंजात/हाजिर होने के लिये संमन द्वारा सूचित किया जाता है आप न्यायालय में स्वयं उपसंजात/ हाजिर हो, और जो इस वाद में सबंधित सभी सारवान कथनों का उत्तर दें। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें, और उस दिन ऐसे सब दस्तावेजों जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करें, जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मुजराई का दावा या प्रति दावा आधारित हो, और यदि आप अन्य किसी दस्तावेजों पर चाहे व आपके कब्जे या शक्ति में हों. अपनी प्रतिरक्षा या मुजराई के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करतें है. तो ऐसे सभी दस्तावेजों की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें।

आपको सूचित किया जाता है, कि यदि आप ऊपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होगे तो वाद की एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है, कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक है, तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करावें। यदि किसी कारणवश नियत दिनांक को अवकाश घोषित किया जाता है, अथवा पीठासीन अधिकारी अवकाश पर रहते है, तो प्रकरण की सुनवाई आगामी कार्य दिवस में की जावेगी।

यह आज तारीख 13 जून 2024 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है।

**मोहम्दद सैय्यदुल अबरार प्रधान न्यायाधीश कुटुम्ब न्यायालय भिंड म0प्र0**

**वन्य जीवन** | प्राणि उद्यान में अगले महीने आएंगे नए मेहमान

# पुष्पा जाएगी हैदराबाद, आएगा सफेद टाइगर

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** कानपुर प्राणि उद्यान में आने वाले दर्शकों के लिए अच्छी खबर है। अगले माह यहां नए वन्यजीव देखने को मिलेंगे। जानवरों की अदला-बदली के तहत प्राणि उद्यान में हैदराबाद से नए जानवर आएंगे तो यहां से कई वन्यजीव वहां भेजे जाएंगे।

कानपुर प्राणि उद्यान प्रशासन के अनुसार हैदराबाद से दो नर रेड इयर स्लाइडर टर्टल, दो मादा रेड इयर स्लाइडर टर्टल, दो देसी भालू, चार चौसिंहा, एक सफेद टाइगर (मेल), दो पाड़ा हिरण, एक मादा सांभर कानपुर लाए जाएंगे। इनके बदले कानपुर से दो मादा तेंदुआ, एक बाघिन पुष्पा, दो नर बारहसिंघा, तीन मादा बारहसिंघा, दो पाड़ा हिरण, एक नर चिंकारा व एक मादा चिंकारा तथा एक नर सांभर हैदराबाद प्राणि उद्यान भेजे जाएंगे। जुलाई के पहले सप्ताह तक हैदराबाद से जानवर आ जाएंगे।


चिड़ियाघर में कुलांचे भरते हिरन। अमृत विचार

### भीषण गर्मी में उद्यान रहा गुलजार

प्राणि उद्यान के सूचना अधिकारी विश्वजीत सिंह ने बताया चिड़ियाघर में वन्य जीवों की 92 प्रजातियों के पशु-पक्षी मौजूद हैं। करीब 1200 जानवर हैं। वन्य जीवों को भीषण गर्मी से बचाने के लिए कूलर-पंखों की व्यवस्था की गई है। रविवार को तपती दोपहर में भी प्राणि उद्यान गुलजार नजर आया। तमाम लोग पिकनिक का मजा लेते देखे गए। बच्चे साइकिल चलाते तो तमाम दर्शक बैटरी आपरेटेड वाहन से सैर करते दिखे।

> सप्ताह के अन्य दिनों की तुलना में छुट्टी के दिनों में भीड़ अधिक रहती है। रविवार को लोग चिड़ियाघर में घूमने अधिक आए, करीब एक हजार लोगों ने प्राणि उद्यान में सैर-सपाटे का आनंद उठाया।
>
> **- नावेद इकराम, क्षेत्रीय वनाधिकारी, कानपुर प्राणि उद्यान**

# पिलर खड़ा करने को लेकर फायरिंग और पथराव

**कानपुर।** सचेंडी थानाक्षेत्र में रविवार देर शाम पिलर खड़ा करने को लेकर दो पक्ष आमने-सामने आ गए। एक पक्ष ने छह राउंड से ज्यादा फायरिंग कर दी तो दोनों तरफ से पथराव शुरू हो गया। इससे गांव में अफरातफरी मच गई। सूचना पर एसीपी पनकी भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने फायरिंग की बात से इन्कार किया।

सचेंडी निवासी महिला ने पुलिस को बताया कि घर के बगल में भौंती निवासी व्यक्ति अपनी जमीन होने का दावा करता है। पड़ोसी भौंती निवासी व्यक्ति का रिश्तेदार है। प्लॉट को लेकर करीब एक वर्ष से विवाद चल रहा है। इधर वह अपने हिस्से की जमीन पर निर्माण करा रही हैं। रविवार को पिलर की ढलाई हो रही थी, जिस पर पड़ोसी विवाद करने लगा। उसने अपने भौंती निवासी रिश्तेदार को सूचना दी तो वह करीब दो दर्जन साथियों संग मौके पर आ गया और गाली गलौज के बाद मारपीट शुरु कर दी। इसके बाद पड़ोसी ने अपनी लाइसेंसी रिवाल्वर से उन पर छह राउंड फायरिंग की, किसी तरह उन्होंने अपनी जान बचाई। आरोपियों ने पथराव शुरू कर दिया। हमले में वह व उनका भाई, बेटी चुटहिल हो गए। वहीं दूसरे पक्ष का आरोप है कि फायरिंग महिला की तरफ से आए उसके भाई व साथियों ने की है।

एसीपी पनकी तेज बहादुर सिंह ने बताया कि दोनों पक्षों में जमीन को लेकर विवाद है। जिसका कोर्ट में मामला विचाराधीन है। मारपीट हुई है। फायरिंग की पुष्टि नहीं हो रही है। दोनों पक्षों से चार लोगों को हिरासत में लिया गया है। घायलों को मेडिकल कराया जा रहा है।

# गोदाम में लगी आग, नुकसान

**कानपुर।** हरबंश मोहाल थानाक्षेत्र में स्थित विजय कुमार गुप्ता के गोदाम में शनिवार देर रात भीषण आग लग गई। इस दौरान सूचना पर फायर स्टेशन लाटूश रोड से एक फायर ब्रिगेड घटनास्थल पहुंची और आग बुझाना शुरू किया। आग घरेलू सामान के गोदाम में लगी थी। दमकल विभाग के कर्मचारियों ने बताया कि पहुंचने पर आग बहुत तेजी से जल रही थी चारों तरफ रिहायशी मकान थे। इस पर मकान को खाली कराकर आग को तत्काल बुझाना प्रारंभ किया गया। एहतियातन वहां पर कर्नलगंज से भी गाड़ियां मंगा ली गई थी। बताया कि लगभग1 घंटे के मशक्कत के बाद आग को पूर्ण रूप से बुझा लिया गया। घटना में गोदाम में रखे सामान का नुकसान हुआ है, वहीं कोई जनहानि नहीं हुई है।

# बड़ी ईदगाह में नमाज आज सुबह 7.30 बजे

## कहीं भी सड़क पर नमाज नहीं पढ़ी जाएगी, उलमा ने गाइडलाइन जारी की

ईद-उल-अजहा आज

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** ईद-उल-अजहा यानी बकरीद की नमाज सोमवार को ईदगाह और मस्जिदों में अदा की जाएगी। इसके लिए प्रशासन ने सुरक्षा के कड़े बंदोबस्त किए हैं। बकरमंडी स्थित बड़ी ईदगाह में सुबह 7.30 बजे पेशइमाम मौलाना हाफिज मोहम्मद शकील नमाज अदा कराएंगे।

बगाही ईदगाह, गद्दियाना ईदगाह, उस्मानपुर ईदगाह, रावतपुर ईदगाह, मछरिया ईदगाह , जाजमऊ ईदगाह में भी नमाज पढ़ी जाएगी। जामा मस्जिद शफियाबाद चमनगंज में दो बार नमाज होगी। गुलाब घोसी मस्जिद, चूड़ी वाली मस्जिद, कैथे वाली मस्जिद, नूरी मस्जिद, गरीब नवाज मस्जिद समेत शहर की विभिन्न मसाजिद में नमाज अदा की जाएगी। मास्टर अब्दुल करीम फेथफुलगंज और सुजातगंज ईदगाह में पुरुषों के साथ साथ पर्दे के पीछे महिलाएं भी नमाज पढ़ेंगी।

रविवार को ही ईदगाह, मस्जिदों के आसपास सफाई व्यवस्था का कार्यक्रम चला। शाम होते ही ईदगाह और मस्जिदें इलाकाई थानों की सुरक्षा में आ गईं। आवारा जानवरों को पकड़ने के लिए नगर निगम की टीम मुस्तैदी से तैनात कर दी गई है। उलमा ने गाइड लाइन जारी करते हुए मुसलमानों से अपील की है कि कहीं भी सड़क पर नमाज नहीं पढ़ें। सार्वजनिक स्थल पर कुर्बानी नहीं करें और सोशल मीडिया पर कुर्बानी की कोई भी पोस्ट नहीं करें।



बेकनगंज बाजार में कपड़े की दुकान पर खरीदारों की भीड़ रही। अमृत विचार

### टोपी, कुर्ता और सिंवई की दुकानों पर भारी भीड़

- बेकनगंज बाजार फुल हो गई, एक तरफ नमाज पढ़ने वाले जहां कुर्ता पायजाम, टोपी की दुकान पर लंबी भीड़ में जुटे रहे तो महिलाएं भी मेंहदी लगवाने, चूड़ी व अन्य सौदर्य का सामान खरीदने के लिए दुकानों पर मौजूद रहीं। स्थिति ये रही कि बेकनगंज बाजार में महिलाओं की भीड़ के आगे पुरुषों की एक नहीं चली। इसी प्रकार नवीन मार्केट, लाल बंगला, जाजमऊ, केडीए कालोनी, रोशन नगर, मछरिया, जूही लाल कालोनी, जूही सफेद कालोनी, बेगमपुरवा, बाबूपुरवा, सुजातगंज, रेलबाजार, मछरिया समेत अन्य स्थानों पर भी रातभर दुकानों पर भीड़ लगी रही।

### खुले में कुर्बानी नहीं करें शहरकाजी

- शहरकाजी मौलाना हाफिज अब्दुल कूद्दूस हादी ने वीडियो जारी करके अवाम से अपील की है कि प्रशासन की गाइड लाइन का पालन करें, सड़क पर नमाज नहीं पढ़ें और खुले में कुर्बानी नहीं करें, गंदगी नहीं फैलाएं।


### बेकनगंज में उमड़ी लाखों की भीड़ से भीषण जाम

- रविवार को भीषण गर्मी के बावजूद बेकनगंज बाजार में लाखों लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी जिससे हलीम कालेज चौराहा, रूपम चौराहा, नाला रोड, यतीमखाना रोड, तलाक महल, कंघी मोहाल, रजबी रोड, आलम मार्केट, दलेलपुरवा, चीना पार्क, दादा मियां चौराहा समेत ज्यादातर रास्ते जाम हो गए। देर रात हजारों की संख्या में ई रिक्शे बाजार के लिए मुसीबत बने रहे। हलीम कालेज के पास लगी जानवरों की बाजार के कारण अजमेरी चौराहा, नाला रोड, हलीम कालेज, फहीमाबाद मार्ग बुरी तरह रात तक जाम में जकड़ा रहा। चमनगंज की पुलिस इस जाम को छुड़ाने के लिए जूझती रही।

**कानपुर। सोमवार को बकरीद के मद्देनजर सोमवार सुबह 5 बजे से नमाज खत्म होने तक शहर की यातायात व्यवस्था में बदलाव रहेगा। कोई भी वाहन ईदगाह जाने वाली रोड पर नहीं जा सकेगा। नमाज अदायगी के चलते ट्रैफिक पुलिस ने डायवर्जन व्यवस्था लागू की है।**


# बकरीद पर आज बदली रहेगी यातायात व्यवस्था

- लाल इमली चौराहे की तरफ से आने वाले वाहन कर्नलगंज चौराहा से बाएं मुड़कर बजरिया चौराहे की ओर से नहीं जा सकेंगें। ऐसे वाहन कर्नलगंज चौराहे से सीधे शनिदेव मंदिर तिराहा होते हुए जाएंगे।
- गोल चौराहा, हैलट की ओर से आने वाले वाहन बेनाझाबर तिराहे से सीधे ईदगाह चौराहे की ओर नहीं जा सकेंगे। ऐसे वाहन बेनाझाबर तिराहे से बाएं मुड़कर चांदनी नर्सिंग होम होते जाएंगे।
- जरीबचौकी, पीरोड की ओर से आने वाले वाहन रामबाग चौराहे से बजरिया की ओर नहीं जाएंगे। ऐसे वाहन रामबाग चौराहे से बांए मुड़ कर ब्रह्मनगर चौराहे की ओर से जाएंगे।
- 80 फिट रोड की ओर से आने वाले वाहन ब्रह्मनगर चौराहे से बाएं मुड़कर ईदगाह चौराहे की ओर नहीं जा सकेंगे। ऐसे वाहन ब्रह्मनगर चौराहे से आगे रामबाग तिराहे से दाहिने मुड़कर पी रोड जाएंगे।
- छः बंगलिया चौराहे की ओर से आने वाला ट्रैफिक मकराबर्टगंज ढाल से दाहिने ईदगाह चौराहे की ओर नहीं जा सकेगा। ट्रैफिक को मकराबर्टगंज ढाल से आगे शनिदेव मंदिर तिराहे से बाएं मोड़ कर डायवर्ट किया है।
- हलीम कॉलेज चौराहे, नाला रोड की ओर से आने वाले वाहन बजरिया चौराहे की तरफ नहीं जा सकेंगे। ऐसे वाहन सीसामऊ चौराहे से बाएं मुड़ कर जाएंगे।
- लकड़मंडी रोड की ओर से आने वाले वाहन कायस्थाना चौराहा से आगे बजरिया, बकरमंडी ढाल की ओर नहीं जा सकेंगे।



### यहां रहेगी पार्किंग व्यवस्था

- लाल इमली चौराहे की तरफ से आने वाले नमाजी अपने वाहनों को चुन्नीगंज चौरहे से आगे शनिदेव मंदिर तिराहे वाली रोड पर सड़क के दोनों ओर पार्क करेंगे।
- गोल चौराहा, हैलट की ओर से आने वाले नमाजी वाहनों को वीरेंद्र स्वरुप ग्राउंड में पार्क करेंगे।
- जरीब चौकी की ओर से आने वाले नमाजियों के वाहन रामबाग तिराहे से पहले पी रोड पर सड़क के दोनों ओर पार्क कर सकेंगे।
- 80 फीट रोड की ओर से आने वाले नमाजी ब्रह्मनगर चौराहे से पहले 80 फीट रोड पर सड़क के दोनों ओर वाहन पार्क कर सकेंगे।
- छः बंगलिया चौराहे से आने वाले नमाजी अपने वाहन कायस्थाना चौराहे से पहले लकड़मंडी रोड पर सड़क के दोनो ओर वाहन खड़ा कर सकेंगे।



### गरीबों को राशन देकर ईद की खुशियां बांटीं

**कानपुर।** ईद–उल–अजहा के एक दिन पहले रविवार को फेथफुलगंज में सैकड़ों गरीबों को राशन देकर उन्हें ईद की खुशियों में शामिल किया गया। रविवार को सुफियान बैतुल माल की जानिब से गरीब, बेबस, बेसहारा, बेवाओं को एक माह के राशन की किट देकर उन्हें राहत दी। संस्था के जिम्मेदार ने बताया कि तमाम ऐसे लोग थे जो कैंप में नहीं आना चाहते थे, ऐसे लोगों के घरों में राशन पहुंचाया गया।

# आज आखिरी बार शैतानों को कंकरी मारेंगे हज यात्री

कार्यालय संवाददाताः कानपुर

- हज में कुर्बानी कराने, बाल बनवाने समेत कई महत्वपूर्ण अरकान पूरे
- आसमान के नीचे मुजलफा में आजमीन ने इबादत में पूरी गुजारी

**अमृत विचार।** अब वह दिन दूर नहीं है जब लाखों लोगों का ख्वाब पूरा हो जाएगा। ऐसी मान्यता है कि हाजी के सारे गुनाह अल्लाह माफ कर देता है। यही कारण है कि मक्का में लाखों हज आजमीन हज के अरकान अदा करने में तीन दिन से जुटे हैं। रविवार को बड़े शैतान को कंकरी मारी गई थी। अब सोमवार को मीना में आखिरी बार तीनों शैतानों को 7-7 कंकरी मारेंगे।

हज आजमीन के लिए रविवार का दिन बहुत महत्वपूर्ण रहा। आजमीन ने कुर्बानी कराई, सिर के बाल कटवाए और खान-ए-काबा का तवआफ (परिक्रमा) भी की। हज कमेटी के मास्टर ट्रेनर हाजी शारिक अलवी ने बताया कि सोमवार को दोपहर 12 बजे के बाद आजमीन तीनों शैतानों को कंकरी मारेंगे और उसके बाद अपने खेमों में चले जाएंगे।

# सार्वजनिक स्थलों पर कुर्बानी न करें, न वीडियो बनाएं

कार्यालय संवाददाता, कानपुर



मौलाना अज़ीम रिज़वी।



नुरुल अराफात।



प्रधान मजाहिर हुसैन।

- मकनपुर ईदगाह में ईद–उल–अजहा की नमाज सुबह 7 बजे, हैदरी मस्जिद 8 बजे
- मस्जिदों में भी नमाज की तैयारियां पूरी, शाही मस्जिद में सुबह 7 बजे नमाज होगी

**अमृत विचार।** मकनपुर ईदगाह में ईद-उल-अजहा की नमाज सुबह 7 बजे अदा की जाएगी जबकि हैदरी मस्जिद में सुबह 8 बजे और शाही मस्जिद में सुबह 7 बजे नमाज होगी। मौलानाओं ने बकरीद पर शासन के निर्देशों को मानने की अपील की है। इसके साथ ही सबकी भावनाओं का ख्याल रखते हुए खुले में कुर्बानी न करने, वीडियो न बनाने और साफ-सफाई का अतिरिक्त ध्यान देने की अपील की है।

मकनपुर के उलेमा ने लोगो से ईद उल अजहा के मौके पर शासन के दिशानिर्देश के मुताबिक नमाज पढने और कुर्बानी कराने की हिदायत दी। उन्होंने कहा कि किसी भी हालत में सड़क पर नमाज न पढ़ी जाए। खुले में कुर्बानी न की जाए। ग्राम प्रधान मजाहिर हुसैन जाफरी व सज्जादानशीन दरगाह शाह मदार सैय्यद नुरूल अराफात ने वीडियो क्लिप जारी करके अपील की कि कोई भी सड़क पर नमाज न अदा करे और न ही सार्वजनिक स्थल पर कुर्बानी करे।

हैदरी मस्जिद के पेश इमाम मौलाना सय्यद अजीम रिजवी ने भी मुसलमानो से बकरीद के लिए जारी गाइडलाइन का पालन करने की सलाह दी। ईद उल अजहा के एक दिन पूर्व दुआ ए अरफा का एहतमाम किया गया। मौलाना अजीम ने बताया कि अरफे के दिन का बहुत महत्व है।

जैसे शबे कदर रातों में सर्वोच्च मानी जाती है वैसे ही दिनों में दुआ मांगने के लिए बेहतरीन माना जाता है इसीलिए मैदाने अराफात में हज यात्री विशेष प्रार्थनाएं करते हैं। इसी मैदान पर हजरत आदम की दुआ कुबूल हुई थी। महिला शहर काजी डाक्टर हिना जहीर ने भी अमन चैन की दुआ इमाम हुसैन की जरी पे मांगी।

# 'ईमानी जज्बे के साथ अल्लाह की राह में कुर्बानी पेश करें'

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** मदरसा जामे उल उलूम जामा मस्जिद पटकापुर के जेरे एहतमाम मुहीउद्दीन खुसरू ताज की सरपरस्ती में जारी 9 दिवसीय कार्यक्रम ''फजायल व मसायल और तारीखे कुर्बानी'' के तहत ग्वालटोली और मोमिन नगर में जलसे आयोजित हुए। खानकाह ग्वालटोली में मुफ्ती मुहम्मद सुल्तान कमर कासमी ने कहा कि हमें चाहिए कि कुर्बानी के दिनों में अल्लाह को राजी करने के लिये उसके हुक्म पर अमल करते हुए खूब दिल खोल कर ईमानी जज्बे के साथ अल्लाह की राह में अपनी कुर्बानी पेश करें। उन्होंने बताया कि यदि कोई कुर्बानी की रकम से कुर्बानी न करके उस रकम को किसी दूसरे नेक काम में खर्च कर देता है तो उससे उसके हिस्से की कुर्बानी अदा नहीं होगी।

दूसरी जानिब मोमिन नगर में मुफ्ती मुहम्मद हस्सान कासमी ने विभिन्न मसायल से वाकिफ कराते हुए कुर्बानी करने के तरीके और सफाई का विशेष ध्यान रखने की अपील की। जलसे में मौलाना कारी सिराजुद्दीन कासमी, हाफिज मुहम्मद अरशद, हाफिज मुहम्मद जावेद जामई के अलावा बड़ी संख्या में अवाम मौजूद रहे।

# मनोवांछित फल प्रदान करता है एकादशी व्रत

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- गंगा समग्र के महोत्सव और कथा में उमड़े श्रद्धालु

**अमृत विचार।** सभी व्रतों में श्रेष्ठ एकादशी का व्रत मनोवांछित फल प्रदान करता है। मनुष्य अगर 108 व्रत कर ले तो अति उत्तम। पुराणों में इसका वर्णन है कि अंत समय उस मनुष्य को बैकुंठ ले जाने के लिए प्रभु के पार्षद आते हैं। यह बात रविवार को गंगा समग्र के महोत्सव में व्यासपीठ प्रेमभूषण महाराज ने कही।



प्रेमभूषण।

मोतीझील में चल रही कथा में प्रेमभूषण महाराज ने बताया कि सनातन धर्म में जन्म मिला है तो एकादशी का व्रत अवश्य रखना चाहिए। जरूरी नहीं है कि निर्जला करें। फलाहार लें, लेकिन व्रत अवश्य रहें। मां गंगा की महिमा और श्रीराम कथा गायन में कहा कि बीमार व्यक्ति, वृद्धजन और 13 वर्ष से कम उम्र के बच्चों के लिए व्रत रहना आवश्यक नहीं है। बस वह चावल, मूली, गाजर और बैगन का सेवन न करें। आगे कहा कि प्रभु से निकटता के लिए सत्संग पहली शर्त है। नौ प्रकार के भक्ति की चर्चा नवधा भक्ति के प्रसंग में वर्णित है। इसमें किसी एक मार्ग को पकड़ कर मनुष्य अपना जीवन संवार सकता है। महाराज ने कहा कि संसार की चर्चा और चिंता से पहले स्वयं के बारे में विचार की आवश्यकता है। स्वयं के लिए प्रभु का आश्रय लेने की आवश्यकता है। कहा कि मंत्रदीक्षा उसी से लें जिसका मार्गदर्शन लेने आप जा सको। कथा के मुख्य यजमान दीपेश सिंह और दैनिक यजमान छोटेलाल दीक्षित व नीलम दीक्षित राजेश कुमार सुरेश चंद्र, राजेन्द्र गुप्ता, अशोक पांडेय, अजीत, डॉ. सुशील पुनीता श्रीवास्तव दुर्गा शरण मिश्रा, मान सिंह चौहान, बबीता यादव, राजेन्द्र गुप्ता आदि मौजूद रहे।

# गुरुद्वारे में शबद गायन, वाहे गुरु का जप

**कानपुर।** खपरा मोहाल स्थित गुरुद्वारा मांई जी में शहीदों के सरताज श्री गुरु अरजन देव जी का शहीदी दिवस मनाया गया। जिसमें रागी जत्थों ने शबद गायन करके संगतों को निहाल किया। वाहे गुरु का जाप किया गया।

गुरुद्वारा में शहीदी दिवस पर सुबह दीवान सजाया गया। नितनेम का पाठ किया गया। कीर्तन दरबार में भाई हरविंदर सिंह ने शबद गायन करके संगत को निहाल किया। वाहे गुरु सतनाम का सिमरन करके संगत को मंत्रमुग्ध किया।

गुरद्वारे की ओर से लखनऊ फाटक खपरा मोहाल में कच्ची लस्सी की छबील लगाई गई। गुरुद्वारा के प्रधान जसवीर सिंह मारवाह, दिलप्रीत सिंह, अर्शप्रीत सिंह, संजय, अमरजीत सिंह, भूपिंदर कौर, मंजीत कौर मारवाह, लखन ओमर, कविता कौर आद मौजूद रहीं।

www.amritvichar.com
पर भी खबरें पढ़ें

# उप चुनाव: कांग्रेस व भाजपा नेताओं में बढ़ी दावेदारी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- सपा विधायक इरफान की सजा के बाद जल्द सदस्यता रद होने और अधिसूचना जारी होने के कयास
- कांग्रेस से गठबंधन होने की स्थिति में सपा का ही प्रत्याशी इस विधानसभा सीट से उतरेगा मैदान में

**अमृत विचार।** सपा विधायक हाजी इरफान सोलंकी को अग्निकांड मामले में सात साल की सजा सुनाए जाने के बाद सीसामऊ विधानसभा सीट पर उप चुनाव के मद्देनजर दावेदार सक्रिय हो गए हैं। हालांकि अभी विधायक इरफान सोलंकी की सदस्यता रद नहीं हुई है। लेकिन माना जा रहा है कि जल्द ही इस संबंध में अधिसूचना जारी हो जाएगी। इसके बाद निर्वाचन आयोग उप चुनाव की तिथि घोषित करेगा।

सीसामऊ विधान सभा सीट पर सपा दो दशक से चुनाव जीत रही है। पार्टी नेताओं का मानना है कि विधायक इरफान की सजा हाईकोर्ट से निलंबित या रद हो जाएगी। अगर ऐसा नहीं होता है और सदस्यता जाती है तो इरफान के परिवार से ही किसी को पार्टी चुनावी मैदान में उतार सकती है। इसके बावजूद सपा में अंदरखाने कई नेता टिकट के दावेदार हैं। उधर, सपा के साथ गठबंधन में लोकसभा का चुनाव लड़ी कांग्रेस में भी दावेदार कम नहीं हैं। 2022 के विधानसभा चुनाव में कभी इरफान के करीबी रहे पार्षद हाजी सुहैल अहमद ने कांग्रेस के टिकट पर ताल ठोंकी थी लेकिन हार गए थे। ऐसे में कयास है कि सपा से गठबंधन नहीं होने की स्थिति में बेकनगंज के पार्षद सुहैल अहमद को कांग्रेस फिर से मैदान में उतार सकती है। उधर, भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के कई पदाधिकारी भी सीसामऊ सीट पर दावेदारी पेश कर रहे हैं। इनमें अल्पसंख्यक मोर्चा के क्षेत्रीय अध्यक्ष अजीत सिंह छाबड़ा और मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष सलीम अहमद का नाम प्रमुखता से चर्चा में है। हालांकि एमएलसी सलिल विश्नोई और पूर्व में सीसामऊ सीट से चुनाव लड़ चुके सुरेश अवस्थी का भी दावा कमजोर नहीं माना जा रहा है।



कार्यशाला में योग करते प्रतिभागी। अमृत विचार

# भुजंगासन से मेरुदंड के विकारों का उपचार

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- योगोत्सव पखवाड़े में 'रोग आधारित योग' की कार्यशाला

**अमृत विचार।** वर्तमान में मेरुदंड संबंधी विकार अत्यधिक हो रहे हैं। देर तक खड़े रहने से अथवा बिस्तर पर बैठकर पढ़ने से मेरुदंड धीरे-धीरे आगे की ओर झुकने लगता है। जिस कारण मेरुदंड से संबंधित अनेक विकार उत्पन्न हो जाते हैं।

यह बात सहायक आचार्य, योग डॉ. रामकिशोर ने कही। उन्होंने बताया कि यदि समय रहते योगाभ्यास के द्वारा इसका प्रबंधन नहीं किया जाता है तो ये समस्याएं कमर दर्द, सर्वाइकल स्पॉन्डिलाइटिस, स्लिप डिस्क आदि रोग में तब्दील हो जाते हैं। व्यक्ति को योग के आसनों का चयन करते समय कम से कम एक आसन स्पाइन में खिंचाव उत्पन्न करने वाला, एक आसन मेरुदंड को दोनों बगल में झुकने वाला, एक आसन कम से कम स्पाइन को मोड़ने वाला और दो से तीन आसन पीछे की ओर झुकने वाले होने चाहिए ताड़ासन, पवनमुक्तासन, सेतुबंधासन, मेरु दंडासन और भुजंगासन से मेरुदंड संबंधी विकारों का प्रबंध और उनसे बचाव किया जा सकता है। छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय के तत्वावधान में योग पखवाड़ा मनाया जा रहा है। इसी कड़ी में काकूपुर के गायत्री पीठ में कार्यशाला हुई वहीं कैंपस में भी योग की बारीकियां बताई गईं। निःशुल्क योग प्रशिक्षण शिविर में योग प्रशिक्षिका सोनाली धनवानी ने प्रतिभागियों को माइंडफुलनेस मेडिटेशन पर योग अभ्यास कराया। इस मौके पर डा. प्रवीन कटियार, पलक, अदिति, वैष्णवी, ज्योति अंकिता, रंजना, शिवम, अमित आदि मौजूद रहे।

खेल–खिलाड़ी

जेएमडी प्रथम ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट में 250 खिलाड़ियों ने किया प्रतिभाग

# बैडमिंटन में बच्चों और किशोरों ने दिखाया अपने खेल का हुनर

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** जेएमडी प्रथम ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट का समापन रविवार को मैनावती मार्ग स्थित जेएमडी वर्ल्ड स्कूल में हुआ। इस तीन दिवसीय प्रतियोगिता में 250 खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया और अपने खेल का हुनर दिखाया।

बालक एकल अंडर-19 वर्ग में अनुग्रह गुप्ता ने निहाल को 21-13, 21-14, अंडर-17 में आयुष कुमार ने शिवादित्य को 21-11, 21-16 अंकों से पराजित किया। वहीं अंडर-15 में शार्दुल खत्री ने अथर्व यादव को 22-20, 21-11, अंडर-13 में शार्दुल खत्री ने कंदर्प खत्री को 21-18, 21-12, अंडर-11 में तनुष ने प्रत्युष त्रिपाठी को 30-27 तथा अंडर-9 में अभिराज सिंह ने श्रेयस झा को 30-28 से हराया।





विभिन्न वर्गों के विजेता बच्चे ट्राफियों के साथ और मौजूद स्कूल का स्टाफ। अमृत विचार

बालक युगल अंडर-19 वर्ग में आयुष कुमार व नमन यादव ने आर्यन सिंह, यश सिंह को 18-21, 21-16, 21-16, अंडर-17 में आयुष कुमार व यश सिंह ने कंदर्प खत्री व शार्दुल खत्री को 12-21, 21-13, 21-12, अंडर-15 में अथर्व यादव व शार्दुल खत्री ने आरव व रुशांक को 16-21, 21-09, 21-17, अंडर-13 में कंदर्प व शार्दुल खत्री ने आरव, रुशांक को 21-02, 21-04, अंडर-11 में प्रत्युष व रुशांक ने श्रेयस, तनुष को 30-29, अंडर-9 में अभिराज सिंह व रुद्र जीत सिंह ने श्रेयस व विहान को 30-28 से पराजित किया।

### बालिका एकल अंडर-19 वर्ग

- वर्ग में अनुकृति टंडन ने महिमा को 21–09, 21–18, अंडर–17 वर्ग में संयुक्ता ने अनुकृति टंडन को 15–21, 21–17, 21–15, अंडर–15 में अदिति ने रिधिमा को 17–21, 21–12, 21–16, अंडर–13 में नीतिका ने पृषा को 21–08, 21–02, अंडर–11 में शानवी ने पृषा तिवारी को 30–26, अंडर–9 में आराध्या ने कृतिका को 30–05 से पराजित किया।

### बालिका युगल अंडर-19 वर्ग

- अनुकृति व संयुक्ता ने इशिका श्रीवास्तव व जानवी सलूजा को 21–17, 21–06, अंडर–17 में अनुकृति व संयुक्ता ने अदिति कटियार व ऋद्धि सिन्हा को 21–10, 21–10, अंडर–15 में आराध्या व मुजैना ने अदिति कटियार व ऋद्धि सिन्हा को 21–15, 21–15, अंडर–13 में परिधि यादव व शानवी ने अनिका शर्मा व पृषा तिवारी को 21–18, 12–21, 21–19 से हराकर फाइनल मुकाबला जीता।

### यह रहे मौजूद

- मुख्य अतिथि कानपुर जिला बैडमिंटन एसोशिएशन के अध्यक्ष डॉ. एके अग्रवाल, पूर्व क्रिकेटर हिमांशु तिवारी, जिला बैडमिंटन एसोशिएशन के सेक्रेटरी डीपी सिंह, केडीबीए के उपाध्यक्ष महीप सक्सेना, सचिव आशुतोष सत्यम झा व सौरभ श्रीवास्तव, अरुण दुबे, केशव द्विवेदी, प्रवीण राज, चीफ रेफरी इरशाद अहमद, डिप्टी रेफरी अनिल सिंह, अनुज कुमार गौतम रहे।

# गंगा दशहरा : श्रद्धालुओं ने लगाई आस्था की डुबकी

## श्रद्धालुओं ने गंगा की धारा में दीपदान व पूजन कर परिवार की सुख-समृद्धि और कल्याण की प्रार्थना की

संवाददाता बिठूर

**अमृत विचार ।** मां गंगा के अवतरण दिवस गंगा दशहरा पर बिठूर के साथ शहर के प्रमुख घाटों पर भोर पहर से आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा। बिठूर के ब्रह्मावर्त, पत्थर घाट, सीता घाट, महिला घाट, गुदारा घाट, रानी लक्ष्मी बाई घाट पर लगभग डेढ़ लाख श्रद्धालुओं ने गंगा स्नान कर विधिवत पूजन अर्चन किया।

श्रद्धालुओं ने गंगा घाट पर गंगा स्नान के बाद जरूरतमंदों में अन्न और वस्त्र दान की परंपरा का भी विधिवत पालन किया। श्रद्धालुओं ने गंगा की धारा में दीपदान व पूजन कर सुख-समृद्धि और परिवार के कल्याण की प्रार्थना की। श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए पुलिस प्रशासन की ओर से घाटों पर जल पुलिस की टीमों के साथ गोताखोरों को भी तैनात किया था।


गंगा स्नान का सिलसिला भोर पहर से ही शुरू हो गया। अमृत विचार

### आसपास के कई जिलों के श्रद्धालु पहुंचे गंगा स्नान करने

- रविवार को मां गंगा के अवतरण दिवस पर बिठूर के ब्रह्मावर्त घाट, पत्थर घाट सहित सभी घाटों पर गंगा स्नान के लिए पहुंचे श्रद्धालुओं ने परिवार सहित आस्था की डुबकी लगाई। गंगा तटों पर शहर के साथ कई जनपद से पहुंचे भक्तों ने गंगा स्नान कर विधिवत पूजन अर्चन किया। उरई, कन्नौज, इटावा, झांसी, हरदोई सहित कई जिलों से पहुंचे श्रद्धालुओं ने गंगा स्नान पूजन किया। स्नान पूजन के बाद श्रद्धालुओं ने घाट पर जरूरतमंदों में अनाज और वस्त्र का दान किया।

● घाटों पर जल पुलिस की टीमों के साथ गोताखोरों को भी तैनात किया गया था

### गंगा स्नान के बाद किए मंदिरों में दर्शन

- शिवराजपुर। ज्येष्ठ महीने की दशमी को होने वाला गंगा दशहरा पर्व पर क्षेत्र के खेरेश्वर सरैया घाट पर भोर पहर से ही स्नान करने वालों की भीड़ लग गई। महिला एवं पुरुष भक्त स्नान करके हर हर गंगे बम बम भोले का जय घोष करते हुए शिव मंदिरों में पूजा अर्चना करते दिखाई पड़े। गंगाजल दूध चंदन अक्षत पुष्प फल मिष्ठान आदि से मां गंगा व भोलेनाथ का पूजन कर मनोकामना पूर्ण हेतु प्रार्थना की। उसके बाद गंगा किनारे बैठे पुरोहितों को दान दक्षिणा देकर आशीर्वाद प्राप्त किया ।

## सार-संक्षेप

### घाटमपुर ईदगाह में आज 8 बजे अता की जाएगी बकरीद की नमाज

**घाटमपुर ।** सोमवार को बकरीद मनाए जाने के साथ इस बार ईदगाह में 8 बजे नमाज होगी। जिसकी जानकारी एसडीएम यादुवेंद्र सिंह को देते हुए ईदगाह कमेटी के सदर नौशाद अहमद मंसूरी ने त्योहार पर की जाने वाली व्यवस्थाओं करने की मांग की। साथ ही कमेटी के सदर नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष पति हाफिज अब्दुल अहद से भी मिले। जिनके साथ पालिका द्वारा ईदगाह में कराई गई सफाई व्यवस्था को देखा। ईदगाह में जहां पेश इमाम सरताज रजा द्वारा नमाज पढ़ाई जाएगी। वहीं चौराहे वाली मस्जिद,कजियाना मस्जिद, अरबशाह मस्जिद, खानिया मस्जिद आदि में भी नमाज का अलग अलग वक्त मुकर्रर किया गया है।

### चकरतनपुर शराब ठेके के निकट पड़ा मिला युवक का शव

**बिठूर ।** चकरतनपुर शराब ठेके के पास एक युवक का शव पड़े होने की सूचना पर पहुंची बिठूर पुलिस ने शव कों कब्जे में लेकर मौक़े पर मौजूद परिजनों से जानकारी की। परिजनों ने बताया की गीता नगर निवासी राजू कबाड़ बीनने का काम करता था। वह शराब पीने का आदी था। परिजनों ने कानूनी कार्यवाही करने से मना कर दिया।




# गंगा स्नानार्थियों की भीड़ से कई जगह लगा जाम

संवाददाता, चौबेपुर

**अमृत विचार।** ज्येष्ठ माह के दशहरा पर्व पर रविवार को गंगा स्नानार्थियों की भारी भीड़ के चलते जी टी रोड समेत क्षेत्र के प्रमुख मार्गों पर सुबह से शाम तक श्रद्धालुओं की भारी भीड़ रही। भीषण तपिश के दौरान जाम में फंसे लोगों को पेयजल के लिए इधर-उधर भटकना पड़ा। वहीं समस्या को देखते हुए, थाना पुलिस द्वारा बिठूर मार्ग पर पानी व शरबत का वितरण कराया गया।

पर्व पर रविवार भोर पहर 4 बजे से ही श्रद्धालुओं का क्षेत्र के बंदी माता घाट व बिठूर गंगा तटों पर पहुंचना शुरू हो गया। सुबह 10 बजे तक जीटी रोड समेत बंदी माता मार्ग, बेला मार्ग व बिठूर मार्गों पर वाहनों की लंबी-लंबी कतारें लगी नजर आईं।


चौबेपुर – बिठूर संपर्क मार्ग पर लगा लंबा जाम। अमृत विचार

### वाहनों को बिठूर के चौराहे पर रोका गया

- गंगा दशहरा के दिन भीड़ भाड़ कों देखते हुए कानपुर ट्रैफिक पुलिस के द्वारा भी पुख्ता इंतज़ाम किये गये थे। बिठूर चुंगी पर पुलिस के द्वारा बैरिकेटिंग कर के वाहनों कों घाटों तक जाने से रोका गया और बनाये गये पार्किंग स्थल पर गाड़ियों कों खड़ा करने बाद श्रद्धालू पैदल ही घाट तक जा सके।

जाम की स्थिति को देखते हुए पुलिस ने कई स्थानों पर रूट डायवर्जन भी कराया। इस दौरान बेतहाशा गर्मी में जाम में फंसे लोग पानी के लिए इधर-उधर हैंडपंपों की तलाश करते दिखे।

# श्रद्धालुओं को पुलिस ने बांटा पानी व शर्बत

संवाददाता बिठूर

**अमृत विचार ।** पानी की समस्या को देखते हुए पुलिस ने क्षेत्र के बिठूर मार्ग पर दरियापुर गांव के सामने ग्रामीणों की मदद से श्रद्धालुओं को शर्बत व पानी का वितरण कराया। जाम के दौरान सेवार्थियों ने बस आदि बड़े वाहनों में बैठे लोगों को मौके पर जाकर पानी व शर्बत वितरित किया। प्रभारी निरीक्षक रवींद्र श्रीवास्तव प्रभात ने बताया कि पर्व पर गंगा स्नानार्थियों की भारी भीड़ के चलते कुछ समय के लिए जाम की स्थिति उत्पन्न हुई जिसे जल्द बहाल करा दिया गया।


बिठूर मार्ग पर श्रद्धालुओं को पानी व शरबत वितरित करते पुलिस कर्मी व ग्रामीण ।

प्रवेश प्रारम्भ
प्रवेश प्रारम्भ
वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय
वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग
उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त
बी.एस.सी. नर्सिंग
(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)
शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ
पोस्ट बेसिक नर्सिंग
(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)
जी.एन.एम.
(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
ए.एन.एम.
(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
मो. 9412151327, 7521001992
पता
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल
NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर

# कार की टक्कर से युवती की मौत, बहन-बहनोई घायल

संवाददाता, शिवली

**अमृत विचार।** कोतवाली शिवली क्षेत्र के बैरी-मैथा मार्ग पर कार की टक्कर से दो युवतियों समेत तीन लोग गंभीर घायल हो गए। इलाज के लिए, तीनों को हैलट अस्पताल लाया गया। जहां एक युवती की मौत हो गई। जबकि बहन-बहनोई का इलाज चल रहा है। युवती के भाई ने अज्ञात कार चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।

गुलजारीपुरवा निवासी नीरज कुमार ने पुलिस को बताया कि उसके बहनोई जिला कन्नौज के मेड़ई पुरवा निवासी मोहन ससुराल गुलजारीपुरवा आए थे। बाइक से पत्नी जूली व साली सलोनी के साथ मंदिर में दर्शन करने 14 जून को गए थे। वापस लौटते समय बैरी मैथा मार्ग पर पीछे से आई कार के चालक ने लापरवाही से गाड़ी चलाते हुए टक्कर मार दी। तीनों को गंभीर चोटें आई थी। हैलट अस्पताल में शनिवार देर रात सलोनी की मौत हो गई। इंस्पेक्टर संजय गुप्ता ने बताया कि कार के अज्ञात चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है।

### पटना-कोटा एक्सप्रेस से गिरकर युवक की मौत

**कानपुर ।** ट्रेन के दरवाजे पर बैठा युवक झपकी आने से पनकी स्टेशन पर गिर गया। जीआरपी ने युवक को अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उसकी मौत हो गई। गोरखपुर चौरीचौरा निवासी तेज प्रताप राय का 30 वर्षीय बेटा अभिजीत कोटा में प्राइवेट नौकरी करता था। शनिवार को वह पटना– कोटा एक्सप्रेस से गोरखपुर घर जा रहा था। भीषण गर्मी और ठसाठस भरे कोच के कारण युवक दरवाजे पर बैठ गया था। झपकी आने से अभिजीत पनकी स्टेशन पर चलती ट्रेन से गिर पड़ा। जीआरपी इंस्पेक्टर ने बताया कि रात 11 .30 बजे की घटना है। परिजनों को सूचना दी गई।

# सजेती में मिला अज्ञात अधेड़ का शव

संवाददाता, घाटमपुर

**अमृत विचार ।** सजेती थाना क्षेत्र के गांव आनूपुर मोड़ हाईवे किनारे एक कबाड़ की दुकान के पास शनिवार रात 50 वर्षीय शख्स का शव मिला है। मौके से गुजरे राहगीरों ने पुलिस को सूचना दी।

मौके पर पहुंची पुलिस ने शव की फोटो आसपास क्षेत्रीय प्रधानों को भेजकर शव शिनाख्त कराने का प्रयास किया। परन्तु शव का शिनाख्त न होने पर पुलिस ने पंचायतनामा की कार्यवाही कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। पुलिस ने बताया कि पिछले काफी दिनों से आस पास चौराहे की दुकानों में कबाड़ बीन कर आनूपुर स्थित कबाड़ की दुकान में बेच देता था।

### घाटमपुर के ओवरब्रिज पर अचेत मिला युवक, मौत

**घाटमपुर ।** घाटमपुर में ओवरब्रिज पर एक व्यक्ति को अचेत अवस्था में में काफी समय से पड़ा देख लोगों ने पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने उस व्यक्ति को तत्काल सीएचसी घाटमपुर ले जाया गया जहां पर डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया है। शव की शिनाख्त नहीं हो सकी है। पुलिस के मुताबिक ओवरब्रिज के ऊपर लगभग 35 वर्षीय युवक का शव मिला है। शव की फोटो आस पास क्षेत्रीय प्रधानों को भेजकर शव शिनाख्त कराने का प्रयास किया, लेकिन शिनाख्त न हो सकी। प्रभारी प्रदीप कुमार सिंह ने बताया कि शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम करने के लिए भेजा गया है।

### बिठूर गुदारा घाट के पास वृद्ध का शव मिलने से सनसनी

**बिठूर ।** गुदारा घाट के पास बनी निर्माणाधीन दुकान में वृद्ध का शव पड़ा होने से क्षेत्र में सनसनी मच गई। लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने मौके पर जांच के बाद शव की शिनाख्त कराने का प्रयास किया। हालांकि अभी शिनाख्त नहीं हो सकी है।

### समाचार पत्र विक्रेता की मां का निधन पर जताया शोक

**घाटमपुर ।** भदरस गांव निवासी राजू अवस्थी की मां का स्वर्गवास हो जाने से समाचार पत्र विक्रेता संघ में शोक की लहर दौड़ गई। संघ के कार्यवाहक अध्यक्ष टिंकू बाजपेई ने बताया कि वह लंबे समय से बीमार थीं। शनिवार सुबह उन्होंने अंतिम सांस ली। 10 बजे उनका अंतिम संस्कार मूसानगर के यमुना के हालिया घाट पर अंतिम संस्कार किया गया।

# खेत पर सोने गए किसान की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

संवाददाता ,चौबेपुर

**अमृत विचार ।** क्षेत्र के चंदिका गांव में शनिवार रात खेत पर गया किसान रविवार सुबह खेत पर ही संदिग्ध हालात में मृत पड़ा मिला। परिजनों द्वारा दी गई सूचना पर पंहुची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया।

चंदिका गांव निवासी विनोद सिंह (44 ) के परिवार में पत्नी के अलावा चौदह वर्ष का एक बेटा है। बताया गया है कि विनोद खेती बाड़ी कर परिवार का भरण पोषण करता था। शनिवार शाम खेत पर मूंग की फसल की कटाई और मड़ाई का काम समाप्त होने के बाद वह घर पर आया और खाना खाने के बाद रात को खेत पर सोने के लिए चला गया। रविवार सुबह करीब 11:30 तक घर न लौटने पर परिजन खेत पर गए। जहां खेत की मेड़ पर विनोद मृत अवस्था में पड़ा मिला। मामले की सूचना थाना पुलिस को दी गई। प्रभारी निरीक्षक रवींद्र श्रीवास्तव ने बताया कि प्रथम दृष्टया किसान की मौत किसी बीमारी के चलते हुई है।

कार्यालय ग्राम पंचायत खरगपुर, विकास खण्ड़ चौबेपुर, कानपुर नगर

पत्रांकः मेमो/पंचम/पन्द्रहवां वित्त/मनरेगा योजनान्तर्गत/सचिव /2024–25 /दिनांक – 15.06.2024.

अल्प कालीन निविदा आमन्त्रण सूचना

महामहिम राज्यपाल की ओर से अधोहस्ताक्षरी द्वारा ग्राम पंचायत खरगपुर विकास खण्ड़ चौबेपुर के जी0एस0टी0 धारक ईट, ईट गिट्टी 40एम0एस0 एंव अन्य जी0एस0टी0 धारक सामग्री विक्रेताओ से सीमेन्ट, बालू, मौरंग, पत्थर गिट्टी 20 एम0एम0, इण्टरलाकिंग ईट, टाइल्स पंचम राज्य वित्त आयोग/पन्द्रहवा वित्त आयोग/मनरेगा के अन्तर्गत कराये जाने वाले निम्न कार्यो के निर्माण आपूर्ति हेतु दिनांक 23.06.2024 को अपरान्ह 1.00 बजे तक निविदायें आमन्त्रित की जाती है । विक्रित निविदाये निविदा बाक्स में निधारित समय के अन्दर डाली जायेगी। निर्धारित समय सीमा के उपरान्त निविदाये स्वीकार नहीं की जायेगी । निविदा प्रपत्र ग्राम पंचायत खगरपुर के कार्यालय से दिनांक 17.06.2024 से दिनांक 23.06 .2024 तक प्रत्येक कार्य दिवस में मु0 100.00 नगद जमा कर प्राप्त की जा सकती है। प्राप्त निविदायें दिनांक 24.06.2024 को अपरान्ह तीन बजे कार्यालय ग्राम पंचायत खरगपुर विकास खण्ड चौबेपुर कानपुर नगर के कक्ष में उपस्थित निविदाकर्ताओ की उपस्थिति में ग्राम पंचायत सचिव द्वारा गठित समिति के समक्ष खोली जायेगी। ग्राम पंचायत सचिव को यह अधिकार होगा किसी या सभी निविदाओं को बिना कारण बताये निरस्त किया जा सकता है।

कार्यो का विवरण निम्नवत् हैः–

| क्रं | कार्य व कार्य स्थल का नाम | पंचम/पन्द्रहवां वित्त आयोग | कार्य पूर्ण होने की अवधि |
|---|---|---|---|
| 1 | मोहन लाल के घर के पास से प्रताप सिंह के हाते तक इण्टरलाकिंग/सी0सी0रोड निर्माण कार्य | प्राक्कलन के अनुसार | 1 माह |
| 2 | प्रताप सिंह के मकान के पास से बेचेलाल के मकान तक इण्टरलाकिंग व नाली मरम्मत | प्राक्कलन के अनुसार | 1 माह |
| 3 | कृष्ण कुमार दीक्षित से रघुनाथ दीक्षित तक नाली निर्माण | प्राक्कलन के अनुसार | 1 माह |
| 4 | रवी यादव के मकान के सामने से उमा शंकर के घर तक इण्टरलाकिंग/सी0सी0रोड निर्माण | प्राक्कलन के अनुसार | 1 माह |
| 5 | पतन्नी यादव से राधे लाल के घर तक इण्टरलाकिंग/सी0सी0रोड निर्माण | प्राक्कलन के अनुसार | 1 माह |
| 6 | सूरेन्द्र पाल के मकान से नाले तक नाली निर्माण | प्राक्कलन के अनुसार | 1 माह |

रोहन कनौजिया
ग्राम पंचायत सचिव
ग्राम पंचायत– खरगपुर
विकास खण्ड– चौबेपुर कानपुर नगर

रामेन्द्र तिवारी
ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत– खरगपुर
विकास खण्ड– चौबेपुर कानपुर नगर

क्रिकेट

मैन ऑफ द मैच केशव परमार को डा .आशीष सचान ने दिया

# अनुग्रह वॉरियर ने जीता मैच

संवाददाता, घाटमपुर

**अमृत विचार।** सुखवासी सिंह इंटर कॉलेज में चल रहे जीपीएल क्रिकेट टूर्नामेंट के सातवें दिन अनुग्रह वॉरियर व मास्टर एलेविन के बीच मैच खेला गया। जिसमें टॉस जीतकर मास्टर एलेविन ने गेंदबाजी करने का फैसला लिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए अनुग्रह वॉरियर ने 180 रन बनाए। 43 रन से अनुग्रह वॉरियर ने मौच जीत लिया। अनुग्रह वॉरियर की तरफ से बल्लेबाजी करते हुए विद्युत शुक्ला ने 34, सिद्धार्थ ने 30, प्रांजल ने 26 व रोहित ने 17 रनो का योगदान दिया। मास्टर एलेविन की तरफ से गेंदबाजी करते हुए वंश ने 3, रितिक तथा सौरभ ने 2-2 विकेटो का योगदान दिया।

वहीं लक्ष्य का पीछा करने उतरी मास्टर एलेविन की पूरी टीम सभी विकेट खोकर 137 रन ही बना पाई। मास्टर 11 की तरफ से बल्लेबाजी करते हुए कप्तान रितिक सोनकर ने 38, अभिनीर ने 16 तथा दिव्यांशू त्रिपाठी ने 15 रनो का योगदान दिया। अनुग्रह वॉरियर की तरफ से गेंदबाजी करते हुए हितांशु ने 4, केशव परमार ने 3, श्रेय तथा आदित्य सिंह ने 1-1 विकेटों का योगदान दिया। केशव परमार को बेहतरीन गेंदबाजी के चलते उन्हे मैन ऑफ द मैच डॉ आशीष सचान ने प्रदान किया।



केशव परमार को मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार डॉ आशीष सचान ने दिया। अमृत विचार

# पत्नी ने शराब के लिए नहीं दिये पैसे तो फांसी लगाकर दी जान

संवाददाता, पतारा/ घाटमपुर

**अमृत विचार।** क्षेत्र के बरनाव में पत्नी ने पति को शराब पीने के लिए रुपए नही दिए तो गुस्साए पति ने फांसी लगाकर जान दे दी। परिजनो ने युवक का शव फांसी के फंदे पर लटकता देखा तो पुलिस को घटना की सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने फोरेंसिक टीम को बुलाकर जांच कराने के साथ शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

घाटमपुर थाना क्षेत्र के बरनाव गांव निवासी भगवान सिंह (26) मजदूरी करके अपने परिवार का भरण पोषण करता था। घर पर पत्नी राधा के अलावा तीन बेटी एक बेटा है। पत्नी राधा ने बताया कि उसका पति भगवान सिंह उससे शराब पीने के लिए पैसे मांग रहा था। जब उसने पैसे नहीं दिए तो विवाद हो गया। जिससे गुस्साए पति घर के अंदर कमरे में फांसी लगाकर अपनी जान दे दी। पत्नी कुछ देर बाद जब कमरे में पहुंची तो उसके होश उड़ गए।

उसने घटना की सूचना पुलिस को दी। घाटमपुर इंस्पेक्टर प्रदीप कुमार सिंह ने बताया कि युवक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। तहरीर के आधार पर आगे की कार्रवाई की जायेगी।

### ड्यूटी करने निकले युवक ने ट्रेन से कटकर की आत्महत्या

**घाटमपुर ।** वीरपुर गांव के पास देर रात युवक ने ट्रेन से कटकर जान दे दी। सुबह ग्रामीणों ने युवक का शव रेलवे ट्रैक पर पड़ा देखा तो पुलिस और परिजनो को सूचना दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटना की जांच करने के साथ युवक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। घाटमपुर थाना क्षेत्र के जगन्नाथपुर गांव निवासी नाहर सिंह पेशे से ट्रैक्टर ड्राइवर था। वह ट्रैक्टर–ट्रॉली चलाकर अपने परिवार का भरण पोषण करता था। परिजनो के मुताबिक देर रात वह घर में खाना खाने के बाद ड्यूटी जाने की बात कहकर घर से निकला था। सुबह युवक का शव ग्रामीणों ने कानपुर बांदा रेलवे ट्रैक पर पड़ा देखा तो पुलिस और परिजनो को फोनकर घटना की सूचना दी। हादसे के बाद से परिजनो का रो रोकर बुरा हाल है। घाटमपुर इंस्पेक्टर प्रदीप कुमार सिंह ने बताया कि युवक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। तहरीर के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

कार्यालय ग्राम पंचायत पचोर, विकास खण्ड़ चौबेपुर, कानपुर नगर

पत्रांकः मेमो/पंचम/पन्द्रहवां वित्त/मनरेगा योजनान्तर्गत/सचिव /2024–25 /दिनांक – 15.06.2024.

अल्प कालीन निविदा आमन्त्रण सूचना

महामहिम राज्यपाल की ओर से अधोहस्ताक्षरी द्वारा ग्राम पंचायत पचोर विकास खण्ड़ चौबेपुर के जी0एस0टी0 धारक ईट, ईट गिट्टी 40एम0एस0 एंव अन्य जी0एस0टी0 धारक सामग्री विक्रेताओ से सीमेन्ट, बालू, मौरंग, पत्थर गिट्टी 20 एम0एम0, इण्टरलाकिंग ईट, टाइल्स पंचम राज्य वित्त आयोग/पन्द्रहवा वित्त आयोग/मनरेगा के अन्तर्गत कराये जाने वाले निम्न कार्यो के निर्माण आपूर्ति हेतु दिनांक 23.06.2024 को अपरान्ह 1.00 बजे तक निविदायें आमन्त्रित की जाती है । विक्रित निविदाये निविदा बाक्स में निधारित समय के अन्दर डाली जायेगी। निर्धारित समय सीमा के उपरान्त निविदाये स्वीकार नहीं की जायेगी । निविदा प्रपत्र ग्राम पंचायत पचोर के कार्यालय से दिनांक 17.06.2024 से दिनांक 23.06 .2024 तक प्रत्येक कार्य दिवस में मु0 100.00 नगद जमा कर प्राप्त की जा सकती है। प्राप्त निविदायें दिनांक 24.06.2024 को अपरान्ह तीन बजे कार्यालय ग्राम पंचायत पचोर विकास खण्ड चौबेपुर कानपुर नगर के कक्ष में उपस्थित निविदाकर्ताओ की उपस्थिति में ग्राम पंचायत सचिव द्वारा गठित समिति के समक्ष खोली जायेगी। ग्राम पंचायत सचिव को यह अधिकार होगा किसी या सभी निविदाओं को बिना कारण बताये निरस्त किया जा सकता है।

कार्यो का विवरण निम्नवत् हैः–

| क्र0सं0 | कार्य व कार्य स्थल का नाम | पंचम/पन्द्रहवां वित्त आयोग | कार्य पूर्ण होने की अवधि |
|---|---|---|---|
| 1 | प्रा0वि0 भउआपुर मे कायाकल्प कार्य | प्राक्कलन के अनुसार | 1 माह |
| 2 | प्रा0वि0 भउआपुर में शौचालय में टायल्स कार्य | प्राक्कलन के अनुसार | 1 माह |
| 3 | ग्राम पचोर में पुलिया निर्माण | प्राक्कलन के अनुसार | 2 माह |
| 4 | नाली निर्माण राम नरेश से नाला तक | प्राक्कलन के अनुसार | 20 दिन |
| 5 | नाली निर्माण राजा राजपूत से रज्जन राजपूत तक | प्राक्कलन के अनुसार | 20 दिन |
| 6 | छुन्ना के घर से सिपाही लाल के घर तक नाली व इण्टरलाकिग निर्माण कार्य | प्राक्कलन के अनुसार | 1 माह |
| 7 | ग्राम पचोर में नाली निर्माण कार्य | प्राक्कलन के अनुसार | 20 दिन |

ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत– पचोर
विकास खण्ड– चौबेपुर कानपुर नगर

ग्राम पंचायत सचिव
ग्राम पंचायत– पचोर
विकास खण्ड– चौबेपुर कानपुर नगर

# सड़क हादसों में 2 महिलाओं समेत 4 की मौत, सात घायल

## अचलगंज थानांतर्गत कार की टक्कर से वृद्धा की हुई मौत बेटे का साला हुआ घायल, पुरवा कोतवाली अंतर्गत ई-रिक्शा अनियंत्रित होकर खंती में पलटा


कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

- बिहार थानांतर्गत डंपर की टक्कर से बाइक सवार वृद्धा की हुई मौत
- रायबरेली जिले में हुए सड़क हादसे में घायल युवक की हुई मौत

**अमृत विचार।** अचलगंज थानांतर्गत उन्नाव-लालगंज हाईवे पर तेज रफ्तार कार की टक्कर से अधेड़ महिला की मौत हो गई। बाइक चला रहा बेटे का साला घायल हो गया। वहीं पुरवा कोतवाली अंतर्गत तेज रफ्तार ई-रिक्शा अनियंत्रित होकर खंती में पलटने से चालक की मौत हो गई। बिहार थानांतर्गत रिश्तेदार की मौत की सूचना पर उसके घर जाते समय डंपर की टक्कर से बाइक अनियंत्रित होकर फिसल गई। इसमें बाइक में बैठी वृद्धा की मौत हो गई। वहीं दंपती घायल हो गए। इसके अलावा आसीवन थानाक्षेत्र का युवक रायबरेली जिले में हुए सड़क हादसे में घायल हुआ था। इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। उसका शव घर पहुंचा तो परिजनों में कोहराम मच गया।

**केस 01** अचलगंज थानांतर्गत टिकरी पदमरा गांव निवासी राम दुलारी (58) पत्नी फूल सिंह बारासगवर के रुद्रपुर गांव रिश्तेदारी में गई थी। वहां से वह अपने बेटे अखिलेश सिंह के साले दिलीप के साथ शनिवार शाम बाइक से लौट रही थी। तभी अचलगंज थानांतर्गत उन्नाव-लालगंज हाईवे पर भैंसई नौबस्ता व बेथर गांव के बीच एक तेज रफ्तार कार ने बाइक में टक्कर मार दी। इसमें उछलकर नीचे गिरने से राम दुलारी व दिलीप घायल हो गए। राहगीरों की मदद से उन्हें सीएचसी लाया गया। जहां से परिजन उन्हें कानपुर के एक निजी अस्पताल ले गए। जहां इलाज के दौरान महिला की मौत हो गई। इस पर परिजन शव लेकर लौट आए और पुलिस को सूचना दी। रविवार को शव का पोस्टमार्टम हुआ। मां की मौत से बेटे अखिलेश व रमन आदि में कोहराम मचा है। पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर उसकी तलाश शुरू की है। एसओ संजीव कुशवाहा ने कहा कि शव का पोस्टमार्टम कराया गया है। वाहन का पता लगाया जा रहा है।


बांगरमऊ में घायल हुआ फल विक्रेता।


रामदुलारी।

**केस 02** **पुरवा।** कोतवाली अंतर्गत रघुवर खेड़ा का मुन्नी लाल (50) पुत्र स्व. गुरुदयाल ई-रिक्शा चलाकर परिवार का खर्च चलाता था। इन दिनों वह गांव में अपना मकान बनवा रहा था। इसलिए उसकी पत्नी मायके में थी। शनिवार रात वह कोतवाली क्षेत्र कसरौर गांव अपनी ससुराल जा रहा था। तभी पासाखेड़ा-मिर्जापुर सुम्हारी मार्ग पर मिर्जापुर सुम्हारी गांव के पास उसका ई-रिक्शा अनियंत्रित होकर खंती में चला गया। राहगीरों की सूचना पर पुलिस उसे सीएचसी लाई। जहां डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। जेब में मिले मोबाइल से परिजनों को घटना की सूचना दी गई। पति की मौत से पत्नी माधुरी सीएचसी पहुंची और पति का शव देख बेहाल हो गई। वह चार भाइयों में छोटा था। भाई जोधा ने बताया कि मुंजीलाल के एक बेटा आशीष है। वह मुंबई में नौकरी करता है। पिता की मौत की खबर पर वह घर आने लिए निकला है। एसएचओ कुंवर बहादुर सिंह ने बताया कि ई-रिक्शा पलटने से मुन्नीलाल की मौत हुई है। शव का पोस्टमार्टम कराया गया है।

**केस 03** रायबरेली जिले के सरेनी थानांतर्गत भीटी गांव निवासी कृष्ण पाल के बारासगवर थानाक्षेत्र के मधुकर खेड़ा गांव निवासी बहनोई की मौत हो गई थी। इसकी खबर पर वह गांव की रहने वाली रिश्ते की बहन ज्ञान देवी (65) पत्नी स्व. रतीपाल व अपनी पत्नी प्रीती के साथ मधुकर खेड़ा जा रहे थे। रविवार सुबह भगवंत नगर चौकी के पीछे ठाकुर द्वारा के पास डंपर की टक्कर से बाइक अनियंत्रित होकर फिसल गई। इसमें दंपती व वृद्धा गंभीर घायल हो गई। राहगीरों की मदद से उन्हें सुमेरपुर पीएचसी लाया गया। जहां डाक्टर ने ज्ञान देवी को मृत घोषित कर दिया। वहीं, कृष्णपाल व उनकी पत्नी प्रीती को जिला अस्पताल के रेफर कर दिया। सूचना पर वृद्धा का पुत्र अंशू अस्पताल पहुंचा और पोस्टमार्टम कराने से इंकार कर शव लेकर घर लौट आया। उसके तीन बेटे अंशू, धीरेंद्र व टिनगी हैं। बेटी की शादी हो चुकी है। उसकी मौत से सभी बेहाल हैं। वहीं घायल दंपती के परिजनों ने उन्हें लालगंज के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया है। चर्चा रही कि डंपर से बचने के प्रयास में बाइक अनियंत्रित होकर फिसली है। एसओ शिव प्रकाश पांडेय ने बताया कि बाइक अनियंत्रित होकर गिर गयी थी। घायलों का इलाज कराया जा रहा है। महिला की मौत की जानकारी नहीं है।

**केस 04** **आसीवन** थानाक्षेत्र के गांव कादिरपुर निवासी हरिशंकर (23) सीमेंट के गमले व वाल कंपाउंड बनाने का काम करता था। 17 मई को वह देहरादून गया था। जहां से फैक्ट्री मालिक ने उसे प्रयागराज में चल रही दूसरी साइड पर काम करने भेजा था। शनिवार को हरिशंकर साथी श्रमिकों के साथ बस से प्रयागराज जा रहा था। प्रयागराज-लखनऊ मार्ग पर बछरावां के पास बस रुकने पर वह पानी पीने के लिए उतरा था। तभी बछरावां से आ रही कार ने उसे टक्कर मार दी। इसमें वह गंभीर घायल हो गया। पुलिस ने उसे सीएचसी पहुंचाया जहां से उसे जिला अस्पताल रेफर किया था। इलाज के दौरान वहां उसकी मौत हो गई थी।


बछरावां पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया। रविवार को शव गांव पहुंचा तो कोहराम मच गया। बता दें कि करीब नौ माह पहले उसके पिता रामकुमार ने पारिवारिक कलह में जहर खाकर जान दे दी थी। वह पांच भाई तीन बहनों में छोटा था। अभी उसकी शादी नहीं हुई थी। बेटे की मौत से मां महादेई और अन्य परिजन बेहाल हैं।

**केस 05** **बांगरमऊ।** कोतवाली क्षेत्र के उन्नाव-हरदोई मार्ग पर गांव नसिरापुर के पास रविवार को तेज रफ्तार पिकअप ने ठेलिया से फल बेंच रहे नगर के मोहल्ला शुक्लाना निवासी सोनू (30) पुत्र जुगुल किशोर को टक्कर मार दी। इसमें फल विक्रेता गंभीर घायल हो गया। उसे सीएचसी से जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। वहीं, कोतवाली क्षेत्र के गांव भठियापुर निवासी समीर (15) पुत्र सब्बीर गांव सुरसेनी निवासी ज़ैद (14) पुत्तन के साथ बाइक से बांगरमऊ से गांव जा रहा था। उधर हरदोई के कस्बा मल्लावां के मोहल्ला नुसरत नगर का अनीस (35) पुत्र अली रजा अपने 8 वर्षीय बेटे सुहैल को लेकर बाइक से लखनऊ मार्ग स्थित गांव तकिया निगोही से गांव आ रहा था। तभी रास्ते में गांव सुरसेनी के पास तेज रफ्तार बाइकें आमने-सामने टकरा गईं। इसमें दोनों बाइकों पर सवार चार लोग गंभीर घायल हो गए। सूचना पर एंबुलेंस से घायलों को सीएचसी लाया गया। जहां चिकित्सकों ने हालत नाजुक देख सभी को जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

# अलग-अलग घटनाओं में 6 लोगों की चली गई जान

### संदिग्ध परिस्थितियों में युवक की हुई मौत, दो घायल

**केस 01** **फतेहपुर चौरासी उन्नाव।** फतेहपुर चौरासी थानाक्षेत्र के काली मिट्टी- शिवराजपुर मार्ग के किनारे खंती में बाइक सवार युवक का संदिग्ध परिस्थितियों में शव मिलने से में सनसनी फैल गई। युवक शनिवार रात अपने दो साथियों के साथ बीयर लेकर लौट रहा था। हादसे में दोनों साथी भी घायल हुए जिनका इलाज चल रहा है। परिजन बेटे की मौत पर आशंका जता रहे है वहीं पुलिस इसे सड़क हादसा मान रही है। फतेहपुर चौरासी थानाक्षेत्र के काली मिट्टी-शिवराजपुर मार्ग पर रविवार को पीएचसी के निकट राहगीरों ने खंती में एक युवक का शव पड़ा देख पुलिस को सूचना दी। शव के पास बाइक भी पड़ी थी। पुलिस की जांच में शव की पहचान क्षेत्र के ग्राम जाजामऊ निवासी पप्पू गौतम के 18 वर्षीय बेटे मनीष के रूप में हुई। सूचना पर पहुंचे परिजनों ने हत्या की आशंका जाहिर करते हुए बताया कि मनीष शनिवार देर शाम अपने दो साथियों गिरधारी पुरवा मजरा जाजामऊ निवासी प्रदीप पुत्र विश्वेश्वर एवं मातादीन खेड़ा मजरा कमलापुर निवासी शिवम पुत्र अनिल के साथ दबौली गांव गया था। दोनों साथियों को उनके परिजनो ने रविवार सुबह घायल अवस्था में फतेहपुर चौरासी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में भर्ती कराया है। घटना में घायल साथी प्रदीप ने बताया कि शनिवार देरशाम तीनों लोग बाइक से दबौली बियर पीने गए थे। जहां से लौटते समय बाइक अनियंत्रित होकर खंती में चली गई। वहीं शिवम ने अज्ञात वाहन से टक्कर से हादसा होने की बात कही। वहीं ग्रामीणों में चर्चा रही कि दोनों घायलों को रविवार भोरपहर क्षेत्र के झारखंडेश्वर मन्दिर परिसर में देखा गया है। मृतक के साथियों के बयान में भिन्नता व ग्रामीणों की चर्चा से परिजन मामले को संदिग्ध मान रहे हैं। दिवंगत युवक सात भाई बहनों में तीसरे नंबर पर था। उसकी अभी शादी नहीं हुई थी। वह लुधियाना में मजदूरी करता था। शुक्रवार को गांव लौटा था। एसओ राजेश्वर त्रिपाठी ने बताया शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।


मनीष।

### अधिक शराब पीने से बिगड़ी अधेड़ की हालत, मौत

**केस 02** **बांगरमऊ उन्नाव।** 24 घंटे में लगातार शराब पीने से एक अधेड़ की हालत बिगड़ गई। परिजन उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाए। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस को सूचना दिए बिना परिजन शव लेकर अपने घर चले गए। सूत्रों के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के गांव अतरधनी के मजरा नगरा निवासी शिवप्रसाद (54) पुत्र मन्ना बीते 24 घंटे से लगातार रुक-रुककर दारू पीता रहा। रविवार दोपहर अचानक अधिक शराब पीने से उसकी हालत बिगड़ गई। यह देख बेटा अयोध्या प्रसाद आनन-फानन उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

### थाने से बुलावा आने से परेशान युवक ने फांसी लगा दी जान

**केस 04** **औरास उन्नाव।** औरास थानाक्षेत्र में एक युवती अपने घर से कहीं चली गई। परिजनों ने उसके चले जाने में तीन युवकों की साजिश बता रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस ने मामले की जांच कर इनमें से एक युवक को रविवार को थाने बुलाया। इससे डरे युवक ने घर में दुपट्टे के फंदे से लटककर आत्महत्या कर ली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच कर आगे की कार्रवाई शुरू की है। बता दें कि औरास थानाक्षेत्र के एक गांव निवासी (20) साल की युवती बीती 11 जून को परिवार के साथ चंड़ीगढ़ से घर लौटी थी। इसके अगले दिन वह घर से अचानक लापता हो गई। परिजनों ने तलाश की तो उन्हें जानकारी हुई कि वह कासिमपुर गांव निवासी निमित नाम के युवक के साथ गई है। उसके जाने में पुरथ्यावां गांव निवासी सलीम अहमद (22) पुत्र मुनीर व उसके चचेरे भाई शाहरुख भी शामिल है। मां की तहरीर पर पुलिस ने तीनों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज की थी। शनिवार को पुलिस ने गांव जाकर पूछताछ की और सलीम को सुबह थाने आने को कहा। बताते हैं कि इसी से डरे सलीम ने घर में दुपट्टे के फंदे से लटककर आत्महत्या कर ली। रविवार सुबह परिजन सोकर उठे तो उसका शव बरामदे में लटका देख बेहाल हो गए। सलीम की अभी शादी नहीं हुई थी।


सलीम अहमद।

### ई-रिक्शा पलटने से उसके बैठे वृद्ध की मौत

**केस 06** **बांगरमऊ।** गांव हैबतपुर निवासी अमर सिंह (65) पुत्र मौजीलाल बीते शनिवार अपनी दवा लेने लखनऊ गए थे। वह अपनी बेटी पूर्णिमा के साथ शनिवार शाम वापस घर आ रहे थे। वह लखनऊ-आगरा एक्सप्रेस-वे के हरदोई मार्ग टोल नाका पर उतरकर पैदल हरित होटल के पास पहुंचे। जहां से वह बेटी के साथ ई-रिक्शा से कलवारी-महमदाबाद मार्ग से घर आ रहे थे। तभी रास्ते में रेलवे अंडर पास के पास अचानक गहरे गड्ढे में फंसकर ई-रिक्शा पलट गया। इसमें ई-रिक्शा पर लदा प्लाई बोर्ड सहित अन्य सामान नीचे आ गिरा। जिसके नीचे दबकर अमर सिंह गंभीर घायल हो गए। परिजन लखनऊ के एक निजी अस्पताल ले गए। हालत नहीं सुधरी तो परिजन घर ले आए।

### ब्रेकर में पड़ने से बाइक उछली, गिरकर महिला की हुई मौत

**केस 03** **पुरवा।** अचलगंज थानाक्षेत्र के गांव सैदपुर निवासी 48 वर्षीय शांति देवी रविवार शाम बेटे अनुज के साथ बाइक से पुरवा क्षेत्र के गांव भदनाग अपने मायके जा रही थी। पुरवा-पाटन मार्ग पर राम्मा खेड़ा गांव के पास बने स्पीड ब्रेकर में बाइक तेज होने से उछलकर अनियंत्रित हो गई। जिससे पीछे बैठी शांति सड़क पर गिर गई। सीएचसी में डाक्टर ने मृत घोषित कर दिया।

### करंट की चपेट में आकर फैक्ट्री श्रमिक की हुई मौत

**केस 05** **उन्नाव।** दही औद्योगिक क्षेत्र स्थित एक बंद कबाड़ फैक्ट्री के श्रमिक की पानी मोटर चालू करते समय करंट की चपेट में आ गया। साथी श्रमिक ने उसे जिला लाए जहां डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। सदर कोतवाली अंतर्गत शांति नगर मोहल्ला निवासी रामबालक गौतम (45) पुत्र ओमप्रकाश दही थाना अंतर्गत औद्योगिक क्षेत्र में एक कबाड़ फैक्ट्री में काम करता था।

# अधेड़ की हत्या में 3 लोगों को पुलिस ने दबोचा

**फालोअप**

संवाददाता नवाबगंज उन्नाव

- मृतक की पत्नी की तहरीर पर पुलिस ने छह लोगों पर दर्ज की थी रिपोर्ट

**अमृत विचार।** अजगैन कोतवाली क्षेत्र के नयाखेड़ा गांव में दो दिन पूर्व दबंगों ने यूवक को घर से खींच कर कुल्हाड़ी व डंडों से जमकर मारा पीटा था और कार में डाल ले गये थे। पत्नी की सूचना पर तलाश में जुटी पुलिस को दूसरे दिन सुबह दीपू मरणासन्न हालत में गांव में घर के पीछे पड़ा मिला था। जिसे नवाबगंज स्वास्थ केंद्र लाया गया था। जहां हालत गंभीर देख उसे जिला अस्पताल भेजा गया था। जहां उसकी मौत हो गई थी। मृतक की पत्नी की तहरीर पर पुलिस ने छह लोगों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज की थी। रविवार को शव का अंतिम संस्कार कर दिया गया। मामले में पुलिस ने अब तक तीन लोगों को गिरफ्तार किया है।

मृतक की पत्नी मीरा देवी ने कोतवाली में दी तहरीर में बताया था कि उसका पति दीपू निवासी नयाखेड़ा बीती शाम घर के बाहर बैठा था। तभी गांव के आधा दर्जन दबंगों ने उस पर हमला बोल दिया और डंडे व कुल्हाड़ी से जमकर मार पीटकर कार में डालकर उठा ले गये थे। मीरा देवी ने इसकी सूचना कोतवाली पुलिस को दी थी। पुलिस दीपू की तलाश में जुटी थी। घटना के दूसरे दिन सुबह पुलिस को दीपू घर के पीछे मरणासन्न हालत में मिला था। जिसे नवाबगंज सीएचसी से जिला अस्पताल भेजा गया था। जहां उसकी मौत हो गई थी। मृतक की पत्नी की तहरीर पर पुलिस ने राजकुमार उर्फ कोकी, उसकी मां टिकई, विकास, महेश व करन सहित छह लोगों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज की थी। रविवार को दीपू के शव का अंतिम सस्कार कर दिया गया। घटना के मामले में पुलिस ने अब तक तीन को गिरफ्तार किया है। कोतवाली निरीक्षक अवनीश सिंह ने बताया कि तीन अन्य आरोपियों की तलाश की जा रही है।

# 7 दिन बाद जिंदगी की जंग हार गई युवती

**फालोअप**

- 9 मई को प्रेमी से मिलने गई युवती जल गई थी

**पुरवा उन्नाव ।** कोतवाली क्षेत्र के गांव सकरन में बीती 9 मई की रात प्रेमी से मिलने आई युवती संदिग्ध हालात में आग की चपेट में आ गई थी। जिसका इलाज केजीएमयू लखनऊ में चल रहा था। रविवार को इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है। वहीं परिजनों ने जाजमऊ स्थित घाट पर शव का अंतिम संस्कार कर दिया। पुलिस नामित पिता-पुत्रों की तलाश कर रही है।बता दें कि दही थानाक्षेत्र के एक गांव निवासी युवती बीती 9 मई की रात पुरवा क्षेत्र के गांव सकरन निवासी अपने प्रेमी नरेश से मिलने आई थी। जहां पूनम संदिग्ध परिस्थिति में आग की चपेट में आ गई थी। घटना के बाद युवती के पिता ने उसके प्रेमी नरेश व उसके पिता गोलू पर ज्वलनशील पदार्थ डालकर बेटी पर जानलेवा हमले की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। रविवार को इलाज के दौरान मौत हो गई।

**आयोजन** गंगा दशहरा पर जिले भर के गंगातटों पर उमड़े श्रद्धालु

# श्रद्धालुओं ने गंगा में लगाई पुण्य की डुबकी, किया दान

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव


राम-सीता मंदिर में स्थापित मूर्तियां।


परियर स्थित गंगा नदी में स्नान करते श्रद्धालु।

**अमृत विचार।** गंगा दशहरा पर श्रद्धालुओं ने गंगा स्नान कर दानपुण्य किया। जो श्रद्धालु गंगा स्नान नहीं कर पाए उन्होंने घरों में पूजन के साथ दान-पुण्य किया। वहीं शहर के सीताराम मंदिर में पूजा-अर्चना के बाद भंडारा आयोजित हुए। कुछ अन्य स्थानों पर भी भंडारा व शर्बत वितरण किया जाता रहा।

जेठ माह की कड़ाके धूप व चिलचिलाती गर्मी में दान-पुण्य का काफी महत्तम माना जाता है। इस दौरान शुद्ध शीतल जल के दान को विशेष फलदायी बताया जाता है। पुराणों में इसी माह दशमी तिथि पर पृथ्वी पर मां भागीरथी का अवतरण होना वर्णित है। इसीलिए रविवार को गंगातट न पहुंच पाने वालों ने स्नान कर मंदिरों का रुख किया। यहां उन्होंने पुरोहितों को शक्कर आदि दान दी। वहीं कुछ लोगों ने रामचरित मानस का अखंड पाठ शुरू कराया। कई स्थानों पर शर्बत वितरण व कुछ अन्य सार्वजनिक स्थलों पर भंडारा आयोजित कराए जाते रहे। शहर के आरएसएस इंटर कालेज के पास बड़े हनुमान मंदिर स्थित सीताराम मंदिर में सुबह से श्रद्धालुओं के पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया। वह सीताराम सहित हनुमानजी महाराज व बगल में स्थित श्रीरामेश्वरम मंदिर में विराजित भगवान भोलेनाथ का पूजन-अर्चन कर बाहर बैठने वाले जरूरतमंदों को दान देते रहे। इसके अलावा मंदिर समिति की ओर से भंडारा भी आयोजित किया गया। इस मौके पर मंदिर समिति के अध्यक्ष श्रीकांत तिवारी, राकेश शुक्ला, अखिलेश शुक्ला, ललित शुक्ला, रमाकांत वाजपेयी, श्रीधर तिवारी, श्रीहरि तिवारी, पीके मिश्र व यज्ञदत्त तिवारी आदि मुख्य रूप से मौजूद रहे।

परियर संवाददाता के अनुसार, गंगा दशहरा पर ब्रम्हमुहूर्त शुरू होते ही श्रद्धालुओं में मां गंगा में आस्था की डुबकी लगानी शुरू कर दी। स्नान के बाद सभी भक्तगण पतित पावनी की पूजा-अर्चना व आरती कर तीर्थ पुरोहितों को दान-दक्षिणा देते रहे। उन्होंने आसपास के विभिन्न शिवालयों में जलाभिषेक कर सर्वमंगल की कामना की। स्थानीय बलखंडेश्वर महादेव मंदिर में लगातार श्रद्धालुओं का आवागमन जारी रहा।


तट पर कथा सुनते श्रद्धालु। अमृत विचार

### स्नान के बाद सुनी कथा

**शुक्लागंज, उन्नाव।** गंगा दशहरा के अवसर पर रविवार को श्रद्धालुओं ने सुबह से ही गंगा में आस्था की डुबकी लगा कर पुण्य कमाया। जिसके बाद स्नानार्थियों ने घाट पर सत्य नारायण की कथा भी सुनी। सुबह से दोपहर तक घाटों पर लोगों का स्नान चलता रहा। वहीं स्नान के दौरान लोगों ने गंगा तट पर खूब सेल्फी भी ली। गंगा दशहरा के अवसर पर नगर व आस पास के स्थानों से सुबह से ही श्रद्धालुओं के आने का सिलसिला शुरू हो गया था। इस दौरान सैकड़ों श्रद्धालुओं ने गंगा में स्नान किया श्रद्धालुओं की भीड़ नगर के सभी घाटों पर देखी गई। कुछ श्रद्धालुओं ने गंगा तट पर बैठे पंडों को दान दक्षिणा देने के अलावा सत्य नारायन की कथा का भी श्रवण किया। ऐसी मान्यता है कि इस दिन गंगा पृथ्वी पर अवतरित हुई थी। ऐसे मौके पर स्नान करने से पूर्व में किए गये पाप कर्म नष्ट हो जाते हैं। मान्यताओं अनुसार, गंगा दशहरा के दिन प्रात: गंगा स्नान करना चाहिए। संभव न हो तो पास की किसी नदी या तालाब में ही स्नान करना चाहिए। इसके बाद भगवान की पूजा करने के साथ ही गरीबों, ब्राह्मणों को दान-दक्षिणा देना चाहिए।

## सार-संक्षेप

### राष्ट्रीय यूथ एथलेटिक्स में नितिन ने जीता गोल्ड

**उन्नाव।** जिले के लाल नितिन गुप्ता ने छत्तीसगढ़ के बिलासपुर शहर में चल रही 19वीं नेशनल यूथ एथलेटिक्स चैंपियनशिप में पांच हजार मीटर रेस वाक में स्वर्ण पदक पर कब्जा जमा लिया। जिले सहित प्रदेश का नाम रौशने करने की खबर मिलते ही खेल प्रेमियों ने खुशी का इजाहर करते हुए परस्पर मुंह मीठा कराना शुरू कर दिया। प्रतियोगिता के दूसरे ही दिन जिले के 16 वर्षीय एथलीट ने बिलासपुर स्टेडियम में जुटे विभिन्न राज्यों के प्रतिस्पर्धियों सहित खेल प्रेमियों को स्वयं के लिए तालियां बजाने के लिए मजबूर कर दिया। युवा एथलीट ने 5000 मीटर वाक रेस सबसे कम समय में पूरा कर लिया। समय को लेकर वह इस बार मात्र चार सेकंड के अंतर से राष्ट्रीय कीर्तिमान को तोड़ने से चुक गए। इससे पहले भी वह इस प्रतियोगिता में दो बार रिकार्ड तोड़ने के करीब तक पहुंच चुके हैं। कोच आमिर ने बताया कि वह अब तक राष्ट्रीय स्तर पर तीन स्वर्ण व दो रजत पदक हासिल कर चुका है, जबकि राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं में 6 स्वर्ण पदक प्राप्त हो चुके हैं। उन्होंने बताया कि बीते तीन साल से वह लगातार पसीना बहाते हुए अपनी प्रतिभा निखारते हुए वाक रेस की बारीकियों की समझ विकसित करता आ रहा है। इसलिए उम्मीद है कि अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर यह सितारा जरूर चमकेगा। हालांकि परिवार की आर्थिक कमजोरी के चलते पर्याप्त सुविधाएं नहीं प्राप्त कर पा रहा है। इसके बाद लगन व समर्पण के चलते प्रतियोगिताओं में सफलता अर्जित करने में पीछे नहीं रहता है।



एथलेटिक्स फेडरेशन आफ इंडिया के पदाधिकारी से गोल्ड के साथ बुके लेते नितिन गुप्ता। अमृत विचार

### जर्जर विद्युत पोल ले चुका कई मवेशियों की जान, जिम्मेदार अनजान

**बांगरमऊ।** क्षेत्र के मोहल्ला नौनिहाल गंज वार्ड-3 स्थित एक निजी शिक्षण संस्थान के पास एक जर्जर विद्युत पोल बीते कई वर्षों से झुका खड़ा है। जिसमें अक्सर तेज करंट दौड़ता रहता है। हाई बोल्टेज करंट से अब तक कई मवेशियों की मौतें भी हो चुकी हैं। इस जर्जर विद्युत पोल से सबसे अधिक खतरा स्कूल आने-जाने वाले बच्चों को रहता है। खास बात तो यह है कि नागरिकों द्वारा उच्चाधिकारियों को कई शिकायती पत्र दिया गया। लेकिन, इसके बावजूद स्थानीय विद्युत उपकेंद्र के अधिकारी उदासीन बने हुए हैं। विद्युत विभाग की घोर लापरवाही को लेकर नागरिकों में गहरा आक्रोश है। मोहल्ले के शिवकुमार, बब्लू खां, शिव शंकर, जितेन्द्र गुप्ता, जयशंकर गुप्ता, रहीस खां, राधेश्याम व रानू गुप्ता आदि ने जिला प्रशासन से जर्जर विद्युत पोल जल्द बदले जाने के लिये विद्युत उपकेंद्र के अधिकारियों को निर्देश देने की मांग की है।


जर्जर विद्युत पोल।


पुलिस लाइन में जोड़े के साथ मौजूद परामर्शदाता व पुलिस कर्मी।

### फिर सात रहने को राजी हुए 32 दंपति

**उन्नाव।** एसपी सिद्धार्थ शंकर मीना के निर्देश पर पुलिस लाइन व विभिन्न थाना-कोतवाली में स्थित महिला हेल्प डेस्क में पति-पत्नी के विवादित जोड़ों को बुलाया गया। परिवार परामर्शदाताओं व महिला हेल्पडेस्क की टीम ने उनकी काउंसिलिंग कर उनके बीच विवाद को खत्म कराया। इसके बाद सभी को खुशी-खुशी उनके घरों को विदा किया गया। इसमें परिवार परामर्श केंद्र से 14, महिला थाने से 7, थाना अचलगंज व बेहटा मुजावर से 3-3, गंगाघाट से 2, बांगरमऊ, बारासगवर व कोतवाली सदर से 1-1 जोड़े को बिना विवाद साथ रहने के वादे के साथ विदा किया गया। इस दौरान डा. आशीष श्रीवास्तव प्रभारी परिवार परामर्श समिति व सलाहकारों में डा. मनीष सिंह सेंगर, राजेन्द्र सिंह सेंगर, अबरार हुसैन, डा. शशि रंजना अग्निहोत्री, डा. एसके पाण्डेय, रामसनेही यादव, अबसार अली व डा. सगीर अहमद व सहयोगी शिवेन्द्र सिंह चौहान, अंकित सिंह, संजय चौरसिया, प्रदीप त्रिपाठी व पुलिस टीम से निरीक्षक संतोष कुमारी सिंह, महिला थानाध्यक्ष अर्चना, दरोगा भागीरथी, मधु श्रीवास्तव, महिला हेड कान्सटेबल मिथिलेश कुमारी, कमलेश कुमारी, महिला सिपाही पूजा शर्मा, लक्ष्मी सिंह, अंशू रानी, साधना, प्रीती, चिंतन, दुर्गेश, शिखा यादव, पूजा यादव, सेविका आदि मौजूद रहीं।


टूटी पुलिया के पास मौजूद ग्रामीण। अमृत विचार

### रजबहे की टूटी पुलिया दे रही हादसों को दावत

**सफीपुर, उन्नाव।** क्षेत्र के कई गांवों को जोड़ने वाले मार्ग पर बनी रसूलाबाद रजबहे की पुलिया पांच वर्षों से क्षतिग्रस्त पड़ी हुई है। इसके चलते ग्रामीणों को दूसरे गांवों से होकर जाना पड़ रहा है। पुलिया की मरम्मत व निर्माण को लेकर ग्रामीणों ने क्षेत्रीय विधायक से लेकर उच्चाधिकारियों से कई बार शिकायतें कीं। इसके बाद भी समस्या का समाधान न होने से ग्रामीण परेशान हैं। तहसील क्षेत्र के गांव अलीगंज के मजरा उदशाह से निकले रसूलाबाद रजबहे पर बनी पुलिया पांच वर्षों से टूटी है। ऐसे में कभी भी कोई बड़ा हादसा हो सकता है। ग्रामीणों का आरोप है कि पुलिया की मरम्मत कराने के लिए क्षेत्रीय विधायक श्रीकांत कटियार से लेकर कई बार उच्चाधिकारियों से भी शिकायत की गई। लेकिन अभी तक कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं हो सकी है। अलीगंज गांव से निकले इसी मार्ग से होकर दर्जनों गावों की ओर जाना पड़ता है तथा यह मार्ग लखनऊ बांगरमऊ को जोड़ता है। जिससे इन गावों के लोग अपने थाना क्षेत्र आसीवन पहुंच पाते है। ऐसे में गांव के पास से निकले रजबहे पर बनी पुलिया टूटी हुई है। जिस पर आवागमन के लिए ग्रामीणों ने टूटे विद्युत खंभों को लगा दिया है। जिससे लोग एक-एक कर पैदल चलकर खेत जा पाते हैं। टूटी पुलिया से निकलने के दौरान आएदिन लोग गिरकर घायल भी हो जाते हैं। परंतु खेतों पर पहुंचना उनकी मजबूरी है। जिससे पुलिया से होकर जाना पड़ता है। अलीगंज गांव निवासी सूघर लाल, पप्पू, सुशील, गुड्डू आदि का कहना है कि टूटी पुलिया की मरम्मत कराने के लिए कई बार सिंचाई विभाग के अधिकारियों को पत्र दिया गया है। इसके बाद भी अभी तक पुलिया का निर्माण नहीं हो सका है।

### युवक की मौत को हत्या बता दी तहरीर, पुलिस ने शुरू की जांच

**पुरवा।** कोतवाली क्षेत्र के गांव निहालखेड़ा के मजरे मिर्रीकला निवासी अंजली ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि क्षेत्र के कस्बा मिर्रीकला में पति भीखालाल की बीज भंडार की दुकान हैं। जहां 19 वर्षीय बेटा शिवम भी साथ में जाता था। 27 मई-2024 को शिवम दुकान से किसी काम से जाने की बात कहकर निकला था। काफी देर बाद शिवम के मित्र सचिन ने बताया कि किसी अज्ञात युवती का फोन आया था कि शिवम गंभीर हालत में मदारीखेड़ा के पास पड़ा है। आनन-फानन वे लोग मदारीखेड़ा पहुंचे तो शिवम मरणासन्न हालत में गांव के बाहर पड़ा मिला था। शिवम को लखनऊ के एक निजी अस्पताल ले गए। जहां से तीन दिन पूर्व शिवम को घर ले आए थे। रविवार सुबह उसकी मौत हो गई। परिजनों ने बेटे की हत्या किए जाने का आरोप लगा पोस्टमार्टम कराने की मांग की। पिता भीखालाल ने बताया कि शिवम चार बहनों में बीच का था। शिवम की मौत से पिता भीखालाल, मां अंजली सहित बहनों का रो-रोकर बुरा हाल है। कोतवाल कुंवर बहादुर सिंह ने बताया कि परिजनों ने पोस्टमार्टम कराने की तहरीर दी है।

## एक नजर

### मकान बंटवारे को लेकर महिला को पीटा, रिपोर्ट

**शुक्लागंज, उन्नाव।** गंगाघाट कोतवाली के बनी गांव में मकान बंटवारे को लेकर एक महिला को उसे दो जेठों ने लाठी डंडों से मारा पीटा। जिससे उसे चोटें आई। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ कार्यवाही की है। बनी गांव निवासी रानी ने गंगाघाट कोतवाली पुलिस को तहरीर देते हुये बताया कि मकान बंटवारे को लेकर उसके जेठ रामसेवक और मोती से विवाद हो गया। जिस पर रामसेवक और उसके बेटे अंकित, मोती ने उसे लाठी डंडों से मारा पीटा। जिससे उसे चोटें आई। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

### पूर्व कांग्रेस महिला जिलाध्यक्ष का निधन पर शोक

**शुक्लागंज।** गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के आदर्श नगर निवासी कांग्रेस के वरिष्ठ कार्यकर्ता के कुमार की पत्नी वरिष्ठ कांग्रेस नेत्री एवं पूर्व महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष राजकुमारी जायसवाल (83) का निधन हो गया। निधन पर नगर के तमाम गणमान्य लोगों ने शोक व्यक्त किया। वहीं कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने दो मिनट का मौन रखकर उन्हें श्रद्धांजलि दी।

### सांड़ के हमले से अधेड़ हुआ घायल

**औरास।** कस्बा औरास क्षेत्र के मोहल्ला अटल नगर निवासी राजेंद्र पुत्र स्व. रामजीवन गुप्ता सुबह उठकर घर के बाहर लघुशंका करने गया था। तभी पीछे से निकले सांड ने उस पर हमला कर उसे गिरा दिया। इसमें वह गंभीर घायल हो गया। उसे स्थानीय अस्पताल ले जाया गया।

### पंपिंग सेट चोरी करने वालों को पुलिस ने दबोचा

**नवाबगंज।** अजगैन कोतवाली क्षेत्र के अगाखेड़ा गांव निवासी ओमप्रकाश ने 12 जून को कोतवाली में तहरीर दी थी कि उनके खेत से दो पंपिंग सेट चोरी हो गए हैं। अजगैन कोतवाली निरीक्षक अवनीश सिंह ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर बीती रात पुलिस ने सराय इंदल गांव के पास नर्सिंग बाबा मंदिर मोड़ से आटो पर लाद कर इंजन ले जा रहे प्रशांत पुत्र राजेश सिंह व रंजीत पुत्र प्रकाश लोध को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया गया है।

# नमाज की तैयारी पूरी, लोगों ने जमकर की खरीदारी

## प्रशासन ने पर्व को शांतिपूर्ण संपंन कराने की तैयारियों को अंतिम रूप दिया, पालिका ने मुस्लिम क्षेत्रों में कराई साफ-सफाई

ईद-उल-अजहा

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

**अमृत विचार।** प्रशासन ने ईद-उल-अजहा (बकरीद) शांतिपूर्ण संपंन कराने की तैयारियों को अंतिम रूप दे दिया है। सुबह ईदगाहों व मस्जिदों में अलग-अलग तय समय पर बकरीद की नमाज अता की जाएगी। इसके बाद कुर्बानी का दौर शुरू होगा। डीएम गौरांग राठी व एसपी सिद्धार्थ शंकर मीना ने खुले में कुर्बानी न किए जाने की हिदायत दी है।

**शुक्लागंज।** ईदगाह कॉलोनी, रहमत नगर मस्जिद, आदि में बकरीद की नमाज अदा की जाएगी। इसके एक दूसरे के गले मिलकर बकरीद की बधाई देंगे। इसके बाद कुर्बानी देने वाले घरों में खस्सी की कुर्बानी अल्लाह-तआला की राह में दी जाएगी। जामा मस्जिद सहित अन्य मस्जिदों सहित ईदगाहों में अकीदत के साथ नमाज पढ़ाई जाएगी। वहीं इससे पूर्व ईद-उल-अजहा की पूर्व संध्या पर स्थानीय लोगों ने इत्र, टोपियां, रूमाल, सेवई, लच्छों की खरीदारी की।



बकरीद को लेकर बकरे खरीदते लोग। अमृत विचार



बकरे के साथ खेलता बच्चा।



जामा मस्जिद के पास साफ सफाई करते पालिका के सफाई कर्मी। अमृत विचार

### इस नमाज का होता है विशेष महत्व

नमाज के माध्यम से हर बंदा अल्लाह के प्रति अपने समर्पण और इबादत का इजहार करता है। बकरीद की विशेष नमाज के लिए नगर की जामा मस्जिद में काफी भीड़ रही। इस मौके पर हजारों की तादात में नमाजियों ने नमाज अदा की। सभी मुल्क की खुशहाली और अमन चैन के लिए परवर दिगार से दुआ मंगेंगे।

### बाजार में रही रौनक

बकरीद त्योहार को देखते हुए मुस्लिम महिलाओं ने रविवार को जम कर खरीददारी की। शाम के समय बाजारों में रौनक छाई रही। इसके साथ ही देर रात तक लोगों ने मनोहर नगर, करीमुल्ला कॉलोनी, रहमत नगर, अहमद नगर, गोताखोर, मदनी नगर आदि मुस्लिम इलाकों में खरीददारी करने वालों की भीड़ रही।

### नाली-नाले भी करवाए गए साफ

**शुक्लागंज उन्नाव।** सोमवार को बकरीद का त्योहार देखते हुये एक दिन पहले पालिकाध्यक्ष और ईओ के निर्देश पर पालिका के सफाई कर्मियों की फौज मुस्लिम क्षेत्रों में पहुंची। जहां सफाई कर्मियों ने वृहद स्तर पर साफ सफाई कराने के साथ ही चूने का छिड़काव किया। रविवार को पालिकाध्यक्ष कौमुदी पांडे, ईओ मुकेश कुमार मिश्रा के निर्देश पर सफाई कर्मी मनोहर नगर, करीमुल्ला कॉलोनी, रहमत नगर, अहमद नगर, गोताखोर, मदनी नगर आदि मुस्लिम इलाकों में पहुंचे। जहां सफाई कर्मियों ने गलियों में झाड़ू लगाने के साथ ही नाला-नाली की साफ सफाई की। इसके साथ ही चूने का छिड़काव कराया गया। वहीं मुस्लिम क्षेत्रों में सुअर न घूमे, इसके लिये सुअर पालकों को भी निर्देशित किया।

## दो पक्षों में जमकर चले लाठी-डंडे पांच घायल

**बांगरमऊ।** नगर के मोहल्ला कटरा निवासी लल्लन व फूलचंद्र के परिवार की महिलाओं में रविवार सुबह किसी बात को लेकर गालीगलौज होने लगी। मामला इतना अधिक बढ़ा कि दोनों पक्षों के करीब आधा-आधा दर्जन लोग लाठी-डंडे लेकर आमने-सामने आ गए और एक-दूसरे पर वार करने लगे।

झगड़े में एक पक्ष के बउवा (40) पुत्र शिवराम व लल्लन के दो बेटे अजय (23) व मनोज (28) और दूसरे पक्ष के फूलचंद्र (35) पुत्र सुरेश व उसका बेटा अनूप (16) समेत पांच लोग गंभीर घायल हो गए।

सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक राजकुमार ने बताया कि दोनों पक्षों की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज की गई है। मेडिकल रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# फोरलेन, रेलवे ट्रैक के किनारे लगी आग

संवाददाता शुक्लागंज, उन्नाव

**अमृत विचार।** रविवार दोपहर फोरलेन स्थित सरैयां सब स्टेशन के आगे किसी ने झाड़ियों में आग लगा दी। जिससे आस पास रहने वाले लोगों में हड़कंप मच गया। इसी तरह सहजनी रेलवे ट्रैक के पास आग लग गई। सूचना पर पहुंची दमकल ने दोनों स्थानों की आग बुझाई। जिसके बाद लोगों ने राहत की सांस ली।

दोपहर करीब 12 बजे सरैयां सब स्टेशन के आगे किसी ने झाड़ियों में आग लगा दी। तेज हवाएं चलने के कारण आग की लपटें दूर तक फैल गई और झाड़ियां धू धू कर जलने लगी। यह देख आस पास रहने वाले लोगों में हड़कंप मच गया। आग की सूचना फायर बिग्रेड को दी गई। सूचना पर पहुंची फायर कर्मियों ने किसी तरह आग पर काबू पाया।



फोरलेन के किनारे लगी आग को बुझाते दमकल कर्मी। अमृत विचार

- **सरैयां सब स्टेशन के आगे किसी ने झाड़ियों में लगाई थी आग जो फैल गई**

इधर फायद कर्मी आग बुझा ही रहे थे, तभी सूचना मिली कि सहजनी रेलवे क्रासिंग के आगे नेहरू बाग के पास भी ट्रैक के किनारे खड़ी झाड़ियों में आग लग गई। जिस पर वह दमकल कर्मी मौके पर पहुंचे। जहां दमकल कर्मियों ने रेलवे कर्मियों की मदद से आग बुझाई। जिसके बाद रेल कर्मियों ने राहत की सांस ली।

# मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले में 43 मरीज पहुंचे

संवाददाता शुक्लागंज, उन्नाव

**अमृत विचार।** रविवार को न्यू प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र शुक्लागंज में जन आरोग्य मेले का आयोजन किया गया। जहां नगर व आस पास से मरीज मेले में पहुंचे। इस दौरान मेले में मौजूद डॉक्टरों ने मरीजों का परीक्षण किया और उन्हें दवाइयां दी। राजधानी मार्ग स्थित न्यू प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र शुक्लागंज में मुख्यमंत्री जन आरोग्य स्वास्थ्य मेले में एलोपैथिक के डॉक्टरों ने मरीजों का परीक्षण किया गया। मरीजों को दवा बांटी गई। इसके अलावा प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ. रवि प्रकाश सचान, डा. रश्मि वर्मा, विमल किशोर ने भी मरीजों को परामर्श देने के साथ ही दवाइयां बांटी। वहीं अन्य डॉक्टरों ने आये मरीजों का परीक्षण किया। स्वास्थ्य कर्मियों ने बताया कि पीएचसी में 43 मरीजों का परीक्षण कर उन्हें दवाइयां बांटी गई। जिसमें चर्म रोग, लीवर पेट से संबंधित, सांस, मधुमेह, उच्च रक्त चाप, खून की कमी, गर्भवती महिला, सर्दी, जुकाम, बुखार, सनबर्न के मरीज आए।



मरीजों का परीक्षण करते डॉक्टर।

## सार-संक्षेप

### हत्या के दो आरोपियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**शुक्लागंज उन्नाव।** गंगाघाट कोतवाली के हाजीपुर चौकी क्षेत्र के बसधना गांव निवासी एक युवक की शुक्रवार दोपहर पड़ोस के गांव के पास हत्या कर दी गई थी। पुलिस की तीन टीमें आरोपियों को पकड़ने में लगी हुई थी। जहां पुलिस ने हत्यारोपी पिता पुत्र को गिरफ्तार किया। जहां उनकी निशानदेही पर पुलिस ने आलाकत्ल बरामद किया। जिसके बाद दोनों पर कार्यवाही कर जेल भेजा है। वहीं अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिये पुलिस दबिशें दे रही है। बसधना गांव के रहने वाले सुखदेव सविता के 22 वर्षीय बेटे आशीष सविता की शुक्रवार दोपहर बेरहमी से पीटने के बाद कुल्हाड़ी से हमला कर मौत के घाट उतार दिया था। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिये भेजा था। वहीं पिता सुखदेव की तहरीर पर पुलिस ने रात में ही आरोपी राहुल, रोहित, कमलेश, कमला व एक अन्य समेत पांच के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कराया था। शनिवार को मृतक के परिजनों ने पीएम हाउस में हंगामा काटने के बाद सड़क जाम किया था। इधर एसपी के निर्देश पर चलाये गये अभियान के दौरान कोतवाली प्रभारी डॉ. रामफल प्रजापति ने कनिकामऊ मोड़ के पास से हत्यारोपी उद्दा खेड़ा निवासी राहुल और कमलेश को गिरफ्तार किया। जहां पुलिस ने उनकी निशानदेही पर आलाकत्ल बांस के डंडों को बरामद किया। जिसके बाद पुलिस ने दर्ज मुकदमें के आधार पर कार्यवाही करते हुये दोनों को जेल भेजा है। वहीं फरार आरोपियों को पकड़ने के लिये एसओजी, चौकी पुलिस व थाना समेत तीन टीमें लगाई गई हैं। इंस्पेक्टर ने बताया कि जल्द ही फरार आरोपियों की गिरफ्तार कर जेल भेजा जायेगा। आरोपियों की गिरफ्तारी के लिये टीम बराबर दबिश दे रही हैं। वहीं जेल गये आरोपियों को पूछताछ के लिये रिमांड पर लिया जायेगा।



गिरफ्त में आरोपी।

### धरने पर बैठे सिंचाई सुविधा से वंचित बीघापुर क्षेत्र के किसान

**उन्नाव।** बीघापुर तहसील क्षेत्र के किसानों को सिंचाई के लिए नहरी पानी नहीं मिल पा रहा है। प्रशासनिक उदासीनता के चलते विभागीय अधिकारियों से साठगाठ कर ठेकेदारों ने नहरों की सफाई में मनमानी की है। इससे क्षुब्ध होकर क्षेत्रीय किसान प्रगतिशील किसान ब्रजेंद्र प्रताप सिंह राजू के नेतृत्व में एकत्र होकर रावतपुर स्थित नहर कोठी में धरने पर बैठ गए। जानकारी पाकर एसडीएम किसानों को समझा धरना समाप्त कराने पहुंचे, लेकिन किसान पुख्ता आश्वासन न मिलने तक मौके से हटने को तैयार नहीं हुए। बाद में सिंचाई विभाग के अधिशासी अभियंता संतोष कुमार सिंह ने जल्दी ही जरूरत के हिसाब से सभी रजबहों व माईनरों की सफाई कराने का वादा करते हुए धरना समाप्त कराया। किसानों का आरोप है कि क्षेत्र के रावतपुर रजबहा सहित अन्य रजबहों व माइनर की सफाई के नाम पर फावड़ा लगाए बिना ही विभागीय साठगाठ के चलते इस मद का बजट हजम कर डाला गया। इसीलिए रोस्टर के तहत पानी छोड़े जाने पर भी किसानों को सिंचाई सुविधा नहीं मिल पाती है। विभिन्न माइनर में जगह-जगह जंगली पेड़-पौधे खड़े होने से खेतों तक पानी ही नहीं पहुंचता। पिछले कई दिनों से किसान नहरों की दुदर्शा का हाल सुनाते हुए अफसरों से सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराने की मांग करते आ रहे थे, लेकिन अधिकारियों के कान में जूं नहीं रेंगी। इधर खेतों में खड़ी फसल सहित धान की नर्सरी सूखती जा रही है। इसीलिए रविवार को किसानों ने क्षेत्र के प्रगतिशील किसान ब्रजेंद्र प्रताप सिंह राजू के नेतृत्व में नहर काठी पहुंचकर धरना शुरू कर दिया। किसानों के धरने पर बैठे होने की जानकारी पाकर भारतीय किसान यूनियर भानू गुट के नेता पंकज शुक्ला भी अपनी टीम के साथ नहर कोठी पहुंचकर धरने में शामिल हो गए। इसकी जानकारी मिलने पर एसडीएम सहित तहसील स्टाफ ने मौके पर पहुंचकर किसानों को समझा-बुझाकर धरना समाप्त करने के प्रयास किए, लेकिन यह कवायद बेनतीजा साबित हुई। बाद में सिंचाई खंड के अधिशासी अभियंता ने मौके पर पहुंचकर नहरों की टेल तक पानी उपलब्ध कराने का वादा किया। उन्होंने जल्दी ही आवश्यकतानुसार रजबहों की सफाई कराने का भरोसा भी दिलाया।

### मेगा हेल्थ कैम्प व प्रतिमा सम्मान समारोह का हुआ आयोजन

**उन्नाव।** संसाधनों के अभाव में बुजुर्ग, अशक्त,आर्थिक रूप से कमज़ोर व वंचित लोग बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं पाने को परेशान रहता है। अभ्युदय मेगा हेल्थ कैम्प के माध्यम से निश्चित ही उन्हें राहत मिलेगी। यह बात शिक्षक विधायक राज बहादुर सिंह चंदेल ने अभ्युदय सेवा संस्थान के स्थापना के आठ वर्ष पूर्ण होने पर कृष्णा नगर स्थित पार्क व्यू पैलेस में आयोजित मेगा हेल्थ कैम्प व प्रतिभा सम्मान समारोह में कहा। इस क्रम में सदर विधायक पंकज गुप्ता ने कहा डॉ. प्रभात सिन्हा सहित सम्पूर्ण अभ्युदय सेवा संस्थान की टीम समाज के उत्थान में अपने श्रेष्ठ प्रयास कर रही है, जो कि प्रशंसनीय है। संस्था के अध्यक्ष डॉ. प्रभात सिन्हा ने बताया की इस स्वास्थ कैम्प व प्रतिभा सम्मान के माध्यम से जहाँ अक्षम लोगों को चिकित्सा में लाभ व प्रतिभा सम्मान के माध्यम से शिक्षा व पर्यावरण के क्षेत्र में बेहतर प्रदर्शन करने वाली प्रतिभाओं को सम्मानित करना निश्चित ही प्रतिभाओं का आत्मविश्वास बढ़ाएगा और समाज को प्रेरित करेगा। महासचिव ओ पी तिवारी ने बताया कि जरूरतमंदों को निशुल्क कैम्प में वरिष्ठ चिकित्सकों का परामर्श, विभिन्न जाँचे, दवाइयां व चश्मे वितरित किये गए। सचिव अनिरुद्ध सौरभ ने बताया इस कैम्प में 204 लोग पंजीकृत हुए। जिसमे फिजिशियन डॉ. एस.के. वर्मा द्वारा 22 मरीजों को होम्योपैथिक में डॉ. नमन निगम द्वारा 35 मरीजों को परामर्श दिया गया। वहीं नेत्र,कान, गले, शुगर, ब्लड प्रेशर, ब्लड ग्रुप, हीमोग्लोबिन के सैकड़ो मरीजों की जांच कराई गई। जिसमे सभी को चश्मा और दवा नि:शुल्क वितरित किया गया। साथ ही इंटर और हाईस्कूल की बोर्ड परीक्षा में अच्छे अंक लाने वाले मेधावियों को अंग वस्त्र, प्रशस्ति पत्र व पौधा देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान शिक्षक विधायक राजबहादुर सिंह चंदेल, सदर विधायक पंकज गुप्ता, संस्था के संरक्षक डा. मनोज श्रीवास्तव, अध्यक्ष डा.प्रभात सिन्हा, चेयरमैन प्रतिनिधि प्रवीण मिश्रा, महासचिव ओपी तिवारी, कांति मोहन गुप्ता, अनिरुद्ध सौरभ, इंजीनियर निकुंज बाजपेई, मनीष सिंह, जीएस भदौरिया, अजय श्रीवास्तव, आदित्य बाजपेई, धर्मेंद्र शर्मा, अखिलेश ओमर सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

### संदिग्ध हालात में मिला युवक का शव

**उन्नाव।** सदर कोतवाली के मगरवारा निवासी सुभाष (40)का शव रविवार सुबह घर में पड़ा मिला। सुभाष शराब का लती था। वहीं पारिवारिक चाचा निर्भय सिंह ने बताया कि शनिवार रात को शराब पीकर आने के बाद घर के बाहर बने कमरे में सुभाष सो गया। सुबह परिजनों ने उठाने पहुंचे तो उसकी मौत हो चुकी थी। भाई की मौत की जानकारी पर बहन सन्नो सिंह पत्नी संजय पहुंची। छाती और पैर में जलने के निशान होने की बात कह कर मौत को संदिग्ध बता पोस्टमार्टम कराने की मांग की और हंगामा शुरू कर दिया।

### पुलिस ने गांजे के साथ युवक को पकड़ा

**शुक्लागंज, उन्नाव।** एसपी के निर्देश पर चलाये गये अभियान के दौरान रविवार को गंगाघाट पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर एक युवक को गांजे के साथ पकड़ा। जहां पुलिस ने उसके खिलाफ कार्यवाही कर कोर्ट भेजा है।

# फसल के उचित मूल्य की मांग मुख्यमंत्री से मिलेंगे किसान नेता

संवाददाता शुक्लागंज, उन्नाव

**अमृत विचार।** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री द्वारा रबी की फसलों का किसानों को उचित मूल्य दिलाने का कार्य किया है। उसे लेकर किसान आन्दोलन के उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष ने कहा कि इसी तरह यूपी के किसानों को भी रबी की फसल का मूल्य मिले। इसके लिये वह सीएम योगी से मुलाकात करेंगे।

किसान आन्दोलन के उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष अजय अनमोल ने बताया कि 11 जून को बम्बई में महाराष्ट्र, गुजरात, राजस्थान, मध्य प्रदेश, गोवा व दमन 6 राज्यों की बैठक महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की पहल पर किसानों को रबी की फसलों के उचित मूल्य दिलाने के लिये हुई थी। जिसमें रबी की फसलों में जमीनी स्तर पर अध्ययन के अनुसार वास्तविक आने वाली कृषि लागत और जलवायु परिवर्तन के कारण किसानों के आकस्मिक नुकसान आदि को दृष्टिगत रखते हुये कृषि लागत तय कर उचित कीमतों की सिफारिश के सम्बन्ध में विचार-विमर्श किया गया। देश में पहली बार महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री और कृषि मंत्री ने किसानों के हित में नई पहल शुरू की है। जिसका उत्तर प्रदेश के किसान स्वागत करते हैं। उन्होंने बताया कि जलवायु परिवर्तन के कारण कभी-कभी दो-दो वर्षो की बरसात एक दिन में हो जाती है। जिससे किसानों का भारी नुकसान होता है लेकिन यह नुकसान कृषि लागत में नहीं जुड़ता क्योंकि कृषि लागत एवं मूल्य आयोग के लिए बनाये गए नियम कानून में इसका प्रावधान नही है।

- **महाराष्ट्र की तर्ज पर यूपी में भी किसानों को मिले लाभ**

# युवक को लाठी डंडों से पीटा रिपोर्ट दर्ज

**शुक्लागंज, उन्नाव।** गंगाघाट कोतवाली के पिंडोखा गांव में पुरानी रंजिश को लेकर कुछ युवकों ने एक युवक को लाठी डंडों से मारा पीटा। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

पिंडोखा गांव निवासी इरफान ने बताया कि वह खेतों में बकरी चराने गया था, तभी गांव के रहने वाले अभिषेक, साहिल व अन्य उसे रोक कर गाली गलौज करने लगे। जिसका उसने विरोध किया। विरोध करने पर सभी ने उसे लाठी डंडों से मारा पीटा। जिससे उसे चोटें आई। घायलावस्था में वह गंगाघाट कोतवाली पहुंचा और पुलिस से शिकायत की। पुलिस ने घायल को मेडिकल के लिये भेजा और आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की है।

# विधायक ने की पहल, बचा रहेगा कुआं

अमृत विचार प्रभाव

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

**अमृत विचार।** सदर विधायक पंकज गुप्ता की पैरवी पर नगर पालिका ईओ ने मुबारिज नगर मोहल्ला स्थित शिवपाल सिंह यादव वाली गली में प्राचीन कुआं को बंद करने वालों को चेतावनी दी।

दोपहर 12 बजे राज गुप्ता, राकेश दीक्षित, हरिशंकर मिश्रा, धर्मेंद्र गुप्ता, अभिषेक श्रीवास्तव, शिवम, गुड्डू दीक्षित, राजू गुप्ता, शैलेंद्र कुमार, नीरज तिवारी, ब्रजभूषण सिंह, चंद्र प्रकाश, सचिन गुप्ता, रवि वाजपेयी, संदीप वाजपेयी, मुकुंद वाजपेयी, प्रशांत पांडेय, मनोज निगम, हजारी लाल गुप्ता व पवन चौरसिया समेत दो दर्जन से अधिक मोहल्ला व क्षेत्रवासियों ने आईबीपी चौराहा से गुजर रहे सदर विधायक को समस्या बताई। विधायक ने ईओ से फोन पर वार्ता कर मौके पर जाकर स्थिति देख फरियादियों की समस्या का समाधान कराने को कहा। ईओ ने मौके पर जाकर बंद किए जा रहे कुएं को देखा।





सदर विधायक पंकज गुप्ता से मुलाकात करते मुबारिज नगर के बाशिंदे।



100 साल से अधिक पुराना कुआं बंद कराने से लोगों में नाराजगी

रविवार के अंक में छपी खबर।

### फरियाद लेकर भटकते रहे

**उन्नाव।** कुएं का अस्तित्व बचाने को परेशान लोगों ने डीएम को फोन मिलाया तो फोन उठाने वाले ने एडीएम (न्यायिक) या एसडीएम सदर को शिकायती पत्र देने की सलाह दी। लेकिन एडीएम (न्यायिक) विकास सिंह के आवास पहुंचने पर संबंधित लोगों को 12 बजे के बाद कलक्ट्रेट स्थित कार्यालय में शिकायत करने की सलाह देकर चलता कर दिया गया। वह कई जगह गए लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई।

अव्यवस्था

मंडी परिसर में किसानों, मजदूरों व व्यापारियों को मिलने वाली सुविधाओं की हो रही अनदेखी

# लाखों का राजस्व देने वाली नवीन मंडी के शौचालय बदहाल

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

**अमृत विचार।** नवीन मंडी परिसर में किसानों, मजदूरों व व्यापारियों को मिलने वाली सुविधाओं की निरंतर अनदेखी हो रही है। जहां सार्वजनिक शौचालय में गंदगी पड़ी है। वहीं शौचालयों में ताला लगा दिया गया है। इन हालात में किसानों व व्यापारियों को खुले में शौच जाना पड़ रहा है। इसके बाद भी मंडी के अधिकारी स्थिति को जानकर अनजान बने हुए हैं।

बता दें कि शहर स्थित नवीन मंडी में रोजाना करोड़ों रुपये का टर्नओवर होने के बाद भी व्यवस्थाएं बदहाल हैं। थोक फल व सब्जी, अनाज विक्रेता मंडी में रोज नवाबगंज, बिछिया, मंगतखेड़ा, शुक्लागंज, माखी, परियर, सफीपुर सहित हरदोई, लखनऊ व कानपुर नगर सहित आसपास के जिलों के किसान व व्यापारी अपनी उपज या व्यापार करने आते हैं। इससे मंडी में सैकड़ों किसानों की आवाजाही बनी रहती है। मंडी समिति द्वारा किसानों को सार्वजनिक शौचालय की सुविधा मुहैया कराने के लिए दो शौचालय परिसर में बनाए गए हैं। पहला शौचालय मंडी परिसर के किनारे पानी की टंकी के पास है वहीं दूसरा मंडी के मेनगेट के पास बना है। दोनों शौचालय देखरेख के अभाव में गंदगी के भेंट चढ़ गए हैं। हाल यह हैं कि कारोबार के लिए आये किसान व अन्य लोग लघुशंका के लिए शौचालय में आते हैं और इसकी बदहाल हालत देख लौट जाते हैं। शौचालयों की सफाई न होने से जीर्णशीर्ण अवस्था में पड़े हुए हैं। साथ ही समिति द्वारा शौचालयों में ताला लगा दिया गया है। जिससे किसान व व्यापारी खुले में शौच जाने को मजबूर हैं। जिन किसानों की उपज उसी दिन नहीं बिक पाती उन्हें अगले दिन तक मंडी में रुकना पड़ता है। ऐसे में किसानों के सामने ठहरने से लेकर शौचालय जाने व स्नान करने तक की समस्या खड़ी हो जाती है। कई मजदूर व किसान मजबूरन स्नान करने के लिए हैंडपंप का सहारा लेते हैं।

वहीं, शौचालयों में फैली गंदगी से किसान, व्यापारी व मजदूरों को बाहर का रुख करना पड़ता है। कई बार किसानों व व्यापारियों को शौचालयों व स्नानागार में आ रही समस्या की शिकायत जिम्मेदार अधिकारियों-कर्मचारियों से कर चुके हैं। इसके बाद भी समस्या का निस्तारण नहीं हो रहा है। इस बात को लेकर किसानों में अधिकारियों के प्रति रोष पनप रहा है।



नवीन मंडी स्थित शौचालय में लटकता ताला। अमृत विचार

- **साफ सफाई न होने से खुले में शौच जाने को मजबूर व्यापारी व किसान**
- **थोक फल व सब्जी, अनाज मंडी होने से रोजाना बनी रहती है भीड़**

### बोले मंडी समिति के सचिव

मंडी समिति के सचिव सुधीर सिंह ने बताया कि एक शौचालय चालू है। दोनों शौचालयों में कर्मचारी तैनात थे। कुछ व्यापारियों व किसानों द्वारा अभद्रता करने पर वे चले गए हैं। शौचालयों की सफाई कर ताला खुलवाया जायेगा।

### बोले किसान



किसान सुरेंद्र कुमार ने बताया कि मंडी परिसर के दोनों शौचालयों की सफाई कराकर उन्हें किसानों के लिए खुलवाना चाहिए। जिससे किसानों को शौचालय के लिए बेवजह परेशान न होना पड़े। वहीं, रात रुकने वाले किसानों व मजदूरों को भी नहाने की सुविधा मुहैया हो सकेगी।



किसान राकेश ने बताया कि मंडी में सफाई के अभाव में शौचालयों में भारी गंदगी है। इससे किसानों-मजदूरों को हैंडपंपो पर लाइन लगाकर स्नान व शौच के लिए पानी लेना पड़ता है। जब तक इनकी सफाई नहीं होगी तब तक किसानों के लिए मुसीबत है।

# संदिग्ध परिस्थितियों में मिला खलासी का शव

**उन्नाव।** सदर कोतवाली अंतर्गत सरिया लादने आए ट्रक के खलासी का केबिन में शव मिलने से हड़कंप मच गया। पुलिस ने जहर की आशंका के चलते बिसरा सुरक्षित किया गया है। हरदोई जिला के थाना कछौना के पूरब खेड़ा हथौड़ा गांव निवासी सतीश (40) पुत्र रामऔतार ट्रक में खलासी था। चालक शकील ने बताया कि वह दोनों सदर कोतवाली के मगरवारा चौकी स्थित रिमझिम फैक्टरी में सरिया लादने आया था। पोस्टमार्टम में शराब मिलने के साथ ही जहर भी मिला है। मौत का सही कारण स्पष्ट न होने से विसरा सुरक्षित किया गया है। वह हरदोई के बिलग्राम के गांव कटरी परसोला निवासी बहन बहन लक्ष्मी पत्नी सुधीर के साथ रहता था। करीब सात साल से वह अपने घर नहीं गया था। मोटर मालिक कानपुर निवासी सतीश के आने के बाद परिजन शव लेकर चले गए। पुलिस जांच करने में जुटी हुई है।

सोऽस्य दोषो न मन्तव्य: क्षमा हि परमं बलम्।
क्षमा गुणों ह्यशक्तानां शक्तानां भूषणं क्षमा॥

क्षमा तो वीरों का आभूषण होता है। क्षमाशीलता कमजोर व्यक्ति को भी बलवान बना देती है और वीरों का तो यह भूषण ही है।

## संपादकीय

# कूटनीतिक सफलता

हाल ही में इटली में संपन्न हुआ जी-7 सम्मेलन में भारत बतौर अतिथि शामिल हुआ था। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का इटली का प्रवास ऐसे समय पर हुआ जब भारत में एक सप्ताह पहले तक चुनावी प्रक्रिया का अंतिम चरण चल रहा था और सरकार बनाने की प्रक्रिया चल रही थी। देश में सरकार बनने के बाद प्रधानमंत्री ने इस समारोह में हिस्सा लिया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री मोदी ने जी-7 के सदस्य देशों (अमेरिका, ब्रिटेन, फ्रांस, इटली, जर्मनी, कनाडा व जापान) के राष्ट्राध्यक्षयों से मुलाकात कर भारत के हित के संबंध में चर्चा कर समर्थन की मांग की। इसे भारत का कूटनीतिक कदम भी कहा जा सकता है। ऐसा इसलिए कहा जा सकता है कि इस मौके पर भारत ने कनाडा और चीन के तनावपूर्ण संबंधों पर अपनी बात रखी और पूर्व में उनके द्वारा की गई भारत विरोधी गतिविधियों पर जी-7 सदस्यों का ध्यानाकर्षण भी किया। गौरतलब है कि कुछ महीने पहले कनाडा ने भारत पर कनाडा की धरती पर एक खलिस्तानी आतंकवादी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या का आरोप लगाया था,जबकि अमेरिका ने दूसरे खालिस्तानी आतंकवादी गुरपतवंत सिंह पन्नू की हत्या की साजिश रचने का आरोप लगाया था। भारत ने आम तौर पर दोनों आरोपों को सिरे से खारिज किया। हालांकि अमेरिका के आरोपों की जांच के लिए एक कमेटी भी बनाई है, लेकिन शिखर सम्मेलन में मोदी का निमंत्रण जी-7 और उसके प्रतिद्वंद्वियों, विशेष रूप से चीन के बीच उभरती आर्थिक दौड़ में भारत की भूमिका का संकेत है।

सम्मेलन में भारत ने हिन्द प्रशांत क्षेत्र में शांति के लिए चीन को चेताने का काम किया तो साथ ही भारत-मध्य पूर्व-यूरोप आर्थिक गलियारे यानि आईएमईसी पर भी जिन नेताओं से मिले उन सभी से विचार विमर्श किया। भारत ने इस गलियारे में ज्यादा से ज्यादा देशों को शामिल करने का प्रयास किया। सच तो यह है कि भारत और अमेरिका ने चीन के न्यू सिल्क रोड यानी बेल्ट एंड रोड के जवाब में ही आईएमईसी बनाने का प्रारूप तैयार किया है। गौरतलब है कि गत वर्ष भारत में सितंबर में जी-20 सम्मेलन आयोजित हुआ था। इस अवसर पर भारत ने अमेरिका, सऊदी अरब एवं यूरोपीय देशों के नेताओं से मिलकर पर एशिया-पर्सियन गल्फ और यूरोप के देशों को जोड़ने के एक अति महत्वाकांक्षी आर्थिक गलियारे की योजना की घोषणा कर दी। बहरहाल जी-7 में भारत ने अपने हितों को अन्य देशों के साथ अवसर तलाशने का प्रयास तो किया ही, साथ ही तीसरी बार सरकार बनाने वाले नेता ने भारतीय लोकतंत्र की गरिमा का एहसास भी कराया। इसलिए प्रधानमंत्री मोदी द्वारा जी-7 की बैठक में शामिल होने को उनकी कूटनीतिक सफलता माना जा सकता है।

# वनाग्नि से खतरे में 'हरा सोना'



प्रयाग पाण्डे
वरिष्ठ पत्रकार

इस साल उत्तराखंड के जंगलों में वनाग्नि की एक हजार से अधिक घटनाएं घट चुकी हैं, जिसमें डेढ़ हजार हेक्टेयर से ज्यादा वन क्षेत्र प्रभावित हुआ है। वनाग्नि में नौ लोगों की जानें चली जाने की खबरें हैं।

दो दिन पहले कुमाऊं के बिनसर अभयारण्य के जंगल में लगी आग को बुझाने जा रहे आठ वन कर्मियों में से चार की आग में झुलस कर दुःखद मृत्यु और चार वन कर्मियों के गंभीर रूप से ज़ख्मी हो जाने के बाद उत्तराखंड सरकार और वन महकमे की यकायक नींद खुल गई है। उत्तराखंड सरकार ने वन विभाग के एक वन संरक्षक और एक डीएफओ को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। कुमाऊं के मुख्य वन संरक्षक को प्रमुख वन संरक्षक (हॉफ) के कार्यालय में संबद्ध करने के आदेश दे दिए हैं।

बिनसर अभयारण्य के जंगल की आग पर काबू पाने के लिए वायु सेना की मदद ली जा रही है। 14 जून को वायु सेना के एमआई-17 हेलीकॉप्टर ने भीमताल की झील से पानी लेकर बिनसर के जंगल में छिड़काव किया। आग पर काबू पाने का काम अब भी अनवरत जारी है। इधर प्रदेश के अन्य क्षेत्रों के कई जंगल अभी भी दावानल की चपेट में हैं। इस साल उत्तराखंड के जंगलों में वनाग्नि की एक हजार से अधिक घटनाएं घट चुकी हैं जिसमें डेढ़ हजार हेक्टेयर से ज्यादा वन क्षेत्र प्रभावित हुए हैं। वनाग्नि में नौ लोगों की जानें चली जाने की खबरें हैं। आग बुझाने में दर्जनों लोग जख्मी हुए हैं। उत्तराखंड के वन अतीत में भी धधकते रहे हैं। यहां के जंगलों में हर साल आग लगने की घटनाएं होती हैं। किसी वर्ष वनाग्नि की घटनाएं कम होती हैं। किसी साल अधिक। जंगलों का जलना मानो नियति-सी बन गई है। पहाड़ के जंगलों में आग लगना एक स्थायी समस्या मान लिया गया है।

इस वर्ष लंबे वक्त से बारिश नहीं होने से मौसम बेहद शुष्क है। तेज हवाएं चल रही हैं। इससे आग की मारक क्षमता बढ़ गई है। नतीजतन जंगल बारूद के ढेर की तरह आग में धधक रहे हैं। आमतौर पर हर तीसरे और चौथे साल बाद वनाग्नि का प्रकोप अधिक होता है, लेकिन इस साल दावानल ने जबरदस्त तांडव किया है। पहाड़ के जंगलों में हर साल लगने वाली आग की तपिश वन विभाग की कुंभकर्णीय निंद्रा को नहीं तोड़ पाई। जंगलों में लगने वाली आग की घटनाओं को वन विभाग ने कभी भी गंभीरता से नहीं लिया। जंगलों में हर साल आग लगती है। आग की तपिश खत्म हो जाने के बाद वन महकमा आग लगने के कारणों की सतही जांच के बाद नुकसान का मामूली आकलन कर दावानल के मामलों को दाखिल दफ्तर कर देता है। बदकिस्मती यह है कि जंगलों में आग लगने का मुद्दा पहाड़ में राजनीतिक चिंता का विषय नहीं बन पाया।



अलग राज्य के वजूद में आने के बाद उत्तराखंड में उच्च स्तरीय वन अधिकारियों की संख्या तो क्रमश: बढ़ती चली गई, लेकिन जमीनी स्तर के कर्मचारियों की संख्या में कोई इजाफा नहीं हुआ है। वन महकमे के पास वनाग्नि से निपटने के लिए दक्ष जमीनी कर्मचारियों की कमी है। आधुनिक उपकरणों का अभाव है। आज भी परंपरागत तरीके से टहनियों से ही आग बुझाई जाती है, जो सुरक्षा की दृष्टि से बेहद खतरनाक काम है।

दरअसल उत्तराखंड के जंगलों के साथ अंग्रेजी हुकूमत के दिनों से ही अच्छा सलूक नहीं हुआ। तब उत्तराखंड की वन संपदा को 'हरा सोना' मानकर यहां के जंगलों का जमकर शोषण हुआ। आजादी के बाद भी यहां के वन और वन संपदा का व्यावसायिक दोहन थमा नहीं। वनों की सुरक्षा और विकास के पुख्ता इंतजाम करने के बजाय अव्यावहारिक वन कानूनों के जरिए जनता और जंगलों की दूरी पहले के मुकाबले कई गुना अधिक बढ़ा डाली गई। अलग उत्तराखंड राज्य बनने के बाद सियासी नजरिए से यहां के वनों का खूब प्रचार हुआ। यहां के कुछ नेतागण वनों के एवज में 'ग्रीन बोनस' की भी मांग करते रहे हैं। पहाड़ की सियासत में 'जल, जंगल, जमीन' सर्वदलीय और सार्वभौमिक नारा है। यहां की सियासत इन्हीं मुद्दों के इर्द-गिर्द घूमती रहती है। पर इनकी असल हकीकत से सभी नावाकिफ हैं। इनकी असलियत जानने-समझने की इच्छा शक्ति भी दिखलाई नहीं देती है। अलग राज्य के वजूद में आने के बाद जल, जंगल और जमीन को संरक्षित रखने की दिशा में ईमानदार पहल नहीं हुई। परिणामस्वरूप ये मुद्दे सियासी नारे से आगे नहीं बढ़ पाए।

अलग राज्य के वजूद में आने के बाद उत्तराखंड में उच्च स्तरीय वन अधिकारियों की संख्या तो क्रमशः बढ़ती चली गई, लेकिन जमीनी स्तर के कर्मचारियों की संख्या में कोई इजाफा नहीं हुआ है। वन महकमे के पास वनाग्नि से निपटने के लिए दक्ष जमीनी कर्मचारियों की कमी है। आधुनिक उपकरणों का अभाव है। आज भी परंपरागत तरीके से टहनियों से ही आग बुझाई जाती है, जो सुरक्षा की दृष्टि से बेहद खतरनाक काम है। वन विभाग में फील्ड स्टॉफ की कमी के चलते वन संपदा की खूब चोरी होती है। उत्तराखंड का वन महकमा वनीकरण के नाम पर हर साल करोड़ों रुपए खर्चता है। दावानल के बाद कथित वृक्षारोपण के सबूत भी जल कर नष्ट हो जाते हैं। वनीकरण के कथित दावों की पुष्टि नहीं की जा सकती है।

बेशक अंग्रेजी राज में पहाड़ के जंगलों का व्यावसायिक रूप से खूब दोहन हुआ, लेकिन तब जंगलों की सुरक्षा का भी समुचित ध्यान रखा जाता था। ब्रिटिश शासनकाल में गांव के मुखिया को 'पधान' कहा जाता था। पधान की राजस्व, फौजदारी सहित अनेक जिम्मेदारियां तय थीं। आजादी के बाद 'पधान' का पदनाम बदल गया। 'पधान' अब ग्राम प्रधान हो गए हैं। ब्रिटिश शासनकाल में पधानों की अपनी ग्राम सभाओं के प्रति कुछ निश्चित जिम्मेदारियां थीं। कानूनी रूप से उनके कुछ दायित्व तय थे जिनका उन्हें हर हाल में निर्वहन करना होता था। आज कल के ग्राम प्रधान अंग्रेजी राज में उन्हें सौंपे गए दायित्वों से मुक्त होकर विशुद्ध ठेकेदार की भूमिका में आ गए हैं।

अंग्रेजी हुकूमत के दौरान 24 अगस्त,1910 को जारी शासनादेश संख्या-1765/1-148 द्वारा पधानों और मालगुजारों की जिम्मेदारियां तय की गईं थीं। इस शासनादेश के बिंदु संख्या-21 में कहा गया था- "यदि कोई व्यक्ति बंद जिला जंगलों या शाही जंगलों में आग लगाए या कायदों के खिलाफ पेड़ों को काटे, पेड़ों की टहनियां छिले अथवा बिना कानूनी इजाजत जंगलात की पैदावार को बेचे या बेचने को ले जाए तो पधान इसकी रिपोर्ट पटवारी या जंगलात के मुलाजिम को देगा।''इसी शासनादेश के बिंदु संख्या-22 में कहा गया था कि- ''उसके (पधान) गांव के नजदीक के किसी संरक्षित बंद सिविल जंगल या शाही जंगल में अगर आग लग जाए तो वह (पधान) फौरन गांव वालों को इकट्ठा कर आग बुझाने जाएगा। जब किसी जंगलात के मुलाजिम द्वारा उसे आग बुझाने को बुलाया जाता है तो वह (पधान) आग बुझाने में में वन कर्मियों की मदद करेगा।"

आज जबकि वन विभाग ही अपने दायित्वों के प्रति लापरवाह बना हुआ है तो ऐसी सूरत में ग्राम प्रधानों से कोई उम्मीद करना बेमानी है। कुछ दिन बाद बरसात आ जाएगी। वर्षा होते ही वनाग्नि शांत हो जाएगी। अगले साल की गर्मियों तक जंगल की आग का मुद्दा भी हमेशा की तरह ठंडे बस्ते में चला जाएगा। बरसात में जंगलात विभाग फिर वनीकरण करेगा। अगली गर्मियों में पुनः वनीकरण वनाग्नि की भेंट चढ़ जाएगा। यह कहानी वर्षों से दोहराई जाती रही है। आगे भी जारी रहेगी।

## प्रसंगवश

# नीतीश और नायडू

240 सांसदों की अल्पमत वाली भारतीय जनता पार्टी ने केंद्र में नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सरकार का गठन कर लिया है। यह सरकार दो विशिष्ट बैसाखियों पर टिकी है, जो हैं 12 सांसदों वाली नीतीश कुमार की जनता दल (यूनाइटेड) और 16 सांसदों वाली चन्द्रबाबू नायडू की तेलगू देशम पार्टियां। कुछ और लघु सहायक भी हैं। ऐसा लगता था कि इस समर्थन के बदले ये दोनों कोई बड़ी सौदेबाजी करेंगे, किंतु अब तक जो तस्वीर सामने आई है, उसके अनुसार तो इनके हाथ झुनझुना ही लगा है। दोनों को मामूली विभाग वाला एक-एक कैबिनेट और एक-एक राज्यमंत्री ही हाथ लग पाया है। आगे की तस्वीर अभी धुंधली है। दोनों के नेता बेजोड़ पलटीमार फिर ऐसा दब्बूपन क्यों? नीतीश की तो मजबूरियां स्पष्ट हैं। उनका बिहार का मुख्यमंत्री पद ही भाजपा के भरोसे है। अब राजद की ओर पलट कर जाने का विकल्प बंद सा है, क्योंकि पिछले दिनों नीतीश भाजपा की शरण में आए ही इसलिए थे कि तेजस्वी खुद मुख्यमंत्री बनने की जोड़ तोड़ कर रहे थे। आगे 2025 में बिहार विधानसभा चुनाव भी हैं और स्थिति कमोवेश ऐसी ही रहनी है। नीतीश का अपना पूर्ण बहुमत न कभी रहा है और न आएगा, किंतु मुख्यमंत्री वे बनना चाहेंगे। ऐसे में मोदी की कृपा ही उनका बेड़ा पार लगाएगी, जिसे वे सार्वजनिक रूप से पैर छूकर अर्जित कर रहे हैं। केंद्र में जो पद मिल गए, वे 'भागे भूत की लंगोटी' के समान और काफी हैं। अतः वे झुके बने रह सकते हैं। हालांकि चन्द्रबाबू नायडू के साथ ऐसी मजबूरी नहीं है। उनकी आंध्र में अपने बलबूते की सरकार है। तब वे इतनी कम उपलब्धि पर मान जाएं, यह बहुत कठिन है। राजग में थे तो वे पहले भी,किंतु घात लगते ही उसे छोड़ दिया था। अभी स्पीकर चुनाव पर उहापोह है। समझा जाता है कि नायडू इस कुंजी-पद पर अपनी पार्टी का आदमी बिठाना चाहते हैं। अब यदि इस मुद्दे पर बात न बनी, तो दरार जरूर पड़ेगी। एक बीच का रास्ता भी ढूंढा जा रहा है। वह यह कि भाजपा सांसद डी.पुरंदेश्वरी को इस आसन पर बिठा दिया जाए। वे चन्द्रबाबू की साली हैं। उनके नाम पर तो वे सहमति जता ही देंगे। बहरहाल आगे का घटनाचक्र देखने लायक होगा।



रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

# प्रबंधन को अपनाकर वर्षा जल का करें संरक्षण



डा. खलील खान
कृषि विज्ञान केंद्र, कानपुर

हमारे पास उपलब्ध जल का 70 प्रतिशत उपयोग कृषि कार्य में होता है। अत: हमारी जिम्मेदारी भी अधिक है कि वर्षा जल के संरक्षण के साथ-साथ जल के प्रबंधन एवं सिंचाई दक्षता को अपनाना होगा।

हमारा देश कृषि आधारित है। आज भी 70 प्रतिशत जनसंख्या कृषि पर आधारित है और कृषि आधारित जल पर जिसमें 70 प्रतिशत सिंचाई भूजल के भरोसे है। इसके लिए हमें सबसे पहले वर्षा जल को संरक्षित करने भूगर्भ जल बढ़ाने हेतु रिचार्ज बढ़ाने जल स्रोतों का पुनरुद्धार करना होगा,क्योंकि यह सत्य है कि बिन पानी सब सून।

उत्तर प्रदेश में आगरा, बुलंदशहर, फिरोजाबाद, हाथरस, मैनपुरी, मेरठ, मुजफ्फरनगर, सहारनपुर, शामली, संभल, अमरोहा, जौनपुर, प्रतापगढ़, कानपुर नगर एवं कानपुर देहात आदि जनपदों में भूजल संकट निरंतर बढ़ता जा रहा है। जल एवं वायु से ही जलवायु का अस्तित्व है। जलवायु परिवर्तन में जल की समस्या को बढ़ाया है। वनों की कमी पृथ्वी की जल संग्रह संरक्षण क्षमता पर प्रतिकूल असर डालता है,परंतु यदि हम खेती की ऐसी तकनीकी अपनाए,जो जलवायु के लिए मददगार हो वह जल की मात्रात्मक एवं गुणात्मक दोनों का सुधार होगा। अभी देश में ज्यादातर सिंचाई डूब प्रणाली के तहत की जाती है। विशेषता नहरी क्षेत्रों में खेतों को लबालब भर दिया जाता है।

पौधों को पानी देने हेतु ड्रिप एवं स्प्रिंकलर प्रणाली को अपनाकर हम "पर ड्रॉप मोर क्रॉप" को सिद्ध कर सकते हैं। कम पानी चाहने वाली फसलों को बढ़ावा देने की आवश्यकता है। ऐसी फसल प्रणाली अपनाना होगा कि खेत की नमी का पूरा उपयोग हो और फसलों की सिंचाई की क्रांतिक अवस्थाएं जानकर सिंचाई करनी होगी। हमें जल उपयोग प्रबंधन के साथ जल संरक्षण के ऐसे प्रबंधन अपनाने होंगे जिससे गांव के पानी को गांव क्षेत्र में तथा खेत का पानी खेत में रोका जा सके। गांव व खेत के तालाबों को इस लायक बनाना होगा कि उसमें एकत्र होने वाला पानी संरक्षित बना रहे। जुलाई-अगस्त-सितंबर में वर्षा जल के संरक्षण प्रबंधन की जन जागरूकता हेतु विश्वविद्यालय एवं कृषि विज्ञान केन्द्रों द्वारा समय-समय पर कृषक भाइयों तक तकनीकी पहुंचाने का कार्य किया जा रहा है।

भूजल से सिंचाई करने के बजाय वर्षा के पानी का उपयोग क्षमता व प्रबंधन बढ़ाना होगा। शुष्क तथा अर्ध शुष्क क्षेत्रों में आज भी आजीविका मुख्य साधन वहां की जल जमीन एवं जंगल तथा जानवर पर निर्भर है प्रकृति का स्वरूप विकृत हुआ है,क्योंकि आबादी बढ़ने के साथ आवश्यकताएं भी बढ़ी हैं। इन सब संसाधनों एवं उपायों को कारगर बनाने हेतु हमें 3 माह जुलाई, अगस्त और सितंबर में जल संरक्षण एवं रिचार्ज के प्रबंधन को अपनाना होगा,जो वर्षा हो उसकी हर बूंद को अपने खेत क्षेत्र (जलागम क्षेत्र) में संरक्षित करने का प्रबंधन अपनाना होगा। हमारा विश्वविद्यालय जल एवं भूमि संरक्षण के कारगर उपाय हेतु दृढ़ संकल्पित है। हमारे पास उपलब्ध जल का 70 प्रतिशत उपयोग कृषि कार्य में होता है। अतः हमारी जिम्मेदारी भी अधिक है कि वर्षा जल के संरक्षण के साथ-साथ जल के प्रबंधन एवं सिंचाई दक्षता अपनाना होगा। जल संरक्षण हेतु तकनीकी प्रबंधन में रबी फसलों की कटाई के बाद खेत की गहरी जुताई करना,कटी मेड़ों को बांधना, हरी खाद की बुवाई आदि कार्य के साथ जल संरक्षण हेतु "मोटी मेड़ छोटे खेत" का प्रबंधन अपनाना होगा।

विश्व में खेती में इस्तेमाल होने वाली जमीन 52 प्रतिशत से अधिक जल अपवाह के प्रबंधन सही न होने पर छरित होती है। वर्तमान में पर्यावरण से जुड़ी सभी समस्याओं में से भारत के लिए सबसे चिंताजनक एवं चुनौतीपूर्ण है। खेती में जल प्रबंधन में क्षेत्र आधारित जल की उपलब्धता विशेष जलवायु को विशेष फसल पद्धति सूक्ष्म सिंचाई, टपक सिंचाई व बौछारई को अपनाना होगा जिसमें हर बूंद पानी का प्रयोग होता है। देश में जल की कमी से अधिक जल के प्रबंधन की आवश्यकता है जिसको हमारे कृषि विज्ञान केंद्र व विश्वविद्यालय गांव-गांव, खेत-खेत तक तकनीकी पहुंचाने में कार्य कर रहे है। माह जुलाई-अगस्त-सितंबर के 90 दिन का प्रबंधन भू जल स्तर को ऊपर उठा सकता है। तालाब,पोखर भरे रहेंगे,खेतों में नमी संरक्षित रहेगी,परंतु तीन माह जल संरक्षण पर सतर्क रहना है। यदि हम वर्षा जल को संरक्षित कर ले तो पूरे देश-प्रदेश में जलस्तर बढ़ने के साथ-साथ जल उपलब्धता सुनिश्चित रहेगी।

## सोशल फोरम

# भाषा की सामाजिक संरचना

आजकल दिमाग अजीबोगरीब बातों से उलझा करता है। अब यही देखिए, जो बात करने चला था उसके पहले इस 'अजीबोगरीब' पर उलझ गया। 'अजीब' और 'गरीब' दोनों फरसी मूल से हैं। इनका ठीक-ठीक पर्याय मूल हिंदी या त्तासम का कोई शब्द नहीं मिला। 'विचित्र' को पर्याय नहीं कह सकते। बहरहाल या दूसरी बात है। 'अजीबोगरीब' को लेकर मन में सवाल उठा कि 'अजीब' होने का 'गरीब' होने से क्या संबंध है?

क्या अजीब होने के लिए गरीब होना अनिवार्य है? या गरीब को अजीब मान लेने का रिवाज है? यह 'गरीब' बेचारा वाले अर्थ में प्रयुक्र गरीब नहीं है, जो अंग्रेजी के 'पूअर फेलो' के बदले आता है, लेकिन इसमें 'अजीब' को हिंदी के 'विचित्र के समानार्थक के रूप में देखा जा सकता है फिर भी इसमें 'गरीब' वाली ध्वनि छूट जाती है। इस पर ध्यान इसलिए गया कि अक्सर हम लोग मुस्लिम समाज को भेदभावरहित समझ लेते हैं। हालांकि जहां भी मनुष्य समाज में संगठित है और कम या ज्यादा विकास कर रहा है, वह स्तरों की संरचना से बाख नहीं सकता। बादशाह और उसका बावर्ची, दरबारी और उनके दर्जी-धोबी, सैनिक और साईस एक नहीं हैं, न समान हैं। रानियां भी एक सामान नहीं होतीं। बेशक,उनमें भारत या जापान की तरह छुआछूत का भेद नहीं है, लेकिन स्वामी और सेवक का भेद है।

इसलिए 'अजीब' और गरीब' को जोड़कर बनाया गया शब्द अभिजन का दृष्टिकोण व्यक्त करता है। भाषा की संरचना सामाजिक संरचना को ही व्यक्त करती है। मन में बात उठी कि 'समतल' का विलोम क्या होगा? किसी ने कहा 'खुरदुरा',लेकिन वह तो 'चिकना का विलोम ज्यादा सटीक लगता। बहुत सोचने के बाद लगा, अगर सम-विषम का विलोम हटा है तो समतल का विलोम विषमतल क्यों नहीं हो सकता?



अजय तिवारी
वरिष्ठ लेखक, नई दिल्ली

यह सिर्फ कौतुक नहीं है। अपनी भाषा के विभिन्न पहलुओं पर सोचने-विचारने की साझा कोशिश है। इसलिए आपसे बात की मान लीजिए कि बोलचाल की सरल भाषा में कहें तो जमीं बराबर हाउ या नहीं है। क्या इस बराबर नहीं को 'गैरबराबर' कहा जा सकता है?

-फेसबुक वॉल से

# पतंगबाजी, यमुना और गंगा दशहरा



प्रो. जगदीश्वर चतुर्वेदी
कोलकाता

पतंगबाजी पुरानी संस्कृति के सबसे बेहतरीन रूपों में से एक है। पतंग उड़ानी है तो पेंच भी लड़ाने होंगे। उसमें जो आनंद होता था, पतंग काटने या कटने, पतंग लूटने का जो मजा था, वह आनंद मोबाइल कल्चर, वह ट्यूब कल्चर में नहीं है। पतंगबाजी की प्रतिस्पर्धा के अपने मजे थे। उसमें शानदार एडवेंचर था। खास तरह की प्रतिस्पर्धा थी। उसके बारे में आजकल के युवाओं के पास कोई अनुभव नहीं है। पतंग कल्चर का युवाओं के जीवन से गायब होने का अर्थ है संस्कृति के स्वत: स्फूर्त अनुभव का अंत।

कल गंगा दशहरा था और गूगल वाला पितृ दिवस भी। विलक्षण संयोग था पतंगबाजी का महोत्सव था। मैं मथुरा में हूं। पिता से वायदा किया था कि उनकी अनुपस्थिति में जितना संभव हो, मैं अपने मथुरा घर पर रहूं। उनके देवी-देवताओं की सेवा-अर्चना करूं। उनके साथ किए वायदे को मैं यथाशक्ति निभाता हूं।

इस दिन का मथुरा का पुराना अनुभव और यथार्थ कहां और कैसे गायब हो गया यह अपने आप में चिंता की बात है। इस दिन शहर की सारी छतें पतंग उड़ाते युवाओं से सारे दिन भरी रहती थीं। छतों की रौनक देखने लायक होती थी। पतंगबाजी के सामान की दुकानें कई सप्ताह पहले से भरी रहती थीं। दशहरे के आगमन के पहले से पतंगें आकाश को घेरे रहती थीं। पतंग बेचने वालों के लिए यह अवसर बहुत बड़ा दिन होता था। पिछले कई दिनों से मैं बाजार जा रहा हूं, पर पतंग बेचने वाले दुकानदारों की दुकानों पर रौनक नहीं दिखी।

आकाश पतंगों से रहित था। छतों से पुरानी रौनक गायब है। पतंग उड़ाते और पतंग का सामान खरीदते बच्चे गायब थे। यह सब क्यों और कैसे हुआ, इस पर सोचने का किसी के पास समय नहीं है। हम सब इतने व्यस्त और प्रगतिशील हो गए हैं कि अपने लोक जीवन के आनंद के क्षय को न तो समझते हैं और न समझाने की कोशिश करते हैं। पतंग अब इतनी कम क्यों उड़ती है? पहले क्यों अधिक उड़ती थी? इस सवाल का उत्तर खोजने जाएंगे तो पाएंगे कि हमारे जीवन से, खासकर युवाओं के जीवन से मनोरंजन और आनंद के पुराने रूप एक सिरे से गायब हो गए हैं। इसके कारण युवाओं में सांस्कृतिक अभाव पैदा हुआ है। पतंग की संस्कृति सांस्कृतिक सद्भाव की संस्कृति थी। पतंग मुसलमान कारीगर बनाते थे वे ही माजा बनाते थे। उन कारीगरों की सालभर की जिंदगी के संचालन में इस कारोबार की बड़ी भूमिका थी।

पता नहीं किस अदृश्य हाथ ने पतंगबाजी को बर्बाद कर दिया। पतंगबाजी ने युवा वर्ग में सामुदायिकता और स्थानीयता का संगम पैदा किया था। हिन्दू-मुस्लिम सद्भाव पैदा किया था। गंगा-जमुनी संस्कृति की पहचान थी पतंगबाजी। पतंगबाजी के क्षय का अर्थ है गंगा-जमुनी संस्कृति और युवाओं की धर्मनिरपेक्ष सामुदायिक चेतना का क्षय। इस क्षय को संभव बनाने में कई चीजों की भूमिका है। नव्य आर्थिक संस्कृति ने जिस तरह की युवा संस्कृति पैदा की है,उसने युवा संस्कृति के पुराने रूपों को एक सिरे से ध्वस्त किया है। इसने युवाओं को पुराने सांस्कृतिक रूपों, पुरानी युवा सामुदायिकता से एकदम विच्छिन्न किया है। अब युवा वास्तविक जीवन में पतंगबाजी करके आनंद नहीं लेता, बल्कि अब उसका मन तकनीक और इंटरनेट केन्द्रित संस्कृति और उपभोक्ता संस्कृति के रूपों में अधिक रमता है। ये सभी रूप युवाओं को संस्कृतिहीन बनाते हैं। संस्कृतिहीन युवा सामाजिक शिरकत और धर्मनिरपेक्ष चेतना से वंचित है और अपनी संस्कृति से प्रेम करना नहीं जानता। इस युवा का समाज से संबंध टूट चुका है।

पतंगबाजी पुरानी संस्कृति के सबसे बेहतरीन रूपों में से एक है। पतंग उड़ानी है तो पेंच भी लड़ाने होंगे। उसमें जो आनंद होता था, पतंग काटने या कटने,पतंग लूटने का जो मजा था,वह आनंद मोबाइल कल्चर,वह ट्यूब कल्चर में नहीं है। पतंगबाजी की प्रतिस्पर्धा के अपने मजे थे। उसमें शानदार एडवेंचर था। खास तरह की प्रतिस्पर्धा थी। उसके बारे में आजकल के युवाओं के पास कोई अनुभव नहीं है। पतंग कल्चर का युवाओं के जीवन से गायब होने का अर्थ है संस्कृति के स्वतः स्फूर्त अनुभव का अंत। उस स्टिंक्ट फीलिंग का अंत जो सदियों के श्रम से समाज ने विकसित की थी।

यही दशा यमुना की है। मेरा घर यमुना किनारे है। गंगा दशहरा के दिन जबरदस्त भीड़ होती थी। लाखों लोग यमुना में डुबकी लगाने के लिए मथुरा आते थे। शहर के रहने वाले यमुना में नहाने आते थे, लेकिन अब शहर के लोग नहाने नहीं आते। यमुना गंदे पानी से भरी पड़ी है। गंदगी, यमुना और धर्म का इस तरह का संगम सिर्फ भारत में ही संभव है। यमुना की पवित्रता के प्रति इस तरह की अवहेलना का भाव इस बात का संकेत है कि धर्म, धार्मिक प्रतीकों और नदियों की स्वच्छता पवित्रता के क्षय को लेकर समाज, राजनीति, उद्योग जगत, सत्ता तंत्र में कोई सचेतनता नहीं है। यह धर्म के क्षय का आदर्श रूप है, जो हमारे सामने है।

सवाल यह है कि नदियों में गंदगी देखकर जनता में क्रोध पैदा क्यों नहीं होता, जबकि जनता धार्मिक है! पवित्र नदियों का प्रदूषित रूप इस बात का प्रतीक है कि धर्म प्रदूषित हो रहा है। धर्मचेतना का क्षय हो रहा है। क्या यह हमारी लोकतांत्रिक चेतना के क्षय की सूचना तो नहीं है?

# बुजुर्गों में बढ़ती सामाजिक असुरक्षा

इलाहाबाद हाईकोर्ट की एक केस की सुनवाई के दौरान टिप्पणी आई है कि "हमारे देश में बच्चों से बुजुर्ग पेरेंट्स की देखभाल की अपेक्षा की जाती है, लेकिन नैतिक मूल्यों में इस कदर गिरावट आई है कि जिन बच्चों के लिए पेरेंट्स इतना त्याग करते हैं वही बच्चे बुढ़ापे में उन्हें खाने और मोहब्बत के लिए तरसा रहे हैं। कई मामलों में बच्चे पेरेंट्स से संपत्ति ले लेने के बाद उन्हें छोड़ देते हैं। यह बहुत ही दुखद है कि और नैतिक मूल्यों में गिरावट का प्रतीक है"। भारत में बुजुर्गों की सामाजिक सुरक्षा का अनुसंधान कर रहे एनजीओ हेल्पेज की हाल में जारी रिपोर्ट के अनुसार बुजुर्गो में सामाजिक और आर्थिक असुरक्षा तेजी से बढ़ रही है। देश में मात्र 29 प्रतिशत बुजुर्गों को ही सामाजिक सुरक्षा योजनाएं जैसे बुढ़ापा पेंशन, भविष्य निधि योजना का लाभ मिल रहा है।

नेशनल हेल्थ सर्वे की ताजा रिपोर्ट बताती है कि पिछले 5 वर्षों में जहां 15 वर्ष से कम आयु वाले बच्चे उत्पत्ति में 2 प्रतिशत की गिरावट देखने को मिली है। वहीं 60 से अधिक आयु के बुजुर्गों की संख्या 10 प्रतिशत से बढ़कर 12 प्रतिशत हो गई है। आंकड़ों के अनुसार इनमें से 70 प्रतिशत, कोई काम नहीं कर रहे हैं और यह अपने परिवारों पर या मिलने वाली पेंशन पर ही आश्रित हैं। हमारी नवगठित सरकार की जिम्मेदारी है कि कल्याणकारी राज्य की अवधारणा को ध्यान में रखकर कल्याण की योजनाओं में वृद्धि करें, क्योंकि सामाजिक सुरक्षा एक पारंपरिक अवधारणा है। इसमें गरीबी, बुढ़ापे, बीमारी आदि के खिलाफ जोखिम और असुरक्षा के दौरान सुरक्षा देने के उद्देश्य शामिल हैं। पुरानी पेंशन बहाली, पेंशन में इजाफा, भविष्य निधि योजना में ब्याज में बढ़ोतरी, हेल्थ इंश्योरेंस प्रीमियम दरों में कमी, रेलवे में कोविड से पहले मिलने वाली किराए की छूट, कुछ ऐसे मुद्दे हैं, जिन पर तुरंत ध्यान देने की जरूरत होगी ताकि बुजुर्ग अपने को असुरक्षित महसूस न करें।



संजीव मेहरोत्रा
बरेली

# मुख्यमंत्री ने प्रधानों की 10 प्रमुख मांगें मानीं

## प्रधान संगठन ने की मुख्यमंत्री से मुलाकात, लंबित घोषणाओं को पूरा करने की मांग

कार्यालय संवाददाता,बांदा


लखनऊ में मुख्यमंत्री से मुलाकात करते प्रधान संगठन के पदाधिकारी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** राष्ट्रीय पंचायती राज ग्राम प्रधान संगठन प्रतिनिधि मंडल ने लखनऊ में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात करते हुए ज्ञापन सौंपकर ग्राम पंचायतों के विकास और उन्हें सशक्त बनाने के लिए नीति निर्धारण प्रकोष्ठ बनाने की मांग की। साथ ही सूबे की 12 हजार छोटी ग्राम पंचायतों के विकास के लिए अलग से धनराशि दिए जाने का अनुरोध किया। संगठन के ज्ञापन पर योगी सरकार ने 10 प्रमुख मांगे मानते हुए सहयोग का भरोसा दिलाया।

संगठन राष्ट्रीय संयोजक डा.अखिलेश सिंह की अगुवाई में प्रतिनिधि मंडल ने मुख्यमंत्री से लखनऊ में मुलाकात करते हुए ज्ञापन सौंपा। प्रतिनिधि मंडल द्वारा सौंपे गए 10 सूत्रीय ज्ञापन पर मुख्यमंत्री ने सभी मांगे मान ली। राष्ट्रीय संयोजक ने कहा कि प्रदेश को एक ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था बनाने में प्रदेश के सभी ग्राम प्रधान पूरी मेहनत से जुटकर काम करेंगे। इसके लिए सरकार से अधिक धनराशि की आवश्यकता पड़ेगी। देश के लगभग 100 करोड़ ग्रामवासियों तथा 2.50 लाख ग्राम प्रधानों को साथ लिये बगैर भारत को विकसित राष्ट्र बनाया जाना संभव नहीं है। ग्राम पंचायतों को ग्रोथ इंजन के रूप में विकसित किए जाने का अनुरोध किया। उन्होंने कहा कि सीएम से मिलने के बाद फेस स्कैन आइडेंटीफिकेशन से होने वाली समस्या के बारे में अवगत कराया। इस पर मुख्यमंत्री ने तत्काल दूर कर दिया। गया है। कहा कि मनरेगा का भुगतान सीधे ग्राम पंचायत को दिया जाएगा। जनपद स्तर पर जिला योजना समिति का गठन किया जाएगा। उस समिति में उसे जिले के दो प्रधानों को शामिल किया जाएगा और जनपद के जिला मजिस्ट्रेट और पुलिस अधीक्षक संयुक्त रूप से हर 3 महीने में प्रधानों के साथ बैठक करेंगे।. यह तीन घोषणाएं अभी अधूरी है। जिनका स्मरण मुख्यमंत्री को हम लोगों ने कराया है. कुछ मांगे भी हम लोगों ने रखी है, जिनमें ग्राम पंचायत को जो भी काम दिए जाए उसके लिए उसे काम का अलग से बजट दिया जाए और बजट और काम करने के जो तरीके हैं. वह तय करने के लिए एपीसी के अध्यक्षता में कमेटी बने जिसमें प्रधान शामिल हो संगठन के लोग शामिल हो और जो भी 17 विभागों के विभाग अध्यक्ष उसमें शामिल हो। संगठन प्रदेशाध्यक्ष डा.ललित शर्मा ने बताया कि राज्य की योगी सरकार ने प्रधानों की 10 प्रमुख माँगें पूरी कर दी हैं। देश में सर्वाधिक मानदेय उत्तर प्रदेश के प्रधानों को मिल रहा है। कल्याण कोष गठित करने वाला यूपी देश का प्रथम राज्य बन गया है।

### प्रधान, सचिव व पंचायत सहायक के चेहरे से होगा भुगतान

पंचायत गेटवे पोर्टल में जिओ टैगिंग तथा पंचायत सहायक के चेहरे की फोटो के माध्यम से ग्राम सचिवालय में स्थापित कंप्यूटर सिस्टम से पंचायतों के सभी प्रकार के भुगतान किए जाने की व्यवस्था में संशोधन किया गया है। इस व्यवस्था के अंतर्गत अब ग्राम प्रधान, सचिव व पंचायत सहायक के चेहरे से भी भुगतान किया जाएगा। पिछले आदेश के अनुसार गेटवे पोर्टल से केवल पंचायत सचिव के चेहरे से भुगतान किया जा सकता था। अब ग्राम प्रधान, सचिव और पंचायत सहायक के चेहरे से भी विकास कार्यों का भुगतान किया जा सकेगा।

### ग्राम प्रधानों ने मुख्यमंत्री का जताया आभार

महुआ ब्लाक ग्राम प्रधान संगठन अध्यक्ष विनीता ओमप्रकाश त्रिपाठी समेत जिले भर के ग्राम प्रधानों ने राष्ट्रीय पंचायती राज ग्राम प्रधान संगठन की मांगों पर मुख्यमंत्री द्वारा हरी झंडी दिए जाने पर आभार जताया है। कहा है कि केंद्र और प्रदेश सरकार के सहयोग से गांव का भरपूर विकास होगा। गांव के लोगों को मूलभूत सुविधाएं आसानी से मिलेंगी। प्रदेश को एक ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था बनाने में प्रदेश के सभी ग्राम प्रधान पूरी मेहनत से जुटकर काम करेंगे।

# फांसी की रस्सी टूटी तो मुख्य आरक्षी ने चाकू से काट लिया गला, मौत

कार्यालय संवाददाता, उरई (जालौन)

**अमृत विचार।** जालौन के कैलिया थाने में तैनात मुख्य आरक्षी का शव संदिग्ध हालात में थाने के अंदर बने सरकारी आवास में मिलने से पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया। पुलिस जब मौके पर पहुंची तो कमरे में खून से लथपथ शव मिला। पुलिस प्रथम दृष्टया आत्महत्या मान रही है। मुख्य आरक्षी कन्नौज जिले का रहने वाला था, उसके परिजनों को सूचना भेजी गई है।


वीरेंद्र सिंह।

पुलिस के अनुसार कैलिया थाने के सरकारी आवास पर मुख्य आरक्षी वीरेन्द्र सिंह के आत्महत्या करने की खबर पुलिस को मिली। पुलिस जब मौके पर पहुंची तो वहां पंखे से फांसी का फंदा लटकता मिला। जबकि खून से लथपथ शव बगल में पड़ा था। मामले की सूचना पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों को दी। मौके पर पहुंचे अधिकारी प्रथम दृष्टया इसे आत्महत्या मान रहे हैं। लेकिन सभी पहलुओं पर जांच की जा रही है। पुलिस के अधिकारियों ने घटना की सूचना मृतक के परिजनों को भेज दी है। पुलिस का कहना है कि आरक्षी वीरेन्द्र सिंह ने कमरे में पंखे से रस्सी बांधकर गले में फांसी लगाई थी मगर रस्सी बीच से टूट जाने के बाद आरक्षी वीरेन्द्र सिंह ने चाकू से अपनी गर्दन पर प्रहार कर आत्महत्या की है। थानाध्यक्ष ने बताया कि आत्म हत्या के कारण का पता लगाने के लिए टीम का गठन किया गया है।

- कैलिया थाने में तैनात था आरक्षी वीरेन्द्र सिंह

### कन्नौज के पदारसपुर का रहने वाला था मुख्य आरक्षी

थानाध्यक्ष राजीव कुमार बेस ने बताया कि मुख्य आरक्षी वीरेंद्र सिंह कन्नौज जनपद के पदारसपुर गांव के निवासी थे। 1995 में आरक्षी के पद पर पुलिस में भर्ती हुए थे, उनके दो लड़के व एक लड़की है। जो गांव में रहते हैं। पिछले एक साल से उसकी जालौन में तैनाती थी।

### जांच कर रहे हैं



रविवार सुबह सूचना मिली कि कैलीया थाने के एक आरक्षी का शव उनके कमरे में मिला है, सभी अधिकारी मौके पर पहुंचे। देखने से पता चला कि एक रस्सी कमरे में लगे पंखे से लटक रही थी और उसी रस्सी का कुछ हिस्सा आरक्षी के गले में लगा हुआ था, बीच से रस्सी टूटी हुई मिली है, जिससे अनुमान लगाया जा रहा है कि उसने पहले पंखे से लटक कर आत्म हत्या करने का प्रयास किया और रस्सी के टूट जाने के बाद सब्जी काटने वाली चाकू से गले में वार किया, जिससे खून के रिसाव से मृत्यु हो गई। उन्होंने कहा की प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है, फिर भी फोरेंसिक टीम घटना स्थल की जांच कर रही है।

– डॉ. ईरज रजा, एसपी, जालौन

# अनियंत्रित ट्रैक्टर पलटने से किशोर की गई जान

संवाददाता, पहाड़ी (चित्रकूट)

- नाबालिग चला रहा था ट्रैक्टर नियंत्रण खोने से हुआ हादसा

**अमृत विचार।** नाबालिग चालक ने ट्रैक्टर से नियंत्रण खो दिया और वाहन पलट गया। इससे एक 15 वर्षीय किशोर की मौत हो गई। पुलिस ट्रैक्टर के मालिक और चालक का पता कर रही है। पहाड़ी थाना प्रभारी रीता सिंह ने बताया कि जल्द ही गिरफ्तारी की जाएगी।

जानकारी के अनुसार, थाना पहाड़ी के अंतर्गत परसौंजा गांव निवासी प्रिंसू (15) उर्फ छोटू पुत्र मनराखन उर्फ कल्लू आरख गांव के पास तालाब से मिट्टी खोदाई के लिए गया था। उसके साथ गांव के दो अन्य लोग भी थे। बताया जाता है कि ट्राली में मिट्टी लोड करके ये सभी लोग लौट रहे थे। ट्रैक्टर एक नाबालिग चला रहा था। कुछ ही दूर चलाने के बाद वाहन से नाबालिग चालक ने नियंत्रण खो दिया। इससे ट्रैक्टर ट्राली समेत पलट गया। प्रिंसू गिरकर ट्राली के नीचे आ गया और उसकी मौके पर मौत हो गई।

घटना की सूचना पर प्रभारी निरीक्षक रीता सिंह पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। मृतक की मां कमला देवी का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। प्रिंसू दो भाइयों में छोटा था। पिता मनराखन मेहनत मजदूरी कर परिवार का पेट पालता है। दुर्घटना के बाद से चालक व मालिक फरार हैं। प्रभारी निरीक्षक रीता सिंह ने कहा कि आरोपियों को शीघ्र ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा। तहरीर के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

### नाबालिग धड़ल्ले से चलाते हैं वाहन

पूरे जिले में नाबालिग वाहनों को चलाते नजर आ जाएंगे। गांवों में जहां इन नौसिखिए किशोरों को ट्रैक्टरों की स्टेयरिंग थमा दी जाती है, वहीं शहरों में ई-रिक्शा और टेंपो-टैक्सी में भी नाबालिग चालक धड़ल्ले से बेखौफ होकर चला रहे हैं। पुलिस अभियान तो चलाती है पर इसका असर नहीं पड़ता।

# आसमान से बरसी आग, 6 लोगों की मौत

कार्यालय संवाददाता, महोबा

**अमृत विचार।** भीषण गर्मी और बरस रही आग के चलते रविवार को तापमान 45.6 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया। वहीं बढ़ते तापमान और गर्म हवाओं की चपेट में आने से छह की मौत हो गई।

बुंदेलखंड पठारी क्षेत्र होने के कारण यहां पर पहाड़ों की तपन से गर्मी का असर बढ़ जाता है यही वजह है कि जिले में तापमान 45 डिग्री के पार पहुंच गया है लोग गर्मी से बुरी तरह झुलस रहे है। जिला अस्पताल में आज कल गर्मी और लू से पीड़ित मरीजों की भारी भीड़ जुट रही है। शनिवार को कोतवाली चरखारी के ग्राम बमरारा निवासी दयाराम 70 को लू लग जाने के कारण जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां पर उनकी मौत हो गई। इसी तरह गांधीनगर निवासी रैकवार लू लगने पर जिला अस्पताल पहुंचे थे उन्हें डॉक्टर ने भर्ती कर लिया बाद में उनकी मौत हो गई। थाना खारेला के ग्राम कुंआ निवासी जानकी 40 ,रतौली पुरवा निवासी हरि 35, रूपरानी की भी लू की चपेट में आने से मौत हो गई वहीं कुलपहाड़ निवासी विनोद 36 की भी लू लगने से मौत हो गई। अधिकारियों ने लोगों से शासन की गाइड लाइन का पालन करने की अपील की है।

### दो लोगों की मौत, परिजनों ने लू से जान जाने की जताई आशंका

**राजापुर/बरगढ़ (चित्रकूट)।** भीषण गर्मी और लू से लोगों की जान पर बनी है। दो लोगों की अचानक तबीयत बिगड़ी और जब तक इनको अस्पताल ले जाया जाता, सांसें थम गईं। परिजनों ने लू से मौत की आशंका जताई है। राजापुर थानांतर्गत रगौली निवासी भईयन (26) पुत्र छत्रपाल निषाद अपने मामा के अंतिम संस्कार में शामिल होने पत्नी सीमा के साथ साइकिल से रविवार को रायपुर जा रहा था। परिजनों के अनुसार सुबह 10 बजे उसकी राजापुर के पास वह गश खाकर वहीं गिर पड़ा। सीएचसी में उसे डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। उसके तीन छोटे-छोटे बच्चे हैं। पत्नी सीमा और मां का रो रोकर बुरा हाल रहा। एसओ मनोज सिंह ने बताया कि शव को जिला चिकित्सालय भेज दिया गया है। उधर, बरगढ़ निवासी माली बाबा (55) रविवार की दोपहर पशुओं के लिए पानी लेने गए थे। वहां उनकी तबीयत बिगड़ गई और कुछ देर बाद मौत हो गई।

### बांदा में लू की चपेट में आने से दो की मौत

**बांदा।** जिले में हीटवेव कहर ढा रही है। यहां लू की चपेट में आने से 2 लोगों की मौत हो गई। बबेरू कस्बा निवासी गया प्रसाद उर्फ बया प्रजापति (75) पुत्र वृंदा शनिवार को खेत जा रहा था। तभी लू लगने से उसकी हालत बिगड़ गई। घरवालो ने उसे नजदीक स्थित अस्पताल में भर्ती कराया। जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। मृतक के पुत्र रविकुमार ने बताया कि उसका पिता किसानी करता था। लू लगने से उसकी मौत हो गई। **नरैनी प्रतिनिधि** के अनुसार, कोतवाली क्षेत्र के पनगरा गांव में लालाराम (40) पुत्र काशी प्रसाद पूजा पाठ का काम करता था। शनिवार की दोपहर बाद गांव के एक प्राइवेट चिकित्सक से इलाज कराने खुद गया था। चिकित्सक से पीने के लिए पानी मांगा, लेकिन जब तक चिकित्सक अंदर से पानी लेकर लौटा तब तक वह बगैर इलाज कराए वापस घर की ओर निकल आया। अपने घर से कुछ दूर पहले ही बेहोश होकर गिर गया था। मौके पर मौजूद ग्रामीणों ने उठा कर घर पहुंचाया, लेकिन कुछ ही देर में इसकी मृत्यु हो गई। लोगों का कहना है कि लू की चपेट में आने से उसकी मौत हुई है। घटना की जानकारी मिलने पर बिरादरी के लोग मौके पर पहुंचे और अंतिम संस्कार किया है।

### लू के चलते जालौन में अलर्ट घोषित

**उरई (जालौन)।** प्रदेश के मौसम विभाग ने कई जनपदों के लिए रविवार को लू का अलर्ट घोषित किया है। इसमें जालौन जनपद भी है। सुबह 10 बजे से ही सूरज की तपन के साथ ही गर्म हवाएं लोगों को खूब चुभने लगीं। आलम यह रहा कि दिन में 12 बजे के बाद सड़कों पर कुछ जरूरत मंद ही लोग नजर आये। रविवार को भीषण गर्मी के साथ धूप भी चरम सीमा पर कहर बरपाती रही। दिन के समय तो हालत यह हो गयी कि चलने वाली गर्म हवाएं लोगों को खूब चुभीं। लोगों के रोजमर्रा के कामकाज भी प्रभावित हो रहे हैं। वहीं भीषण गर्मी की मार व्यापारी वर्ग को झेलनी पड़ रही है। पटरी दुकानदारों के साथ-साथ दिहाड़ी मजदूर भी परेशान है।

# सैफई की स्टाफ नर्स समेत तीन की दुर्घटना में हुई मौत

संवाददाता सैफई, इटावा

**अमृत विचार।** सैफई के मेडिकल यूनिवर्सिटी में संविदा पर नियुक्त स्टाफ नर्स पिंकी यादव समेत तीन लोगों की एटा में हुए सड़क हादसे में मौत हो गई। जानकारी मिलते ही मेडिकल यूनिवर्सिटी में शोक छा गया। सभी लोग आल्टो गाड़ी से गंगा में अस्थि विसर्जन करके लौट रहे थे।


पिंकी यादव।

रविवार को सुबह 8 बजे सैफई मेडिकल यूनिवर्सिटी में तैनात स्टाफ नर्स पिंकी यादव अपने पति, सास व पुजारी के साथ आल्टो गाड़ी से अपने ससुर स्व महाराज सिंह के अस्थि विसर्जन करके वापस लौट रही थी। बस को ओवरटेक करते समय शिकोहाबाद की तरफ से आ रहे ट्रैक्टर से टकरा गई। जिससे गोविंद (40) पुत्र महाराज सिंह, पिंकी (35) पत्नी गोविंद, पिंकी की सास सरला देवी (60) पत्नी महाराज सिंह निवासीगण नेहरू पैलेस, शिकोहाबाद जनपद फिरोजाबाद, पुजारी गिरीश चंद्र (45) निवासी ढांडरी, सिरसागंज, व पुजारी की भांजी दया पुत्री राकेश निवासी जगदीशपुरा, जिला आगरा घायल हो गए, जिन्हें जिला चिकित्सालय भिजवाया गया। जहां चिकित्सकों ने सास सरला, स्टाफ नर्स पिंकी यादव व पुजारी गिरीश को जांच के बाद मृत घोषित कर दिया।

### हादसे में एक की गई जान

बकेवर थाना क्षेत्र के गांव भवानीपुरा निवासी कपिल कुमार (22) पुत्र पाती राम शनिवार की देर शाम कहीं जाने के लिए अपने गांव को जाने वाली सड़क के सामने हाईवे के किनारे खड़े होकर सवारी का इंतजार कर रहा था। तभी तेज गति से आए किसी वाहन ने उसे टक्कर मार दी। वह गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे की जानकारी मिलने पर लोग एकत्र हो गए और उसे जिला अस्पताल भिजवाया जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

# पांच किशोर गंगा में डूबे, दो की मौत

कार्यालय संवाददाता फतेहपुर

- तीन किशोरों को गोताखोरों ने बचाया, मलवां और सुल्तानपुर घोष क्षेत्र में हुईं घटनाएं

**अमृत विचार।** दो अलग-अलग जगहों पर गंगा नहाने गए पांच किशोर नदी में डूब गए। गोताखोरों की मदद से तीन किशोरों को डूबने से बचा लिया गया। जबकि दो किशोरों के शव नदी से बरामद कर लिये गये हैं। हादसे के बाद ग्रामीणों की भीड़ गंगा नदी घाट पर लगी रही। जबकि मौके पर पुलिस भी पहुंच गई और जांच पड़ताल करती रही।

पहला हादसा मलवां थाना क्षेत्र का है। क्षेत्र के कोराई गांव के रहने वाले संजय सिंह के दो पुत्र हर्षित पटेल (14) व अर्पित पटेल (12) गांव के रहने वाले योगेंद्र के पुत्र अमित (17) के साथ आदमपुर में गंगा नहाने गए थे। नहाते समय गहरे पानी में जाने से हर्षित नदी में डूबने लगा, जिसे बचाने के प्रयास में हर्षित का छोटा भाई और अमित भी डूबने लगे। चीख पुकार सुनकर आसपास मौजूद नाविकों ने किसी तरह अर्पित और अमित को बचा लिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने गोताखोरों की मदद से नदी में डूबे हर्षित पटेल का शव बरामद किया। सूचना पर मौके पर परिजन भी पहुंच गये। एसपी पीआरओ ने बताया कि गंगा नदी में डूबे तीन बच्चों में एक की मौत हुई है और दो को बचा लिया गया।

दूसरा हादसा जनपद के सुल्तानपुर घोष थाना क्षेत्र के खजुरियापुर गांव के रहने वाले राम मौर्य का 17 वर्षीय पुत्र अमन गांव के रहने वाले अपने दोस्त शुभम पुत्र प्रताप 14 वर्ष के साथ सुबह नौबस्ता गंगा घाट नहाने गए थे। नहाते समय अमन गहरे पानी में डूब गया, जिसे बचाने में शुभम भी पानी में डूबने लगा। आसपास मौजूद लोगों ने किसी तरह शुभम को बचा लिया। स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने गोताखोरों की मदद से अमन का शव बरामद किया। सूचना पर मौके पर परिजन भी पहुंच गये। थाना प्रभारी राजेन्द्र त्रिपाठी ने बताया की गंगा नदी में नहाते समय दो लड़के डूब गए थे। जिसमें अमन की मौत हो गई और शुभम को बचा लिया गया है। पुलिस ने मौके पर पहुंच कर जांच पड़ताल की।

### पैंटून पुल के पास गंगा नहा रहीं दो युवतियां डूबी

**फर्रुखाबाद।** गंगा दशहरा पर जनपद फिरोजाबाद से परिवार के साथ गंगा स्नान करने आईं दो युवतियां पैंटून पुल के पास डूब गईं। चीख पुकार सुन एक युवती को वहां मौजूद लोगों ने बचा लिया। कई घंटे की खोजबीन के बावजूद दूसरी युवती का पता नहीं चला। पुलिस की मौजूदगी में गोताखोर उसकी तलाश में शाम तक जुटे रहे। जनपद फिरोजाबाद के थाना उत्तर पूर्व के कैलाश नगर निवासी कुमारी लक्ष्मी बघेल अपनी मां राखी, बड़ी बहन ज्योति, मोहल्ले की सहेली सपना के साथ फर्रुखाबाद आईं थी। रविवार को गंगा दशहरा पर दोपहर में पांचाल घाट गंगा तट पर स्नान को पहुंची। परिजनों के स्नान करने के बाद लक्ष्मी व सपना गंगा नहाने को पैंटून पुल के पश्चिमी छोर की तरफ गई। गहरे पानी में जाने से दोनों डूबने लगी तो सपना को बचा लिया गया लेकिन तब तक ज्योति गहरे पानी में गोते लगाते हुए डूब गई। दोपहर करीब 2 :30 बजे की घटना के बाद शाम तक पुलिस की मौजूदगी में खोजबीन जारी रही लेकिन उसका कुछ पता नहीं चला है।

# खेत में रखी यूरिया खाने से दो गोवंश की गई जान

संवाददाता, बरगढ़ (चित्रकूट)

**अमृत विचार।** संदिग्ध परिस्थितियों में दो गोवंश की मौत हो गई। इसकी जानकारी तीन दिन बाद हुई, जब लोगों ने इनके शव पड़े देखे। पशु चिकित्साधिकारी डा. सुशील कुमार का कहना है कि मामले की जानकारी हुई है। पशुओं का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। इसके बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। ऐसा लगता है कि खेत में रखी यूरिया खाने से दोनों की जान गई है।

सोमवार को लोगों ने सुचेता कालोनी में आश्रम पद्धति विद्यालय के पीछे दो गोवंशों के शव पड़े देखे तो हड़कंप मच गया। इनकी शिनाख्त मुहल्ले के ही दो बाशिंदों के मवेशियों के रूप में की गई। पड़ताल में सामने आया कि दोनों मवेशी पास के खेत में पानी पीने के लिए गए थे और आशंका जताई गई कि वहीं एक बोरी में रासायनिक उर्वरक (यूरिया) रखी था, जिसे खाने से दोनों की मौत हो गई। सूचना पर पहुंचे पशु चिकित्साधिकारी डॉ. सुशील कुमार ने बताया कि पशुओं का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है।

# पत्नी के जहर खाने पर पति ने लगाई फांसी

**धाता, फतेहपुर।** कौशांबी जिले के रामशाहीपुर गांव निवासी महेश पासवान की ससुराल धाता थाना क्षेत्र के डेंडासई गांव में है। परिजनों ने बताया कि महेश की शादी चार वर्ष पूर्व डेंडासई गांव में राधा देवी के साथ हुई थी। राधा का शनिवार को ससुराल में पहुंचे पति से विवाद हो गया था। जिसके बाद राधा ने जहरीला पदार्थ खा लिया था। उसकी हालत गंभीर है। इधर डेंडासई गांव पहुंचे महेश को मामले की जानकारी हुई तो उसने ऐमापुर पेट्रोल पंप के पीछे मोड़ के पास पेड़ पर फंदे से लटक कर जान दे दी।

# राधारानी आदि शक्ति इस पर विवाद न करें

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज


जानकारी देते भानपुरा पीठाधीश्वर स्वामी ज्ञानानंद तीर्थ। अमृत विचार

**अमृत विचार।** बृजमंडल की अधिष्ठात्री देवी राधारानी आदि शक्ति हैं। शक्ति के बिना देवत्व नहीं आता है और देव में देवत्व आदि शक्ति से आता है। इसलिए राधा जी पर बोलने वाले अज्ञानी हैं। इस पर वाद विवाद करना कतई उचित नहीं है। यह बात भानपुरा पीठाधीश्वर स्वामी ज्ञानानंद तीर्थ जी महाराज ने पठकाना में मदन पाठक के आवास पर एक सत्संग के दौरान कही।

रविवार को हरदोई जाते समय वह कुछ देर के लिए यहां रुके और कथावाचक प्रदीप मिश्रा की टिप्पणी के विषय में बोले। उन्होंने कहा कि प्रदर्शन की ओर बढ़ना आवश्यक नहीं है। दर्शन पर ध्यान देने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि बगैर गुरु की सेवा के ज्ञान प्राप्त नहीं होता है। वर्तमान में स्वाध्याय की बहुत जरूरत है। स्वाध्याय की शुद्धता के बिना सर्व अनुग्राही नहीं हो पाती।

उन्होंने कहा कि वनस्पतियां, औषधियां प्राणियों के प्राण का संरक्षण करती हैं। पीठाधीश्वर ने कहा कि कुआ, बावरी, तालाबों की कमी नहीं होनी चाहिए अन्यथा प्राणियों की संख्या घट जाएगी। पं. रामऔतार शर्मा, विजय शंकर पाठक, मदन पाठक जयंत सहित कई लोग उपस्थित थे।


ईद-उल अजहा आज | हाफिज रजा ने बताया कि कुर्बानी के जानवर को तीन हिस्सों में काटा जाता है

# हजरत इब्राहिम दे रहे थे अपने बेटे की कुर्बानी

कार्यालय संवाददाता, महोबा

- नमाज के बाद दी जाती है बकरों की कुर्बानी

**अमृत विचार।** मुस्लिम समुदाय के लोगों के लिए ईद-उल अजहा (बकरीद) त्योहार बहुत खास माना जाता है। इस्लामिक कैलेंडर के मुताबिक यह साल का आखिरी महीना होता है और इस दफा अंग्रेजी कैलेंडर के अनुसार 17 जून को बकरीद का त्योहार मनाया जाना है।


हाफिज राहत रजा।

अल्लाह के बंदे बकरीद के दिन ज्यादातर बकरों की कुर्बानी कराते हैं। बकरीद के दिन नमाज के बाद कुर्बानी का सिलसिला शुरू होता है, जो दोपहर तक चलता रहता हैं। अलाह ने पैगम्बर हजरत इब्राहिम अलैहिस्सलाम से अपने सबसे चहेते और सबसे अजीज की कुर्बानी मांगी, जिस पर हजरत इब्राहिम ने अल्लाह का हुक्म मानते हुए अपने इकलौते बेटे इस्माइल की कुर्बानी देने का फैसला लिया और इसी के चलतें ईद-उल अजहा त्यौहार मनाया जाता है।

हाफिज राहत रजा बताते हैं कि अल्लाह पाक ने हजरात इब्राहिम अलैहिस सलाम से एक बड़े इम्तेहान लिए जिसमें वह कामयाब रहे। सबसे बड़ा इम्तेहान 80 साल की उम्र में पैदा हुए बेटे हजरत इस्माइल अलैहिस सलाम के बारह साल के होने पर देना पड़ा। उम्र के अंतिम पड़ाव में हुए बेटे की पैदाइस से हजरत इब्राहिम से बहुत प्यार करते थे। मगर अल्लाह ताला ने उस प्यारे बेटे को अल्लाह की राह में कुर्बानी देने का हुक्म दे दिया। पैगम्बर हजरत इब्राहिम अलैहिस सलाम अल्लाह पर सबसे ज्यादा एहतमात करते थे और अल्लाह पर भरोसा दिखाते हुए अपने बेटे इस्माइल की कुर्बानी देने का फैसला लिया। जैसे ही उन्होंने अपने बेटे को जिवा करने के लिए छुरी चलानी चाही तो बेटे ने कहा कि अब्बू जान छुरी चलने से पहले आंख में पट्टी बांध लें ताकि छुरी चालते समय हाथ न कांपे। तब हजरते इब्राहिम अलैहिस सलाम ने आंख में पट्टी बांध ली और अपने बेटे को जिबा करने के लिए छुरी चलाई, तभी अल्लाह के हुक्म से उनके बेटे की जगह जन्नती दुंबा (भेड़) लेट गया और उस भेड़ को इब्राहिम ने बेटा समझकर अल्लाह के हुक्म से कुर्बान कर दिया और अल्लाह के इस इम्हितान में हजरत इब्राहिम पास हो गए। तबसे बकरीद के दिन इसलिए बकरे, भेड़ व अन्य जायज जानवर की कुर्बानी दी जाती है।

हाफिज रजा ने बताया कि कुर्बानी के जानवर को तीन हिस्सों में काटा जाता है., पहला भाग मिस्किनों, गरीबों में को दिया जाता है, दूसरा हिस्सा दोस्तों और रिश्तेदारों तथा बचा हुआ तीसरा हिस्सा कुर्बानी कराने वाले का परिवार खाता है। उन्होंने कुर्बानी का महत्व बताते हुए कहा कि हजरत इब्राहीम से जो असल कुर्बानी मांगी गई थी वह उनकी खुद की थी, यानी कि खुद को भूल कर अपने एशो आराम को भुलाकर लोगों की मदद करो और हर जायज काम को करने में जुट जाओ। कहा कि हजरत इब्राहिम ने अपने बेटे इस्माइल और अपनी बीबी हाजरा को मक्का भेज दिया, लेकिन मक्का में उस समय रेगिस्तान के सिवा कुछ नहीं था। इस तरह एक रेगिस्तान में बसना उनकी और उनके पूरे परिवार की कुर्बानी थी।


## सार-संक्षेप

### पिता और पुत्र पर धारदार हथियार से किया हमला

**कन्नौज।** घर की चहारदीवारी गिराने का विरोध करने पर हमलावरों ने तिर्वा पुलिस चौकी के निकट बुजुर्ग व उसके शिक्षक पुत्र को धारदार हथियार से घायल कर दिया। घर की महिलाओं को भी पीटा। पीड़ित ने नामजद समेत कई अज्ञात लोगों के खिलाफ पुलिस को तहरीर दी है। तिर्वा कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला जवाहर नगर निवासी 65 वर्षीय महेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि उनका घर पुलिस चौकी के निकट है। रविवार को सुबह सवा आठ बजे पड़ोसी व उनके परिचित आठ-नौ लोग गिरोह बनाकर घर में आ गए। आते ही उत्तर साइड में दीवार तोड़ने लगे। जब इसका विरोध किया तो धारदार हथियार से हमला बोल दिया। महेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि उनके सिर में गंभीर चोटे आईं हैं। शिक्षक अर्पित सागर के चेहरे पर भी हथौड़ा से हमला बोलने पर चोट लग गई। महेंद्र ने बताया कि इसके अलावा छोटे भाई की बहू कल्पना यादव को भी पीटा, जिससे उनके भी चोटें आईं। पुलिस को सूचना देने के बाद हमलावर भाग गए।

### सेवानिवृत्त शिक्षक की नहाते समय नदी में डूबने से मौत

**राजापुर (चित्रकूट)।** सेवानिवृत्त शिक्षक की यमुना में नहाते समय डूबकर मौत हो गई। तीरमऊ निवासी सेवानिवृत्त शिक्षक राजाराम दुबे (70) प्रतिदिन की भांति रविवार सुबह लगभग आठ बजे यमुना नदी में स्नान करने गए थे। बताया जाता है कि नहाते समय उनका पैर फिसल गया और वह गहरे पानी में चले गए। प्रभारी निरीक्षक मनोज सिंह, उप निरीक्षक कन्हैयालाल, बीट सिपाही उज्जवल पांडेय ने ग्रामीणों एवं गोताखोरों की मदद से कई घंटों बाद यमुना नदी से शव को बाहर निकाला। बिलखते परिजनों ने बताया कि उन्होंने शादी नहीं की थी और दस वर्ष पहले प्रधानाध्यापक के पद से सेवानिवृत होकर अपने भाइयों के परिजनों के साथ जीवन बिता रहे थे। प्रतिदिन यमुना नदी में स्नान करने के बाद शिव मंदिर में घंटों पूजा अर्चना करने की दिनचर्या थी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। उधर, उप जिलाधिकारी प्रमोद झा ने बताया कि गाइड लाइन के अनुसार परिजनों को आर्थिक सहायता दी जाएगी।


राजाराम दुबे।

# नियामक आयोग में 18 जून को दाखिल होगी याचिका

## ग्रामीण फीडर को शहरी करने की कार्रवाई का विरोध

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार।** ग्रामीण फीडरों को शहरी घोषित करने की कार्रवाई के खिलाफ उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद की ओर से 18 जून को विद्युत नियामक आयोग में अवमानना याचिका दाखिल की जाएगी। परिषद ने उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन को विधिक गलतियों से आगाह करते हुए फैसला वापस लेने की मांग की।

उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा ने बताया कि बीते जनवरी-फरवरी में कॉरपोरेशन के निदेशक मंडल की बैठक में शहरों के निकट के ग्रामीण फीडरों को शहरी घोषित करने का निर्णय लिया गया है। उस समय प्रदेश में निर्धारित समय सारिणी के अनुसार



बिजली आपूर्ति करने की व्यवस्था लागू थी, पर अब उपभोक्ता अधिकार नियम 2020 के तहत सभी को 24 घंटे बिजली आपूर्ति का आदेश है। मुख्यमंत्री की ओर से भी इसकी घोषणा की गई है। उन्होंने कहा कि इस मामले को ऊर्जा मंत्री व मुख्यमंत्री के संज्ञान में भी लाया जाएगा।

उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र व कृषि क्षेत्र के लिए प्रदेश सरकार लगभग 14,000 करोड़ की सब्सिडी देती है। इसी कारण ग्रामीण क्षेत्रों की बिजली दरें कम रहती हैं। ग्रामीणों से शहरी दर से बिजली वसूलना सरकार की नीति का बड़ा उल्लंघन है। विद्युत वितरण संहिता-2005 में स्पष्ट तौर पर परिभाषित किया गया है कि ग्रामीण क्षेत्र अधिनियम की धारा 14 के अधीन प्रदेश सरकार के जरिये घोषित क्षेत्र ग्रामीण क्षेत्र माना जाएगा। ग्रामीण फीडर का वही अर्थ होगा जैसा कि आयोग के टैरिफ आदेश में है। ऐसे में पावर कॉरपोरेशन ग्रामीण क्षेत्र को शहरी क्षेत्र बताकर ग्रामीणों में शहरी दरों से बिजली बिल वसूल नहीं कर सकता है।

### ग्रामीण क्षेत्रों की बिजली महंगी करना असहनीय

- कांग्रेस नेता राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी ने ग्रामीण क्षेत्र के उपभोक्ताओं से शहरी दर पर बिजली बिल लेने के प्रस्ताव का कड़ा विरोध किया है। उन्होंने कहा कि पावर कॉरपोरेशन की ओर से ग्रामीणों के लिए दो रुपये प्रति यूनिट महंगी बिजली किये जाने की तैयारी उन पर असहनीय सरकार 'वार' है। उन्होंने कहा कि इस समय भीषण गर्मी व लू में प्रदेश की जनता बिजली आपूर्ति में खामियों के कारण त्राहि-त्राहि कर रही है। प्रदेश भर में अभूतपूर्व बिजली कटौती के साथ गरीब उपभोक्ताओं के बिजली के कनेक्शन काट दिये जा रहे हैं।

## सरकार निषाद समाज के लिए चला रही हैं कई योजनाएं

**अंबेडकरनगर।** रविवार को निषाद पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व कैबिनेट मंत्री डॉ. संजय कुमार निषाद जनपद के दौरे पर रहे। इस दौरान उन्होंने अकबरपुर स्थित सर्किट हाउस में संवाददाताओं से रूबरू हुए। उन्होंने कहा कि केंद्र और प्रदेश की सरकार राज्य में निषाद समाज के विकास व उत्थान के लिए विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाएं चला रही है, जिससे कि आर्थिक और सामाजिक रूप से पिछड़े हुए निषाद समाज को विकास की मुख्य धारा से जोड़ा जा सके।

उन्होंने कहा कि प्रदेश में मुख्यमंत्री के नेतृत्व में मछुआ समाज के हित में कई योजनाएं चलाई जा रही हैं जैसे कि निषाद राज बोट योजना, मुख्यमंत्री मत्स्य संपदा योजना व मछुआ कल्याण कोष की भी स्थापना की जा चुकी है। जिसके अंतर्गत मछुआ समाज को चिकित्सा लाभ, शिक्षा लाभ, मछुआ आवास जैसी विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं को शामिल किया गया है।

# दो दिन दौड़ेंगे 13 जिलों के अभ्यर्थी

कार्यालय संवाददाता, अयोध्या

- अग्निवीर की भर्ती रैली 24 से 30 जून तक, एक व दो जुलाई को मेडिकल परीक्षण

**अमृत विचार।** अयोध्या में अग्निवीर भर्ती रैली 24 से 30 जून तक चलेगी। पहले दो दिन यानि 24 व 25 जून को 13-13 जिलों के अभ्यर्थियों को बुलाया गया है। भारत सरकार की रक्षा शाखा से जारी पत्र के अनुसार भारतीय सेना भर्ती रैली के लिए डोगरा रेजिमेंटल सेंटर ग्राउंड को तैयार किया जा रहा है। एक और दो जुलाई का दिन मेडिकल परीक्षण के लिए आरक्षित किया गया है। 24 जून को अग्निवीर ट्रेड्समैन (10वीं पास), अग्निवीर ट्रेड्समैन (8वीं पास) की श्रेणी और 25 जून को अग्निवीर कार्यालय सहायक/एसकेटी अग्निवीर तकनीकी श्रेणी के लिए एआरओ अमेठी के तहत सभी 13 जिलों के लिए यानी अंबेडकर नगर, अमेठी, अयोध्या, बस्ती, कौशांबी, कुशी नगर, महाराजगंज, प्रयागराज, रायबरेली, प्रतापगढ़, सुल्तानपुर, संत कबीर नगर और सिद्धार्थ नगर के लिए भर्ती रैली होगी।

**जनरल ड्यूटी की श्रेणी के लिए 26 से भर्ती रैली** : 26 को अंबेडकर नगर, बस्ती और महाराजगंज के लिए, 27 को कुशीनगर, कौशांबी, संत कबीर नगर और सिद्धार्थ नगर के लिए, 28 को सुल्तानपुर और प्रयागराज के लिए, 29 को प्रतापगढ़ और अमेठी के लिए, 30 को अयोध्या और रायबरेली के लिए अग्निवीर जनरल ड्यूटी के लिए भर्ती रैली होगी। एक और दो जुलाई को मेडिकल परीक्षण के लिए दिन आरक्षित होगा।

### ऐसे होगी भर्ती प्रक्रिया

- रैली में फिजिकल फिटनेस टेस्ट (पीएफटी) होगा, जिसमें 1.6 किमी दौड़, जिग जैग बैलेंस, 9 फीट डिच और बीम शामिल होगा। जो लोग पीएफटी पास कर लेंगे वे शारीरिक माप परीक्षण (पीएमटी) के लिए आगे बढ़ेंगे, जिसमें उम्मीदवारों की ऊंचाई, वजन और छाती के विस्तार को मापा जाएगा। पीएमटी उत्तीर्ण करने वाले सभी लोग दस्तावेजीकरण के लिए आगे बढ़ेंगे, जिन उम्मीदवारों के दस्तावेज सही पाए जाएंगे, वे मेडिकल जांच के लिए आगे बढ़ेंगे।

### दलालों का शिकार न बनें उम्मीदवार

- खराब मौसम और चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों के बावजूद, रैली अटूट क्षमताओं वाले उम्मीदवारों को आकर्षित करती है। यह इस बात पर जोर देता है कि अपनी अद्वितीय शक्तियों के साथ, आप सभी बाधाओं के खिलाफ विजय प्राप्त करेंगे और सम्मानित भारतीय सेना में शामिल होने के लिए अपनी योग्यता साबित करेंगे। रैली के आधार पर आपकी योग्यताएं निर्णायक कारक होंगी। इसलिए उम्मीदवारों को दृढ़ता से सलाह दी जाती है कि वे किसी भी दलाल के शिकार न बनें। सभी प्रतिभागी अनिवार्य दस्तावेजों के साथ रैली में पहुंचे।

## विवि के असिस्टेंट प्रो. की पत्नी का शव फंदे से लटका मिला

संवाददाता, कुमारगंज, अयोध्या

- दो साल पहले हुई थी शादी, सौ शैय्या अस्पताल में भर्ती कराए बगैर जिला अस्पताल लाए

**अमृत विचार।** कुमारगंज स्थित आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान महाविद्यालय के असिस्टेंट प्रोफेसर अनूप कुमार सिंह की पत्नी नेहा कुमारी (25) का शव कमरे में पंखे से दुपट्टे के सहारे लटका मिला। मामला शनिवार रात 10 बजे का है। पति ने अपने सहयोगियों के साथ आनन-फानन में इलाज के लिए सौ सैय्या संयुक्त चिकित्सालय कुमारगंज पहुंचाया। जहां डॉक्टरों द्वारा इलाज किए जाने से पहले ही प्रोफेसर पति अपनी पत्नी को लेकर जिला अस्पताल चले गये।

अनूप कुमार सिंह निवासी नेहरू नगर, चंदौली की डेढ़ वर्ष पूर्व कृषि विश्व विद्यालय के कॉलेज आफ वेटरनरी में असिस्टेंट प्रोफेसर पद पर नियुक्ति हुई थी। वर्ष 2022 में उनका विवाह नेहा कुमारी पुत्री संजय सिंह निवासी यारपुरा थाना गार्डनीबाग जनपद पटना बिहार के साथ हुआ था। उनके 9 माह का एक बेटा भी है। वह कृषि विश्वविद्यालय के आवास संख्या बी- 87 में परिवार के साथ रहते थे। शनिवार की रात उनकी पत्नी नेहा कुमारी दुपट्टे के सहारे पंखे से लटकी पाई गईं।

बताया जाता है कि थोड़ी देर बाद पति ने जब देखा, तब उन्होंने किसी तरह से नेहा को फंदे से नीचे उतारा और पड़ोस में ही स्थित संयुक्त चिकित्सालय कुमारगंज ले गए। अस्पताल के डॉक्टर अमित ने महिला को इमरजेंसी कक्ष में लाने की बात कही। इतने में कार में सवार तीन लोग महिला को जिला अस्पताल ले जाने की बात कहकर लेकर चले गए थे।

रविवार को क्षेत्राधिकारी सुनील कुमार सिंह, प्रभारी निरीक्षक कुमारगंज रतन सिंह फॉरेंसिक टीम के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने विश्वविद्यालय के प्रभारी सुरक्षा अधिकारी डॉ. एसपी सिंह की मौजूदगी में असिस्टेंट प्रोफेसर के बंद कमरे का ताला तुड़वाकर गहन छानबीन की।

# आकाश आनंद की उपयोगिता को लेकर बसपा में समीक्षा संभव

राज्य ब्यूरो,लखनऊ

- आकाश आनंद की चुनावी सभा के बाद संबंधित सीट पर मिले वोट को बनाया जायेगा आधार

**अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव में बसपा को मिली हार के कारणों में बतौर उत्तराधिकारी चुनावी सभाएं करने वाले नेशनल कोआर्डिनेटर आकाश आनंद की भूमिका भी समीक्षा हो सकती है। देखा जाना है कि उनकी चुनावी सभाओं से संबंधित सीट पर मतदाताओं पर क्या प्रभाव पड़ा। अन्य सीटों की अपेक्षा मत प्रतिशत बढ़ा या नहीं, इसके अलावा मूवमेंट को बढ़ाने में उनकी उपयोगिता कितनी है। हालांकि इस मुद्दे पर पार्टी के पदाधिकारी बोलने को तैयार नहीं है।

लोकसभा चुनाव में उत्तराधिकारी पद हटाए गए आकाश आनंद की भूमिका संबंधी सवाल का जवाब देते हुए बसपा के लखनऊ मंडल प्रभारी व हरदोई सीट के प्रत्याशी रहे भीमराव आंबेडकर ने कहा कि पार्टी प्रत्याशियों को जो मत मिले हैं, वह बसपा के अपने है। जो मायावती के निर्देश पर मिलते हैं। आकाश आनंद को उत्तराधिकारी बनाकर भेजा गया था, वह बसपा प्रमुख के संदेश को ही बढ़ा रहे थे। वर्तमान में मायावती के बराबर पार्टी में या देश में कोई दूसरा नेता नहीं है। साल 2027 में उप्र. विधानसभा चुनाव के संबंध में उन्होंने कहा कि मायावती चार बार मुख्यमंत्री बन चुकी हैं।

इसलिए अब प्रधानमंत्री पद ही मुख्य लक्ष्य है। वहीं प्रदेश अध्यक्ष विश्वनाथ पाल ने कहा कि मायावती का निर्देश ही सर्वोपरि है। मालूम हो कि आकाश आनंद को मायावती ने पार्टी में अपना उत्तराधिकारी घोषित करते हुए नेशनल कोआर्डिनेटर बनाया था। साथ ही उन्हें उप्र.में चुनाव प्रचार की जिम्मेदारी भी थी। पार्टी द्वारा बसपा प्रमुख मायावती के अलावा उनकी सभाएं प्रस्तावित की गईं। तीन चरण के मतदान तक उन्होंने ताबड़तोड़ सभाएं की थी, केंद्र सरकार के साथ अन्य विपक्षी दलों पर जमकर बोले भी थे।

सीतापुर में सभा के दौरान उनके भाषण से रिपोर्ट दर्ज हो गया। जिसके बाद बसपा प्रमुख ने न केवल उनके चुनाव प्रचार पर रोक लगाई बल्कि उत्तराधिकारी व नेशनल कोआर्डिनेटर पद से भी हटा दिया था। चुनाव के परिणाम आ चुके हैं, हार के कारणों की समीक्षा के साथ ही भविष्य की रणनीति पर मंथन करने को बैठकें हो रहीं हैं।

मायावती 23 जून को चुनाव के हार कारणों को लेकर समीक्षा बैठक करेंगी। बैठक में सभी मंडल प्रभारी व सेक्टर प्रभारी द्वारा तैयार रिपोर्ट पर चर्चा होगी। पूरे देश के पदाधिकारी इस बैठक में बुलाए गए हैं।

### एनडीए-इंडी गठबंधन एक हुए

लखनऊ मंडल प्रभारी भीमराव आंबेडकर ने कहा कि देश में दलित व कमजोर लोगों की सर्वमान्य नेता मायावती को व बसपा के मूवमेंट को रोकने के लिए इस लोकसभा चुनाव में दोनों (एनडीए व इंडी )गठबंधन एक हो गए। दोनों ने मिलकर दलितों के अधिकार को खत्म किया है। उनकी यह लड़ाई जारी रहेगी। दलितों को भी अधिकार है कि उनका नेता प्रधानमंत्री हो। लेकिन, दलित विरोधी ताकतें एकजुट हैं।

## तीन दशक के बाद हटाए गए यातायात प्रतिबंध

कार्यालय संवाददाता, अयोध्या

- टेढ़ी बाजार चौराहे से अशर्फी भवन की तरफ जाने वाले मार्ग पर लगे बैरियर को हटाया गया

**अमृत विचार।** राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा के बाद अब धीरे-धीरे अयोध्या में प्रतिबंधों का साया भी घटने लगा है। टेढ़ी बाजार चौराहे से अशर्फी भवन की तरफ जाने वाले मार्ग पर लगे बैरियर को हटा दिया गया। इसके साथ ही रामघाट चौराहे के बैरियर से भी वाहनों के आवागमन को बहाल कर दिया है। तीन दशक के बाद यातायात प्रतिबंधों को हटाया गया है। अयोध्या में 6 दिसंबर 1992 को विवादित ढांचा विध्वंस के बाद 1993 में अयोध्या एक्ट के तहत बंदिशें लगा दी गई थीं। तिरपाल में विराजमान रामलला पर 5 जुलाई 2005 में हुए आतंकी घटना के बाद राम जन्मभूमि परिसर की तरफ जाने वाले सभी मार्गों पर वाहनों को प्रतिबंधित कर दिया गया था। तीन दशक से अयोध्या प्रतिबंधों का दंश झेल रही थी। शनिवार को उच्च अधिकारियों के निर्देश पर



बैरियरों को हटाए जाने के बाद क्षेत्र वासियों को सबसे बड़ी राहत मिली है। बताते चलें कि 20 वर्षों से इस क्षेत्र में रहने वाले लोगों को अपने वाहनों को लाने के लिए विशेष पास होना अनिवार्य किया गया था। इसके साथ ही किसी अन्य स्थिति में वाहनों को लाने के लिए अधिकारियों के द्वारा अनुमति दिए जाने के बाद ही प्रवेश मिल रहा था, लेकिन अभी उलवल बैरियर से राम जन्मभूमि की ओर वाहनों के प्रवेश को अभी भी प्रतिबंधित रखा गया है। अयोध्या नगर पुलिस अधीक्षक मधुबन सिंह की मानें तो लोगों की सुविधाओं का ध्यान रखते हुए प्रतिबंधों में कुछ छूट दी गई है, लेकिन किसी विशेष परिस्थिति में इन क्षेत्रों में लगे पुलिसकर्मी वाहनों को चेकिंग कर सकते हैं।

## राजकीय महिला शरणालय में संवासिनी की मौत

**अयोध्या।** राजकीय महिला शरणालय की एक संवासिनी की रविवार को मौत हो गई। जिला अस्पताल प्रशासन की ओर से मृत घोषित किए जाने के बाद पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजवाया है। वर्ष 2022 में श्रावस्ती के मजिस्ट्रेट की ओर से झारखंड प्रांत निवासी रीता (35) पुत्री सुकुर को देखभाल के लिए अयोध्या कोतवाली क्षेत्र के भीखापुर गांव स्थित राजकीय महिला शरणालय में भेजा गया था। इमरजेंसी ड्यूटी पर तैनात डा वीरेंद्र वर्मा ने बताया कि अधीक्षिका रीता को लेकर सुबह 7.15 बजे अस्पताल आई थीं। परीक्षण में महिला मृत मिली। शव को मोर्चरी में रखवा मेमो नगर कोतवाली पुलिस को भेजवाया गया है। राजकीय महिला शरणालय की अधीक्षिका सुनीता देवी ने बताया कि रीता की मानसिक स्थिति ठीक नहीं थी और उसका इलाज कराया जा रहा था। रविवार की सुबह महिला संवासिनी की तबीयत गंभीर होने के बाद जिला अस्पताल पहुंची तो डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया।

# कार और ट्रैक्टर-ट्राली की भिड़ंत में सास-बहू समेत तीन की मौत

संवाददाता, एटा

- गंगा स्नान करने के बाद अपने घर लौट रहे थे सभी लोग
- कासगंज- शिकोहाबाद रोड पर ओवरटेक करते हुआ हादसा

**अमृत विचार।** रिजोर थाना क्षेत्र में शिकोहाबाद रोड पर ईशन नदी के पास रविवार सुबह करीब आठ बजे बस को बचाने के चक्कर में ट्रैक्टर-ट्राली और कार की भिड़ंत हो गई। हादसे में कार सवार सास-बहू समेत तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि दो लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं। कार सवार फिरोजाबाद के रहने वाले हैं, जो गंगा स्नान करके अपने घर लौट रहे थे।

जनपद फिरोजाबाद के कस्बा शिकोहाबाद के नेहरू पैलेस निवासी गोविंद कुमार यादव (40) उनकी पत्नी पिंकी यादव (35), मां सरला देवी (60) और आगरा के जगदीशपुरा निवासी दया यादव (16) पुत्री राकेश कुमार यादव, जनपद मैनपुरी के सिरसागंज थाना क्षेत्र के ग्राम ढांडरी निवासी गिरीशचन्द्र यादव (45) अल्टो कार में दशहरा पर्व पर सोरों घाट पर गंगा स्नान करने गए थे।

गंगा नहाने के बाद रविवार सुबह आठ बजे सभी लोग कार में अपने घर लौट रहे थे। तभी रास्ते में रिजोर थाना क्षेत्र में शिकोहाबाद रोड स्थित ईशन नदी के समीप आगे चल रही बस को ओवरटेक करते समय उनकी कार शिकोहाबाद की तरफ से आ रही खाली ट्रैक्टर-ट्राली से भिड़ गई। टक्कर इतनी जबरदस्त हुई कि कार के परखच्चे उड़ गए। उसमें सवार सभी लोग बुरी तरह घायल हो गए।

सूचना मिलते ही सीओ व रिजोर थानाध्यक्ष मौके पर पहुंचे और घायलों को मेडिकल कॉलेज भिजवाया। जहां सरला देवी व उनकी पुत्रवधू पिंकी और रिश्तेदार गिरीश को मृत घोषित कर दिया। गोविंद की हालात नाजुक देखते हुए हायर सेंटर रेफर कर दिया। एसएसपी राजेश कुमार सिंह ने बताया हादसा कार चालक के आगे चल रही बस को ओवरटेक करने के दौरान हुआ।

## भाजपा पूरी ताकत से चुनाव लड़ेगी : जसवंत सिंह सैनी

कार्यालय संवाददाता, अयोध्या

- औद्योगिक विकास राज्यमंत्री जसवंत पहुंचे अयोध्या

**अमृत विचार।** संसदीय कार्य औद्योगिक विकास राज्यमंत्री जसवंत सिंह सैनी रविवार को अयोध्या पहुंचे। उन्होंने राम लला का दर्शन पूजन किया। इसके बाद सर्किट हाउस पहुंच पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि होने वाले उपचुनाव में भाजपा पूरी ताकत से लड़ेगी। सकारात्मक परिणाम आएंगे। राम लला का दर्शन करने के बाद सुखद अनुभूति हुई है।

देशवासियों से अपील है कि सभी लोग अयोध्या आएं और राम लला का दर्शन पूजन करें। पहले की अयोध्या और अब की अयोध्या में बहुत फर्क है। ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी



का आयोजन किया गया था। अब तक निवेश के लिए 40 लाख करोड़ रुपये का प्रस्ताव मिला है। 10 लाख करोड़ रुपये के निवेश ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी के माध्यम से प्राप्त हुए थे।

## गाजियाबाद में ट्रेन से तीन लोग कटे

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद के लोनी इलाके में रविवार तड़के ट्रेन की चपेट में आने से तीन लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। सहायक पुलिस आयुक्त (एसीपी) भास्कर वर्मा ने बताया, "लोनी बॉर्डर थाना क्षेत्र के संगम विहार कॉलोनी निवासी आसिफ (26), गुड्डु (20) और गौतमबुद्ध नगर जिले के दादरी कस्बे के देवेश (26) के शव दिल्ली-शामली मार्ग पर रेलवे ट्रैक पर पाए गए।" उन्होंने बताया कि सुबह साढ़े पांच बजे रेलवे कर्मचारियों ने शव देखे। पुलिस ने शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस के मुताबिक देवेश और गुड्डु लोनी में ई-रिक्शा चलाते थे जबकि आसिफ दिहाड़ी मजदूर था। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# पूर्व सांसद के खिलाफ दूसरा मामला दर्ज

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- निवेशकों से रकम को हड़पने का आरोप, जांच भी शुरू

**अमृत विचार।** पूर्व राज्यसभा सांसद केडी सिंह सहित आठ आरोपियों के खिलाफ सीबीआई ने धोखाधड़ी का दूसरा मुकदमा दर्ज किया है। निवेशकों का धन हड़पने के आरोप में तृणमूल के पूर्व सांसद के खिलाफ सीबीआई पहले भी मुकदमा दर्ज कर चुकी है। एंटी करप्शन ब्रांच ने जांच भी शुरू कर दी है।

सीबीआई ने तृणमूल के पूर्व सांसद केडी सिंह से जुड़ी कंपनी अलकेमिस्ट इंफ्रा रियल्टी लिमिटेड और अलकेमिस्ट टाउनशिप लिमिटेड द्वारा निवेशकों को लुभावनी स्कीम पर भूखंड और मकान देने का झांसा देकर धन हड़पने के मामले की जांच शुरू की है। सीबीआई द्वारा दर्ज मुकदमे में केडी सिंह के साथ बृजमोहन महाजन, सत्येंद्र कुमार सिंह, सुचित्रा खेमकर, नंद किशोर सिंह, जयश्री प्रकाश सिंह, छत्रपाल सिंह और नरेंद्र सिंह को भी आरोपी बनाया गया है। केडी सिंह और उनके साथियों पर आरोप है कि उन्होंने 2009 में भदोही में कंपनियों का कार्यालय खोलने के बाद लुभावनी स्कीमों के जरिए निवेशकों से करीब दो करोड़ रुपये जमा कराए थे। बाद में निवेशकों को भूखंड नहीं दिए गए।

**व्यवस्था** नए बदलाव से प्रभावित होंगे दो हजार से अधिक शिक्षक

# नामांकन कम तो नहीं मिलेगा राज्य शिक्षक पुरस्कार

कार्यालय संवाददाता, अयोध्या

**अमृत विचार।** बच्चों के कम नामांकन वाले स्कूलों के शिक्षक इस बार राज्य शिक्षक पुरस्कार से वंचित रह जाएंगे, क्योंकि उनके आवेदन ही स्वीकार नहीं किए जाएंगे। राज्य शिक्षक पुरस्कार नियमावली में संशोधन करने के बाद यह निर्णय लिया गया है। आदेश आने के बाद नवाचारी शिक्षकों में मायूसी देखी जा रही है।. शनिवार से ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया शुरू हो गई है। इस बार राज्य शिक्षक पुरस्कार के लिए विद्यालय में छात्रों के नामांकन को मानकों में पहले स्थान पर रखा गया है। पुरस्कार के लिए शिक्षकों को प्रेरणा वेब पोर्टल पर 15 जून से 10 जुलाई के बीच ऑनलाइन आवेदन



> नया आदेश आ गया है, जहां कम नामांकन हुआ है उन स्कूल के शिक्षकों के आवेदन स्वीकार नहीं किए जायेगें। यदि कोई गलत सूचना भरता है तो कार्रवाई भी की जाएगी।
>
> -संतोष कुमार राय
> बेसिक शिक्षा अधिकारी

करने हैं। 15 से 25 जुलाई के बीच जनपद चयन समिति शिक्षकों के आवेदन पत्रों के सत्यापन व मूल्यांकन के बाद मानकों पर खरे उतरने वाले दो शिक्षकों के आवेदन चयनित कर प्रेरणा पोर्टल के माध्यम से राज्य चयन समिति को भेजेगी। राज्य चयन समिति 26 जुलाई से 10 अगस्त के बीच प्रत्येक जनपद के श्रेष्ठ शिक्षकों का साक्षात्कार करने के बाद चयन की संस्तुति करेगी। चयनित शिक्षक को शिक्षक दिवस (5 सितंबर) पर पुरस्कृत किया जाएगा। नियम में इस बार आवेदक शिक्षक की 15 वर्ष की श्रेष्ठ सेवा होना चाहिए। सेवानिवृत्त के लिए पांच वर्ष की सेवा बाकी हो। साथ ही प्राथमिक विद्यालय में 150 से कम, उच्च प्राथमिक विद्यालय में 105 से कम एवं कंपोजिट विद्यालय में 255 छात्र-छात्राओं से कम नामांकन न होने पर शिक्षक इस योजना के लिए पात्र नहीं होंगे।

### शिक्षकों को रास नहीं आ रहा यह आदेश

- छात्र संख्या के आधार पर आवेदन करने के आदेश से नवाचारी शिक्षकों में मायूसी देखी जा रही है। शिक्षकों का कहना है कि नगर क्षेत्र के विद्यालय में छात्रों का टोटा रहता है। ग्रामीण क्षेत्र के विद्यालयों में यह मानक पूरे करने वाले ब्लॉक के विद्यालय उंगलियों पर गिने जा सकते हैं। उन्होंने इस नियम को संशोधित करने की मांग की है इसके चलते यहां करीब दो हजार शिक्षक प्रभावित होंगे।

## 18 को 10 केंद्रों पर होगी यूजीसी नेट परीक्षा

**बरेली।** विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) नेट की परीक्षा 18 जून को 10 केंद्रों पर होगी। एनटीए के जिला समन्वयक वीके मिश्रा ने बताया कि जिले में 7630 अभ्यर्थियों ने परीक्षा के लिए पंजीकरण कराया है। दो पालियों में परीक्षा होगी। पहली पाली में सुबह 9:30 से 12: 30 बजे तक 3162 और द्वितीय पाली में दोपहर 3 से 6 बजे तक 4468 अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल होंगे।

दिल्ली पब्लिक स्कूल में रविवार को सभी केंद्र व्यवस्थापकों और आब्जर्वर की बैठक कर उन्हें जरूरी दिशा निर्देश दिए गए हैं। बताया कि करीब पांच साल बाद ऑफलाइन मोड (पेन-पेपर) में होने जा रही है। केंद्रों पर छात्रों का प्रवेश परीक्षा शुरू होने से दो घंटा पहले से शुरू हो जाएगा।

# रामगंगा में डूबने से तीन लोगों की मौत

संवाददाता जैतीपुर/ गढ़िया रंगीन (शाहजहांपुर)

- धुबला करीमनगर व बदायूं के दातागंज स्थित बेलाडांडी की घटना, स्नान करने गए थे तीनों

**अमृत विचार।** गंगा दशहरा पर्व पर धुबला करीमनगर के पास स्नान करने गए दो किशोर रामगंगा में डूब गए। वहीं मरेना गांव का एक युवक दातागंज बदायूं के बेला डांडी में रामगंगा में डूब गया।

कस्बा गढ़िया रंगीन का विपिन प्रजापति (17) कस्बे में रहने वाले दोस्त विवेक यादव (16) के साथ रविवार सुबह करीब सात बजे गांव से तीन किलोमीटर दूर धुबला करीमनगर के पास से होकर गुजरी रामगंगा में दशहरा पर्व पर स्नान करने के लिए गया था। गंगा घाट से कुछ दूरी पर दोनों ने कपड़े उता रामगंगा में छलांग लगा दी। गहराई काअंदाजा नहीं होने के कारण दोनों डूब गए। कुछ दूरी पर स्नान कर रहे श्रद्धालुओं को गंगा में कूदने के बाद किशोर दिखाई नहीं दिए तो तलाश की गई। करीब एक घंटे की खोजबीन बाद दोनों के शवों को गोताखोरों ने रामगंगा से निकला।

उधर, मरेना गांव निवासी नन्हेलाल शर्मा का बेटा विमल कुमार(19) दो दोस्तों के साथ गंगा दशहरा पर बदायूं के दातागंज क्षेत्र में बेलाडांडी रामगंगा में स्नान करने गया था। जहां स्नान करने के दौरान तीनों डूब गए।

## आइसक्रीम में मिला कनखजूरा, जांच शुरू

**नोएडा।** डिलीवरी ऐप के जरिए ऑर्डर की गई आइसक्रीम में एक कनखजूरा मिलने के मामले की खाद्य सुरक्षा अधिकारियों ने जांच शुरू की। खुद को दीपा देवी बताने वाली महिला ने एक लोकप्रिय ब्रांड के आइसक्रीम के डिब्बे के अंदर कीड़ा दिखाते हुए 15 जून को 'एक्स' पर एक पोस्ट में तस्वीर साझा की और भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण से कार्रवाई करने की अपील की। अधिकारियों ने बताया कि नोएडा खाद्य सुरक्षा विभाग ने जांच के लिए सामान आपूर्ति करने वाली कंपनी के स्टोर से ब्रांड की आइसक्रीम के नमूने एकत्र किए हैं। मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी अक्षय गोयल ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया, ''नमूना ले लिया गया है और परीक्षण के लिए प्रयोगशाला भेजा।

## एक नजर

### तृणमूल के पूर्व सांसद के खिलाफ दूसरा मामला दर्ज

अमृत विचार,लखनऊ : पूर्व राज्यसभा सांसद केडी सिंह सहित आठ आरोपियों के खिलाफ सीबीआई ने धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज किया है। निवेशकों का धन हड़पने के आरोप में तृणमूल के पूर्व सांसद के खिलाफ सीबीआई पहले भी मुकदमा दर्ज कर चुकी है। एंटी करप्शन ब्रांच ने जांच भी शुरू कर दी है। बतादें कि प्रदेश सरकार की सिफारिश पर सीबीआई ने प्रकरण को अपने हाथ में लिया है। मालूम हो कि सीबीआई ने तृणमूल के पूर्व सांसद केडी सिंह से जुड़ी कंपनी अलकेमिस्ट इंफ्रा रियल्टी लिमिटेड और अलकेमिस्ट टाउनशिप लिमिटेड द्वारा निवेशकों को लुभावनी स्कीम पर भूखंड और मकान देने का झांसा देकर धन हड़पने के मामले की जांच शुरू की है।

### स्थानीय खराबी से बिजली संकट जारी

अमृत विचार,लखनऊ : भीषण गर्मी में रविवार को भी प्रदेश के ज्यादातर इलाके बिजली संकट से जूझते रहे। स्थानीय खराबी के कारण बिजली आपूर्ति बाधित होने व घंटो आपूर्ति चालू न होने का सिलसिला जारी रहा। हालांकि सरकारी कार्यालयों के बंद होने से बिजली मांग में कुछ कमी दर्ज हुई। अधिकतम बिजली मांग 30 हजार मेगावाट से नीचे आ गई। उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन के सूत्रों के अनुसार अधिकतम बिजली मांग 29,946 मेगावाट व न्यूनतम मांग 24,630 मेगावाट दर्ज हुई। सूत्रों के बताया कि शाम के वक्त 28,500 हजार मेगावाट बिजली की मांग हो रही थी। इस दौरान राज्य विद्युत उत्पादन निगम के बिजलीघरों से 5100 मेगावाट बिजली मिल रही थी।

### 50 हजार का इनामी अपराधी गिरफ्तार

अमृत विचार,लखनऊ : गाजियाबाद में वांछित चल रहे 50 हजार के इनामी अपराधी को एसटीएफ ने शनिवार को मध्य प्रदेश के गुना से गिरफ्तार किया है। नागेश्वर उर्फ नामे नामक इस अपराधी के खिलाफ गाजियाबाद के अलावा मध्य प्रदेश में भी मुकदमें दर्ज हैं। एसटीएफ के अधिकारियों ने बताया कि नामे ने गाजियाबाद के बेहटा स्थित संटू-सोनू ज्वैलर्स की सटर काटकर करोड़ों रुपए के आभूषण की चोरी को अंजाम दिया था।

# हर जरूरतमंद को इलाज में मिलेगी पूरी मदद : योगी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ, गोरखपुर

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि हर जरूरतमंद को इलाज में भरपूर मदद दी जाएगी। मुख्यमंत्री ने रविवार को गोरखपुर मंदिर में आयोजित जनता दर्शन में 350 लोगों की समस्याएं सुनीं और अफसरों को समुचित इलाज सुनिश्चित कराने के निर्देश दिये।

गोरखनाथ मंदिर में रात्रि प्रवास के बाद रविवार सुबह जनता दर्शन में मुख्यमंत्री ने लोगों की समस्याएं सुनीं और उनके निराकरण के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। लोकसभा चुनाव के दौरान जनता दर्शन के स्थगित रहने के कारण रविवार को काफी संख्या लोग पहुंचे, जिसमें गंभीर बीमारियों के इलाज में आर्थिक मदद की मांग करने वाले ज्यादा लोग शामिल थे। मुख्यमंत्री ने सभी को आश्वस्त किया कि हर जरूरतमंद को इलाज के लिए मुख्यमंत्री विवेकाधीन कोष से भरपूर मदद दी जाएगी।



गोरखनाथ मंदिर में आयोजित जनता दर्शन में महिला के प्रार्थना पत्र को पढ़ते मुख्यमंत्री।

### मृतकों के परिजन व घायलों को दी आर्थिक सहायता

मुख्यमंत्री ने कुवैत में अग्नि हादसे में मारे गये गोरखपुर के दो कामगारों के परिजन को पांच-पांच लाख व जम्मू के शिवखेड़ी में आतंकी हमले के घायलों को एक-एक लाख रुपये की आर्थिक सहायता दी। पिछले दिनों कुवैत में एक बहुमंजिला भवन में आग लगने से करीब चार दर्जन लोगों की मौत हो गई थी। इनमें गोरखपुर के निवासी अंगद गुप्ता व जयराम गुप्ता भी शामिल थे। मुख्यमंत्री ने रविवार को अंगद की पत्नी रीता देवी व जयराम की पत्नी सुनीता को पांच-पांच लाख रुपये की आर्थिक सहायता का चेक दिया, जबकि जम्मू के शिवखोड़ी में पिछले दिनों आतंकी हमले में घायल राजेश, रिकसोना, गायत्री व सोनी को एक-एक लाख रुपये की आर्थिक सहायता का चेक दिया। रिकसोना की आर्थिक सहायता का चेक उनके पति राजेश ने प्राप्त किया।

# विकास कार्यों की सतत निगरानी करें जनप्रतिनिधि

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि जनप्रतिनिधि विकास कार्यों की सतत निगरानी करें। सभी जनप्रतिनिधि अपने-अपने क्षेत्र में पात्रों को सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिलाने को तत्पर रहें, विकास कार्यों के नए प्रस्ताव शासन को उपलब्ध कराएं। मुख्यमंत्री रविवार को गोरखपुर मंडल के जनप्रतिनिधियों के साथ संवाद कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।

▶▶ **गोरखपुर मंडल के जन प्रतिनिधियों के साथ मुख्यमंत्री ने किया संवाद**

एनेक्सी भवन में गोरखपुर मंडल के जनप्रतिनिधियों के साथ संवाद कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने नवनिर्वाचित सांसदों को बधाई दी और लोकसभा चुनाव में पूरे मनोयोग से परिश्रम करने वाले विधायकों की सराहना की।

# राज्यपाल ने खारिज कीं 31 दया याचिका, 14 स्वीकार

**01** जनवरी से अब तक दया के लिए 45 से अधिक आवेदन पहुंचे

**20** से 25 वर्ष की सजा काट चुके हैं आवेदन करने वाले आजीवन कारावास के कैदी

विनय सिंह, लखनऊ

**अमृत विचार:** हत्या, दुष्कर्म जैसे मामले में आजीवन कारावास की सजा पाए कैदियों की दया याचिका लगातार खारिज हो रही हैं। स्थिति ये है कि पांच महीने में 45 दया याचिका राज्यपाल के पास पहुंचे जिसमें से 31 उन्होंने अस्वीकार कर दिया।

बता दें कि कैदी द्वारा दया याचिका के आवेदन के बाद हो रहे परीक्षण में जिलास्तरीय दया याचिका समिति द्वारा विरोध किया जा रहा है। कई मामले ऐसे आए जिसमें जेल प्रशासन द्वारा कैदी के अच्छे आचरण का भी उल्लेख किया गया है, लेकिन दया याचिका समिति इस आधार पर विरोध कर रही है कि अमुक कैदी के छूटने से समाज में गलत संदेश जा सकता है। हालांकि कई ऐसे कैदी भी हैं जिनका मूल्यांकन करने के बाद राज्यपाल ने कारावास से मुक्त करने का भी आदेश दिया है।

बताते चलें कि हाईकोर्ट के एक आदेश के बाद लंबे समय तक सजा काट चुके कैदियों का मूल्यांकन के बाद समय पूर्व रिहाई का प्रावधान है। इसके अंतर्गत प्रत्येक जिले में दया याचिका समिति गठित है। जिसमें जिला मजिस्ट्रेट, पुलिस अधीक्षक और जिला प्रोवेशन अधिकारी सदस्य होते हैं। दया याचिका का आवेदन होने के बाद समिति कैदी का मूल्यांकन कर राज्यपाल को रिपोर्ट भेजती है। जेल में निरुद्ध कैदी का अच्छा आचरण होना समय पूर्व रिहाई का मुख्य आधार होता है। पहली जनवरी से 15 जून तक 45 दया याचिकाएं राज्यपाल के पास पहुंची थी, जिसमें से 31 याचिकाएं इस आधार पर अस्वीकार कर दी गई, क्योंकि आरोपी खतरनाक किस्म का था, छूटने पर समाज में गलत संदेश जाएगा। जिन कैदियों की दया याचिका प्राप्त हो रही थी, उनमें से सभी आजीवन कारावास की सजा पाए हुए हैं और 20 से 25 वर्ष की सजा पार कर चुके हैं।

**जून महीने में तीन रिहा, चार की याचिका खारिज**

इनकी याचिका हुई अस्वीकार

| कैदी | जनपद | आरोप |
|---|---|---|
| रामप्रसाद | अयोध्या | हत्या |
| रामदेव तिवारी | लखनऊ | हत्या |
| फतेह सिंह | मैनपुरी | दुष्कर्म के बाद हत्या |
| हुकुम सिंह | एटा | गोली मारकर दो की हत्या |

इनकी हुई समय पूर्व रिहाई

| कैदी | जनपद | आरोप |
|---|---|---|
| केदार यादव | महराजगंज | हत्या का प्रयास |
| तसब्बर | गाजियाबाद | हत्या |
| हरिओम | अमेठी | हत्या |

## अब ग्राम पंचायत देंगी एसबीएम का हिसाब

**अमृत विचार, लखनऊ :** स्वच्छ भारत मिशन - ग्रामीण (एसबीएम) के कार्यों में खर्च धनराशि का हिसाब ग्राम पंचायतें देंगी। जिन्हें संबंधित वर्ष का 100 फीसद ऑडिट कराना होगा। जिला पंचायत राज अधिकारी हिमांशू शेखर ठाकुर ने ग्राम पंचायतों से उपभोग प्रमाण पत्र मांगे हैं।

गांवों में शौचालय, साफ-सफाई, आरआरसी सेंटर, ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंध समेत अन्य स्वच्छ भारत मिशन - ग्रामीण के तहत कराये गए कार्यों का हिसाब यानी उपभोग प्रमाण पत्र ग्राम पंचायत देंगी। इस वर्ष से यह व्यवस्था शुरू हुई है। जबकि अब तक ब्लॉक स्तर से एक साथ सभी ग्राम पंचायतों के उपभोग प्रमाण पत्र उपलब्ध कराए जाते थे। जिस वर्ष का उपभोग प्रमाण पत्र दिया जाएगा उस वर्ष का 100 फीसद ऑडिट होना अनिवार्य है। जो पंचायतें उपभोग प्रमाण पत्र नहीं दे पाएंगी आगे के बजट से वंचित रह जाएंगी। जिला पंचायत राज अधिकारी ने सचिवों से सभी 494 ग्राम पंचायत के वर्ष 2023-24 के उपभोग प्रमाण ऑडिट रिपोर्ट के साथ मांगे हैं। जो एक सप्ताह में देना है।

# बिजली चोरी करने वाले व करवाने वालो पर होगी सख्त कार्रवाई

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने कहा कि बिजली चोरी करने वाले व करवाने वाले कार्मिकों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश में भीषण गर्मी व लू के कारण और बिजली के घरेलू उपयोग बढ़ने से बिजली की अप्रत्याशित मांग बढ़ी है। इस बढ़ी हुई मांग को पूरा किया जा रहा है। उन्होंने दावा किया कि पूरे प्रदेश में 24 घंटे में निर्बाध बिजली आपूर्ति की जा रही है। ऊर्जा मत्री रविवार को सरकारी आवास पर मीडिया प्रतिनिधियों से वार्ता कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि प्रदेश में 30,618 मेगावाट बिजली की अधिकतम मांग को सकुशल पूरा किया गया। पूरे देश में सबसे ज्यादा 655.66 मिलियन यूनिट बिजली आपूर्ति प्रदेश में एक दिन में की गई।

उन्होंने कहा कि वर्ष 1970 से अब तक लगभग 50 वर्षों से प्रदेश की बदहाल बिजली व्यवस्था को सुदृढ़ करने व पटरी पर लाने के लिए दो वर्षों से बिजली व्यवस्था को मजबूत करने का कार्य किया जा रहा। आरडीएसएस योजना अंतर्गत 17 हजार करोड़ रुपये, बिजनेस प्लान के तहत पांच हजार करोड़ रुपये व नगरीय निकायों में बिजली तंत्र के विकास के लिए एक हजार करोड़ रुपये के अनुरक्षण कार्य कराये गये हैं। पूरे प्रदेश में जर्जर व झूलते हुए तारों को हटाया गया है। एक लाख किमी तक एबी केबल में बदला गया। जर्जर व झुके हुए पोल को हटाकर 19 लाख नये खम्भे लगाये गये गये हैं। छह लाख ट्रांसफार्मर पर कार्य हुआ, इसमें नये ट्रांसफार्मर लगाने व क्षमता वृद्धि और मरम्मत का कार्य हुआ है।



आपूर्ति का पोस्टर दिखाते ऊर्जामंत्री।

▶▶ **सबसे ज्यादा 655.66 मिलियन यूनिट बिजली आपूर्ति प्रदेश में एक दिन में की गई: शर्मा**

## जुलाई में चलेगा संचारी रोग नियंत्रण व दस्तक अभियान

**अमृत विचार, लखनऊ:** वेक्टर जनित रोगों, संचारी रोगों एवं दिमागी बुखार पर प्रभावी नियंत्रण और त्वरित उपचार के लिए इस वर्ष भी संचारी रोग नियंत्रण अभियान एवं दस्तक अभियान चलेगा। अभियान का दूसरा एक जुलाई से 31 जुलाई तक चलेगा, इसी दौरान 11 से 31 जुलाई तक दस्तक अभियान चलेगा। इसके लिए तय कार्ययोजना को अमल में लाने के लिए नगर विकास मंत्री एके शर्मा ने रविवार को निर्देश दिए हैं।

शासन के निर्देश के बाद, नगर विकास विभाग द्वारा , विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान के लिए निकाय व वार्ड स्तर पर प्रस्तावित गतिविधियों के माइक्रोप्लान, हर जिले में मुख्य चिकित्साधिकारी को 28 जून तक उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही कहा गया कि नगरीय क्षेत्र में मोहल्ला निगरानी समितियों के माध्यम से दिमागी बुखार एवं अन्य वेक्टर जनित रोगों, जलजनित रोगों के विषय में निरंतर जागरूकता स्थापित की जाए।

# बी-टू-बी में कारोबारियों ने साझा की आयात-निर्यात की नीतियां

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** उत्तर प्रदेश-उत्तराखंड इंटरनेशनल बिजनेस कान्क्लेव में भारत के साथ अलग-अलग देशों में व्यापार की संभावनाएं तलाशने आए प्रतिनिधियों की रविवार को टेबिल टॉक करायी गयी। व्यापार को लेकर कारोबारी जिम्मेदारों के बीच बी-टू-बी (बिजनेस टू बिजनेस) द्विपक्षीय वार्ता हुई। इसमें विदेशी प्रतिनिधियों ने अपने देश के आयात-निर्यात की नीतियां एक-दूसरे से साझा कीं।

एसोसिएट चैंबर के अध्यक्ष ई. डीपी सिंह ने बताया कि उद्योगों और द्विपक्षीय व्यापार को बढ़ावा देने के लिए यह एक बड़ा आयोजन रहा। इस कान्क्लेव में विभिन्न देशों के प्रतिनिधियों ने अपनी-अपनी बात रखी। निश्चित तौर पर यह बिजनेस मीट प्रदेश की इकॉनोमी के लिए बेहतर परिणाम देगी।

भारतीय कारोबारियों का जोर देश के विभिन्न उत्पादों को विदेशों तक पहुंचाने पर रहा। उन्होंने भारतीय चीजों की बिक्री और विदेशों से रॉ-मैटीरियल लेने पर सहमति जताई। वहीं विभिन्न देशों के राजदूतों ने कहा कि भारतीय बाजार हमें क्या निर्यात कर सकता है और हम उनकी क्या जरूरत पूरी कर सकते हैं। इस पर विचार आगे बढ़ना चाहिए तभी प्रदेश के साथ आयात-निर्यात गति पकडेग़ा और व्यापार आगे बढ़ेगा।

उदाहरण रखते हुए विदेशी प्रतिनिधियों ने कहा कि अगर हमें अनाज चाहिए तो चिकन कारीगरी और इससे जुडे. वस्त्र चाहिए तो भारत किन चीजों पर विचार करेगा। आयोजक मंडल के सचिव रमेश मलहोत्रा ने कहा कि एसोसिएटेड चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री ऑफ उत्तर प्रदेश इंटरनेशनल बिजनेस कान्क्लेव-2024 से कारोबारी दिग्गज और हितधारकों में वार्ता कराई गई जो भविष्य में अच्छे कारोबारी परिणाम लाएगी। इन्हीं संभावनाओं के साथ इस कान्क्लेव का समापन हुआ। इस कान्क्लेव में 25 देशों के राजदूतों और अन्य प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया।

▶▶ **कॉन्क्लेव में विभिन्न देशों के प्रतिनिधियों ने व्यापार और उद्योग पर विस्तार से की चर्चा**

# बरेली में फिर तोड़ा जाने लगा इमामबाड़ा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** बरेली के मोहल्ला किला स्थित इमामबाड़ा एक बार फिर तोड़ा जा रहा है। खास बात यह कि इसका विरोध जताने पर पुलिस ने कुछ नहीं किया। और तो और इस बाबत डीएम की चिट्ठी पांच दिन में भी सीओ तक नहीं पहुंच पाई।

नौ महीने पहले भी इसे तोड़ने की कोशिश की गई थी लेकिन तत्कालीन नगर आयुक्त ने इस बाबत भ्रमित कर ली गई अनुमति को निरस्त कर रोक लगाई थी। तब शिया सेन्ट्रल वक्फ बोर्ड की ओर से भूमाफिया नदीम जैदी, ताहिर जैदी और हुमा जैदी के खिलाफ एफआईआर भी दर्ज कराई गई थी। इन लोगों ने नगर निगम को भ्रमित कर इमामबाड़े को जर्जर इमारत बताते हुए इसे गिराने की अनुमति प्राप्त कर ली थी। शिया वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष अली जैदी की शिकायत पर नगर आयुक्त बरेली ने 25 अगस्त 2023 को अनुमति निरस्त कर तोड़फोड़ रुकवाई थी।

नौ महीने बाद एक बार फिर से इमामबाड़े में तोड़फोड़ के विरोध में मुतवल्ली बॉबी ने थाना किला के इंस्पेक्टर से शिकायत की तो उन्होंने कार्रवाई करने के बजाय जिला प्रशासन के पास जाने के लिए कहा। 11 जून को बरेली के डीएम ने सीओ किला को चिट्ठी लिखी जो अब तक सीओ तक नहीं पहुंची है। फिलवक्त इमामबाड़ा तोड़ने का काम तेजी से चल रहा है। उन्होंने बताया कि आज रविवार है। कल बकरीद है, अब सीओ से मुलाकात मंगलवार को होगी।



तोड़ा गया इमामबाड़ा।

▶▶ **पांच दिन में सीओ तक नहीं पहुंची डीएम की चिट्ठी**

### 1938 में बना था इमामबाड़ा

वक्फ बोर्ड में 1115 नंबर पर बरेली के मोहल्ला किला में इमामबाड़ा दर्ज है। इमामबाड़े के मुतवल्ली बॉबी के मुताबिक नवाब मोहम्मद हुसैन ने 1938 में इस इमामबाड़े और लक्ष्मनियापुर बाग को वक्फ कराया था। इस इमामबाड़े में मजलिस और इसकी देखरेख के लिए 17 दुकानें छोड़ी थीं। नवाब मोहम्मद हुसैन के वंशजों ने इन दुकानों को वक्फ रिकार्ड से बाहर करवा लिया था। इसके बाद पूर्व मुतवल्ली ने लक्ष्मनियापुर बाग़ को वर्ष 2011 में बेच दिया।

## मतदाताओं से बदला लेने पर उतारू है भाजपा : अखिलेश

अमृत विचार,लखनऊ : सपा के अखिलेश यादव ने कहा है कि लोकसभा चुनाव में अपनी हार से बौखलाई भाजपा सरकार मतदाताओं को परेशान करके बदला लेने पर उतारू हो गई है। दावे के बावजूद, तपते माहौल में 24 घंटे बिजली आपूर्ति नहीं हो रही है। उन्होंने रविवार को अपने बयान में कहा कि बिजली और पानी का संकट बढ़ता जा रहा है। बावजूद भाजपा सरकार बिजली दरें दोगुनी कर रही है। गांव-शहर की बिजली दरें भी अलग-अलग होंगी। सपा प्रमुख ने कहा, ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली को महंगी करने की साजिश है, ग्रामीण फीडर को शहरी फीडर में बदलने से उपभोक्ताओं को दो रुपये प्रति यूनिट बिजली महंगी मिलेगी। करीब दो करोड़ 85 लाख उपभोक्ता प्रभावित होंगे। उन्होंने बताया कि ग्रामीण उपभोक्ताओं को 3.35 रूपये यूनिट की दर से बिजली की कीमत चुकानी होती है जबकि शहर में यह कीमत 5.50 रूपए प्रतियूनिट है। जनता के साथ यह धोखा है।

## वर्ग पहेली-103

**बाएं से दाएं**

2.1. ऊंचा बना हुआ स्थान, चबूतरा 2. भाषण स्थल 3. रंगमंच 4. खाट, खटिया, मचिया।

3.1. मूल से संबंध रखने वाला, असली 2. अत्यावश्यक 3. आधारभूत, बुनियादी।

6.1. शिक्षा, तालीम 2. उपदेश, हित की बात 3. अनुभव से प्राप्त होने वाला ज्ञान 4. परामर्श, सलाह, मंत्रणा। (मु.)-देना : नसीहत देना।

8.1. तरतीब, क्रम 2. ढंग, तर्ज़, तरीका, कायदा 3. सलीका, शऊर 4. मेल, समानता।

9.1. औ की लंबी ध्वनि करते हुए पेट की वायु का बाहर निकलना, उक्त कार्यव्यापार में होने वाली ध्वनि, पेट की वह वायु जो आवाज़ के साथ मुंह से निकलती है 2. बाघ की गरजन, दहाड़। (मु.)-जाना : हथिया लेना। -तक न लेना : चुपचाप हज़म कर जाना।

10.1. पूंजीवाद तथा यथास्थितिवाद का विरोधी व्यक्ति, (लेफ़्टिस्ट) 2. साम्यवादी विचारधारा वाला व्यक्ति, (कम्यूनिस्ट)।

**ऊपर से नीचे**


1. केवल फूलों के पौधों से सुसज्जित बगीचा, फूलों वाला उपवन, पुष्पोपवन।

4.1. लिखा हुआ, लिखित, लिपिबद्ध 2. दस्तावेज़ी।

5. दे. आंखमिचौनी।

7. किसी भी कार्य में नेतृत्व करने वाला व्यक्ति, नेता, नायक, अगुआ।

8.1. धातु या मिट्टी का बना हुआ लोटे के आकार का एक पात्र, टोंटीदार लोटा 2. जहाज़ में लगाने की लोहे की कोनिया 3. एक प्रकार की मछली।



**वर्ग पहेली -102 का हल**

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 थू | क | ना | | | | |
| | | | 2 क | ट | 3 ले | ट |
| 4 ध | 5 ब | ध | ब | | खा | |
| | ढ़ा | | र् | | जो | |
| 6 अ | व | 7 गं | ड | | खा | |
| रि | | गां | | | | 8 जू |
| हा | | 9 बु | ढ़ो | ती | | ड़ा |

## सुडोकू-16

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | | 7 | | | | 9 | 2 |
| | 6 | 2 | | | | 5 | | |
| 8 | | | 6 | 5 | | 3 | | 1 |
| 3 | | 1 | | | 6 | | | |
| 2 | | | | | | | | 7 |
| | | | 4 | | | 8 | | 3 |
| 6 | | 5 | | 1 | 4 | | | 9 |
| | | 7 | | | | 4 | 3 | |
| 4 | 2 | | | | 9 | | | 6 |

**सुडोकू - 15 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 5 | 2 | 8 | 6 | 4 | 3 | 7 | 1 |
| 8 | 4 | 7 | 1 | 3 | 9 | 5 | 6 | 2 |
| 6 | 3 | 1 | 5 | 2 | 7 | 9 | 8 | 4 |
| 3 | 8 | 4 | 6 | 1 | 5 | 7 | 2 | 9 |
| 2 | 7 | 9 | 3 | 4 | 8 | 1 | 5 | 6 |
| 5 | 1 | 6 | 7 | 9 | 2 | 8 | 4 | 3 |
| 4 | 6 | 8 | 9 | 7 | 1 | 2 | 3 | 5 |
| 1 | 2 | 5 | 4 | 8 | 3 | 6 | 9 | 7 |
| 7 | 9 | 3 | 2 | 5 | 6 | 4 | 1 | 8 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 17 जून सोमवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-ज्येष्ठ, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-एकादशी पूर्ण रात्रि तक।

**मेष** — आज लोगों के साथ अपने संबंध अच्छे रखें। धन को लेकर परेशानियां दूर होंगी जिसके कारण आपका मनोबल बढ़ा रहेगा। विवाह योग्य लड़कियों का विवाह तय हो सकता है। आपकी कार्यशैली में काफी सुधार हो सकता है।

**वृष** — आज विवादित मामलों से आपको बचना चाहिए। दिनचर्या काफी व्यवस्थित रहेगी। आप आय के वैकल्पित स्रोतों पर भी काफी ध्यान देंगे। आप पहले से अच्छे मूड में रहेंगे। नौकरीपेशा लोग अपने काम को लेकर काफी निष्ठावान रहने वाले हैं।

**मिथुन** — आज राजनीति से जुड़े लोगों के ऊपर काफी दबाव रहेगा। प्रेम संबंधों को लेकर अति भावुक न हों। बहुत लंबी योजना बनाने के बजाय वर्तमान पर ही ध्यान देना लाभकारी होगा। करियर को लेकर आप कन्फ्यूज हो सकते हैं।

**कर्क** — आज किसी भी काम को बहुत जल्दबाजी में करना उचित नहीं होगा। उच्च शिक्षा ले रहे विद्यार्थियों के लिए दिन शुभ नहीं है। अपनी पढ़ाई को लेकर गंभीर रहें। जॉब में सहकर्मियों के साथ आपको विवादों का सामना करना पड़ सकता है।

**सिंह** — आज का दिन आपके लिए काफी शुभ रहेगा। आईटी क्षेत्र से जुड़े लोगों के लिए दिन अच्छा है। आप कुछ नया सीखने की कोशिश करेंगे, किंतु आपको ऑनलाइन शॉपिंग के दौरान काफी सावधानी रखनी चाहिए।

**कन्या** — आज बोलचाल के दौरान अच्छे शब्दों का प्रयोग करें। बंद पड़े कार्यों को शुरू करने में आप ध्यान दे सकते हैं। जीवनसाथी को आपसे कुछ शिकायत हो सकती है। परिजनों के साथ संवादहीनता न होने दें। आप अपने काम को लेकर काफी आक्रामक रहेंगे।

**तुला** — आज किसी बड़ी समस्या का आप समाधान निकाल सकते हैं। समाज में अपना प्रभाव मजबूत कर पाएंगे। तकनीक का प्रयोग सावधानी पूर्वक करें। आप बौद्धिक कार्यों में लगे रहेंगे। कूटनीतिक योग्यता के माध्यम से आप अपनी बातों से लोगों को प्रभावित कर पाएंगे।

**वृश्चिक** — आज धन का अपव्यय हो सकता है। खरीदारी और लेनदेन के दौरान सावधानी का परिचय दें। संतान को लेकर चिंता हो सकती है। आपको अतिरिक्त प्रयास करने होंगे। अनावश्यक विचार आपको भ्रमित कर सकते हैं।


**धनु** — आज आप अपनी कार्यशैली को उन्नत करेंगे। आपके व्यवहार से लोग प्रसन्न रहने वाले हैं। व्यवसाय में विस्तार के लिए योजना बना सकते हैं। आप काफी अच्छे मूड में रहेंगे। रियल एस्टेट क्षेत्र से जुड़े लोगों को बड़ा लाभ हो सकता है।

**मकर** — आज सहकर्मी मित्र आपकी काफी प्रशंसा करेंगे। बेरोजगार लोगों के लिए दिन अच्छी संभावनाओं से भरा हुआ रहेगा। प्रेमी जन को प्रपोज करने के लिए भी दिन अच्छा है। व्यावसायिक उद्देश्य से यात्रा होने के योग बन रहे हैं।

**कुंभ** — आज यात्रा के दौरान आपको कुछ परेशानियों का सामना करना पड़ेगा। अनावश्यक कार्यों की तरफ आप ज्यादा आकर्षित हो सकते हैं। अपना समय बर्बाद न होने दें।। आपको कुसंगति से बचना चाहिए। लोग आपके साथ धोखा कर सकते हैं।

**मीन** — आज अपनी नौकरी को लेकर असंतुष्ट हो सकते हैं। जिन लोगों को अल्सर और पाचन की समस्या है, वे अपना विशेष ध्यान रखें। प्रेम विवाह को लेकर जल्दबाजी करना फिलहाल उचित नहीं है। बुरी संगत के कारण आपको नुकसान हो सकता है।

## आज का पंचांग




दिशाशूल-पूर्व। ऋतु-ग्रीष्म।
चन्द्रबल- मेष, वृषभ, सिंह, तुला, धनु, मकर।
ताराबल-भरणी, रोहिणी, मृगशिरा, आर्द्रा, पुनर्वसु, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, स्वाति, विशाखा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-चित्रा 13.50 तक तत्पश्चात स्वाती।

## आज की फिल्में

B4U MOVIES
मेला — सुबह : 10.15
भीष्म — रात : 07.00

SONY PIX
द मास्क — सुबह : 11.15
सैन एंड्रियास — रात : 09.00

ZEE ACTION
गैम्बलर — सुबह : 10.49
कार्तिकेय 2 — रात : 07.30

ZEE CINEMA
नागभूमि — सुबह : 11.23
किसी का भाई किसी की जान — रात : 08.00

colors CINEPLEX
इंस्पेक्टर विजय — दोपहर : 12.30
स्पाई — रात : 07.58

### आज की सुपरहिट फिल्म




जी सिनेमा पर रात : 08.00 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

पप्पू ने गली के कोने में कचरा फेक दिया›
थोड़ी देर बाद वो घूम फिर कर गली में ही वापस आया, तो मोहल्ले वाले आपस में लड़ने लगे कि कचरा किसने फेंका।
एक औरत ने गुस्से से कहा – फेंका होगा किसी कुत्ते के बच्चे ने !
पप्पू हंसा और बोला– कचरा मैंने फेंका और नाम कुत्ते के बच्चे का आ गया।

पप्पू साइकिल से जा रहा था।
अचानक एक लड़की से भिड़ गया।
लड़की – घंटी नहीं मार सकता था बे
पप्पू – अबे मैंने पूरी साइकिल मार दी अब क्या घंटी अलग से मारूं...

# विश्व कप



## खेल डायरी

### भारतीय महिला टीम पांचवें और पुरुष छठे स्थान पर

**नई दिल्ली।** भारतीय महिला टीम चीन के डालियान में रविवार को समाप्त हुई एशियाई टीम स्क्वाश चैंपियनशिप में पांचवें जबकि पुरुष टीम छठे स्थान पर रही। भारतीय महिला टीम ने क्वालीफिकेशन मैच में ईरान को 2-0 से हराकर पांचवां स्थान हासिल किया। भारत के लिए रथिका सुथांथिरा सीलन और पूजा आरती रघु ने जीत दर्ज की। वहीं भारतीय पुरुष टीम को पांचवें स्थान के क्वालीफिकेशन मैच में दक्षिण कोरिया से 1-2 से हार मिली। वेलावन सेंथिलकुमार ने जीत हासिल की। पर सूरज कुमार चंद और ओम सेमवाल को पराजय झेलनी पड़ी।

### दीक्षा संयुक्त तीसरे स्थान पर, प्राणवी और त्वेसा ने बनाई कट में जगह

**रोम।** भारतीय गोल्फर दीक्षा डागर लेडीज इटालियन ओपन के दूसरे दौर में इवन पार 72 का स्कोर बनाकर संयुक्त रूप से तीसरे स्थान पर है। लेडीज यूरोपीय टूर पर दो जीत अपने नाम करने वाली दीक्षा ने पहले दौर में 67 का कार्ड खेला था। दूसरे दौर में उन्होंने एक बर्डी और एक बोगी की मदद से 72 का स्कोर किया। दीक्षा का कुल स्कोर पांच अंडर 139 है और वह दो अन्य खिलाड़ियों के साथ तीसरे स्थान पर हैं। वह इंग्लैंड की एमी टेलर (70-67) से दो और स्विट्जरलैंड की टिफनी अराफी (66-72) से एक शॉट पीछे हैं। अन्य भारतीयों में प्रणवी उर्स (73-70) संयुक्त रूप से 17वें स्थान जबकि त्वेसा मलिक (73-72) संयुक्त 41वें स्थान के साथ कट में जगह बनाने में सफल रही।

### यूटीटी 2024 से पहले फ्रेंचाइजी ने शरत कमल व मनिका को किया रिटेन

**नई दिल्ली।** भारत के अनुभवी टेबल टेनिस खिलाड़ी अचंता शरत कमल और मनिका बत्रा को रविवार को उनकी फ्रेंचाइजी ने 22 अगस्त से सात सितंबर तक चेन्नई में होने वाली अल्टीमेट टेबल टेनिस (यूटीटी) के आगामी चरण के लिए रिटेन (बरकरार रखा) किया। शरत कमल इस तरह पिछले चरण की उपविजेता चेन्नई लायंस के लिये खेलना जारी रखेंगे जबकि मनिका बेंगलुरु स्मैशर्स के लिए खेलेंगी। गत चैंपियन गोवा चैलेंजर्स ने हरमीत देसाई को रिटेन किया है जबकि जी साथियान दबंग दिल्ली टीटीसी के साथ बने रहेंगे। यू मुंबा टीटी ने भी युवा खिलाड़ी मानव ठक्कर को एक और सत्र के लिये बरकरार रखा है।

### रंधावा लीजेंड्स टूर मैच के क्वार्टर फाइनल में हारे

**हर्टफोर्डशर (ब्रिटेन)।** भारतीय गोल्फर ज्योति रंधावा लीजेंड्स टूर यूरोप में पॉल लॉरी मैच के क्वार्टर फाइनल में जेम्स किंग्स्टन से हार गए। रंधावा लगातार तीन जीत के साथ क्वार्टर फाइनल में पहुंचे थे जबकि एक अन्य भारतीय जीव मिल्खा सिंह दूसरे दौर में हार गए थे। रंधावा ने थॉमस गोगेले, मैल्कम मैकेंजी और कीथ हॉर्न के खिलाफ जीत दर्ज की लेकिन दक्षिण अफ्रीका के किंग्स्टन की चुनौती से पार पाने में विफल रहे।

# सुपर 8 में निखरेगा भारतीय ओपनिंग का प्रदर्शन

## मांजरेकर बोले- रोहित और कोहली बड़े मैच में निर्णायक पारी खेलते हैं तो ग्रुप चरण का प्रदर्शन मायने नहीं रखता



नई दिल्ली, एजेंसी

भारत के पूर्व बल्लेबाज संजय मांजरेकर का मानना है कि अगर विराट कोहली और रोहित शर्मा टी-20 विश्व कप के सेमीफाइनल या फाइनल जैसे बड़े मैचों में निर्णायक पारी खेलते हैं तो ग्रुप चरण में उनका प्रदर्शन खास मायने नहीं रखेगा। कोहली ने टूर्नामेंट में अभी तक जो तीन मैच खेले हैं उनमें वह दोहरे अंक में नहीं पहुंच पाए। रोहित ने आयरलैंड के खिलाफ अर्धशतक लगाया लेकिन पाकिस्तान और अमेरिका के खिलाफ उनका बल्ला नहीं चल पाया।

मांजरेकर ने कहा अगर आपने रोहित शर्मा और विराट कोहली जैसे खिलाड़ियों का चयन किया है, तो आपने अनुभव को प्राथमिकता दी है। आप अपने अनुभवी खिलाड़ियों को विश्व कप में ले जाना चाहते हैं, ताकि वे तब अच्छा प्रदर्शन करें, जब वास्तव में इसकी जरूरत हो। इसलिए मुझे इसको लेकर कोई परेशानी नहीं है कि इनमें से कुछ खिलाड़ी फॉर्म में नहीं हैं। अगर यह खिलाड़ी सेमीफाइनल या फाइनल में निर्णायक पारी खेलकर टीम को विजेता बनाते हैं तो आपके सीनियर खिलाड़ियों से इसी तरह के प्रदर्शन की अपेक्षा की जाती है। मांजरेकर ने कहा अगर आपका कोई युवा खिलाड़ी अच्छा प्रदर्शन करता है तो वह आपके लिए बोनस है जैसा 1992 के विश्व कप में पाकिस्तान के लिए इंजमाम उल हक ने किया था।

सीनियर खिलाड़ियों को अधिक योगदान देना चाहिए और मुझे लगता है कि यही वजह है कि चयन समिति ने टी-20 विश्व कप के लिए अनुभव को प्राथमिकता दी। शिवम दुबे ने आईपीएल में अपने शानदार प्रदर्शन के दम पर भारतीय टीम में जगह बनाई लेकिन वह विश्व कप में अभी तक अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं लेकिन मांजरेकर को इस ऑलराउंडर से अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद है। हमें इसके लिए इंतजार करना होगा कि शिवम दुबे ने आईपीएल में जिस तरह से स्पिनरों के खिलाफ शानदार प्रदर्शन किया था, उसे दोहरा पाते हैं या नहीं।

विश्व कप में स्पिनरों के खिलाफ खेलना आसान नहीं है और देखना होगा की दुबे इन पिचों पर सफल होने के लिए अपने खेल में किस तरह से बदलाव करते हैं। उम्मीद नहीं थी कि पंत को तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी के लिए भेजा जाएगा लेकिन आखिर में यह अच्छा फैसला साबित हुआ। उन्होंने कहा टीम प्रबंधन प्रत्येक नंबर पर प्रभावशाली खिलाड़ियों को चाहता है और जहां तक ऋषभ पंत का सवाल है तो मुझे उम्मीद नहीं थी कि उन्हें तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी के लिए भेजा जाएगा लेकिन आखिर में यह अच्छा फैसला साबित हुआ। पंत ने अपना कौशल दिखाया और वह टूर्नामेंट में भारत की तरफ से अभी तक सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाला बल्लेबाज है।



### पहले मुकाबले में अफगानिस्तान की टीम से भिड़ेंगे भारतीय धुरंधर

**ब्रिजटाउन।** भारत सुपर आठ में अपना पहला मुकाबला 20 जून को अफगानिस्तान के खिलाफ बारबाडोस में खेलेगा। इसके बाद 22 जून को भारत का दूसरा मुकाबला नॉर्थ साउंड में सोमवार को बंगलादेश और नीदरलैंड के बीच होने वाले मैच को जीतने वाली टीम से होगा। वहीं इस राउंड के अपने तीसरे और अंतिम मैच में भारत 24 जून को ग्रॉस आइलेट में ऑस्ट्रेलिया से भिड़ेगा। सुपर आठ के लिए दो ग्रुप होंगे। भारत, ऑस्ट्रेलिया, अफगानिस्तान तथा बंगलादेश और नीदरलैंड के बीच होने वाले मैच की विजेता टीम पहले ग्रुप में होगी। यहां भारत का अफगानिस्तान और ऑस्ट्रेलिया के साथ मैच होना तय है। भारतीय टीम को अपने ग्रुप में ऑस्ट्रेलिया और अफगानिस्तान से सतर्क रहने होगा। अगर पहले ग्रुप में कोई उलटफेर नहीं होता है भारत का सेमीफाइनल में पहुंचना तय माना जा रहा है। वहीं ग्रुप-2 में दक्षिण अफ्रीका, वेस्टइंडीज और अमेरिका की जगह पक्की हो चुकी है। प्रत्येक ग्रुप से दो-दो टीमें सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई करेंगी। पहला सेमीफाइनल 26 जून को त्रिनिदाद में है और दूसरा सेमीफाइनल 27 जून गुयाना में होगा। अगर भारत सेमीफाइनल में पहुंचता है तो वह गुयाना में खेलेगा। टी-20 विश्व कप का फाइनल 29 जून को बारबाडोस के ब्रिजटाउन में खेला जाएगा।

### टेस्ट को बढ़ाने के लिए भारत को निभानी होगी भूमिका : ग्रेव

**ब्रिजटाउन।** क्रिकेट वेस्टइंडीज (सीडब्ल्यूआई) के मुख्य कार्यकारी अधिकारी जॉनी ग्रेव ने कहा कि टेस्ट क्रिकेट खतरे में है और वेस्टइंडीज जैसे छोटे क्षेत्रों में खेल के पांच दिवसीय प्रारूप के अस्तित्व को बचाए रखने के साथ-साथ इसके विकास को सुनिश्चित करने में भारत जैसे देश को नेतृत्वकर्ता की भूमिका निभानी होगी। सीडब्ल्यूआई से 2017 में जुड़ने वाले ग्रेव ने व्यस्त कार्यक्रम के बावजूद टेस्ट क्रिकेट के प्रति बीसीसीआई की अटूट प्रतिबद्धता की सराहना की, लेकिन कहा कि आईसीसी के स्तर पर तीन बड़े देशों (भारत, इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया) के बाहर भी इस प्रारूप को बचाने के लिए अधिक प्रयास करने की जरूरत है। आईसीसी के नौ प्रतिस्पर्धी पूर्ण सदस्यों में से केवल तीन बड़े सदस्य ही 2023-2025 विश्व टेस्ट चैंपियनशिप चक्र में पांच मैचों की श्रृंखला खेलेंगे। उन्होंने खेल के भविष्य और बीसीसीआई द्वारा निभाई जाने वाली भूमिका पर अपने मन की बात साझा की। उन्होंने कहा भारत को नेतृत्वकर्ता की भूमिका निभानी है। ताकत, प्रभाव और संसाधनों के मामले में वे अब नंबर एक बोर्ड हैं।

# ऑस्ट्रेलिया की जीत से सुपर 8 में पहुंचा इंग्लैंड

ग्रॉस आइलेट (सेंट लूसिया), एजेंसी

सलामी बल्लेबाज ट्रैविस हेड (68) और ऑलराउंडर मार्कस स्टोइनिस (59) के अर्धशतकों की मदद से ऑस्ट्रेलिया ने स्कॉटलैंड को पांच विकेट से हराकर अपने चिर प्रतिद्वंद्वी इंग्लैंड की टी20 विश्व कप के सुपर 8 में जगह पक्की की। स्कॉटलैंड ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 5 विकेट पर 180 रन बनाए। ऑस्ट्रेलिया ने 19.4 ओवर में 5 विकेट पर 186 रन बनाकर जीत दर्ज की। स्कॉटलैंड ने एक समय ऑस्ट्रेलिया का स्कोर तीन विकेट पर 60 रन कर दिया था लेकिन हेड और स्टोइनिस ने चौथे विकेट के लिए 80 रन की साझेदारी करके अपनी टीम को लक्ष्य तक पहुंचाकर इंग्लैंड के खेमे में राहत पहुंचाई।

ऑस्ट्रेलिया ने इस जीत से ग्रुप बी में अपना शीर्ष स्थान बरकरार रखा। इस मैच में स्कॉटलैंड की हार से इंग्लैंड भी ग्रुप में दूसरे स्थान पर रहकर सुपर 8 में पहुंच गया। इंग्लैंड ने इससे पहले बारिश से प्रभावित मैच में नामीबिया को हराया था लेकिन ऑस्ट्रेलिया की स्कॉटलैंड पर जीत से ही वह अगले चरण में जगह बना पाता। ऑस्ट्रेलिया ने अपने चारों मैच जीते जबकि इंग्लैंड और स्कॉटलैंड के समान पांच अंक रहे। इंग्लैंड ने बेहतर रन रेट के आधार पर दूसरा स्थान हासिल किया। बड़े लक्ष्य के सामने ऑस्ट्रेलिया की शुरुआत अच्छी नहीं रही। उसने सलामी बल्लेबाज डेविड वार्नर (01), कप्तान मार्श (08) और ग्लेन मैक्सवेल (11) के विकेट जल्दी गंवा दिए। स्कॉटलैंड के गेंदबाज हालांकि हेड और स्टोइनिस पर दबाव नहीं बना पाए जिन्होंने 44 गेंद पर 80 रन की साझेदारी की। आखिर में टिम डेविड ने 14 गेंद पर नाबाद 24 रन बनाए और विजयी छक्का लगाया।

- हेड और स्टोइनिस ने स्कॉटलैंड को दिखाया बाहर का रास्ता



अपनी अर्धशतकीय पारी के दौरान शॉट लगाते ट्रैविस हेड। ● एजेंसी

इससे पहले स्कॉटलैंड के बल्लेबाजों ने ऑस्ट्रेलिया के गेंदबाजों का डटकर सामना किया। स्कॉटलैंड की पारी का आकर्षण ब्रेंडन मैकमुलेन की 34 गेंद पर खेली गई 60 रन की पारी रही जिसमें उन्होंने दो चौके और छह छक्के लगाए। एस्टन एगर ने पहले ओवर में माइकल जोन्स को दो रन पर आउट कर दिया था, लेकिन मैकमुलेन और जॉर्ज मुनसे ने दूसरे विकेट के लिए 48 गेंदों में 89 रन की साझेदारी करके स्कॉटलैंड को वापसी दिलाई। मैकमुलेन ने अधिक आक्रामक रवैया अपनाया, लेकिन मुनसे ने 23 गेंद पर 35 रन बनाकर अपनी भूमिका बखूबी निभाई। कप्तान बैरिंगटन ने 31 गेंदों में दो छक्कों और एक चौके की मदद से नाबाद 42 रन बनाकर अच्छा योगदान दिया। ऑस्ट्रेलिया ने अंतिम पांच ओवर में केवल 42 रन दिए।

### टी-20 विश्वकप अंक तालिका

| ग्रुप ए | मैच | जीत | हार | अंक | रन रेट | रद |
|---|---|---|---|---|---|---|
| भारत (क्वा) | 4 | 3 | 0 | 7 | 1.137 | 1 |
| अमेरिका (क्वा) | 4 | 2 | 1 | 5 | 0.127 | 1 |
| कनाडा (बा) | 4 | 1 | 2 | 3 | -0.493 | 1 |
| पाकिस्तान (बा) | 3 | 1 | 2 | 2 | 0.191 | 0 |
| आयरलैंड (बा) | 3 | 0 | 2 | 1 | -1.712 | 1 |
| **ग्रुप बी** | **मैच** | **जीत** | **हार** | **अंक** | **रन रेट** | **रद** |
| ऑस्ट्रेलिया (क्वा) | 4 | 4 | 0 | 8 | 2.791 | 0 |
| इंग्लैंड (क्वा) | 4 | 2 | 1 | 5 | 3.611 | 1 |
| स्कॉटलैंड (बा) | 4 | 2 | 0 | 5 | 2.164 | 1 |
| नामीबिया (बा) | 4 | 1 | 3 | 2 | -2.529 | 0 |
| ओमान (बा) | 4 | 0 | 4 | 0 | -3.062 | 0 |
| **ग्रुप सी** | **मैच** | **जीत** | **हार** | **अंक** | **रन रेट** | **रद** |
| अफगानिस्तान (क्वा) | 3 | 3 | 0 | 6 | 4.230 | 0 |
| वेस्टइंडीज (क्वा) | 3 | 3 | 0 | 6 | 2.596 | 0 |
| न्यूजीलैंड (बा) | 3 | 1 | 2 | 2 | -0.241 | 0 |
| युगांडा (बा) | 4 | 1 | 3 | 2 | -4.510 | 0 |
| पापुआ न्यू गिनी (बा) | 3 | 0 | 3 | 0 | -0.886 | 0 |
| **ग्रुप डी** | **मैच** | **जीत** | **हार** | **अंक** | **रन रेट** | **रद** |
| द. अफ्रीका (क्वा) | 4 | 4 | 0 | 8 | 0.470 | 0 |
| बांग्लादेश | 3 | 2 | 1 | 4 | 0.478 | 0 |
| नीदरलैंड | 3 | 1 | 2 | 2 | 0.408 | 0 |
| नेपाल (बा) | 3 | 0 | 2 | 1 | -0.293 | 1 |
| श्रीलंका (बा) | 3 | 0 | 2 | 1 | -0.777 | 1 |

## सुपर 8 में जगह बनाने उतरेगी बांग्लादेश टीम

**किंग्सटाउन (सेंट विंसेंट)।** बांग्लादेश अपने कमजोर पक्षों को काबू में रखकर नेपाल के खिलाफ सोमवार को यहां होने वाले टी-20 विश्व कप के ग्रुप डी के मैच में जीत दर्ज करके सुपर आठ में अपनी जगह पक्की करने के लिए मैदान पर उतरेगा। बांग्लादेश के चार अंक हैं और उसका अगले दौर में पहुंचना लगभग तय है लेकिन उसे नेपाल से सतर्क रहने की जरूरत है जिसने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पिछले मैच में अच्छा प्रदर्शन किया था।

नेपाल की टीम भले ही अभी तक एक भी मैच नहीं जीत पाई है और सुपर 8 में जगह बनाने की दौड़ से बाहर हो चुकी है लेकिन जिस तरह से वह दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ एक समय उलटफेर करने की स्थिति में पहुंच चुकी थी, उससे उसके खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ा होगा। बांग्लादेश अगर इस मैच में बड़े अंतर से हार जाता है और नीदरलैंड की टीम श्रीलंका के खिलाफ बड़ी जीत हासिल करती है तो फिर समीकरण बदल जाएंगे। यह मैच भारतीय समयानुसार सुबह 5 बजे शुरू होगा।

## भारतीय टीम ने द. अफ्रीका को 143 रनों से दी शिकस्त



जीत के बाद खुशी मनाती भारतीय महिला टीम। ● एजेंसी

बेंगलुरु, एजेंसी

स्मृति मंधाना (117) की शतकीय तथा दीप्ति शर्मा (37) रनों की जुझारू पारियों के बाद सोभना आशा के 21 रन पर चार विकेट सहित अन्य गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन की बदौलत भारतीय महिला टीम ने पहले एकदिवसीय मुकाबले में दक्षिण अफ्रीका को 143 रनों के बड़े अंतर हराकर तीन मैचों की श्रृंखला में 1-0 की बढ़त बना ली है।

एम चिन्नास्वामी स्टेडियम भारत ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय टीम की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने चौथे ही ओवर में सलामी बल्लेबाज शेफाली वर्मा (7) का विकेट गवां दिया। उसके बाद दयालन हेमलता (12), कप्तान हरमनप्रीत कौर (10) जेमिमाह रॉड्रिग्स (17) और ऋचा घोष (3) रन बनाकर पवेलियन लौट गई। 38वें ओवर में अयाबोंगा खाका ने दीप्ति शर्मा (37) को बोल्ड कर इस साझेदारी को तोड़ा। 47वें ओवर में मासाबाटा क्लास ने स्मृति मंधाना (117) लूस के हाथों कैच आउट कराया। राधा यादव (6) रन बनाकर आउट हुई। पूजा वस्त्रकर (31) और सोभना आशा आठ रन बनाकर नाबाद रही। भारत ने निर्धारित 50 ओवरों में आठ विकेट पर 265 रन का स्कोर खड़ा किया। भारतीय टीम ने दक्षिण अफ्रीका को जीत के लिए 266 रनों का लक्ष्य दिया था।

## अल्बानिया ने बनाया सबसे तेज गोल का रिकॉर्ड

डॉर्टमंड (जर्मनी), एजेंसी

अल्बानिया के नेदिम बजरामी ने खेल शुरू होने के बाद 23वें सेकंड में गोल करके यूरोपीय फुटबाल चैंपियनशिप में सबसे तेज गोल करने का रिकॉर्ड बनाया लेकिन यह मौजूदा चैंपियन इटली पर जीत दर्ज करने के लिए पर्याप्त नहीं था जिसने 2-1 से जीत दर्ज करके अपने अभियान की शानदार शुरुआत की।

बजरामी ने यूरोपीय चैंपियनशिप के 64 साल के इतिहास में सबसे तेज गोल किया लेकिन अल्बानिया इसके बाद इटली पर दबाव नहीं बना पाया जिसने जल्द ही वापसी करके मैच पर अपना नियंत्रण बना दिया और उलटफेर की किसी संभावना को खारिज कर दिया। अल्बानिया के समर्थक अभी अपनी टीम की शुरुआती बढ़त का जश्न मना ही रहे थे कि एलेसेंड्रो बस्तोनी ने इटली की तरफ से बराबरी का गोल दाग दिया। बस्तोनी ने 11वें मिनट में लोरेंजो पेलेग्रिनी के क्रॉस पर हेडर से गोल किया जबकि निकोलो बरेला ने 16वें मिनट में गोल करके इटली को बढ़त दिला दी जो उसने आखिर तक बरकरार रखी। इटली के लिए यह जीत बेहद जरूरी थी क्योंकि ग्रुप बी में उसका सामना आगे तीन बार के चैंपियन स्पेन और 2022 में विश्व कप के सेमीफाइनल में पहुंचने वाले क्रोएशिया से होगा।



स्पेन ने एक अन्य मैच में शनिवार को क्रोएशिया को 3-0 से हराया। बजरामी के गोल ने हालांकि इटली को हैरत में डाल दिया। यूरोपीय चैंपियनशिप में इससे पहले सबसे तेज गोल करने का रिकॉर्ड रूस के दिमित्री किरिचेंको के नाम पर था जिन्होंने 2004 में 67 सेकंड में गोल किया था।

## लवलीना ग्रां प्री मुक्केबाजी में ली कियान से हारी

**नई दिल्ली।** तोक्यो ओलंपिक की कांस्य पदक विजेता मुक्केबाज लवलीना बोरगोहेन चेक गणराज्य के उस्ती नाद लाबेम में आयोजित ग्रां प्री में महिलाओं के 75 किग्रा में चीन की ली कियान से हार गईं और उन्हें रजत पदक से संतोष करना पड़ा।

पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई कर चुकी लवलीना को शनिवार देर रात मौजूदा एशियाई खेलों की चैंपियन के खिलाफ अपने अंतिम मुकाबले में 2-3 के विभाजित फैसले से हार का सामना करना पड़ा। विश्व चैंपियनशिप में तीन स्वर्ण के साथ दो बार की ओलंपिक पदक विजेता कियान ने पिछले साल एशियाई खेलों के फाइनल में भी लवलीना को शिकस्त दी थी। विश्व मुक्केबाजी के तत्वावधान में आयोजित होने वाले इस टूर्नामेंट में महिलाओं के 75 किग्रा वर्ग में लवलीना और कियान के अलावा रिफ्यूजी मुक्केबाजी टीम की सिंडी नगांबा और इंग्लैंड की चैंटल रीड ने हिस्सा लिया था। इन चार मुक्केबाजों के बीच राउंड रॉबिन प्रारूप में मुकाबला आयोजित किया। असम की मुक्केबाज ने नगांबा और कियान से हारने से पहले रीड के खिलाफ जीत दर्ज की थी।

## तीरंदाज अंकिता को मिला व्यक्तिगत ओलंपिक कोटा

अंताल्या, एजेंसी

भारतीय तीरंदाज अंकिता भकत ने रविवार को यहां फिलीपींस की गैब्रियल मोनिका बिडौर को हराकर अंतिम ओलंपिक क्वालीफायर के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश करते ही अगले महीने होने वाले पेरिस ओलंपिक के लिए महिला वर्ग में व्यक्तिगत कोटा हासिल कर लिया।

नौवीं वरीय अंकिता ने प्री क्वार्टर फाइनल में 40वीं वरीयता प्राप्त प्रतिद्वंद्वी गैब्रियल पर 6-0 (26-23, 28-22, 28-23) से जीत हासिल की। भारत ने इस तरह पुरुष और महिला दोनों वर्गों में व्यक्तिगत कोटा हासिल कर लिया है। धीरज बोम्मादेवरा ने इससे पहले एशियाई क्वालीफाइंग चरण से पुरुष व्यक्तिगत कोटा हासिल किया था। इससे पहले अंकिता ने इजराइल की शेली हिल्टन को 6-4 और मिकाएला मोशे को 7-3 से हराकर अंतिम 16 में जगह बनाई थी। अब वह क्वार्टरफाइनल में ईरान की शीर्ष वरीय मोबिना फलाह से भिड़ेंगी।

तीसरी वरीय भजन कौर भी पोडियम स्थान हासिल करने की दौड़ में चल रही हैं। उन्होंने मंगोलिया



की उरानटुंगलाग बिशिन्डी को 6-2 से हराया और प्री क्वार्टरफाइनल में स्लावेनिया की उर्सका काविच से भिड़ेंगी। उन्हें राउंड 32 के तीसरे दौर में बाई मिली थी। व्यक्तिगत कोटे शीर्ष आठ देशों को दिये जाते हैं। प्रत्येक देश को एक व्यक्तिगत कोटा मिलता है। इससे पहले भारतीय की शीर्ष महिला तीरंदाज दीपिका कुमारी को शुरुआती दौर में अजरबेजान की यायागुल रामजानोवा से शर्मनाक हार झेलनी पड़ी। दूसरी वरीय दीपिका को अजरबेजान की तीरंदाज ने 6-4 से मात दी। भारतीय पुरुष और महिला टीम अंतिम ओलंपिक क्वालीफायर से कोटा हासिल नहीं कर सकी थीं। लेकिन अगर दोनों टीम अपनी विश्व रैंकिंग बरकरार रखती हैं तो वे 24 जून की अंतिम तारीख तक पेरिस ओलंपिक में जगह बना सकती हैं।

## इंग्लैंड ने नामीबिया को 41 रन से हराया

नॉर्थ साउंड, एजेंसी

हैरी ब्रूक नाबाद (47) और जॉनी बेयरस्टो (31) रनों विस्फोटक पारियों के बाद गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन की बदौलत इंग्लैंड ने वर्षा प्रभावित टी-20 विश्वकप के 34वें मुकाबले में नामीबिया को (डकवर्थ लुईस पद्धित) से 41 रनों से हरा दिया है। हैरी ब्रूक को उनकी नाबाद 47 रनों की पारी के लिए प्लेयर ऑफ द मैच से नवाजा गया। बारिश के कारण दस-दस ओवर के किए गए मैच में नामीबिया ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया।

बल्लेबाजी करने उतरी इंग्लैंड की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने 13 रन पर अपने दो विकेट गवां दिए। कप्तान जॉस बटलर (शून्य) को पहले ही ओवर की दूसरी गेंद पर रुबेन ट्रंपलमन बोल्ड कर दिया। अगले ही ओवर में फिल सॉल्ट भी (11) पर डेविड वीजा का शिकार बन गए। इसके बाद जॉनी बेयरस्टो और हैरी ब्रूक ने पारी को संभाला। दोनों बल्लेबाजों ने 30 गेंद पर 56 रन की साझेदारी कर टीम को संकट से निकाला। जॉनी वेयरस्टो ने 18 गेंदों में 31 रन बनाए। हैरी ब्रूक नंबर ने 20 गेंदों में नाबाद 47 रन बनाए। इंग्लैंड ने बारिश से प्रभावित मैच में 10 ओवरों में पांच विकेट पर 122 का स्कोर खड़ा किया।

123 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी नामीबिया की माइकल वैन लिंगेन और निकोलस डेविन की सलामी जोड़ी ने धीमी शुरुआत करते हुए पहले विकेट के लिये 44 रन जोड़े। छठे ओवर में निकोलस डेविन (18) के रिटायर्ड आउट होने के बाद नामीबिया को बड़ा झटका लगा और वह उससे उबर नहीं पायी। माइकल वैन लिंगेन ने 29 गेंदों में 33 रनों की पारी खेली। डेविड वीजा 12 गेंदों में 27 रन बनाकर आउट हुए।



जीत के बाद खुशी मनाते इंग्लैंड के खिलाडी। ● एजेंसी

### डेविड वीजा ने अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से लिया संन्यास

**नॉर्थ साउंड।** नामीबिया के मध्यम क्रम के बल्लेबाज डेविड वीजा ने अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले लिया है। इंग्लैंड के खिलाफ टी-20 विश्वकप 2024 में नामीबिया के अंतिम मैच के बाद डेविड वीजा ने पत्रकार वार्ता में कहा अगला टी-20 वर्ल्ड कप दो साल बाद होना है और मैं 39 की उम्र का हो गया हूं। इसलिए जहां तक अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट की बात है मुझे नहीं लगता मैं इस स्तर पर अपना सर्वश्रेष्ठ दे सकता हूं। जाहिर तौर पर मैं कुछ और साल क्रिकेट खेलूंगा और मुझे लगता है कि मेरे अंदर इस खेल में योगदान देने के लिए काफी कुछ शेष है। लेकिन मुझे लगा कि अपने अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट को विराम देने का यही सही समय है। वीजा ने वर्ष 2021 में टी-20 विश्वकप में नामीबिया के लिए पर्दापण किया था। यह नामीबिया के लिए उनका लगातार तीसरा टी-20 विश्वकप था।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 14/76-एल सिविल लाइन्स, कानपुर नगर 208001 (उ.प्र.) से प्रकाशित।
**संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी,** 0512-2548300 (कार्यालय), **ईमेल-** amritvicharkanpur@gmail.com (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर होगा)।

# अमेरिका में गोलीबारी में दो लोगों की मौत

टेक्सास, एजेंसी

- राउंड रॉक के ओल्ड सेटलर्स पार्क में जूनटीन्थ समारोह के दौरान हुई घटना, कई लोग हुए घायल

अमेरिका में टेक्सास के एक पार्क में शनिवार को हुई गोलीबारी में दो लोगों की मौत हो गई और कई घायल हो गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि यह घटना शनिवार रात 11 बजे से कुछ पहले ऑस्टिन से लगभग 19 मील (30.5 किलोमीटर) उत्तर में राउंड रॉक के ओल्ड सेटलर्स पार्क में जूनटीन्थ समारोह के दौरान हुई।

राउंड रॉक पुलिस प्रमुख एलन बैंक्स ने घटनास्थल पर आयोजित संवाददाता सम्मेलन में बताया कि कार्यक्रम के दौरान दो समूहों के बीच किसी बात को लेकर झगड़ा हो गया और किसी ने गोलीबारी शुरू कर दी। एलन ने बताया कि जिन दो पीड़ितों को घटनास्थल पर ही मृत घोषित कर दिया गया, वे इस झगड़े में शामिल नहीं थे। उन्होंने बताया कि गोलीबारी संगीत समारोह के लिए बनाए गए मंच से कुछ दूर वेंडर क्षेत्र के निकट हुई। उन्होंने कहा कि कई घायलों को स्थानीय अस्पतालों में ले जाया गया। उन्होंने कहा कि पुलिस ने अभी तक इस सिलसिले में किसी संदिग्ध को हिरासत में नहीं लिया है। उन्होंने कहा कि अभी तो यह भी नहीं पता चला है कि कितने हमलावर शामिल थे।

मां की ममता



चिकमंगलूर में अपने बच्चों को खाना खिलाती एश प्रिनिया पक्षी। ● एजेंसी

## चीन में भीषण गर्मी को लेकर अलर्ट

**बीजिंग।** चीन में भीषण गर्मी और भारी उमस को लेकर राष्ट्रीय मौसम विज्ञान केंद्र ने रविवार सुबह को पीला अलर्ट जारी किया। केंद्र ने कहा कि उत्तरी चीन में पीली नदी और हुइहे नदी के बीच के क्षेत्रों में गर्मी की तीव्रता कम होने की उम्मीद है। केंद्र के अनुसार, रविवार को दिन के समय शिनजियांग, इनर मंगोलिया, गांसु, हेबेई, बीजिंग, शेडोंग, हेनान, अनहुई, हुबेई और हैनान के कुछ इलाकों में तापमान 35 से 36 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच जाएगा। केंद्र ने शिनजियांग, इनर मंगोलिया और हेनान के कुछ हिस्सों में अधिकतम तापमान 37 से 39 डिग्री सेल्सियस रहने का अनुमान लगाया है। केंद्र ने कहा कि गर्मी के दौरान बाहरी गतिविधियों से बचना चाहिए और सुरक्षा के लिए एहतियाती कदम उठाए जाने चाहिए।

# जेल कर्मियों को बंधक बनाने वाले मारे गए

मॉस्को, एजेंसी

- सुरक्षाबलों ने दक्षिणी रूस में एक हिरासत केंद्र पर धावा बोला
- बंधक बनाने वाले छह लोगों के पास थे चाकू और अन्य हथियार

रूस के सुरक्षाबलों ने दक्षिणी रूस में स्थित एक हिरासत केंद्र पर रविवार को धावा बोला, जिसमें दो कर्मचारियों को बंधक बनाने वाले कैदी मारे गए। रूस की सरकारी समाचार एजेंसी 'रिया नोवोस्ती' ने अपनी खबर में यह जानकारी दी। समाचार एजेंसी ने रूस की संघीय दंड सेवा के हवाले से बताया कि 'रोस्तोव-ऑन-डॉन' में हिरासत केन्द्र में बंधकों को कोई नुकसान नहीं पहुंचा है।

एक अन्य स्थानीय समाचार संस्था ने कहा कि कुछ कैदी मारे गए हैं। इससे पहले सरकारी समाचार एजेंसी 'तास' ने कानून प्रवर्तन से जुड़े सूत्रों के हवाले से बताया कि रोस्तोव क्षेत्र के हिरासत केंद्र नंबर 1 के केंद्रीय प्रांगण में बंधक बनाने वाले छह लोग थे और उनके पास चाकू और अन्य हथियार थे। कैदियों में इस्लामिक स्टेट समूह से जुड़े होने के आरोपी भी शामिल हैं। हाल के वर्षों में आईएस ने रूस में कई हमले किए हैं, जिनमें हालिया हमला मार्च में हुआ था। बंदूकधारियों ने मॉस्को के एक कॉन्सर्ट हॉल में भीड़ पर गोलीबारी की, जिसमें 145 लोग मारे गए थे।

## एक नजर

### अफगानिस्तान में 349 कैदियों को दी गयी माफी

**काबुल।** अफगानिस्तान की कार्यवाहक सरकार के सर्वोच्च नेता हिबतुल्ला अखुंदजादा ने ईद उल-अजहा से पहले 349 कैदियों को माफ कर दिया है। शनिवार को देश के सर्वोच्च न्यायालय के एक बयान में यह जानकारी दी गयी। बयान में कहा गया है कि 279 अन्य कैदियों को भी उनकी शेष जेल सजा से छूट दी गई है। अफगानिस्तान में सबसे बड़ा वार्षिक धार्मिक त्योहार ईद उल-अजाह सोमवार से बुधवार तक मनाया जाएगा।

### सऊदी में जॉर्डन के 14 हजयात्रियों की मौत

**अम्मान।** जॉर्डन ने रविवार को पुष्टि की कि सऊदी अरब में हज की रस्म अदा करते समय उसके 14 नागरिकों की मौत हो गई, जबकि 17 अन्य लापता हो गए। जॉर्डन के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता सुफियान कुदाह ने एक बयान में कहा कि जॉर्डन पक्ष अपने परिवारों के अनुरोध पर मृतकों को दफनाने या घर लौटने पर संबंधित सऊदी अधिकारियों के साथ संपर्क कर रहा है। बयान के अनुसार सऊदी अधिकारी 17 लापता हजयात्रियों की तलाश भी जारी रख रहे हैं। जॉर्डन के विदेश मंत्रालय ने एक दिन पहले बताया था कि छह जॉर्डन वासियों की लू लगने से मौत हो गई थी।

### चीन के बैलेनी द्वीप क्षेत्र में भूकंप के तीव्र झटके

**हांगकांग।** चीन के बैलेनी द्वीप क्षेत्र में शनिवार को भूकंप के तीव्र झटके महसूस किये गये। अमेरिकी भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण ने रविवार को बताया कि अंतर राष्ट्रीय समयानुसार शनिवार देर रात करीब 12:27 बजे आये भूकम्प की तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 6.0 आंकी गयी। भूकंप का केंद्र 61.01 डिग्री दक्षिण अक्षांश और 154.24 डिग्री पूर्वी देशांतर में जमीन की सतह से 10.0 किलोमीटर की गहराई में स्थित था।

### विस्फोट में आठ सोमाली सैनिक मारे गए, 11 जख्मी

**मोगादिशु।** सोमालिया के खाड़ी क्षेत्र में शनिवार को सड़क किनारे हुए विस्फोट में एक वरिष्ठ कमांडर सहित सोमाली राष्ट्रीय सेना (एसएनए) के आठ सैनिक मारे गये और11 अन्य घायल हो गए। सेना के एक वरिष्ठ अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। अल-शबाब ने वरिष्ठ सैन्य नेताओं के खिलाफ हमले की जिम्मेदारी ली है। सोमाली सरकार ने अल-कायदा से जुड़े इस आतंकवादी समूह के खिलाफ हमले तेज कर दिए हैं।

# यूक्रेन की क्षेत्रीय अखंडता होना चाहिए शांति समझौते का आधार

## अंतर्राष्ट्रीय शांति शिखर सम्मेलन में आए थे लगभग 100 प्रतिनिधिमंडल

ओबबुर्गेन (स्विट्जरलैंड), एजेंसी

- यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने शांति की दिशा में आयोजित बैठक की सराहना की
- भारत, सऊदी अरब, द.अफ्रीका और यूएई ने अंतिम दस्तावेज पर नहीं किए हस्ताक्षर



अस्सी देशों ने संयुक्त रूप से रविवार को आह्वान किया कि रूस के साथ युद्ध को समाप्त करने के लिए किसी भी शांति समझौते का आधार यूक्रेन की क्षेत्रीय अखंडता हो। स्विट्जरलैंड में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय शांति शिखर सम्मेलन में हालांकि कुछ प्रमुख विकासशील देश शामिल नहीं हुए। सम्मेलन का आयोजन स्विट्जरलैंड के बर्गेनस्टॉक रिसॉर्ट में किया गया था। रूस को सम्मेलन के लिए आमंत्रित नहीं किया गया था। सम्मेलन में मौजूद कई लोगों ने उम्मीद जताई कि रूस शांति की रूपरेखा पर चर्चा में शामिल हो सकता है। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने शांति की दिशा में पहला कदम उठाये जाने की बैठक में सराहना की।

सम्मेलन में लगभग 100 प्रतिनिधिमंडल आए थे, जिनमें से ज्यादातर पश्चिमी देश थे। सम्मेलन में कुछ प्रमुख विकासशील देश भी शामिल हुए थे। भारत, सऊदी अरब, दक्षिण अफ्रीका और संयुक्त अरब अमीरात उन देशों में शामिल थे, जिनका प्रतिनिधित्व विदेश मंत्रियों या दूतों ने किया था तथा इन्होंने अंतिम दस्तावेज पर हस्ताक्षर नहीं किये। दस्तावेज में परमाणु सुरक्षा, खाद्य सुरक्षा और कैदियों के आदान-प्रदान के मुद्दों पर ध्यान केंद्रित किया गया था। अंतिम दस्तावेज में कहा गया है कि यूक्रेन में न्यायसंगत और स्थायी शांति का माहौल बनाने के लिए संयुक्त राष्ट्र चार्टर और क्षेत्रीय अखंडता और संप्रभुता के प्रति सम्मान आवश्यक है। कार्यक्रम की मेजबानी करने वाले स्विट्जरलैंड के राष्ट्रपति वियोला एमहर्ड ने संवाददाता सम्मेलन में कहा कि ज्यादातर प्रतिभागियों ने अंतिम दस्तावेज को लेकर सहमति व्यक्त की है जिससे पता चलता है कि कूटनीति के जरिये क्या हासिल किया जा सकता है।

### यूक्रेन संघर्ष के हल के लिए ईमानदार कोशिश की जाए : भारत

**नयी दिल्ली।** भारत ने स्विट्जरलैंड में यूक्रेन मुद्दे पर आयोजित दो दिवसीय वैश्विक शांति शिखर सम्मेलन में इस संकट के समाधान के लिए संवाद एवं कूटनीति की बात दोहराई और दोनों पक्षों के बीच ईमानदार एवं व्यावहारिक प्रयास किये जाने पर बल दिया। विदेश मंत्रालय ने रविवार को एक विज्ञप्ति में बताया कि बर्गेनस्टॉक में 15-16 जून को स्विट्जरलैंड द्वारा आयोजित यूक्रेन में शांति पर शिखर सम्मेलन में भारत का प्रतिनिधित्व विदेश मंत्रालय के सचिव (पश्चिम) पवन कपूर ने किया। विदेश मंत्रालय के अनुसार भारतीय प्रतिनिधिमंडल ने शिखर सम्मेलन के उद्घाटन और समापन पूर्ण सत्र में भाग लिया। विज्ञप्ति में कहा गया कि भारत की भागीदारी, यूक्रेन के शांति फॉर्मूला पर आधारित पिछली एनएसए/राजनीतिक निदेशक-स्तरीय बैठकों में भागीदारी, बातचीत और कूटनीति के माध्यम से संघर्ष के स्थायी समाधान के हमारे दृष्टिकोण के अनुरूप थी।

# गाजा में सहायता के लिए सामरिक विराम

यरुशलम, एजेंसी

- दक्षिणी गाजा पट्टी के एक मार्ग पर 11 घंटे तक प्रतिदिन सामरिक विराम का इजरायल का एलान

इजराइली सेना ने रविवार को दक्षिणी गाजा पट्टी के एक मार्ग पर 11 घंटे तक सामरिक विराम का एलान किया है, ताकि फिलिस्तीनियों को राहत-सामग्री पहुंचाई जा सके। यह सामरिक विराम रफह क्षेत्र के लगभग 12 किलोमीटर के मार्ग पर लागू किया जाएगा, हालांकि ये पूर्ण युद्ध विराम के समान नहीं है। जबकि, अमेरिका और अंतरराष्ट्रीय एजेंसियों सहित इजराइल के शीर्ष सहयोगी उससे हमास के साथ युद्ध विराम पर समझौता करने का अनुरोध कर रहे हैं।

सामरिक विराम के लागू होने से भुखमरी से जूझ रहे फिलिस्तीनियों की कुछ अत्यधिक आवश्यकताओं को पूरा करने में मदद मिल सकती है। सेना ने बताया कि रफह में सुबह आठ बजे से लेकर शाम सात बजे तक सामरिक विराम रहेगा और अगले आदेश तक यह प्रतिदिन प्रभावी रहेगा। सेना ने बताया कि इजराइल के नियंत्रण वाले केरेम शालोम चौराहे तक सहायता सामग्री से लदे ट्रकों को पहुंचाने के उद्देश्य से सामरिक विराम की घोषणा की गई है, जिसके बाद ये ट्रक गाजा के अन्य भागों में सहायता सामग्री पहुंचाने के लिए सलाह-ए-दीन राजमार्ग पर सुरक्षित रूप से जा सकेंगे। केरेम शालोम वह मार्ग है, जहां से इजराइली सेना को सहायता-सामग्री पहुंचाई जाती है। राहत-सामग्री के वितरण की देखरेख करने वाली इजरायली सैन्य संस्था सीओजीएटी ने कहा कि खान यूनिस, मुवासी और मध्य गाजा सहित गाजा के अन्य क्षेत्रों में राहत-सामग्री पहुंचाई जाएगी

### इराकी शिया मिलिशिया ने हमले की ली जिम्मेदारी

**बगदाद।** इराक की एक शिया मिलिशिया ने इजरायल के हाइफा में क्रूज मिसाइल से हुए हमले की जिम्मेदारी लेते हुए कहा है कि उसने गाजा पट्टी में लोगों के साथ एकजुटता व्यक्त करने के लिए यह कदम उठाया। रिपोर्ट के अनुसार, इस्लामिक रेजिस्टेंस इन इराक के नाम से मशहूर मिलिशिया ने शनिवार को एक बयान में कहा कि उसके लड़ाकों ने शनिवार तड़के लंबी दूरी की अल-अरकब अपग्रेडेड क्रूज मिसाइल से हाइफ़ा में एक स्थान पर हमला किया। इसने लक्षित स्थान या किसी भी हताहत के बारे में कोई और विवरण नहीं दिया। कल ही समूह ने शुक्रवार को हाइफ़ा पोर्ट और हाइफ़ा के पास रामत डेविड एयरबेस पर किए गए दो ड्रोन हमलों की ज़िम्मेदारी ली थी।

## भूमि संपर्क के प्रस्ताव पर अध्ययन अंतिम चरण में

**कोलंबो।** श्रीलंका के राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे ने रविवार को कहा कि भारत के साथ भूमि संपर्क स्थापित करने के प्रस्ताव पर व्यवहार्यता अध्ययन अपने अंतिम चरण में है। क्षेत्र में विकास कार्यों का निरीक्षण करने के लिए उत्तर-पूर्वी जिले मन्नार की यात्रा पर पहुंचे विक्रमसिंघे ने कहा कि व्यवहार्यता अध्ययन का प्रारंभिक कार्य पूरा हो चुका है और अंतिम चरण जल्द ही पूरा हो जाएगा।



इस प्रस्ताव और दोनों देशों के बीच पावर ग्रिड कनेक्शन की संभावना पर इस सप्ताह विदेश मंत्री एस. जयशंकर की श्रीलंका यात्रा के दौरान चर्चा होने की संभावना है।

विक्रमसिंघे ने कहा कि मंत्री की यात्रा के दौरान भारत को अतिरिक्त नवीकरणीय ऊर्जा बेचने के लिए एक वाणिज्यिक उद्यम पर भी चर्चा की जाएगी। शनिवार को श्रीलंका के विदेश मंत्रालय ने घोषणा की कि जयशंकर 20 जून को कोलंबो पहुंचेंगे। हालांकि, भारत के विदेश मंत्रालय की ओर से जयशंकर की यात्रा के बारे में कोई आधिकारिक घोषणा नहीं की गई।

# हजयात्रियों ने शुरू की हज की अंतिम रस्में

मीना (सऊदी अरब), एजेंसी

- इस्लाम के पांच स्तंभों और हज की अंतिम रस्मों में से एक है शैतान को पत्थर मारना


सऊदी अरब में रविवार को बड़ी संख्या में हज यात्रियों ने प्रतीकात्मक रूप से शैतान को पत्थर मारने के अरकान (रस्म) पूरे किए। यह रस्म हज यात्रा के अंतिम दिनों में विश्वभर के मुस्लिमों के लिए ईद-उल-अजहा उत्सव की शुरुआत का प्रतीक है। शैतान को पत्थर मारना इस्लाम के पांच स्तंभों और हज की अंतिम रस्मों में से एक है। यह शहर मक्का के बाहर अराफात की पहाड़ी पर 18 लाख से अधिक हज यात्रियों के एकत्र होने के एक दिन बाद हुई, जहां हजयात्री हज की वार्षिक पांच दिवसीय रस्में पूरी करने आते हैं।

हजयात्रियों ने शनिवार की शाम माउंट अराफात छोड़ दिया और मुजदलिफा नाम के एक निकटवर्ती स्थल पर रात बिताई, जहां उन्होंने कंकड़ एकत्र किए। जिनका उपयोग उन्होंने प्रतीकात्मक रूप से शैतान स्तंभों को पत्थर मारने में किया। ये स्तंभ मक्का में मीना नाम के एक पवित्र स्थान पर हैं। मुस्लिमों का मानना है कि यहां इब्राहिम के विश्वास की परीक्षा हुई थी और उनसे ईश्वर ने उनके इकलौते बेटे इस्माइल की बलि देने का आदेश दिया। इब्राहिम आदेश का पालन करने के लिए तैयार थे, लेकिन फिर ईश्वर ने उनका हाथ रोक दिया। हज यात्री अगले तीन दिन मीना में बिताएंगे।

# इमरान को अयोग्य ठहराने की मांग वाली याचिका खारिज होने के खिलाफ अपील

इस्लामाबाद, एजेंसी

पाकिस्तान के सर्वोच्च न्यायालय में पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान को 2018 के आम चुनावों के लिए नामांकन पत्र जमा करते समय अपनी कथित बेटी टायरियन व्हाइट का नाम छिपाने के लिए अयोग्य ठहराने की मांग वाली याचिका खारिज करने के खिलाफ अपील की गई है। इस्लामाबाद उच्च न्यायालय (आईएचसी) ने पिछले महीने याचिका खारिज कर दी थी।



याचिका में आरोप लगाया गया है कि पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) पार्टी के 71 वर्षीय संस्थापक ने 2018 के आम चुनाव लड़ने के लिए अपने नामांकन पत्र में कथित बेटी टायरियन व्हाइट का खुलासा नहीं किया था। खान की पार्टी पीटीआई ने 2018 के आम चुनाव जीते और पूर्व क्रिकेटर से राजनेता बने खान अगस्त 2018 से अप्रैल 2022 तक पाकिस्तान के प्रधानमंत्री रहे। तीन न्यायाधीशों की पीठ के पूर्व में मामले को खारिज करने के मद्देनजर आईएचसी ने भी खारिज कर दिया।

### आर्थिक स्थिरता के लिए इमरान को जेल में रखना जरूरी

**लाहौर, एजेंसी।** पाकिस्तान के एक मंत्री ने दावा किया है कि देश के लोगों का मानना है कि आर्थिक स्थिरता के लिए इमरान खान को 2029 तक जेल में रखना जरूरी है। संघीय योजना एवं विकास मंत्री एहसान इकबाल ने चिंता व्यक्त की है कि पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ पार्टी के संस्थापक इमरान खान (71) की रिहाई से देश में नये सिरे से विरोध प्रदर्शन और अशांति पैदा हो सकती है। सत्तारूढ़ पाकिस्तान मुस्लिम लीग (नवाज) के महासचिव इकबाल ने शनिवार को पत्रकारों से कहा, अलग-अलग मामलों में इमरान खान पिछले वर्ष अगस्त से ही जेल में बंद हैं। मंत्री ने कहा कि इमरान एक गुस्सैल व्यक्ति हैं। मंत्री ने कहा कि यह देश और पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ पार्टी, दोनों के लिए एक निर्णायक क्षण है। उन्होंने कहा कि पार्टी के साथ सार्थक बातचीत तब तक नहीं हो सकती, जब तक कि वह सरकारी संस्थाओं के खिलाफ अभियान में शामिल है।

# टीटीपी का शीर्ष कमांडर वलीउल्ला मारा गया

इस्लामाबाद, एजेंसी

- खैबर-पख्तूनख्वा प्रांत में रविवार को सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में मार गिराया गया

पाकिस्तान के खैबर-पख्तूनख्वा प्रांत में रविवार को सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में प्रतिबंधित आतंकी संगठन तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) का एक शीर्ष कमांडर मारा गया। एक्सप्रेस ट्रिब्यून अखबार की खबर के अनुसार, टीटीपी कमांडर वलीउल्ला को बन्नू के आतंकवाद रोधी विभाग (सीटीडी) ने प्रांत के लक्की मरवात जिले में खुफिया जानकारी के आधार पर एक अभियान में मार गिराया। यह अभियान ताजुरी रोड पर मलंग अड्डा के पास चलाया गया, जिसके बाद हथियारबंद आतंकवादियों ने सुरक्षा बलों पर गोलीबारी शुरू कर दी।

खबर में कहा गया कि सुरक्षा बलों की जवाबी गोलीबारी में वलीउल्ला मारा गया। वह टीटीपी टीपू गुल समूह का स्थानीय कमांडर था और कमांडर अतीकुर रहमान उर्फ टीपू गुल मारवात का रिश्तेदार था। वलीउल्ला सीटीडी बन्नू, डीआई खान और स्थानीय पुलिस पर बम विस्फोटों और पुलिस और सुरक्षा बलों पर हमलों के कई मामलों में वांछित था। टीटीपी को अल-कायदा का करीबी समूह माना जाता है। इस समूह को पाकिस्तान भर में कई घातक हमलों के लिए दोषी ठहराया गया है।

## बॉलीवुड हलचल

### चंदू चैंपियन फिल्म ने दूसरे दिन कमाए 7.7 करोड़ रुपये

**नयी दिल्ली, एजेंसी।** कार्तिक आर्यन अभिनीत फिल्म चंदू चैंपियन ने दो दिन के भीतर 13.1 करोड़ रुपये कमाए हैं। फिल्म निर्माताओं ने रविवार को यह घोषणा की। कबीर खान द्वारा निर्देशित यह फिल्म भारत के पहले पैरालंपिक स्वर्ण पदक विजेता मुरलीकांत पेटकर के जीवन पर आधारित है। शुक्रवार को रिलीज होने पर फिल्म ने 5.40 करोड़ रुपये की कमाई की। चंदू चैंपियन साजिद नाडियाडवाला के बैनर नाडियाडवाला ग्रैंडसन एंटरटेनमेंट और कबीर खान फिल्म्स द्वारा निर्मित है। निर्माताओं ने एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि हिंदी फिल्म ने दूसरे दिन 7.70 करोड़ रुपये की कमाई की जिससे इसकी कुल कमाई 13.10 करोड़ रुपये हो गई। उन्होंने कहा, काफी चर्चा और प्रत्याशा के साथ फिल्म ने बॉक्स आफिस पर 45 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की है और दूसरे दिन 7.70 करोड़ की कमाई की, जबकि पहले दिन 5.40 करोड़ रुपये की कमाई हुई थी। अब तक कुल कमाई 13.10 करोड़ रुपये हो गई। फिल्म में विजय राज, भुवन अरोड़ा और राजपाल यादव भी विभिन्न भूमिकाओं में हैं।

### इंडियाज बेस्ट डांसर 4 की जज बनेंगी करिश्मा कपूर!



**मुंबई, एजेंसी।** बॉलीवुड अभिनेत्री करिश्मा कपूर, इंडियाज बेस्ट डांसर 4 की जज के तौर पर नजर आ सकती हैं। बॉलीवुड में चर्चा है कि करिश्मा कपूर इंडियाज बेस्ट डांसर सीजन 4 को जज करती नजर आएंगी। इससे पहले इस मंच पर सोनाली बेंद्रे जज के तौर पर दिखाई दे रही थी। वहीं शो के पहले और दूसरे सीजन में मलाइका अरोड़ा जज के तौर पर नजर आयी थी। मेकर्स करिश्मा कपूर से बातचीत कर रहे हैं हो सकता है उन्हें इसके लिए फाइनल कर लिया जाए। यदि सबकुछ सही रहा तो करिश्मा कपूर को बाकी अन्य दो जज गीता कपूर और टेरेंस लुईस के साथ इंडियाज बेस्ट डांसर 4 को जज करते देखा जाएगा।

### नया लोकगीत सासू के मारब चाकू रिलीज

**मुंबई, एजेंसी।** गायिका सृष्टि भारती और अभिनेत्री निकिता भारद्वाज का नया लोकगीत सासू के मारब चाकू रिलीज हो गया है लोकगीत सासू के मारब चाकू को वर्ल्डवाइड रिकॉर्ड्स भोजपुरी के ऑफिसियल यूट्यूब चैनल पर रिलीज किया गया है। सासू के मारब चाकू के निर्माता रत्नाकर कुमार हैं। इस गाने को सृष्टि भारती ने गाया है, वही इसमें निकिता भारद्वाज ने अभिनय किया है। इस गाने के लेखक शुभदायल सोहरा है, वही इसका म्यूजिक विकाश यादव ने दिया है। इस गाने का निर्देशन सुनील बाबा ने किया हूं। कॉस्ट्यूम डिज़ाइनर बादशाह खान है। गाने को कोरियोग्राफ गोल्डी जायसवाल, डीआई रोहित सिंह, डीओपी गौरव राय-आकाश, प्रोडक्शन पंकज सोनी, एडिटर आलोक गुप्ता है। वही गाने के फुलराइट्स वर्ल्डवाइड रिकाड़र्स के पास हैं।

## समुद्र में फैले तेल को साफ करने में जुटा सिंगापुर

**कुआलालंपुर (मलेशिया)।** सिंगापुर के दक्षिणी तट पर एक बड़ी नौका के ईंधन आपूर्ति पोत से टकराने के कारण फैले तेल को साफ करने का कार्य रविवार को भी जारी रहा। तेल के फैल जाने से लोकप्रिय रिजॉर्ट द्वीप सेंटोसा समेत दक्षिणी तटरेखा का कुछ हिस्सा काला पड़ गया है और इससे समुद्री जीवों के लिए भी खतरा पैदा हो गया है।

नीदरलैंड के झंडे वाली एक बड़ी नौका ने शुक्रवार को सिंगापुर के ईंधन आपूर्ति पोत 'मरीन ऑनर' को टक्कर मार दी। इससे मरीन ऑनर का मालवाहक टैंक क्षतिग्रस्त हो गया और तेल समुद्र में फैल गया। सिंगापुर के समुद्री एवं बंदरगाह प्राधिकरण ने शनिवार देर रात एक बयान में कहा कि जहाज से तेल रिसाव को रोक दिया गया है और क्षतिग्रस्त टैंकर से निकले तेल को साफ किया जा रहा है।

# राजस्थान के कोटा में युवक ने लगाई फांसी

जयपुर, एजेंसी

- भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान-संयुक्त प्रवेश परीक्षा के लिए तैयारी कर रहा था युवक

राजस्थान के कोटा में भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान-संयुक्त प्रवेश परीक्षा के लिए तैयारी कर रहे 17 वर्षीय युवक ने अपने कमरे में फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि बिहार के मोतिहारी का निवासी आयुष जायसवाल प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी के लिए महावीर नगर क्षेत्र के सम्राट चौक के पास एक पेइंग गेस्ट हाउस में रह रहा था। उसने बताया कि शनिवार रात तक जब वह अपने कमरे से बाहर नहीं आया तो उसके दोस्तों ने पेइंग गेस्ट हाउस के मालिक को इसकी सूचना दी, जिसने पुलिस को इस बारे में बताया।

थानाधिकारी महेंद्र मारू ने बताया, प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे एक छात्र ने शनिवार रात आत्महत्या कर ली। वह अपने कमरे में फंदे से लटका मिला। कोई सुसाइड नोट बरामद नहीं हुआ है। उसके परिजनों के यहां पहुंचने के बाद पोस्टमार्टम कराया जाएगा। उन्होंने बताया कि सूचना मिलने के बाद एक पुलिस टीम मौके पर पहुंची और दरवाजे का ताला तोड़कर कमरे में दाखिल हुई। उन्होंने बताया कि वहां छात्र फंदे से लटका मिला। पुलिस ने उसे नीचे उतारा और न्यू मेडिकल कॉलेज अस्पताल ले गई, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। कोटा में इस वर्ष अब तक प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे किसी छात्र द्वारा खुदकुशी किए जाने का यह 11वां मामला है।

## चीनी कामगारों की सुरक्षा को कदम उठा रहा पाकिस्तान

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान ने रविवार को कहा कि वह देश में चीनी कामगारों की सुरक्षा के लिए विशेष कदम उठा रहा है और विदेशी नागरिकों की सुरक्षा के लिए एक विशेष बल भी बना रहा है। एक आधिकारिक बयान के अनुसार, गृह मंत्री मोहसिन नकवी ने रविवार को इस्लामाबाद स्थित चीनी दूतावास में चीनी राजदूत जियांग जैदोंग से मुलाकात की और उनके साथ पाकिस्तान में चीनी नागरिकों की सुरक्षा के लिए एक योजना साझा की। बैठक के दौरान उन्होंने प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ की हाल की चीन यात्रा, दोनों देशों के संबंधों को और बढ़ावा देने तथा चीनी नागरिकों की सुरक्षा के लिए उठाए गए कदमों पर भी चर्चा की। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि काम कर रहे चीनी नागरिकों की सुरक्षा सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है।